| 197 | appointment | (n) - 1. नियुक्ति 2. **मुलाकात का समय** | 1. This **appointment** will be made by the Home Ministry. 2. A prior **appointment** is necessary in order to meet the Secretary. | 1. यह **नियुक्ति** गृह मंत्रालय करेगा। 2. सचिव से मिलने के लिए पहले **मुलाकात का समय** लेना आवश्यक है। |
| 198 | appraisal | (n) - **मूल्यांकन**, मूल्यनिरूपण, आंकना | **Appraisal** of the project should be assigned to a technical expert. | परियोजना के **मूल्यांकन** का कार्य किसी तकनीकी विशेषज्ञ को सौंपा जाना चाहिए । |
| 199 | appreciation | (n) - 1.**प्रशंसा**, सराहना 2. **वृद्धि** | 1. A letter of **appreciation** was issued to the dedicated employee by the competent authority. 2. **Appreciation** of cost has compelled to increase in selling price. | 1. सक्षम प्राधिकारी ने समर्पित कर्मचारी के लिए **प्रशंसा** पत्र जारी किया। 2. लागत में **वृद्धि** के कारण बिक्री मूल्य में वृद्धि करना आवश्यक हो गया है। |
| 200 | apprehension | (n) - 1.पकड़ा जाना, गिरफ्तारी* 2. आशंका* 3. बोध, समझ* | 1. As he is afraid of **apprehension**, the accused will try to hide. 2. Many **apprehensions** may arise due to devaluation of rupee. | 1. **गिरफ्तारी** के भय से आरोपी छुपने का प्रयास करेगा। 2. रूपए के गिरते मूल्य के कारण अनेक **आशंकाएं** पैदा हो सकती हैं। |
| 201 | apprenticeship | (n) - शिक्षुता* | The **apprenticeship** of three months is compulsory for each selected candidate. | प्रत्येक चयनित प्रत्याशी के लिए तीन माह की **शिक्षुता** अनिवार्य है। |
| 202 | approach | (n) - 1. **पहुंचने के रास्ते**, पहुंच*, | 1. All the **approaches** to the India Gate were guarded by police. 2. The | 1. इंडिया गेट तक **पहुंचने के सारे रास्ते** पर पुलिस का पहारा था। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | उपागम 2. **प्रस्ताव** 3. दृष्टिकोण 4. उपमार्ग (v) - 5.**पहुंचना** 6. **संपर्क करना** | Doordarshan has made an **approach** to a company for sponsorship. 3. The office has decided to adopt a different **approach** to In-service Training. 4. It is not easy to **approach** the higher authority. 5. He **approached** the bank for a loan. | 2. दूरदर्शन ने प्रायोजन के लिए एक कंपनी को **प्रस्ताव** दिया है। 3. कार्यालय ने सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए अलग दृष्टिकोण अपनाने का निर्णय लिया है। 4. उच्चाधिकारी के पास **पहुँचना** सरल नहीं है। 5. उन्होंने ऋण के लिए बैंक से **संपर्क किया**। |
| 203 | appropriate | (adj) - 1. उपयुक्त 2. उचित (v) - 3. विनियोजन करना | 1. Apply to the **appropriate** authority. 2. The letter is being sent to you for **appropriate** action. 3. Five crore rupees have been **appropriated** for this research project. | 1. **उपयुक्त** प्राधिकारी के समक्ष आवेदन करें। 2. पत्र **उचित** कार्रवाई हेतु आपके पास भेजा जा रहा है। 3. इस अनुसंधान परियोजना के लिए पांच करोड़ रूपए का **विनियोजन** किया गया है। |
| 204 | approval | (n) - अनुमोदन | The plan will be submitted to the committee for **approval.** | योजना को **अनुमोदन** के लिए समिति के सामने रखा जाएगा। |
| 205 | approximate | (adj) - 1. **अनुमान,** लगभग, सन्निकट (v) - 2. **लगभग होना**, **अनुमानतः होना** (adv) - 3. लगभग | 1. The cost given is only **approximate.** 2. The cost of the project will approximate Rs. 50 crore. 3. The journey took **approximately** ten hours. | 1. दी गई लागत केवल **अनुमान** है। 2. परियोजना की लागत **लगभग** 50 करोड़ रूपए **होगी**। 3. यात्रा में **लगभग** 10 घंटे लगे। |
| 206 | arbitrary | (adj) - मनमाना | The concerned officer should not make **arbitrary** decisions. | संबंधित अधिकारी को **मनमाना** निर्णय नहीं लेना चाहिए। |
| 207 | arbitration | (n) -1. विवाचन 2. माध्यस्थम् (विधि) | 1. Both sides in the dispute have agreed to go to **arbitration.** 2. The dispute in two parties was solved through **arbitration.** | 1. विवाद के दोनों पक्षकार **विवाचन** हेतु सहमत हो गए। 2. दो पक्षकारों में विवाद **माध्यस्थम्** द्वारा सुलझाया गया। |
| 208 | argument | (n) - 1. बहस* 2. तर्क | 1. After long **argument** a decision was finally taken. 2. The **argument** of the member was that public spending must be enhanced. | 1. लंबी **बहस** के बाद, अंततः निर्णय लिया गया। 2. सदस्य का **तर्क** था कि सार्वजनिक व्यय अवश्य बढ़ना चाहिए। |
| 209 | arrangement | (n) - व्यवस्था* | The administrative staff | प्रशासनिक स्टाफ बैठक की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | was busy in the **arrangement** of the meeting. | **व्यवस्था** करने में व्यस्त था। |
| 210 | arrears | (n) - बकाया | An additional fund of Rs. 10 lac is needed for payment of the pay **arrears**. | **बकाया** वेतन के भुगतान के लिए 10 लाख रुपए अतिरिक्त निधि की आवश्यकता है। |
| 211 | Article | (n) - अनुच्छेद | **Article** 343 of the Constitution provides that the Official Language of the Union shall be Hindi. | संविधान के **अनुच्छेद** 343 में प्रावधान किया गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी होगी। |
| 212 | article | (n) - 1. वस्तु* 2. लेख | 1. The stock register showed the supply of hundred **articles**. 2. The **article** on inflation is quite informative. | 1. स्टॉक रजिस्टर में 100 **वस्तुओं** की आपूर्ति दर्शाई गई। 2. मुद्रास्फीति पर **लिखा** गया लेख काफी सूचनाप्रद है। |
| 213 | ascertain | (v) - 1. **सुनिश्चित करना**, अभिनिश्चित करना 2. **पता लगाना** | 1. It should be **ascertained** that the plans comply with the law. 2. The police are trying to **ascertain** what really happened. | 1. यह **सुनिश्चित करना** चाहिए कि योजना विधिसम्मत है। 2. पुलिस यह **पता लगाने** की कोशिश कर रही है कि वास्तव में क्या घटना घटी थी। |
| 214 | aspect | (n) - 1. पहलू, पक्ष 2. दृष्टि* | Before making any decision, we must look at the problem from every **aspect**. | कोई निर्णय लेने से पहले, हमें समस्या के सभी **पहलुओं** पर ध्यान देना होगा। |
| 215 | assembly | (n) - 1. सभा* 2. जमाव | 1. The UNO General **Assembly** passed a resolution on non-proliferation. 2. Prime Minister was to address a public **assembly** on the issue of national integration. | 1. संयुक्त राष्ट्र संघ **महासभा** ने परमाणु अप्रसार पर संकल्प पारित किया। 2. प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में एक **जनसभा** को संबोधित करना था। |
| 216 | assent | (n) - 1. **स्वीकृति***, अनुमति* (v) - 2. **सहमत होना** | 1. The Joint Secretary has given her **assent** to the proposal. 2. No employee would **assent** to the terms the Workers Union proposed. | 1. संयुक्त सचिव ने प्रस्ताव पर अपनी **स्वीकृति** दी है। 2. कोई भी कर्मचारी श्रमिक संगठन द्वारा प्रस्तावित शर्तों पर **सहमत** नहीं **होगा**। |
| 217 | assessment | (n) - 1. **मूल्यांकन** 2. निर्धारण | 1. In this initial phase of the project, conducting an **assessment** of the same is not feasible. 2. The Government has | 1. परियोजना के इस प्रारंभिक चरण में इसका **मूल्यांकन** व्यावहारिक नहीं है। 2. सरकार ने आयकर-**निर्धारण** की प्रक्रिया को |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | emphasized on simplification of income-tax **assessment** process. | सरल बनाने पर बल दिया है। |
| 218 | assets | (n) - परिसंपत्ति* | A separate statement in respect of **assets** has been enclosed at appendix - 2. | **परिसंपत्तियों** के बारे में अलग से विवरण परिशिष्ट - 2 में संलग्न किया गया है। |
| 219 | assign | (v) - 1. समनुदेशित करना, सौंपना 2. नियत करना 3. सुपुर्द करना | The Research Wing has been **assigned** the task of simplification of administrative Hindi. | अनुसंधान विंग को प्रशासनिक हिंदी शब्दों के सरलीकरण का कार्य **सौंपा** गया है। |
| 220 | assistance | (n) - सहायता*, मदद* | The Government provides financial **assistance** to the persons living below poverty line. | सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों को वित्तीय **सहायता** देती है। |
| 221 | associate | (n) - 1. सहयोगी (adj) - 2. सह, सहयुक्त (v) - 3. **जोड़ना**, सम्मिलित करना, सहयुक्त करना | 1. They are working as Research **Associate.** 2. He has been appointed to the post of **Associate** Professor. 3. The Government intends to **associate** the youths to this self-employment scheme. | 1. वे अनुसंधान **सहयोगी** के रूप में कार्य कर रहे हैं। 2. उन्हें **सह**(एसोसिएट) प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया है। 3. सरकार युवाओं को इस स्व-रोजगार स्कीम के साथ **जोड़ना** चाहती है। |
| 222 | assumption | (n) - 1.कार्यभार-ग्रहण 2. कल्पना* 3. पूर्वधारणा* | 1. Date of **assumption** of charge by the Financial Advisor will be announced soon. 2. The **assumption** of the scientists about global-warming proved to be true. | 1. वित्त सलाहकार के पद **ग्रहण** करने की तिथि के बारे में शीघ्र घोषणा की जायेगी। 2. भूमण्डलीय तापमान वृद्धि के बारे में वैज्ञानिकों की **पूर्वधारणा** सच साबित हुई। |
| 223 | assurance | (n) - 1. आश्वासन 2. बीमा | 1. The Police Commissioner has given **assurance** to initiate prompt action in the fraud case. 2. A new **assurance** policy is being prepared for the street vendors. | 1. पुलिस कमिश्नर ने धोखधड़ी के मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का **आश्वासन** दिया है। 2. रेहड़ी-पटरी पर सामान बेचने वालों के लिए नई **बीमा** नीति तैयार की जा रही है। |
| 224 | attachment | (n) - 1. संलग्नक 2. कुर्की* | 1. Please, refer to the **attachment** sent with this e-mail. 2. The **attachment** order has been served on the defaulter company. | 1. कृपया इस ई-मेल के साथ भेजे गए **संलग्नक** को देखें। 2. बकायादार कंपनी को **कुर्की** आदेश तामील किया गया है। |
| 225 | attendance | (n) - 1.उपस्थिति*, | Administration Section | प्रशासन अनुभाग को कर्मचारियों |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | हाजिरी* 2. परिचर्या | must keep a record of employees' **attendance**. | का **उपस्थिति**-रेकॉर्ड अवश्य रखना चाहिए। |
| 226 | attention | (n) - 1. ध्यान 2. सावधानी* 3.सावधान | **Attention** is invited to CTB Office Memorandum No. 3-4-2013-Estt dated 20.08.2013 on the subject cited above. | उपर्युक्त विषय पर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के तारीख 20.08.2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-4-2013-Estt की ओर **ध्यान** दिलाया जाता है। |
| 227 | attest | (v) - **सत्यापित करना,** अनुप्रमाणित करना, तसदीक करना, साक्ष्यांकित करना | The signature was **attested** by the two gazetted officers. | दो राजपत्रित अधिकारियों ने हस्ताक्षर **सत्यापित किए** थे। |
| 228 | attractive | (adj) - **आकर्षक** | The company offered **attractive** salary to the Engineers for its remote projects. | कंपनी ने अपनी दूरस्थ परियोजनाओं के लिए इंजिनियरों को **आकर्षक** वेतन का प्रस्ताव दिया है। |
| 229 | auction | (n) - 1. नीलामी* (v) - 2. **नीलाम करना** | 1. Issue public notice for **auction** of old stock. 2. The Transport Department is **auctioning** off a lot of condemned vehicles. | 1. पुराने सामानों की **नीलामी** के लिए सार्वजनिक सूचना जारी करें। 2. परिवहन विभाग अनेक अनुपयोगी वाहनों को **नीलाम कर रहा** है। |
| 230 | audit | (n) - 1. लेखापरीक्षा, संपरीक्षा (v) - 2. **लेखापरीक्षा करना** | 1. The **audit** done by the CAG revealed many financial irregularities. 2. The Charted Accountants **audited** the accounts of the company. | 1. कैग द्वारा की गई **लेखापरीक्षा** से कई वित्तीय अनियमितताएं उजागर हुईं। 2. चार्टरित लेखाकारों ने कंपनी के लेखा की **लेखापरीक्षा की**। |
| 231 | austerity measure | (n) - **मितव्ययिता उपाय, किफायत के उपाय**, मितोपभोग उपाय | The Government has directed all the Government Departments to adopt **austerity measures**. | सरकार ने अपने सभी विभागों को **मितव्ययिता उपाय** अपनाने का निदेश दिया है। |
| 232 | authenticate | (v) - **प्रामाणिक ठहराना** | The letter has been **authenticated** by the handwriting experts. | हस्तलेखा विशेषज्ञों ने इस पत्र को **प्रामाणिक ठहराया** है। |
| 233 | authoritative | (adj) - 1.प्राधिकृत 2. प्राधिकारिक | 1. It is an **authoritative** text of the Constitution. 2. It was an **authoritative** decision by the | 1. यह संविधान का **प्राधिकृत** पाठ है। 2.यह सरकार का **प्राधिकारिक** निर्णय था। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | Government. | |
| 234 | authority | (n) - 1.प्राधिकारी 2. प्राधिकार 3. प्राधिकरण 4. **विशेषज्ञ**, अधिकारी विद्वान | 1. His resignation has been accepted by the competent **authority**. 2. **Authority** to enforce prohibitory orders rests with District Magistrate. 3. Delhi Development **Authority** has announced its new housing scheme. 4. The advocate is an **authority** on criminal law. | 1. सक्षम **प्राधिकारी** ने उनका त्यागपत्र स्वीकार किया है। 2. निषेधाज्ञा लागू करने का **प्राधिकार** जिला मजिस्ट्रेट के पास होता है। 3. दिल्ली विकास **प्राधिकरण** ने अपनी नई आवास स्कीम की घोषणा की है। 4. वकील दांडिक विधि के **विशेषज्ञ** है। |
| 235 | authorize | (v) - **प्राधिकृत करना**, **अधिकृत करना** | The Drawing and Disbursing Officer has been **authorized** to draw the pay of the employees. | आहरण एवं संवितरण अधिकारी को कर्मचारियों का वेतन आहरित करने के लिए **प्राधिकृत किया गया** है। |
| 236 | autonomous | (adj) - स्वायत्त | The **autonomous** bodies enjoy some powers to modify rules for its functional need. | **स्वायत्त** संस्थाओं को अपनी कार्यात्मक जरूरतों के अनुसार नियमों में संशोधन करने की शक्ति होती है। |
| 237 | auxiliary | (adj) - सहायक | The remaining work was assigned to **auxiliary** staff. | शेष कार्य **सहायक** स्टाफ को सौंप दिया गया। |
| 238 | available | (adj) - प्राप्य, उपलब्ध | The Department should implement the project with **available** resources. | विभाग को **उपलब्ध** संसाधनों से परियोजना को कार्यान्वित करना चाहिए। |
| 239 | average | (n) -1. औसत 2. सामान्य (adj) - 3. औसत 4. सामान्य | 1. Class sizes in this school are below the national **average**. 2. **Average** age of Indian population is around 67 years. 3. The person, having "**Average**" gradation in APAR, is not considered for promotion. | 1. इस स्कूल में कक्षाओं के आकार राष्ट्रीय **औसत** से कम हैं। 2. भारत की जनसंख्या की **औसत** आयु लगभग 67 वर्ष है। 3. वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट में **सामान्य** श्रेणी पाने वाले व्यक्ति पदोन्नति के पात्र नहीं होंगे। |
| 240 | avert | (v) - **टालना, बचाना**, बचा लेना | The pilot did his best to **avert** the accident. | पायलट ने दुर्घटना को **टालने** की हर संभव कोशिश की। अथवा पायलट ने दुर्घटना से **बचाने** की हर संभव कोशिश की। |
| 241 | avoid | (v) - **टालना**, (से) बचना, परिवर्जन करना, परिहार | The riot could have been **avoided**. | दंगे को **टाला** जा सकता था। अथवा<br>दंगे से **बचा** जा सकता था। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | करना | | |
| 242 | award | (n) - 1. पंचाट (विधि) 2. अधिनिर्णय (विधि) 3. पुरस्कार (v) - 4. प्रदान करना | 1. He was nominated for the best actor **award**. 2. The lowest bidder was **awarded** the contract. | 1. उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार के लिए नामित किया गया। 2. न्यूनतम बोली लगाने वाले को संविदा प्रदान की गई। |
| 243 | awareness | (n) - जागरूकता* | The campaign is designed to increase public **awareness** about the energy conservation. | ऊर्जा संरक्षण के बारे में जनता में **जागरूकता** बढ़ाने के लिए इस अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। |

# B

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | backdated | (adj) - पूर्व-दिनांकित | A **backdated** cheque is needed to adjust the advance. | अग्रिम के समायोजन के लिए **पूर्व-दिनांकित** चेक की जरूरत है। |
| 2. | backlog | (n) - पिछला बकाया | Recruitment process may be initiated to fill up **backlog** vacancies. | **पिछली बकाया** रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। |
| 3. | back out | (pv) - **पीछे हटना**, मुकर जाना, मुकरना, हटना | The company **backed out** of the deal at the last minute. | कंपनी अंतिम समय में सौदे से **पीछे हट गई**। |
| 4. | back reference | (n) - पिछला संदर्भ | Mention the **back reference** in this case. | इस मामले में **पिछले संदर्भ** का उल्लेख करें। |
| 5. | back up | (n) - **आपात-आपूर्ति***, **आपात-सहायता***, पूर्तिकर, आपातोपयोगी | Suitable power **back up** system may be installed in the computer lab. | कंप्यूटर लैब में उपयुक्त **आपात विद्युत आपूर्ति** प्रणाली स्थापित करें। |
| 6. | backward class | (n) - पिछड़ा वर्ग | The Government has launched several schemes for the welfare of the **backward classes**. | सरकार ने **पिछड़े वर्गों** के कल्याण के लिए कई स्कीमें शुरू की हैं। |
| 7. | bad bargain | (n) - अलाभकर सौदा, घाटे का सौदा | The acquisition of the sick industries had been proved **a bad bargain** to the Government. | अलाभकारी इस्पात कंपनियों का अधिग्रहण सरकार के लिए **घाटे का सौदा** साबित हुआ। |
| 8. | bad conduct | (n) - दुराचरण | A penalty has been imposed on him **for bad conduct** in office. | कार्यालय में **दुराचरण** के लिए उस पर शास्ति लगाई गई। |
| 9. | bad debt | (n) - **डूबंत ऋण**, **डूबा ऋण**, अशोध्य ऋण | The bank set aside Rs. Ten crore to cover **bad debts**. | बैंक ने **डूबे हुए ऋण** की भरपाई करने के लिए दस करोड़ रुपए अलग से निर्धारित किए हैं। |
| 10 | bail | (n) - ज़मानत* | The judge granted **bail** to the accused. | न्यायाधीश ने अभियुक्त को **जमानत** दे दी। |
| 11 | balance | (n) - 1. शेष, बाकी 2. संतुलन (v) - 3. **संतुलित करना / होना** | 1. The **balance** of Rs. ten thousand must be paid within 90 days. 2. The Government **balanced** its budgets by rigid control over public expenditure. | 1. 90 दिनों के भीतर दस हजार रुपए की **शेष** राशि का भुगतान अवश्य किया जाए। 2. सरकार ने सार्वजनिक व्यय पर कठोर नियंत्रण के द्वारा अपने बजट को **संतुलित किया**। |
| 12 | balanced | (n) - संतुलित बजट | The Finance Minister has | वित्त मंत्री ने **संतुलित बजट** पेश |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | budget | | presented a **balanced budget**. | किया है। |
| 13 | balance sheet | (n) - तुलन पत्र | The **balance sheet** of the company shows its sound financial position. | कंपनी का **तुलन पत्र** इसकी अच्छी वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। |
| 14 | ballot | (n) - 1. मतपत्र 2. मतदान (v) - 3. **मतदान करना** | 1. The EVM will count the **ballots** automatically. 2. Ten members of the committee will be elected by direct **ballot**. 3. The union **balloted** its members on the proposed changes. | 1. ई.वी.एम. स्वचालित रूप से **मतपत्रों** की गिनती करेगी। 2. समिति के दस सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष **मतदान** से किया जाएगा। 3. यूनियन ने प्रस्तावित परिवर्तनों पर अपने सदस्यों से **मतदान करवाया**। |
| 15 | ban | (n) - 1. **निषेध**, प्रतिबंध, रोक*, पाबंदी* (v) - 2. **प्रतिबंध/ रोक लगाना, निषेध करना** | 1. There is to be a total **ban** on smoking in the office. 2. Chemical weapons are **banned** internationally. 3. The Reserve Bank of India has **banned** zero interest loans on EMI to credit card holders. | 1. कार्यालय में धूम्रपान पर पूर्ण **निषेध** होना चाहिए। 2. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रासायनिक हथियार **प्रतिबंधित** हैं। 3. भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए ईएमआई पर शून्य ब्याज ऋण पर **रोक लगा दी है।** |
| 16 | bank | (n) - 1. बैंक (v) - 2. **बैंक में खाता होना** 3. **बैंक खाते में राशि जमा करना** | 1. The salary of the employee is paid directly into the **bank**. 2. The office had banked with State **Bank** of India. 3. The company has **banked** Rs. 10 crore in last two years. | 1. कर्मचारी के वेतन का भुगतान सीधे **बैंक में** किया जाता है। 2. कार्यालय का भारतीय स्टेट **बैंक** में **खाता था**। 3. कंपनी ने पिछले दो साल में 10 करोड़ रूपए **बैंक खाते में जमा किए**। |
| 17 | banking | (n) - बैंकिंग, बैंककारी | A large amount of reserves was added to the **banking** system. | रिजर्व के रूप में एक बड़ी राशि **बैंकिंग** प्रणाली में जोड़ी गई। |
| 18 | bank account | (n) - बैंक खाता | The **bank accounts** of the defaulting company are under screening. | बकायादार कंपनी के **बैंक खातों** की जांच चल रही है। |
| 19 | bank charges | (n) - बैंक प्रभार | The Reserve Bank of India has insisted for the uniform **bank charges.** | भारतीय रिजर्व बैंक ने एक समान **बैंक प्रभार** पर बल दिया है। |
| 20 | bank credit | (n) - 1. बैंक साख 2. **बैंक ऋण**, बैंक उधार | 1. The **bank credit** has been enhanced due to increase in lending. 2. The bank refused further **credit** | 1. बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋण में बढ़ोत्तरी के कारण **बैंक** साख बढ़ी है। 2. बैंक ने कंपनी को और अधिक **ऋण** देने से |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | to the company. | इनकार कर दिया। |
| 21 | banker's mortgage | (n) - **बैंक गिरवी**, बैंक बंधक | The property is under **banker's mortgage.** | यह संपत्ति बैंक के पास बंधक/**गिरवी** है। |
| 22 | bank guarantee | (n) - बैंक गांरटी*, बैंक प्रत्याभूति* | **Bank guarantee** is needed for this property transaction. | इस संपत्ति के लेन - देन के लिए **बैंक गारंटी** आवश्यक है। |
| 23 | bankrupt | (n) - 1. दिवालिया (adj) - 2. दिवालिया (v) - 3. **दिवालिया होना** | 1. A **bankrupt** is a person who has been declared bankrupt by a court of law. 2. The company was declared **bankrupt** in the High Court. 3. The change in the market nearly **bankrupted** the company. | 1. **दिवालिया** वह व्यक्ति है जिसे अदालत द्वारा **दिवालिया** घोषित किया गया है। 2. उच्च न्यायालय में कंपनी को **दिवालिया** घोषित किया गया। 3. बाजार में आए बदलाव के कारण कंपनी **दिवालिया होने** के कगार पर आ गई। |
| 24 | bank security | (n) - बैंक ज़मानत*, बैंक प्रतिभूति* | The company has deposited Rs. Fifty thousand as the **bank security**. | कंपनी ने **बैंक ज़मानत** के रूप में पचास हजार रूपए जमा किए हैं। |
| 25 | bank statement | (n) - बैंक विवरण | A **bank statement** of last six months should be attached with the loan application. | ऋण आवेदन पत्र के साथ पिछले छह महीनों का **बैंक विवरण** संलग्न किया जाना चाहिए। |
| 26 | bar | (n) – **रोक***, रोध, रुकावट* (v) - **रोक लगाना**, वर्जित करना | 1. There is a **bar** to fresh appointment in the Government Departments. 2. Amnesty workers have been **barred** in some countries. | 1. सरकारी विभागों में नई नियुक्ति पर **रोक** है। 2. कुछ देशों में एमनेस्टी कार्यकर्ताओं के प्रवेश पर **रोक लगाई** गई है। |
| 27 | bar code | (n) - बार कोड | 1. **Bar code** is mandatory for every packaged product. 2. The **bar code** can be read by computers. | 1. प्रत्येक पैकेटबंद उत्पाद पर **बार कोड** का होना अनिवार्य है। 2. **बार कोड** कंप्यूटर के द्वारा पढ़ा जा सकता है। |
| 28 | bar council | (n) - बार काउंसिल, विधिज्ञ परिषद्* | The members of the **bar council** have attended the meeting. | **बार काउंसिल** के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया है। |
| 29 | bare denial | (n) - साफ़ इनकार | The **bare denial** of the charges against him by the concerned employee is clearly against the evidence. | संबंधित कर्मचारी का उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों से **साफ इनकार** स्पष्ट रूप से साक्ष्य के खिलाफ है। |
| 30 | bargain | (n) - सौदा (v) – 1. सौदा करना 2. | 1. The treaty was based on a **bargain** between the | 1. यह संधि फ्रांस और जर्मन सरकारों के बीच हुए **सौदे** पर |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **मोल-तोल करना** | French and German governments. 2. The Union leaders **bargained** with the management for a salary hike. 3. The company has **bargained** with the supplier for the supply of raw materials. | आधारित थी। 2. यूनियन के नेताओं ने वेतन में वृद्धि के लिए प्रबंधन के साथ **सौदा** किया। 3. कंपनी ने कच्चे माल की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ता के साथ **मोल-तोल किया**। |
| 31 | bargain price | (n) - सौदा कीमत*, रियायती कीमत* | The two parties arrived at a **bargain price.** | दोनों पक्ष एक **सौदा कीमत** पर सहमत हो गए। |
| 32 | barred debt | (n) - बाधित ऋण, कालातीत ऋण/कर्ज | The total amount of **barred debt** is about Rs. 20 crore. | **बाधित ऋण/कालातीत ऋण/कर्ज** की कुल राशि लगभग 20 करोड़ रूपए है। |
| 33 | barrier | (n) -1. **बाधा***, रोध, अवरोध 2. नाका | 1. The Government is striving for the removal of trade **barriers** between two countries. 2. The police have put up a **barrier** on the road to check the vehicles. | 1. सरकार दोनों देशों के बीच व्यापारगत **बाधाओं** को दूर करने का प्रयास कर रही है। 2. पुलिस ने वाहनों की जांच के लिए सड़क पर **नाका** लगाया है। |
| 34 | base | (n) - 1. आधार (v) - 2. **आधारित होना** | The policies of the Government have a broad **base** of support. | सरकार की नीतियों को व्यापक **आधार** पर समर्थन प्राप्त है। |
| 35 | base coin | (n) - खोटा सिक्का | It has been suggested that the **base coins** should be destroyed to avoid fraud. | यह सुझाव दिया गया है कि धोखाधड़ी से बचने के लिए **खोटे सिक्के** नष्ट कर दिए जाने चाहिए। |
| 36 | baseless | (adj) - निराधार, बेबुनियाद | The news of an increase in the retirement age of government employees was **baseless.** | सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु में बढ़ोतरी होने की खबर **निराधार** थी। |
| 37 | base year | (n) - आधार वर्ष | The year 2016 will be the **base year** for the 7th Pay Commission. | वर्ष 2016, सातवें वेतन आयोग के लिए **आधार वर्ष** होगा। |
| 38 | basic | (adj) - मूल, **मूलभूत**, बुनियादी | **Basic** facilities should be provided in the office complex. | कार्यालय परिसर में **मूलभूत** सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। |
| 39 | basic education | (n) - बुनियादी शिक्षा* | The **basic education** should be made compulsory. | **बुनियादी शिक्षा** को अनिवार्य कर देना चाहिए। |
| 40 | basic pay | (n) - मूल वेतन | The pay of the concerned | संबंधित कर्मचारी का वेतन, |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | employee will be fixed in accordance with his basic pay in the pre-revised **pay scale.** | संशोधनपूर्व वेतनमान में उसके **मूल वेतन** के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। |
| 41 | batch | (n) - 1. बैच, टोली 2. घान, खेप | A new **batch** of trainees arrived for 3 months In-service Translation Training. | प्रशिक्षणार्थियों का नया **बैच** त्रैमासिक सेवाकालीन अनुवाद प्रशिक्षण के लिए आया। |
| 42 | bearer cheque | (n) - **वाहक चेक**, धारक चेक | A **bearer cheque** of Rs. Five thousand is being sent. | पांच हजार रुपए का एक **वाहक चेक** भेजा जा रहा है। |
| 43 | belated claim | (n) - विलंबित दावा | The aggrieved company has been denied its **belated claim** of insurance. | पीड़ित कंपनी को उसके **विलम्बित** बीमा दावे का भुगतान करने से इनकार किया गया है। |
| 44 | belief | (n) - विश्वास | The economist's **belief** is that the market economy will soon get better. | अर्थशास्त्रियों का **विश्वास** है कि बाजार अर्थव्यवस्था जल्द ही बेहतर हो जाएगी। |
| 45 | bench | (n) -1. न्यायपीठ 2. बेंच | 1. The Government lawyer addressed the **bench**. 2. Objections have been raised from the Opposition **benches.** | 1. सरकारी वकील ने **न्यायपीठ** को संबोधित किया। 2. विपक्षी **बेंचों** से आपत्तियां उठाई गई हैं। |
| 46 | beneficiary | (n) - हितभागी,लाभार्थी | The rural youths will be the main **beneficiary** of this employment scheme. | ग्रामीण युवा इस रोजगार योजना के मुख्य **लाभार्थी** होंगे। |
| 47 | benefit | (n) - 1. **फायदा**, हित, लाभ, हितलाभ (v) - 2. **लाभ/ फायदा होना, लाभ/ फायदा पहुंचना** | 1. The Government is working for the **benefit** of the poor. 2. This scheme will **benefit** everyone. | 1. सरकार गरीबों के हित के लिए काम कर रही है। 2. इस स्कीम से सभी को **लाभ होगा**। |
| 48 | benefit of doubt | (n) - संदेहलाभ | The employee has been acquitted on the ground of **benefit of doubt**. | कर्मचारी को **संदेह का लाभ** देते हुए बरी कर दिया गया है। |
| 49 | benevolent fund | (n) - हितकारी निधि* | The company has created a **benevolent** fund for the welfare of its employees. | कंपनी ने अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए **हितकारी निधि** सृजित की है। |
| 50 | bequeath | (v) - वसीयत करना | He **bequeathed** his entire estate to the Government. | उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति सरकार को **वसीयत कर दी**। |
| 51 | best endeavours | (n) - 1. भरसक | Despite **best endeavours,** the Indian Cricket Team | **भरसक कोशिश** के बावजूद |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रयत्न/ **कोशिश*** (v) - 2. **भरसक प्रयत्न/ कोशिश करना** | couldn't win the match. | भारतीय क्रिकेट टीम मैच नहीं जीत सकी। |
| 52 | betray | (v) -1. **गद्दारी करना** विश्वासघात करना, 2. **सूचना देना**, प्रकट करना | 1. He has been accused **of betraying** the country. 2. For years, the spy had been **betraying** state secrets to other countries. | 1. उस पर देश के साथ **गद्दारी करने** का आरोप लगाया गया है। 2. वर्षों से यह जासूस अन्य देशों को देश की गुप्त **सूचनाएं देता रहा**। |
| 53 | betterment | (n) -1. **उन्नति***, समुन्नति* 2. खुशहाली*, बेहतरी* | 1. The Government has implemented MACP Scheme for **betterment** of the career of its employees. 2. The Government strives for the **betterment** of the poor. | 1. सरकार ने अपने कर्मचारियों के कैरियर की बेहतरी के लिए एम.ए.सी.पी स्कीम लागू की है। 2. सरकार गरीबों की **उन्नति** के लिए प्रयास कर रही है। |
| 54 | bias | (n) - 1. **पक्षपाती सोच*** पूर्वग्रह, झूकाव, अभिनति* (v) - 2. **पूर्वग्रह फैलाना** | 1. Some institutions still have a **bias** against women. 2. Some newspapers have **biased** people against the economic reforms. | 1. कुछ संस्थाओं में अभी भी महिलाओं के प्रति **पक्षपाती सोच** मौजूद है। 2. कुछ समाचार पत्रों ने लोगों में आर्थिक सुधारों के प्रति **पूर्वग्रह फैलाया** है। |
| 55 | bid | (n) - 1. बोली* (v) - 2. **बोली लगाना** | 1. The company has submitted a **bid** for the contract to clean the hospital. 2. The BHEL will **bid** for the contract of the power plant. | 1. कंपनी ने अस्पताल की सफाई की संविदा के लिए **बोली** प्रस्तुत की है। 2. भेल बिजली संयंत्र की संविदा के लिए **बोली लगाएगा**। |
| 56 | biennial report | (n) - 1. द्विवार्षिक रिपोर्ट* | The **biennial report** of the department has been submitted. | विभाग की **द्विवार्षिक रिपोर्ट** प्रस्तुत कर दी गई है। |
| 57 | bilateral | (adj) - द्विपक्षीय | The **bilateral** relations between the two countries have improved. | दोनों देशों के बीच **द्विपक्षीय** संबंधों में सुधार हुआ है। |
| 58 | bill | (n) - 1. विधेयक 2. बिल | 1. Parliament passed the **bill** without further amendment. 2. Service Tax was added to the **bill.** | 1. संसद ने बिना किसी और संशोधन के **विधेयक** पारित कर दिया। 2. **बिल** में सेवा कर जोड़ा गया था। |
| 59 | bimonthly report | (n) - 1. द्विमासिक रिपोर्ट* 2. अर्धमासिक रिपोर्ट* | 1. Some changes have been carried out in the **bimonthly report**. 2. The **bimonthly report** has been | 1. **द्विमासिक रिपोर्ट** में कुछ परिवर्तन किया गया है। 2. **अर्धमासिक रिपोर्ट** प्रकाशित की |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | published. | गई है। |
| 60 | binding | (n) - 1. जिल्दसाजी (adj) - 2. बाध्यकारी* | The provisions of the agreement are **binding** on both the parties. | समझौते के प्रावधान दोनों पक्षों पर **बाध्यकारी** हैं। |
| 61 | bio-data | (n) - **जीवन-परिचय**, जीवनवृत्त | Please send **bio-data** along with the application. | कृपया आवेदन के साथ **जीवन-परिचय** भेजें। |
| 62 | bipartite agreement | (n) - द्विपक्षीय समझौता, द्विपक्षीय करार | A **bipartite agreement** has been signed between India and Japan for mutual cooperation. | भारत और जापान ने आपसी सहयोग के लिए एक **द्विपक्षीय समझौते** पर हस्ताक्षर किए हैं। |
| 63 | birth control | (n) - **जन्म नियंत्रण**, संतति-निरोध | The Department of Health & Family Welfare has introduced various methods of **birth control** under family planning programme. | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत **जन्म-नियंत्रण** की विभिन्न विधियां पेश की हैं। |
| 64 | birth date | (n) - जन्म-तिथि*, जन्म की तारीख* | The **birth date** should be mentioned in the application form. | आवेदन पत्र में **जन्म तिथि** का उल्लेख किया जाना चाहिए। |
| 65 | birth rate | (n) - जन्म-दर* | The Census, 2011 reveals that the **birth rate** is higher than the mortality rate in India. | जनगणना, 2011 से यह पता चलता है कि भारत में, मृत्यु-दर की तुलना में **जन्म-दर** अधिक है। |
| 66 | black economy | (n) - काली अर्थव्यवस्था* | The **black economy** is the cause of concern for our economic growth. | हमारे आर्थिक विकास के लिए **काली अर्थव्यवस्था** चिंता का कारण है। |
| 67 | black list | (n) - 1. काली सूची* (v) - 2. काली सूची में नाम डालना | 1. A **black list** of unsocial elements was issued by the police department. 2. The company has been **blacklisted** on account of non-compliance of the labour law. | 1. पुलिस विभाग ने असामाजिक तत्वों की **काली सूची** जारी की थी। 2. श्रम कानून का पालन न करने के कारण कंपनी का **नाम काली सूची में डाल** दिया गया है। |
| 68 | blackmail | (n) - 1. भयादोहन (v) - 2. **भयादोहन करना/ होना, ब्लैकमेल करना/ होना** | 1. It reveals from the investigation that these photographs were being used for **blackmail**. | 1. जांच से यह पता चलता है कि इन फोटो का उपयोग **भयादोहन** के लिए किया जाता था। |
| 69 | black market | (n) - काला बाजार, चोरबाजार | There is a thriving **black market** in foreign currency. | विदेशी मुद्रा के क्षेत्र में एक फलता-फूलता **काला बाजार** मौजूद है। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 70 | blame | (v) - **दोषी ठहराना**, **दोष देना**/ दोष लगाना | The investigation commission has **blamed** the police for the atrocities done during the demonstration. | जांच आयोग ने प्रदर्शन के दौरान किए गए अत्याचारों के लिए पुलिस को **दोषी ठहराया** है। |
| 71 | blank cheque | (n) - 1. कोरा चेक 2. **व्यापक अधिकार** | 1. The applicant has been asked to deposit 36 **blank cheques** towards EMI for car loan sanctioned by the bank. 2. The Prime Minister was given a **blank cheque** by the Parliament to continue the economic reform. | 1. बैंक द्वारा मंजूर कार ऋण के लिए आवेदक को ईएमआई के रूप में 36 **कोरे चेक** जमा करने के लिए कहा गया है। 2. संसद ने प्रधानमंत्री को आर्थिक सुधार जारी रखने के लिए **व्यापक अधिकार** दिए। |
| 72 | blanket ban | (n) - **पूर्ण प्रतिबंध** | A **blanket ban** on tobacco advertising was imposed by the Government. | सरकार ने तम्बाकू के विज्ञापन पर **पूर्ण प्रतिबंध** लगाया। |
| 73 | blanket deal | (n) - व्यापक सौदा | A **blanket deal** took place between the two oil companies. | दोनों तेल कंपनियों के बीच **व्यापक सौदा** हुआ। |
| 74 | block | (n) - 1. खंड, ब्लॉक (v) - 2. **रोक देना** | 1. The **block** level officers have participated in the conference. 2. The proposed merger of the three offices has been **blocked** by the Department. | 1. ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने सम्मेलन में भाग लिया है। 2. विभाग ने तीन कार्यालयों के प्रस्तावित विलय को **रोक दिया** है। |
| 75 | blockade | (n) - 1. नाकाबंदी* (v) - 2. नाकाबंदी करना | 1. The United Nations opted for an economic **blockade** against Iran to check its nuclear programme. 2. The police has **blockaded** on highways leading out of the city. | 1. संयुक्त राष्ट्रसंघ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए आर्थिक **नाकाबंदी** का विकल्प चुना। 2. पुलिस ने शहर से बाहर जाने वाले प्रमुख राजमार्गों पर **नाकाबंदी** की है। |
| 76 | blocked account | (n) - अवरूद्ध खाता | The **blocked account** of the company has been made operational by the bank. | बैंक ने कंपनी के **अवरुद्ध खाते** को चालू कर दिया है। |
| 77 | blood relations | (n) - **रिश्तेदार**, रक्त-संबंधी | A person, whose **blood relation** is one of the candidates, may not be the member of the interview board. | ऐसा व्यक्ति साक्षात्कार बोर्ड का सदस्य नहीं हो सकता, जिसका **रिश्तेदार** उम्मीदवार हो। |
| 78 | blue collar job | (n) - कायिक कार्य, | The Government has made a roadmap to improve the | सरकार ने **शारीरिक श्रमसाध्य कार्य** |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | शारीरिक श्रमसाध्य कार्य | working conditions of those engaged in the **blue collar job**. | में लगे लोगों की काम करने की दशाओं में सुधार के लिए योजना बनाई है। |
| 79 | blue print | (n) - **रूपरेखा***, ब्लू प्रिंट, खाका | The **blue print** of the proposed research project has been approved by the Secretary. | सचिव ने प्रस्तावित अनुसंधान परियोजना की **रूपरेखा** का अनुमोदन कर दिया है। |
| 80 | board | (n) - बोर्ड, मंडल | The **board** has decided to extend the pilot project to the rural areas too. | **बोर्ड** ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी पायलट परियोजना का विस्तार करने का फैसला किया है। |
| 81 | boarding and lodging | (n) - भोजन तथा आवास | The actual amount of **boarding and lodging** charges will be reimbursed. | **भोजन तथा आवास** प्रभार के रूप में व्यय की गई वास्तविक राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। |
| 82 | board of directors | (n) - **निदेशक बोर्ड**, निदेशक मंडल | The **Board of Directors** has declared productivity bonus for the year 2012-13. | **निदेशक बोर्ड** ने वर्ष 2012-13 के लिए उत्पादकता बोनस घोषित किया है। |
| 83 | body | (n) - 1. **संस्था*** 2. निकाय | 1. The Central Translation Bureau is the Apex **Body** in the field of Administrative Translation & In-service Training in Translation. 2. The election of the local bodies will be held in next month. | 1. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो प्रशासनिक अनुवाद और सेवाकालीन अनुवाद प्रशिक्षण के क्षेत्र में शीर्ष **संस्था** है। 2. स्थानीय **निकायों** के चुनाव अगले माह होंगे। |
| 84 | bogus voucher | (n) - **फर्जी वाउचर,** जाली वाउचर | Producing a **bogus voucher** is a punishable offence under the relevant rules. | संगत नियमों के तहत **फर्जी वाउचर** प्रस्तुत करना दंडनीय अपराध है। |
| 85 | bonafide | (n) - 1. सद्भावी, सदाशयी (adj) - 2. वास्तविक | A **bonafide** reason may be furnished for the delay. | देरी के लिए **वास्तविक** कारण का उल्लेख करें। |
| 86 | bonafide resident | (n) - **वास्तविक निवासी** | The state government has made a provision for 50% reservation for the **bonafide residents** of the state in educational institutions. | राज्य सरकार ने शैक्षिक संस्थानों में राज्य के **वास्तविक निवासियों** के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान किया है। |
| 87 | bond | (n) - बंधपत्र, बॉन्ड | The major parts of this project will be financed by the Government **Bonds.** | इस परियोजना के बड़े हिस्से का वित्त पोषण सरकारी **बॉन्ड** के जरिए किया जाएगा। |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 88 | bonded labour | (n) - बंधुआ मजदूर | Fifty **bonded labours** were got freed by the Police Department. | पुलिस विभाग ने पचास **बंधुआ मजदूरों** को मुक्त कराया। |
| 89 | bonus | (n) - बोनस | The ceiling of the **bonus** for the employees has been increased by the Government. | सरकार ने कर्मचारियों के लिए **बोनस** की अधिकतम सीमा बढ़ा दी है। |
| 90 | book | (n) - 1. पुस्तक*, बही*, खाता (v) - 2. **आरक्षित करवाना** 3. **नाम दर्ज करना** | 1. The **books** of the company were examined by the auditors. 2. The Department of Official Language has **booked** the Vigyan Bhawan for Hindi Divas Celebration. 3. The police have **booked** a person for suspicion of bank robbery. | 1. लेखा परीक्षकों ने कंपनी के **बही-खातों** की जांच की। 2. राजभाषा विभाग ने हिंदी दिवस समारोह के लिए विज्ञान भवन **आरक्षित करवाया** है। 3. पुलिस ने बैंक डकैती के संदेह में एक व्यक्ति का **नाम दर्ज कर लिया** है। |
| 91 | book post | (n) - बुक पोस्ट | All the invitation cards were sent by **book post**. | सभी आमंत्रण पत्र **बुक पोस्ट** से भेजे गए। |
| 92 | book value | (n) - बही मूल्य, अंकित मूल्य | The **book value** of the assets of the company is approximately Rs. 100 crore. | कंपनी की परिसंपत्तियों का **बही मूल्य** लगभग 100 करोड़ रुपए है। |
| 93 | booking office | (n) - 1. बुकिंग कार्यालय 2. टिकट घर | 1. The **booking office** of the Tourism Department is closed today. 2. The railway **booking offices** are operating even on Sunday. | 1. पर्यटन विभाग का **बुकिंग कार्यालय** आज बंद है। 2. रेलवे **टिकटघर** रविवार को भी खुले होते हैं। |
| 94 | book keeping | (n) - बहीखाता-लेखन, बहीखाता पद्धति* | The **book keeping** helps to keep an accurate record of the money that is spent and received by an organization. | **बहीखाता-लेखन** से किसी संगठन द्वारा खर्च की गई और प्राप्त की गई राशि का सटीक रिकॉर्ड रखने में मदद मिलती है। |
| 95 | booth capturing | (v) - बूथ कब्जा करना, बूथ कब्जाना | Four incidents of **booth capturing** have been reported. | **बूथ कब्जा करने** की चार घटनाओं की सूचना मिली है। |
| 96 | border | (n) - सीमा*, सरहद* | The **border** with neighboring states has been sealed. | पड़ोसी राज्यों के साथ लगी **सीमा** को सील कर दिया गया है। |
| 97 | borrow | (v) - उधार लेना | Members can **borrow** up to ten books from the library at any one time. | सदस्य एक समय में पुस्तकालय से दस पुस्तकें **उधार** ले सकते हैं। |
| 98 | borrowing | (n) - 1. उधार राशि* 2. उधारी* | The total **borrowing** will be about Rs. 208 crore, the | कंपनी ने कहा कि कुल **उधार** राशि लगभग 208 करोड़ रुपए |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | company said. | होगी। |
| 99 | borrowing power | (n) - उधार लेने की शक्ति* | The **borrowing power** of an employee depends upon his net salary. | किसी कर्मचारी की **उधार लेने की शक्ति** उसके शुद्ध वेतन पर निर्भर करती है। |
| 10 | bottleneck | (n) - 1. **बाधा***, गत्यवरोध (v) - 2. **बाधा डालना/ बाधा पहुंचना** | 1. The company has made an action-plan to eliminate **bottlenecks** in the manufacturing process. 2. The strikes have **bottlenecked** the production. | 1. कंपनी ने निर्माण प्रक्रिया में आ रही **बाधाओं** को खत्म करने के लिए कार्य योजना बनाई है। 2. हड़तालों के कारण उत्पादन में **बाधा पहुंची** है। |
| 10 | bottom line | (n) - 1.तल रेखा* 2. **निष्कर्ष**, निष्कर्ष पंक्ति*3. निवल लाभ या निवल हानि*, **वास्तविक लाभ या वास्तविक हानि*** | 1. The **bottom line** is that the committee has to make a decision today. 2. It is necessary to look beyond the next quarter's **bottom line.** | 1. **निष्कर्ष** यह है कि समिति को आज निर्णय लेना होगा। 2. अगली तिमाही के **वास्तविक लाभ या वास्तविक हानि** से भी आगे देखना आवश्यक है। |
| 10 | boundary | (n) - सीमा* | A Tribunal has been constituted to solve the **boundary** dispute between the two states. | दो राज्यों के बीच **सीमा** विवाद को हल करने के लिए ट्रिब्यूनल गठित किया गया है। |
| 10 | boycott | (n) - 1. बहिष्कार, बॉयकाट (v) - 2. **बहिष्कार करना** | 1. The Opposition Parties had called for a **boycott** of the foreign goods. 2. The main opposition parties are **boycotting** the election. | 1. विपक्षी दलों ने विदेशी वस्तुओं के **बहिष्कार** का आह्वान किया था। 2. मुख्य विपक्षी दल चुनाव का **बहिष्कार कर रहे** हैं। |
| 10 | brain drain | (n) - प्रतिभा पलायन | The Research Institutions are facing the problem of **brain drain** due to lack of better career opportunity for the scientists. | वैज्ञानिकों के लिए बेहतर कैरियर के अवसर की कमी के कारण अनुसंधान संस्थान **प्रतिभा पलायन** की समस्या का सामना कर रहे हैं। |
| 10 | branch office | (n) - शाखा कार्यालय | The Governing Board has decided to open 100 new **branches** in rural areas. | शासी बोर्ड ने ग्रामीण क्षेत्रों में 100 नई **शाखाएं** खोलने का निर्णय लिया है। |
| 10 | breach | (n) - 1. भंग, **विच्छेद** (v) - 2. **भंग करना**, तोड़ना | 1. There had been a major **breach** of security at the airport. 2. Such actions may threaten a **breach** in relations between the two countries. 3. The | 1. हवाई अड्डे पर सुरक्षा-**भंग** की बड़ी घटना हुई। 2. इस तरह की कार्रवाई से दोनों देशों के बीच **संबंध-विच्छेद** का संकट उत्पन्न हो सकता है। 3. अखबार ने |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | newspaper has **breached** the code of conduct on privacy. 4. Traders who **breach** the rules could face a fine. | गोपनीयता संबंधी आचार संहिता **भंग की है**। 4. जिन व्यापारियों ने नियम **तोड़े** हैं, उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है। |
| 10 | breach of agreement | (n) - क़रार-भंग | The two companies decided to stop the business between them due to **breach of agreement**. | दोनों कंपनियों ने **करार-भंग** के कारण पारस्परिक व्यापार बंद करने का निर्णय लिया। |
| 10 | breach of confidence | (n) - विश्वास-भंग | The member has been suspended from the party due to the **breach of confidence.** | **विश्वास भंग** के कारण संबंधित सदस्य को पार्टी से निलंबित किया गया है। |
| 10 | breach of discipline | (n) - अनुशासन-भंग | According to the college rules a student would be rusticated in case of **breach of discipline**. | कॉलेज नियमों के अनुसार, **अनुशासन भंग** करने पर विद्यार्थी को कॉलेज से निकाल दिया जाएगा। |
| 11 | breach of peace | (n) - शांति-भंग* | The police have arrested 40 people responsible for the **breach of peace**. | पुलिस ने **शांति-भंग** करने के जिम्मेदार 40 लोगों को गिरफ्तार किया है। |
| 11 | breach of privilege | (n) - विशेषाधिकार-भंग | The member has been served the notice for **breach of privilege**. | सदस्य को **विशेषाधिकार-भंग** के लिए नोटिस दिया गया है। |
| 11 | breach of promise | (n) - वचन-भंग | The company has filed a case against the supplier for **breach of promise.** | कंपनी ने आपूर्तिकर्ता के खिलाफ **वचन-भंग** का मामला दायर किया है। |
| 11 | breach of rule | (n) - नियम भंग | The **breach of rule** may attract disciplinary action. | **नियम-भंग** करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। |
| 11 | breach of trust | (n) - विश्वास-भंग | Disclosing confidential information will be treated as a **breach of trust.** | गोपनीय जानकारी दूसरों को देना **विश्वास भंग** माना जाएगा। |
| 11 | break in service | (n) - सेवा में व्यवधान | The dies non will be treated as a **break in service.** | अकार्य दिवस को **सेवा में व्यवधान** माना जाएगा। |
| 11 | break-up | (n) - 1. ब्योरा 2. अलग-अलग विवरण | Please furnish item-wise **break-up** of the proposed expenditure. | कृपया प्रस्तावित व्यय के मद वार **अलग-अलग विवरण** प्रस्तुत करें। |
| 11 | brevity | (n) - संक्षिप्तता* | The report should be self-explanatory and with **brevity.** | रिपोर्ट स्वतः स्पष्ट और **संक्षिप्त** होनी चाहिए। |
| 11 | bribe | (n) - घूस*, रिश्वत* | The investigating officer | जाँच अधिकारी को **रिश्वत** की |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | was offered **bribes.** | पेशकश की गई थी। |
| 11 | brief | (adj) - 1. संक्षिप्त (n) - 2. 3. **संक्षिप्त जानकारी*** 4. पक्षसार, ब्रीफ (v) - 5. **जानकारी देना** | 1. In a **brief** statement, the spokesperson concentrated entirely on international affairs. 2. The Secretary was given the **brief** of reorganizing the department. 3. The advocate argued the case and filed a **brief** for petitioner. 4. The Prime Minister has been **briefed** by his Media Adviser. | 1. एक **संक्षिप्त** बयान में प्रवक्ता ने सारा ध्यान अंतरराष्ट्रीय मामलों पर केंद्रित किया। 2. विभाग के पुनर्गठन के बारे में सचिव को **संक्षिप्त जानकारी** दी गई। 3. अधिवक्ता ने मुकदमे में तर्क प्रस्तुत किया और याचिकाकर्ता के लिए **पक्षसार** दायर किया 4. मीडिया सलाहकार ने प्रधानमंत्री को **जानकारी दी** है। |
| 12 | brief particulars | (n) - संक्षिप्त विवरण, संक्षिप्त ब्योरा | The **brief particulars** of the pending cases may be attached. | लंबित मामलों का **संक्षिप्त विवरण** संलग्न किया जाए। |
| 12 | brief resume | (n) - **संक्षिप्त परिचय**, संक्षिप्त वृत्त | The candidates were asked to give their **brief resume**. | उम्मीदवारों को अपना **संक्षिप्त परिचय** देने के लिए कहा गया । |
| 12 | broadcast | (n) - 1. प्रसारण (v) - 2. **प्रसारण करना** | 1. This educational **broadcast** will be very useful for students. 2. The oath-taking ceremony will be **broadcast** live. | 1. यह शैक्षिक **प्रसारण** छात्रों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। 2. शपथ-ग्रहण समारोह का सीधा **प्रसारण किया जाएगा**। |
| 12 | broken period | (n) - खंडित अवधि* | The interest payable for the **broken period** has been calculated. | **खंडित अवधि** के लिए देय ब्याज की गणना कर ली गई है। |
| 12 | broker | (n) - 1. दलाल (v) - 2. **मध्यस्थता करना** | 1. Certain stock broking firms are recognized as money **brokers**. 2. The United Nations **brokered** a peace in Mogadishu at the end of March. | 1. कुछ स्टॉक ब्रोकिंग फर्मों को धन **दलाल** (मनी ब्रोकर) के रूप में मान्यता मिली हुई है। 2. संयुक्त राष्ट्र ने मार्च के अंत में मोगादिशू में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए **मध्यस्थता की**। |
| 12 | brokerage | (n) - दलाली* | The **brokerage** has been agreed upon at the rate of 2% of the total transaction. | कुल लेन - देन के 2% की दर से **दलाली** पर सहमति हुई है। |
| 12 | brought forward | (vp) - **आगे लाया गया**, अग्रानीत | The company's last year's balance has been **brought forward** to this year's account. | कंपनी के पिछले वर्ष के शेष को इस वर्ष के खाते में **आगे लाया गया** है। |
| 12 | budget | (n) - बजट | The both houses of | संसद के दोनों सदनों ने **बजट** |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | Parliament passed the **budget.** | पारित किया। |
| 12 | budget allocation | (n) - 1. बजट नियतन 2. **बजट आबंटन** | 1. The proposal for **budget allocation** is being considered by the Ministry. 2. The budget allocation of the ministry has been enhanced. | 1. मंत्रालय **बजट नियतन** के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। 2. मंत्रालय का **बजट आबंटन** बढ़ाया गया है। |
| 12 | budgetary control | (n) - बजट नियंत्रण | The Government has asked all the departments to initiate appropriate **budgetary control** for their plan schemes. | सरकार ने सभी विभागों से अपनी योजना स्कीमों के लिए उचित **बजट-नियंत्रण** करने के लिए कहा है। |
| 13 | budget estimate | (n) - बजट प्राक्कलन, बजट अनुमान | The Director called a meeting of the Section Heads to work out the **budget** estimate. | निदेशक ने **बजट अनुमान** तैयार करने के लिए अनुभाग प्रमुखों की बैठक बुलाई। |
| 13 | budget grant | (n) - बजट-अनुदान | The education sector received a large share of the **budget grant** this year. | इस वर्ष शिक्षा क्षेत्र को **बजट अनुदान** का बड़ा अंश मिला। |
| 13 | budget provision | (n) - बजट प्रावधान | An additional **budget provision** has been made for the development of the national highways. | राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए अतिरिक्त **बजट प्रावधान** किया गया है। |
| 13 | buffer stock | (n) - **सुरक्षित भंडार**, बफ़र स्टॉक | The Food Corporation of India was advised to keep a **buffer stock** of cereals for crisis period. | भारतीय खाद्य निगम को संकट-काल के लिए अनाज का **सुरक्षित भंडार** रखने की सलाह दी गई। |
| 13 | bulk inspection | (n) - सामूहिक निरीक्षण | A **bulk inspection** of goods has been carried out by the purchase department. | क्रय विभाग ने माल का **सामूहिक निरीक्षण** किया है। |
| 13 | bulk purchase | (n) - थोक खरीद* | 20% discount has been offered on **bulk purchase** of stationary items by the supplier. | आपूर्तिकर्ता ने स्टेशनरी वस्तुओं की **थोक खरीद** पर 20% छूट देने की पेशकश की है। |
| 13 | bulletin | (n) - बुलेटिन | The State Health Department has issued a **bulletin** about the Swine-Flu. | राज्य स्वास्थ्य विभाग ने स्वाइन-फ्लू से संबंधित **बुलेटिन** जारी किया है । |
| 13 | bullion market | (n) - **सराफ़ा बाजार** | **Bullion market** is a self regulatory body. | **सराफ़ा बाजार** स्वशासी संस्था है । |
| 13 | bumper crop | (n) - भरपूर पैदावार* | This year a **bumper crop** of cereals has been reported. | इस वर्ष अनाज की **भरपूर पैदावार** की सूचना प्राप्त हुई है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 186. | dial | (n) - **डायल**<br>(v) - **डायल करना** | 1. Check the air pressure on the **dial**. 2. For police help, please **dial** 100. | 1. **डायल** पर हवा के दबाव की जाँच करें। 2. पुलिस की मदद के लिए 100 नंबर **डायल करें**। |
| 187. | dialogue | (n) - **बातचीत***, संवाद | The spokesperson told the reporters that there had been a constructive **dialogue** between the two countries. | प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि दोनों देशों के बीच रचनात्मक **बातचीत** हुई। |
| 188. | diarize | (v) - डायरी करना | The Assistant has **diarized** all the documents. | सहायक ने सभी दस्तावेजों को **डायरी किया** है। |
| 189. | diary | (n) - डायरी*, दैनिकी*, दैनंदिनी* | The Private Secretary has put the meeting date in his **diary**. | निजी सचिव ने अपनी **डायरी** में बैठक की तारीख दर्ज की है। |
| 190. | diaspora | (n) - **डायास्पोरा**, **प्रवासी** | The Indian diaspora has contributed a lot in the economic development of India. | भारतीय **डायास्पोरा** ने भारत के आर्थिक विकास में बहुत योगदान दिया है। |
| 191. | dictate | (v) - 1. बोलकर लिखाना<br>2. **आदेश देना**, हुक्म चलाना | 1. The Director has **dictated** a letter to his Personal Assistant. 2. The Manager has **dictated** the Supervisors to continue the production. | 1. निदेशक ने अपने निजी सहायक से **बोलकर पत्र लिखाया** है। 2. प्रबन्धक ने सुपरवाइजरों को उत्पादन जारी रखने के लिए **आदेश दिया** है। |
| 192. | dictation | (n) - श्रुतलेख | There were no private secretaries available to take **dictation**. | **श्रुतलेख** के लिए कोई भी निजी सचिव उपलब्ध नहीं था। |
| 193. | dies non | (n) - अकार्य दिवस, अदिन | The unauthorized absence from duty will be treated as | ड्यूटी से अनधिकृत अनुपस्थिति को **अकार्य दिवस** माना जाएगा। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **dies non**. | |
| 194. | differ | (v) - 1. **भिन्न होना**, **अंतर होना**, **अलग होना** 2. **मतभेद होना**, **असहमत होना** | 1.Medical opinion differs as to how to treat the disease. 2. The experts **differ** in this matter. | 1. इस बीमारी का इलाज किस तरह किया जाए - इस पर चिकित्सीय राय में **अंतर** है। 2. इस मामले पर विशेषज्ञों में **मतभेद** हैं। |
| 195. | difference | (n) - 1. **भिन्नता***, **अंतर** 2. **मतभेद** | 1. There are no significant differences between the education systems of the two countries. 2. The management and the workers have settled their **differences**. | 1. दोनों देशों की शिक्षा प्रणालियों में कोई महत्वपूर्ण **अंतर** नहीं हैं। 2. प्रबंधन और श्रमिकों ने अपने **मतभेदों** को सुलझा लिया हैं। |
| 196. | different | (adj) - **पृथक, अलग, भिन्न** | The members have expressed diffe*rent views. | सदस्यों ने **अलग-अलग** विचार व्यक्त किए हैं। |
| 197. | differential rate | (n) - **भिन्न दर*,** विभेदक दर* | There exist differential rates of pay according to the experience in the organization. | संगठन में अनुभव के अनुरूप वेतन की **भिन्न दरें** मौजूद हैं। |
| 198. | differentiate | (v) - **भेद होना, भेद करना, अंतर करना** | It is difficult to **differentiate** between the two varieties of the crop. | फसल की इन दो किस्मों के बीच **भेद करना** मुश्किल है। |
| 199. | differently abled | (adj) - **अन्यथा सक्षम**, **भिन्न रूप से सक्षम** | 5% percent seats are reserved for the **differently abled** persons. | 5% प्रतिशत सीटें **अन्यथा सक्षम** व्यक्तियों के लिए आरक्षित हैं। |
| 200. | difficult | (adj) - **मुश्किल**, **कठिन** | Due to bad weather, it is **difficult** to continue the rescue operation. | खराब मौसम के कारण बचाव अभियान को जारी रखना **कठिन** है। |
| 201. | difficult station | (n) - **असुविधाजनक स्टेशन**, **कठिन स्टेशन** | The employee has been posted to a **difficult station**. | कर्मचारी को **असुविधाजनक स्टेशन** में तैनात किया गया है। |
| 202. | difficulty | (n) - **कठिनाई*** | The committee has discussed the **difficulty** of the situation and suggested an action plan. | समिति ने परिस्थिति की **कठिनाई** पर चर्चा की और एक कार्ययोजना प्रस्तावित की। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 203. | digit | (n) - **अंक** | The savings bank account number contains eleven digits. | बचत बैंक खाता संख्या में ग्यारह **अंक** होते हैं। |
| 204. | digital divide | (n) - **डिजिटल अंतर** | The Government is trying to fill the **digital divide** existing in the country. | सरकार देश में मौजूद **डिजिटल अंतर** को पाटने की कोशिश कर रही है। |
| 205. | digital signature | (n) - **डिजिटल हस्ताक्षर** | The **digital signature** of the assessee should be registered with the Income Tax Department for e-filing of the Income Tax Return. | आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग के लिए निर्धारिती का **डिजिटल हस्ताक्षर** आयकर विभाग में पंजीकृत होना चाहिए। |
| 206. | digitize | (v) - **डिजिटीकरण करना**, **अंकीयकरण करना** | The Government is going to **digitize** all the cable connections in a phased manner. | सरकार सभी केबल कनेक्शनों का चरणबद्ध तरीके से **डिजिटीकरण करने** जा रही है। |
| 207. | diglot edition | (n) - द्विभाषिक संस्करण | The **diglot edition** of the manual has been published. | मैनुअल का **द्विभाषिक संस्करण** प्रकाशित किया गया है। |
| 208. | dignified | (adj) - **गरिमामय**, गरिमापूर्ण | Throughout the celebration, the chief guest maintained a **dignified** presence. | समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने **गरिमामय** उपस्थिति बनाए रखी। |
| 209. | dignitary | (n) - गण्यमान्य, **गणमान्य व्यक्ति** | The **dignitaries** have arrived at the parade ground. | सभी **गणमान्य व्यक्ति** परेड मैदान में पधार चुके हैं। |
| 210. | dignity | (n) - गौरव, मर्यादा*, गरिमा* | The volunteers should maintain their **dignity** under difficult circumstances. | स्वयंसेवकों को कठिन परिस्थितियों में भी अपनी **मर्यादा** बनाए रखनी चाहिए। |
| 211. | digress | (v) - **विषयांतर करना**, **विषयांतर होना**, **भटक जाना** | The member **digressed** from his prepared speech. | सदस्य अपने भाषण में मूल विषय से **भटक गए**। |
| 212. | digression | (n) - **भटकाव**, विषयांतरण | After several **digressions**, the member finally got to the point. | कई बार **भटकने** के बाद, आखिर सदस्य मुद्दे पर आ गए। |
| 213. | dilatory | (adj) - **सुस्त**, विलंबकारी | The role of police department has been **dilatory** in dealing | उपद्रव से निपटने में पुलिस विभाग की भूमिका **सुस्त** रही है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | with the unrest. | |
| 214. | dilemma | (n) - **असमंजस**, दुविधा* | The Reserve Bank Of India faces **dilemma** whether to raise interest rates and slow the economy or lower them and risk serious inflation. | भारतीय रिजर्व बैंक इस बात को लेकर **असमंजस** में है कि क्या ब्याज दरें बढ़ाई जाएं और अर्थव्यवस्था धीमी हो जाए या ब्याज दरें घटाई जाएं और गंभीर मुद्रास्फीति का जोखिम लिया जाए। |
| 215. | diligence | (n) - **परिश्रम**, **कर्मठता** | The police are pursuing inquiries with great **diligence**. | पुलिस अत्यधिक **परिश्रम** के साथ जांच कर रही हैं। |
| 216. | diligent | (adj) - **कर्मठ, मेहनती**, अध्यवसायी, परिश्रमी, | The chief guest has appreciated all the **diligent** and dedicated workers of the organization. | मुख्य अतिथि ने संगठन के सभी **कर्मठ** और समर्पित कार्यकर्ताओं की सराहना की है। |
| 217. | diminish | (v) - **कम होना**, **घटना**, कम करना, घटाना, | The world's natural resources are rapidly **diminishing**. | दुनिया के प्राकृतिक संसाधन तेजी से **घट रहे** हैं। |
| 218. | diplomacy | (n) - राजनय, कूटनीति* | The ambassador has used great **diplomacy** in handling the awkward situation. | राजदूत ने नाजुक स्थिति से निपटने में असाधारण **कूटनीति** का इस्तेमाल किया है। |
| 219. | diplomat | (n) - राजनयिक | Being a **diplomat**, he enjoys diplomatic immunity. | **राजनयिक** होने के नाते उन्हें राजनयिक विशेषाधिकार प्राप्त है। |
| 220. | diplomatic | (adj) - **कूटनीतिक**, राजनयिक | Attempts are being made to settle the dispute by **diplomatic** means. | **कूटनीतिक** माध्यम से विवाद को सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। |
| 221. | direct | (adj) - 1. प्रत्यक्ष, सीधा (v) - 2. **भेजना** 3. **संचालन करना** 4. **निर्देशन करना** 5. निदेश देना (adv) - 6. **सीधा** | 1. **Direct** taxation is a system in which a government raises money by means of direct taxes. 2. The suspects were in **direct** contact with the hijackers. 3. **Direct** any complaints to the Customer Services department. 4. A police officer was | 1. **प्रत्यक्ष** कराधान ऐसी प्रणाली है जिसके अंतर्गत सरकार प्रत्यक्ष करों के माध्यम से धन जुटाती है। 2. संदिग्ध, अपहरणकर्ताओं के **सीधे** संपर्क में थे। 3. ग्राहक सेवा विभाग को शिकायत **भेजें**। 4. पुलिस अधिकारी यातायात **संचालित कर रहा** था। 5. स्टीवन स्पीलबर्ग ने फिल्म का **निर्देशन किया** था। 6. |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **directing** the traffic. 5. The movie was **directed** by Steven Spielberg. 6. The judge **directed** that the mother should be given custody of the children. 7. The delegation flew **direct** to Delhi. | न्यायाधीश ने **निदेश** दिया कि बच्चा मां को सौंपा जाए। 7. प्रतिनिधिमंडल ने **सीधे** दिल्ली के लिए उड़ान भरी। |
| 222. | direct action | (n) - प्रत्यक्ष कार्रवाई*, सीधी कार्रवाई* | Environmental groups have threatened for **direct action** if the plans for the new dam go ahead. | नए बांध के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाए जाने की स्थिति में पर्यावरण समूह ने **सीधी कार्रवाई** की धमकी दी हैं। |
| 223. | direct election | (n) - प्रत्यक्ष निर्वाचन, सीधा निर्वाचन | The members of the society are elected by **direct election**. | समिति के सदस्य **प्रत्यक्ष निर्वाचन** के माध्यम से चुने जाते हैं। |
| 224. | direct nomination | (n) - **सीधा नामांकन**, प्रत्यक्ष नामांकन, प्रत्यक्ष नामन, | Two seats of executive members are filled by **direct nomination**. | कार्यकारिणी सदस्यों के दो पद **सीधे नामांकन** से भरे जाते हैं। |
| 225. | direct recruitment | (n) - सीधी भर्ती* | 50% posts of Joint Director are to be filled by **direct recruitment**. | संयुक्त निदेशक के 50% पद **सीधी भर्ती** से भरे जाने हैं। |
| 226. | direct taxation | (n) - प्रत्यक्ष कराधान | **Direct taxation** is a system in which a government raises money by means of direct taxes. | **प्रत्यक्ष कराधान** एक ऐसी प्रणाली है जिसके अंतर्गत सरकार प्रत्यक्ष करों के माध्यम से धन जुटाती है। |
| 227. | direction | (n) - 1. **दिशा*** 2. **आयाम** 3. **दृष्टिकोण** 4. निदेश; निदेशन | 1. When the police arrived, the crowd scattered in all **directions**. 2. The research provides several new **directions** in the field of poverty alleviation. 3. The committee should adopt a different **direction** for implementing the | 1. पुलिस के पहुंचने पर भीड़ सभी **दिशाओं** में बिखर गई। 2. इस अनुसंधान से गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में कई नए **आयाम** सामने आए हैं। 3. समिति को इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए अलग **दृष्टिकोण** अपनाना होगा। 4. प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रोफेसर के **निदेशन** में शोधपत्र तैयार किए। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | plan. 4. The research papers were prepared by the trainee officers under the **direction** of the Professor. | |
| 228. | directive | (n) - 1. निदेश (adj) - 2. निदेशात्मक | 1. The European Union has issued a new set of **directives** on pollution. 2. The committee is seeking a central, **directive** role in the national energy policy. | 1. यूरोपीय संघ ने प्रदूषण पर नए **निदेश** जारी किए हैं। 2. समिति राष्ट्रीय ऊर्जा नीति में केंद्रीय और **निदेशात्मक** भूमिका की मांग कर रही है। |
| 229. | directory | (n) - निर्देशिका*, निदेशिका* | The **directory** has been published. | नई **निर्देशिका** प्रकाशित की गई है। |
| 230. | disable | (v) - 1. **निष्क्रिय करना** 2. **अशक्त हो जाना**, **शक्त कर देना** | 1. The burglars gained entry to the office building after **disabling** the alarm. 2. The employee was **disabled** in a car accident. | 1. चोरों ने अलार्म **निष्क्रिय** करने के बाद कार्यालय भवन में प्रवेश किया। 2. कर्मचारी एक कार दुर्घटना में **अशक्त हो गया** था। |
| 231. | disability | (n) - **अशक्तता***, निर्योग्यता*, निःशक्तता*, अपंगता*, अपांगता* | The **disability** of the employee prevents him to perform normal job. | **अशक्तता** के कारण कर्मचारी सामान्य कार्य नहीं कर पाता है। |
| 232. | disability allowance | (n) - **अशक्तता भत्ता**, निःशक्तता भत्ता | There is a provision for **disability allowance** for disabled personnel. | अशक्त कार्मिकों के लिए **अशक्तता भत्ते** का प्रावधान है। |
| 233. | disability benefit | (n) - **अशक्तता लाभ**, अपंगता हितलाभ, अपांगता हितलाभ | **Disability benefit** has been granted to the disabled employee. | अशक्त कर्मचारी को **अशक्तता लाभ** स्वीकृत किया गया है। |
| 234. | disabled person | (n) - **अशक्त व्यक्ति**, निःअशक्त व्यक्ति | The office has special facilities for **disabled persons**. | कार्यालय में **अशक्त व्यक्तियों** के लिए विशेष सुविधाएं हैं। |
| 235. | disadvantage | (n) - **असुविधा***, **कमी***, **नुकसान***, अपहित | One major **disadvantage** of the area is the lack of public transport. | क्षेत्र की एक प्रमुख **कमी** यह है कि यहां सार्वजनिक परिवहन अपर्याप्त है। |
| 236. | disagree | (v) - असहमत होना | Some members **disagree** with this | कुछ सदस्य इस तर्क से **असहमत** |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | argument. | हैं। |
| 237. | disagreement | (n) - **मतभेद**, असहमति* | There is a **disagreement** between the two states on the distribution of river water. | नदी के पानी के वितरण पर दोनों राज्यों के बीच **मतभेद** है। |
| 238. | disallow | (v) - **अस्वीकृत करना, नामंजूर करना** | The bank sought to **disallow** the payments. | बैंक ने भुगतान **अस्वीकृत** करने की मांग की। |
| 239. | disaster | (n) - **आपदा***, **विपदा***, विपद | Thousands died in the **disaster**. | हजारों लोग **आपदा** में मारे गए। |
| 240. | disband | (v) - तोड़ देना, भंग करना | The committee formally has been **disbanded** in August, 2013. | अगस्त, 2013 में समिति औपचारिक रूप से भंग कर दी गई है। |
| 241. | disbursement | (n) - **वितरण, भुगतान**, संवितरण | The **disbursement** of salary has been delayed. | वेतन के **वितरण** में देरी की गई है। |
| 242. | discard | (v) - **खारिज करना**, अलग करना हटा देना, निकाल देना, व्यक्त करना, | 20% of the data was **discarded** as unreliable. | 20% डाटा को अविश्वसनीय मानते हुए **खारिज कर** दिया गया था। |
| 243. | discharge | (n) - 1. **डिस्चार्ज** (v) - 2. (ड्यूटी) **निभाना, पूरा करना**, निर्वहन, पालन, 3. **चुकाना**, (ऋण का) उन्मोचन 4. **सेवा-मुक्त करना**, सेवा-मुक्ति*, कार्य-मुक्ति* 5. (अस्पताल ले) छुट्टी* 6. **बहाना** | 1. There is a ban on the toxic **discharge**. 2. The officer **discharged** his duties with devotion. 3. The goods will be auctioned in order to **discharge** the debt. 4. The police man was **discharged** from the police force for misconduct. 5. The employee has been **discharged** from the hospital too early. 6. The factory was fined for **discharging** toxic waste into the river. | 1. विषैले **डिस्चार्ज** पर प्रतिबंध है। 2. अधिकारी ने समर्पण के साथ अपनी ड्यूटी **पूरी की**। 3. कर्ज **चुकाने** के लिए माल नीलाम किया जाएगा। 4. पुलिसकर्मी को कदाचार के लिए पुलिस बल से **सेवा-मुक्त किया** गया। 5. कर्मचारी को अस्पताल से जल्दी **छुट्टी** दे दी गई। 6. नदी में विषाक्त अपशिष्ट **बहाने** के लिए कारखाने पर जुर्माना लगाया गया था। |
| 244. | discharge slip | (n) - छुट्टी की पर्ची* | The **discharge slip** should be enclosed | छुट्टी के आवेदन के साथ **छुट्टी की पर्ची** संलग्न की जानी चाहिए। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | with the leave application. | |
| 245. | disciplinary action | (n) - **अनुशासनात्मक कार्रवाई***, अनुशासनिक कार्रवाई* | The company will be taking **disciplinary action** against the employee for misconduct. | कंपनी कदाचार के लिए कर्मचारी के खिलाफ **अनुशासनात्मक कार्रवाई** करेगी। |
| 246. | discipline | (n) - 1. अनुशासन (v) - 2. **अनुशासित करना** | 1. Strict **discipline** is imposed on army recruits. 2. The cadet was **disciplined** for using uncivilized language. | 1. सेना के रंगरूटों को सख्त **अनुशासन** में रखा जाता है। 2. असभ्य भाषा बोलने के लिए कैडेट को **अनुशासित किया गया**। |
| 247. | disclaim | (v) - 1. दावा छोड़ना; दावा त्यागना 2. **इंकार करना**, अस्वीकार करना | 1. The company has **disclaimed** the ownership right on the land. 2. The operator has **disclaimed** responsibility for the accident. | 1. कंपनी ने जमीन पर स्वामित्व अधिकार का **दावा छोड़** दिया है। 2. ऑपरेटर ने दुर्घटना की जिम्मेदारी लेने से **इंकार किया** है। |
| 248. | disclose | (v) - **उजागर करना, खुलासा करना**, प्रकट करना | The report **discloses** that human error was to blame for the accident. | रिपोर्ट में यह **खुलासा किया गया** है कि दुर्घटना मानवीय गलती के करण हुई। |
| 249. | disclosure | (n) - **उजागर, खुलासा**, प्रकटन, प्रकटीकरण | The newspaper has been charged for **disclosure** of official secrets. | अखबार पर सरकारी गोपनीय सूचनाओं को **उजागर** करने का आरोप लगाया गया है। |
| 250. | discontent | (n) - असंतोष | There is widespread **discontent** among the staff at the MACP Scheme. | एम.ए.सी.पी. स्कीम को लेकर कर्मचारियों के बीच व्यापक **असंतोष** है। |
| 251. | discontinuance | (n) - समापन, समाप्ति*, रोक* | There is **discontinuance** of supply due to lack of fund. | निधि की कमी के कारण आपूर्ति **रोक** दी गई है। |
| 252. | discontinue | (v) - बंद करना, रोकना, समाप्त करना | It was decided to **discontinue** the scheme after six months. | इस योजना को छह महीने के बाद **बंद करने** का निर्णय लिया गया। |
| 253. | discord | (n) - अनबन, मतभेद | A note of **discord** surfaced during the proceedings. | कार्यवाही के दौरान **मतभेद** सामने आया था। |
| 254. | discount | (n) - 1. बट्टा, छूट* | 1. The company has | 1. कंपनी ने इस महीने सभी |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | (v) - 2. **उपेक्षा करना** | offered a 10% **discount** on all items this month. 2. The news reports have been **discounted** as propaganda. | वस्तुओं पर 10% **छूट** की पेशकश की है। 2. प्रचार का हथकंडा मानते हुए समाचार रिपोर्टों की **उपेक्षा की गई**। |
| 255. | discover | (v) - पता लगाना, खोजना | Scientists around the world are working to **discover** a cure for AIDS. | दुनिया भर के वैज्ञानिक एड्स का इलाज **खोजने** के लिए काम कर रहे हैं। |
| 256. | discovery | (n) - खोज* | There are some doubts among the researchers about the new **discovery**. | नई **खोज** के बारे में शोधकर्ताओं की कुछ संदेह हैं। |
| 257. | discredit | (n) - 1. **बदनामी*** (v) - 2. अविश्वसनीय मानना, साख गिराना | 1. The incidents of atrocities cause **discredit** on the police department. 2. These theories are now largely **discredited** among scientists. | 1. अत्याचार की घटनाएं पुलिस विभाग की **बदनामी** का कारण बनीं। 2. अब वैज्ञानिक इन सिद्धांतों को काफी हद तक **अविश्वसनीय** मानने लगे हैं। |
| 258. | discrepancy | (n) - विसंगति* | The committee has found **discrepancies** in the two reports. | समिति ने दो रिपोर्टों में **विसंगतियां** पाई हैं। |
| 259. | discretion | (n) - विवेक | The awards are made at the **discretion** of the committee. | समिति अपने **विवेक** से पुरस्कारों पर निर्णय लेती हैं। |
| 260. | discretionary grant | (n) - विवेकानुदान | The N.G.O. may be eligible for a **discretionary grant** for its work. | गैर-सरकारी संगठन को उसके काम के लिए **विवेकानुदान** दिया जा सकता है। |
| 261. | discretionary power | (n) - विवेकाधिकार | Magistrates were given wider **discretionary powers**. | मजिस्ट्रेटों को व्यापक **विवेकाधिकार** प्रदान किए गए थे। |
| 262. | discriminate | (v) - **भेदभाव करना**, **विभेद करना** | It is illegal to **discriminate** on grounds of race, sex or religion. | जाति, लिंग या धर्म के आधार पर **विभेद करना** गैर-कानूनी है। |
| 263. | discrimination | (n) - भेदभाव, विभेद | According to the conduct rules, the practice of **discrimination** on grounds of race, sex or religion is an | आचरण नियमावली के अनुसार, जाति, लिंग या धर्म के आधार पर **भेदभाव** करना अपराध है। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | offence. | |
| 264. | discuss | (v) - **विचार-विमर्श करना, चर्चा करना** | The matter has been **discussed** in the meeting. | बैठक में इस मामले पर **विचार-विमर्श किया गया** है। |
| 265. | discussion | (n) - 1. विचार-विमर्श, चर्चा 2. बहस* | After a considerable **discussion**, the committee has decided to accept the proposal. | काफी **चर्चा** के बाद समिति ने प्रस्ताव को स्वीकार करने का फैसला किया है। |
| 266. | dishonest | (adj) - बेईमान | Beware of **dishonest** traders in the tourist areas. | पर्यटन स्थलों में **बेईमान** व्यापारियों से सावधान रहें। |
| 267. | dishonour | (v) - 1. अस्वीकार करना, नकारना 2. **अवमानना करना**, अनादर करना, | 1. The cheque has been **dishonoured** by the bank. 2. The employee has **dishonoured** the order of his superior officer. | 1. बैंक ने चेक **अस्वीकार** कर दिया है। 2. कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की **अवमानना की**। |
| 268. | disintegrate | (v) - **विघटित करना, विखंडित करना** | The state has been **disintegrated** in two parts. | राज्य को दो भागों में **विखंडित कर दिया गया** है। |
| 269. | disintegration | (n) - विघटन | The gradual **disintegration** of social values is a cause of concern. | सामाजिक मूल्यों का क्रमिक **विघटन** चिंता का विषय है। |
| 270. | disinvest | (v) - **विनिवेश करना** | The Government has **disinvested** some of its PSUs. | सरकार ने अपने कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का **विनिवेश किया** है। |
| 271. | disinvestment | (n) - विनिवेश | The Government has reconsidered the proposal of **disinvestment** of PSUs. | सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के **विनिवेश** के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया है। |
| 272. | dislocate | (v) - **विस्थापित करना, विस्थापित होना** | Thousands of people have been **dislocated** due to flood. | बाढ़ के कारण हजारों लोग **विस्थापित हो** गए हैं। |
| 273. | dislocation | (n) - विस्थापन, विस्थानन | Millions of refugees have suffered a **dislocation** due to war. | युद्ध के कारण लाखों शरणार्थियों को **विस्थापन** का सामना करना पड़ा है। |
| 274. | dismiss | (v) - 1.पदच्युत करना, बर्ख़ास्त करना 2. खारिज | 1. The employee has been **dismissed** from the service due to his | 1. कर्मचारी को कदाचार के कारण सेवा से **बर्खास्त** कर दिया गया है। 2. मंत्री ने केंद्र सरकार |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | करना | misconduct. 2. The Minister has **dismissed** any change in retirement age of Central Government servants. | के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु में किसी भी बदलाव को **खारिज** कर दिया है। |
| 275. | dismissal | (n) - 1. पदच्युति*, बर्ख़ास्तगी* 2. **खारिज** | 1. The **dismissal** of workers was heavily protested against. 2. No **dismissals** of the statement have been announced yet. | 1. श्रमिकों की **बर्खास्तगी** का भारी विरोध किया गया था। 2. अब तक बयान को **खारिज** करने की घोषणा नहीं की गई है। |
| 276. | disobedience | (n) - **अवहेलना***, अवज्ञा* | The employee has been punished for disobedience of order. | कर्मचारी को आदेश की **अवहेलना** के लिए सजा दी गई है। |
| 277. | disobey | (v) - **अवहेलना करना**, आज्ञा न मानना, अवज्ञा करना | According to the conduct rules, to **disobey** the orders of superior may attract disciplinary action aginst the concerned. | आचरण नियमावली के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की **अवहेलना करने** वाले कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। |
| 278. | disorder | (n) -1. अव्यवस्था*, गड़बड़ी* 2. शांतिभंग | 1. The financial affairs of the company were in complete **disorder**. 2. There has been a sudden outbreak of a public **disorder** due to some rumour. | 1. कंपनी के वित्तीय मामलों में पूरी तरह गड़**बड़ी** पाई गई। 2. किसी अफवाह के कारण अचानक सार्वजनिक **अव्यवस्था** फैली है। |
| 279. | disparity | (n) - **विषमता***, असमानता* | The Government is concerned over the regional **disparities** in economic growth. | सरकार आर्थिक विकास में क्षेत्रीय **विषमताओं** को लेकर चिंतित है। |
| 280. | dispensable | (adj) - **अनावश्यक**, **गैर-जरूरी**, परिहार्य | The **dispensable** items should be shortlisted. | **अनावश्यक** मदों की सूची तैयार की जानी चाहिए। |
| 281. | dispensary | (n) - औषधालय, डिस्पेन्सरी | The working time has been changed in the CGHS **dispensaries**. | सी.जी.एच.एस. **औषधालयों** का कार्य-समय बदल दिया गया है। |
| 282. | dispense | (v) - **देना, उपलब्ध करना** | The organization **dispenses** free health service to the poor. | संगठन गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा **उपलब्ध करता** है। |
| 283. | disperse | (v) - विसर्जित | Police **dispersed** the | पुलिस ने आंसू गैस के जरिए |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | होना; तितर-बितर करना या होना | protesters with tear gas. | प्रदर्शनकारियों को **तितर-बितर किया**। |
| 284. | displace | (v) - **स्थान लेना**, **विस्थापित करना**, **विस्थापित होना**, **निकाल देना** | 1. Gradually factory workers have been **displaced** by the machines.<br>2. Around 10 000 people have been **displaced** due to flood.<br>3. The Colonists **displaced** the natives. | 1. कारखानों में धीरे-धीरे मशीनों ने कामगारों का **स्थान ले लिया** है। 2. बाढ़ की वजह से लगभग 10000 लोग **विस्थापित हो** गए हैं। 3. उपनिवेशवादियों ने मूल निवासियों को **निकाल दिया**। |
| 285. | displaced | (adj) - विस्थापित | The Government has provided shelter and food to the **displaced** persons. | सरकार ने **विस्थापित** लोगों को आश्रय और भोजन उपलब्ध कराया है। |
| 286. | display | (n) - 1. **डिस्प्ले** 2. **प्रदर्शनी***, सजावट (v) - **प्रदर्शित होना**, प्रदर्शित करना, **दिखाना**, **दिखना** | 1. A hard copy of the screen display can also be obtained from a printer. 2. There is a beautiful floral **display** outside the Town Hall. 3. The computer screen will **display** the username in the top right-hand corner. | 1. प्रिंटर से स्क्रीन **डिस्प्ले** की मुद्रित प्रति भी प्राप्त की जा सकती है। 2. टाउन हॉल के बाहर फूलों की सुंदर **प्रदर्शनी** लगी है।<br>3. कंप्यूटर स्क्रीन के शीर्ष पर दाएँ हाथ के कोने में उपयोगकर्ता का नाम **प्रदर्शित होगा**। |
| 287. | displeasure | (n) - **अप्रसन्नता***, अप्रसाद, नाखुशी*, **नाराजगी*** | 1. The Minister has to demit his office due to **displeasure** of the President. 2. The incident has heightened public **displeasure** with the authorities. | 1. राष्ट्रपति के **अप्रसाद** के कारण मंत्री को अपना पद त्यागना पड़ा है। 2. इस घटना के कारण प्राधिकारियों के प्रति जनता की **नाराज़गी** बढ़ गई है। |
| 288. | disposable | (n) - **प्रयोज्य वस्तु**, (adj) - 1. निपटानयोग्य 2. फैंकनेयोग्य 3. प्रयोज्य | 1. The **disposables** used should be bio-degradable. 2. The **disposable** resources of the company are limited. | 1. इस्तेमाल की जाने वाली **प्रयोज्य वस्तुएं** प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जानी चाहिए।<br>2. कंपनी की **प्रयोज्य** संसाधन सीमित हैं। |
| 289. | disposal | (n) -1. निपटान, निवर्तन 2. **अधिकार** 3. व्ययन | 1. The **disposal** of nuclear waste is a challenging task. 2. The OSD will have a | 1. परमाणु कचरे का **निपटान** चुनौती भरा काम है। 2. पूरे महीने के लिए ओएसडी के |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | staff car at his **disposal** for the whole month. | **अधिकार** में स्टाफ कार होगी। |
| 290. | dispose | (v) - 1. निपटाना 2. बेचना 3. **चाहना** | 1. The **disposing** of nuclear waste should be environment friendly. 2. The store department has **disposed** the condemned furniture. 3. The committee was not **disposed** to hold another meeting. | 1. परमाणु कचरे का **निपटान** पर्यावरण अनुकूल होना चाहिए। 2. स्टोर विभाग ने अनुपयोगी फर्नीचर **बेच** दिया। 3. समिति एक और बैठक आयोजित नहीं करना **चाहती** थी। |
| 291. | disposition | (n) - 1. **वितरण** 2. प्रवृत्ति*; स्वभाव 3. **अवसर** | 1. The officer was appointed to oversee the **disposition** of funds. 2. The Gondola rides are unsuitable for people of a nervous **disposition**. 3. This has given the reviewer a **disposition** to evaluate the work. | 1. निधियों के **वितरण** के लिए अधिकारी की नियुक्ति की गई थी। 2. घबराने के **स्वभाव** वाले लोगों के लिए गोंडला की सवारी अनुपयुक्त हैं। 3. इससे समीक्षक को काम का मूल्यांकन करने का **अवसर** मिला है। |
| 292. | dispossess | (v) - **बेदखल करना**, **ले लेना**, बेकब्जा करना, कब्जा छुड़ाना | Due to construction of dam, people were **dispossessed** of their land. | बांध के निर्माण के कारण, लोगों को उनकी जमीन से **बेदखल किया गया**। |
| 293. | dispute | (n) - विवाद, झगड़ा, **मतभेद** (v) - **विवाद करना**, **विवाद होना** | 1. The cause of the accident is still in **dispute**. 2. These figures have been **disputed**. | 1. दुर्घटना के कारण को लेकर अभी भी **मतभेद** है। 2. ये आंकड़े **विवादित रहे** हैं। |
| 294. | disputed | (adj) - **विवादित** | Both the neighbouring countries agreed for a dialogue over the **disputed** territory. | दोनों पड़ोसी देश **विवादित** क्षेत्र के संबंध में बातचीत के लिए सहमत हो गए। |
| 295. | disqualification | (n) - **अयोग्यता***, निरर्हता* | The member is liable to **disqualification** from all official events. | सदस्य सभी सरकारी आयोजनों से **अयोग्यता** के लिए उत्तरदायी है। |
| 296. | disqualify | (v) - **अयोग्य ठहराना**, **अयोग्य** | The player was **disqualified** from the | दवाओं का उपयोग करने के कारण खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा के लिए |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **होना**, निरर्ह करना, निरर्ह होना | competition for using drugs. | **अयोग्य ठहराया गया** था। |
| 297. | disregard | (n) - 1. **उपेक्षा***, अवहेलना* (v) - 2. **अवहेलना करना, उपेक्षा करना** | 1. The anomaly committee has shown a total **disregard** for employees demand regarding MACP Scheme. 2. Safety rules were **disregarded** during the parade. | 1. विसंगति समिति ने कर्मचारियों की एमएसीपी स्कीम संबंधी मांग की पूरी तरह **उपेक्षा** की है। 2. परेड के दौरान, सुरक्षा नियमों की **अवहेलना** की गई। |
| 298. | disrespect | (n) - **निरादर**, **असम्मान**, अनादर | **Disrespect** to superiors should be treated as bad conduct. | वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति **निरादर** दुराचरण माना जाएगा। |
| 299. | disrupt | (v) - **बाधित करना**, **बाधित होना** | Metro Train services will be **disrupted** tomorrow because of security reason. | सुरक्षा कारणों से मेट्रो ट्रेन सेवाएं कल **बाधित होंगी**। |
| 300. | disruption | (n) -1. विच्छिन्नता* 2. बाधा 3. भंग 4. **अस्त-व्यस्त** | The strike caused serious **disruptions** of public life. | हड़ताल के कारण जन-जीवन गंभीर रूप से **अस्त-व्यस्त** हो गया। |
| 301. | dissatisfaction | (n) - **अप्रसन्नता***, असंतोष | The members of the committee have expressed their **dissatisfaction** with the arrangement. | समिति के सदस्यों ने व्यवस्था के संबंध में अपनी **अप्रसन्नता** व्यक्त की है । |
| 302. | dissent | (n) -1. **असंतोष**, विमति*, विसम्मति*, असहमति* (v) - 2. **असहमत होना** | 1. **Dissent** has been suppressed in the neighbouring country. 2. Only two members of the committee **dissented** from the official view. | 1. पड़ोसी देश में **असंतोष** को दबा दिया गया है। 2. समिति के केवल दो सदस्य आधिकारिक दृष्टिकोण से **असहमत थे**। |
| 303. | disservice | (n) - **नुकसान**, अपकार, कुसेवा* | The spokesperson said the protesters were doing a **disservice** to the nation. | प्रवक्ता ने कहा कि प्रदर्शनकारी देश का **नुकसान** कर रहे थे। |
| 304. | dissociate | (v) - **अलग करना**, वियोजित करना, असम्बद्ध होना, अलग होना | Few countries were determined to **dissociate** the UN from any agreement to impose sanctions. | कुछ देश प्रतिबंधों को लागू करने के किसी भी समझौते से संयुक्त राष्ट्र को **अलग करने** के लिए प्रतिबद्ध थे। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 305. | dissolution | (n) - भंग, विघटन | The President of the neighbouring country announced the **dissolution** of the National Assembly. | पड़ोसी देश के राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय असेंबली को **भंग** करने की घोषणा की। |
| 306. | dissolve | (v) - विघटित करना, भंग करना | The election was announced and the parliament was **dissolved**. | चुनाव की घोषणा की गई और संसद को **भंग** कर दिया गया। |
| 307. | distant education | (n) - **दूरस्थ शिक्षा*** | Our country has made a considerable progress in the field of **distant education**. | हमारे देश ने **दूरस्थ शिक्षा** के क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति की है। |
| 308. | distinct | (adj) -1. भिन्न; अलग, सुभिन्न 2. **प्रमुख**, सुस्पष्ट, सुव्यक्त 3. **निश्चित** | 1. The learning needs of the two groups are quite **distinct** from each other. 2. Please, furnish the **distinct** features of this project. 3. A strike is now a **distinct** possibility. | 1. दोनों समूहों के सीखने की जरूरत एक दूसरे से काफी **अलग** हैं। 2. कृपया, इस परियोजना की **प्रमुख** विशेषताओं का उल्लेख करें। 3. अब हड़ताल की संभावना **निश्चित** है। |
| 309. | distinction | (n) - 1. **भेद**, विभेद 2. विशेष योग्यता* | 1. The new law makes no **distinction** between adults and children. 2. The candidate has graduated with **distinction**. | 1. नए कानून में वयस्कों और बच्चों के बीच कोई **भेद** नहीं किया गया है। 2. उम्मीदवार **विशेष योग्यता** के साथ स्नातक किया है। |
| 310. | distinctive | (adj) - विशिष्ट, पृथक्, भिन्न, सुभिन्न | The present scheme is **distinctive** from earlier schemes. | वर्तमान स्कीम पहले की स्कीमों से **विशिष्ट** है। |
| 311. | distinguish | (v) - 1. **अंतर करना, भेद निकालना**, भेद करना 2. **प्रतिष्ठित होना**, विशिष्टता पाना | 1. It is necessary to **distinguish** the policies of two successive governments. 2. Havlok island has been **distinguished** as a tourist place. | 1. दो उत्तरोत्तर सरकारों की नीतियों में **अंतर करने** की जरूरत है। 2. हैवलॉक द्वीप पर्यटन स्थल के रूप में **प्रतिष्ठित हुआ** है। |
| 312. | distinguished | (adj) - **प्रतिष्ठित**, विशिष्ट | The award went to a **distinguished** Social activist. | **प्रतिष्ठित** सामाजिक कार्यकर्ता को पुरस्कार मिला है। |
| 313. | distort | (v) - **गलत बयानी करना, विकृत करना,** | Newspapers are often guilty of **distorting** the truth. | समाचार पत्र अकसर सच्चाई को **विकृत करने** के दोषी होते हैं। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **तोड़-मरोड़ करना** | | |
| 314. | distortion | (n) -1. विकृति* (विधि) 2. तोड़-मरोड़ | It is a case of **distortion** of facts. | 1. यह तथ्यों की **विकृति** का मामला है। 2. यह तथ्यों के **तोड़-मरोड़** का मामला है। |
| 315. | distress | (n) - **कठिनाई***, **संकट**, विपत्ति* (v) - **दु:खी होना**, **व्यथित होना** | 1. The charity aims to relieve **distress** caused by natural disasters. 2. The news of the natural calamity and large scale casualties **distressed** all the members present in the house. | 1. चैरिटी का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से आए **संकट** से राहत देना है। 2. प्राकृतिक आपदा में बड़े पैमाने पर लोगों के हताहत होने की खबर सुनकर सदन में मौजूद सभी सदस्य **दु:खी हो गए** । |
| 316. | distribute | (v) - वितरण करना, बाँटना | The N.G.O. has **distributed** food to the flood victims. | गैर-सरकारी संगठन ने बाढ़ पीड़ितों को भोजन **वितरित** किया है। |
| 317. | distribution | (n) - वितरण, बंटन | The advertising branch dealt with the **distribution** of brouchers. | विज्ञापन शाखा विवरण पुस्तिका के **वितरण** का कार्य देखती है। |
| 318. | district | (n) - जिला, जनपद | All the **districts** of the country are connected with internet. | देश के सभी **जिलें** इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। |
| 319. | disturb | (v) - **परेशान करना**, **परेशान होना** | The deep unrest **disturbs** the public life. | गहरी अशांति से जन-जीवन **परेशान** है। |
| 320. | disturbance | (n) -1. उपद्रव 2. गड़बड़ी*, अशांति* 3. बाधा* | The **disturbances** spread to more than five cities. | पांच से अधिक शहरों में **उपद्रव** फैल गया। |
| 321. | disturbed area | (n) - **अशांत क्षेत्र**, उपद्रवग्रस्त क्षेत्र | Army has been **deployed** in the disturbed area. | **अशांत क्षेत्र** में सेना तैनात की गई है। |
| 322. | diversify | (v) - 1.**विविधता लाना**, **विविधता आना** 2. **बदलाव आना** | 1. Farmers are being encouraged to **diversify** into new crops. 2. The culture has been **diversified** with the arrival of immigrants. | 1. किसानों को नई फसलों में **विविधता लाने** के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2. आप्रवासियों के आगमन से संस्कृति में **बदलाव आया** है। |
| 323. | diversification | (n) - विविधीकरण | The **diversification** of the company could be dangerous to it. | कंपनी का **विविधीकरण**, कंपनी के लिए खतरनाक हो सकता है। |
| 324. | diversion | (n) - 1. **ध्यान** | 1.The proxy war was | 1. छद्म युद्ध, देश की आर्थिक |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **हटाना**, विषयांतर 2. (निधि) अपयोजन 3. पथांतर | a means for **diversion** from the country's economic problems. 2. **Diversion** of investment was having a bad effect. 3. **Diversions** will be signposted. | समस्याओं से **ध्यान हटाने** का साधन था। 2. निवेश के **अपयोजन** का गलत प्रभाव पड़ा था। 3. **पथांतर** के लिए संकेत-चिह्न लगाए जाएंगे। |
| 325. | divide | (n) - 1. **अंतर** (v) - 2. **विभाजित करना**, **विभाजित होना** 3. **बांटना** | 1. The committee has suggested few economic measures to bridge the **divide** between rich and poor. 2. The issue has **divided** the committee. 3. For smooth functioning of the work, it is **divided** into three phases. | 1. समिति ने अमीर और गरीब के बीच के **अंतर** को पाटने के लिए कुछ आर्थिक उपाय सुझाए हैं। 2. इस मुद्दे पर समिति **विभाजित** है। 3. कार्य के सुचारू संचालन के लिए, इसे तीन चरणों में **बांटा गया** है। |
| 326. | dividend | (n) - लाभांश | The dividend has been distributed to the shareholders. | लाभांश शेयरधारकों को वितरित किया गया है। |
| 327. | division | (n) - 1.विभाजन 2. **मतभेद** 3. डिवीज़न 4.**सीमा-रेखा*** 5. **मत-विभाजन** 6. श्रेणी*, 7. मंडल, डिवीज़न 8. प्रभाग | 1. The survey is intended for the **division** of the population into age groups. 2. There are deep **divisions** in the committee over the new education policy. 3. A **division** of para-military forces has been deployed in the border area. 4. The river forms the **division** between the two states. 5. The Bill has been passed without a division. 6. The candidate should posseses a Master Degree in first **division**. 7. The State Government has | 1. जनसंख्या का आयु वर्ग के अनुसार **विभाजन** सर्वेक्षण का उद्देश्य है। 2. नई शिक्षा नीति पर समिति में गहरे **मतभेद** हैं। 3. अर्ध सैनिक बलों का एक **डिवीजन** सीमा क्षेत्र में तैनात किया गया है। 4. दो राज्यों के बीच नदी **सीमा-रेखा** है। 5. **मत-विभाजन** के बिना विधेयक पारित किया गया है। 6. उम्मीदवार के पास प्रथम श्रेणी की मास्टर डिग्री होनी चाहिए। 7. राज्य सरकार ने प्रशासन के सुचारू संचालन के लिए एक नया **मंडल** सृजित किया है। 8. आकाशवाणी का समाचार सेवा **प्रभाग** आज रात 9.30 बजे अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर एक |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | created a new **division** for smooth functioning of administration. 8. The News Service **Division** of All India Radio is going to broadcast a feature programme on international relations today at 9.30 P.M. | फीचर कार्यक्रम प्रसारित करने जा रहा है। |
| 328. | division bench | (n) - खंड (न्याय) पीठ* | A **division bench** of High Court has been established in Raipur. | उच्च न्यायालय की **खंडपीठ** रायपुर में स्थापित की गई है। |
| 329. | divorce | (n) - 1. तलाक़, विवाह-विच्छेद (v) - 2. **विवाह-विच्छेद होना**, तलाक़ देना, विवाह-विच्छेद करना | 1. The mother is usually the custodial parent of the children after a **divorce**. 2. The employee has intimated that he **divorced** his wife. | 1. **विवाह-विच्छेद** के बाद, मां आमतौर पर बच्चों की अभिरक्षक होती है। 2. कर्मचारी ने सूचित किया है कि उसका अपनी पत्नी से **विवाह-विच्छेद हो गया** है। |
| 330. | document | (n) - 1. दस्तावेज़, प्रलेख (v) - 2. **दर्ज करना**, **दर्ज होना** | 1. The economic ideas in the **document** are much bolder than current policies. 2. The terms and conditions are **documented** in considerable detail. | 1. **दस्तावेज** में उल्लिखित आर्थिक विचार, वर्तमान नीतियों से ज्यादा सुस्पष्ट हैं। 2. निबंधन और शर्तें काफी विस्तार से **दर्ज हैं**। |
| 331. | documentary evidence | (n) - दस्तावेजी साक्ष्य | The complainant should furnish the **documentary evidence** in support of his complaint. | शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के समर्थन में **दस्तावेजी साक्ष्य** प्रस्तुत करना चाहिए। |
| 332. | documentary film | (n) - वृत्तचित्र | The **documentary** film is based on the adult education. | यह **वृत्तचित्र** प्रौढ़ शिक्षा पर आधारित है। |
| 333. | documentation | (n) - 1. **दस्तावेज** 2. प्रलेखीकरण, प्रलेखन | 1. Applicants must provide supporting **documentation**. 2. The **documentation** of the agreement has been completed. | 1. आवेदकों को चाहिए कि वे सहायक **दस्तावेज** अवश्य उपलब्ध कराएं। 2. समझौते के **दस्तावेज** का प्रलेखन हो चुका है। |
| 334. | domicile | (n) - अधिवास | As a proof of **domicile**, the | अधिवास के सबूत के रूप में, कर्मचारी को सक्षम प्राधिकारी |

| **Sl. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | employee should furnish domicile certificate issued by the competent authority. | द्वारा जारी **अधिवास** प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। |
| 335. | dominant | (adj) - **प्रमुख**, प्रभावी, प्रबल | India has achieved a **dominant** position in the world market. | भारत ने दुनिया के बाजार में **प्रमुख** स्थान हासिल किया है। |
| 336. | donate | (v) - दान करना | The company **donated** Rs. Two crore to charity. | कंपनी ने परोपकार के काम के लिए दो करोड़ रुपए **दान किए**। |
| 337. | donation | (n) - दान, चंदा | The work of the charity is funded by voluntary **donations**. | परोपकार स्वैच्छिक दान की राशि से किया जाता है। |
| 338. | donor | (n) - दाता, संदाता | The kidney transplant will take place as soon as a suitable **donor** can be found. | उपयुक्त **दाता** मिलते ही गुर्दा प्रत्यारोपण किया जाएगा। |
| 339. | double account system | (n) - दोहरा लेखा पद्धति | The **double account system** is a safe and transparent system for accounting. | लेखाकार्य के लिए **दोहरी लेखा प्रणाली** सुरक्षित और पारदर्शी प्रणाली है। |
| 340. | doubt | (n) - 1. **संदेह** (v) - 2. **संदेह करना** | 1. After seeing the facts, **doubts** have been removed. 2. There seems no reason to **doubt** the statement of the employee. | 1. तथ्यों को देखने के बाद, **संदेह** दूर हो गए। 2. कर्मचारी के बयान पर **संदेह करने** का कोई कारण नहीं है। |
| 341. | doubtful | (adj) - **अनिश्चित**, संदिग्ध | It's **doubtful** whether the market will recover soon. | जल्द ही बाजार की स्थिति सुधरेगी यह **अनिश्चित** है । |
| 342. | down payment | (n) - **तत्काल भुगतान**, तत्काल अदायगी | The employee has withdrawn Rs. One lac from his GPF account for a **down payment** on a house. | कर्मचारी ने मकान खरीदने हेतु **तत्काल भुगतान** के लिए अपने सामान्य भविष्य निधि खाते से एक लाख रुपए निकाले हैं। |
| 343. | draft | (n) - 1. प्रारूप, मसौदा 2. (बैंक) ड्राफ्ट 3. दस्ता, टुकड़ी (v) - 1. **मसौदा तैयार करना** 2. **टुकड़ी तैयार करना** | 1. The **draft** is submitted for approval. 2. Please, send a Demand **Draft** worth Rs. 200/- along with the application form. 3. A **draft** of | 1. **मसौदा** अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है। 2. कृपया, आवेदन पत्र के साथ 200/- रुपए का डिमांड **ड्राफ्ट** भेजें। 3. स्वयंसेवकों की एक टुकड़ी राहत कार्य में जुटी हुई है। 4. सहायक पत्र का **मसौदा तैयार करेगा**। 5. |

| **Sl. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | volunteers is engaged in relief work. 4. The Assistant will **draft** the letter.<br>5. Additional police are being **drafted** in to control the crowds. | भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की अतिरिक्त **टुकड़ी तैयार की जा रही** है। |
| 344. | draft reply | (n) - उत्तर का मसौदा | The **draft reply** has been prepared by the Assistant. | सहायक ने उत्तर का **मसौदा तैयार** किया है। |
| 345. | drastic action | (n) - कठोर कार्रवाई* | The police department has initiated **drastic action** against the violators of the traffic rules. | पुलिस विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ **कठोर कार्रवाई** शुरू की है। |
| 346. | drastic measure | (n) - कठोर उपाय | The Government has decided to adopt a **drastic measure** to curb the inflation. | सरकार ने मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए **कठोर उपाय** करने का फैसला किया है। |
| 347. | draw | (n) - 1. **ड्रा**, **बराबरी*** (v) - 2. (लाटरी) निकालना 3. चेक काटना 4. **प्रस्तुत करना** 5. **आहरित करना**, (धन) **निकालना**, (वेतन का) आहरण 6. (निष्कर्ष) **निकालना**, (निष्कर्ष) **पर पहुंचना** 7. (ध्यान) **आकर्षित करना** 8. **दर्शाना/दिखाना** 9. **तैयार करना** 10. (समाप्त) **करना** | 1. The cricket match ended in a **draw**. 2. The cheque was **drawn** on the employee's salary account.<br>3. The report **drew** a grim picture of inefficiency and corruption. 4. The cashier has **drawn** the salary from the bank. 5. It would be unwise to **draw** firm conclusions from the results of a single survey. 6. The case **drew** international attention. 7. The report **draws** a distinction between various forms of health care. 8. The army has **drawn** an elaborate plan of attack. 9. The | 1. क्रिकेट मैच **बराबरी** पर समाप्त हुआ।<br>2. **चेक** कर्मचारी के वेतन खाते के लिए काटा गया था। 3. रिपोर्ट अक्षमता और भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर **प्रस्तुत करती** है। 4. कैशियर ने बैंक से वेतन **आहरित किया** है। 5. एकल सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर स्पष्ट निष्कर्ष **निकालना** अक्लमंदी नहीं होगी। 6. इस मामले ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान **आकर्षित किया**। 7. रिपोर्ट स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न तरीकों के बीच अंतर **दर्शाती** है।<br>8. सेना ने हमले की व्यापक योजना **तैयार की** है। 9. बैठक समाप्त **की गई**। |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | meeting was **drawn** to a close. | |
| 348. | drawee | (n) - अदाकर्ता | The **drawee** should mention his PAN Number. | **अदाकर्ता** को अपनी स्थायी लेखा संख्या का उल्लेख करना चाहिए। |
| 349. | drawing | (n) - ड्राइंग, रेखाचित्र | Please, attach a **drawing** of the building along with the renovation proposal. | कृपया, नवीकरण प्रस्ताव के साथ भवन का **ड्राइंग** संलग्न करें। |
| 350. | drill | (n) - 1. कवायद, अभ्यास (v) - 2. **कवायद करना**, **अभ्यास करना** | 1. The department has organized a disaster rescue **drill**. 2. The employees were **drilled** to leave the office quickly when the fire bell rang. | 1. विभाग ने आपदा बचाव **अभ्यास** का आयोजन किया है। 2. आग की घंटी बजते ही सभी कर्मचारियों ने जल्दी से कार्यालय से बाहर निकलने का **अभ्यास किया**। |
| 351. | drought area | (n) - **सूखाप्रभावित क्षेत्र**, सूखाग्रस्त क्षेत्र | The Government has released an additional fund for the **drought areas**. | सरकार ने **सूखाप्रभावित क्षेत्रों** के लिए अतिरिक्त निधि जारी की है। |
| 352. | drought prone area | (n) - **सूखा-संभावित क्षेत्र, सूखा-प्रवण क्षेत्र** | The department has identified the **drought prone areas**. | विभाग ने **सूखा-संभावित क्षेत्रों** की पहचान की है। |
| 353. | dry promotion | (n) - निर्लाभ पदोन्नति* | The promotion has been proved a **dry promotion** for the officer. | अधिकारी के लिए यह पदोन्नति **निर्लाभ पदोन्नति** साबित हुई है। |
| 354. | dual charge | (n) - 1. दोहरा प्रभार 2. दोहरा कार्यभार | The officer has been assigned **dual charge**. | अधिकारी को **दोहरा प्रभार** सौंपा गया है। |
| 355. | dual citizenship | (n) - दोहरी नागरिकता* | Mother Teresa had enjoyed **dual citizenship**. | मदर टेरेसा को **दोहरी नागरिकता** प्राप्त थी। |
| 356. | due | (n) - देय; प्राप्य (adj) - **निर्धारित**, नियत (adv) - 1. **कारण** 2. **(दूरी) पर** | 1. The promotion of the officer is **due** since last four years. 2. The project should be completed by the **due** time-limit. 3. The project had to be abandoned **due** to a lack of government funding. | 1. अधिकारी की पदोन्नति पिछले चार वर्षों से देय है। 2. **निर्धारित** समय-सीमा में परियोजना पूरी हो जानी चाहिए। 3. सरकारी निधि की कमी के **कारण** परियोजना बंद करनी पड़ी। 4. आपदा प्रबंधन केंद्र शहर के उत्तर में पाँच मील की |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2. The Disaster Management Centre lies five miles **due** north of the city. | **दूरी पर** स्थित है। |
| 357. | due date | (n) - **देय तिथि***, नियत तिथि*, नियत तारीख़* | If payment is not made by the **due date**, 10% of the bill amount will be added to the bill. | यदि भुगतान **देय तिथि** तक नहीं किया गया तो बिल राशि का 10% बिल में जोड़ दिया जाएगा। |
| 358. | dues | (n) - देय राशि* | The trainees have been asked to clear their **dues**. | प्रशिक्षणार्थियों को उन पर **देय राशि** का भुगतान करने के लिए कहा गया है। |
| 359. | duly | (adv) - विधिवत्, यथाविधि | The document was **duly** signed by the officer. | अधिकारी ने दस्तावेज़ पर **विधिवत** हस्ताक्षर किए थे। |
| 360. | dummy | (n)/(adj) -- **नक़ली**, डमी | 1. During parade, the warheads in the missiles will be **dummies**. 2. During security drill a **dummy** bomb has been detected. | 1. परेड के दौरान मिसाइलों में लगे हथियार **नक़ली** होंगे। 2. सुरक्षा अभ्यास के दौरान एक **नक़ली** बम मिला। |
| 361. | dumping | (n) - 1. ढेर लगाना 2. पाटना | A ban on the **dumping** of radioactive waste at sea has been imposed by the U.N.O. | समुद्र में रेडियोधर्मी कचरे के **ढेर लगाने** पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। |
| 362. | duplicate | (n) - 1. **दो प्रति*** (adj) - दूसरी प्रति*, अनुलिपि* (v) - 2. **डुप्लिकेट तैयार करना** | 1. The proposal should be sent in **duplicate**. 2. A **duplicate** copy should be made for the office record. 3. The video of the meeting had been **duplicated** illegally. | 1. प्रस्ताव **दो प्रतियों** में भेजा जाना चाहिए। 2. कार्यालय रिकार्ड के लिए **दूसरी प्रति** तैयार की जानी चाहिए। 3. बैठक के वीडियो का अवैध रूप से **डुप्लिकेट तैयार किया** गया था। |
| 363. | duration | (n) - अवधि* | In-service Translation Training Course is of three months' **duration**. | सेवाकालीन अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तीन महीने की **अवधि** का है। |
| 364. | duress | (n) - दबाव | The confession was obtained under **duress**. | स्वीकारोक्ति **दबाव** में ली गई थी। |
| 365. | duty | (n) - 1. ड्यूटी* 2. कार्य, काम 3. | 1. Staff must report for **duty** at their normal place of | 1. कर्मचारी **ड्यूटी** के लिए अपने सामान्य कार्य-स्थल पर अवश्य |

| Sl. No. | Words | Meaning | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | कर्तव्य 4. शुल्क | work. 2. The **duties** will include setting up a new computer system. 3. I consider it my **duty** to write to you and thank you. 4. The supplier should pay the excise **duty**. | रिपोर्ट करेगा। 2. **कार्य** में नई कंप्यूटर प्रणाली की स्थापना शामिल होगी। 3. यह मेरा **कर्तव्य** है कि आपको पत्र लिखूं और धन्यवाद दूं। 4. आपूर्तिकर्ता उत्पाद **शुल्क** का भुगतान करेगा। |
| 366. | duty Chart | (n) - ड्यूटी चार्ट* | The **duty chart** has been prepared by the duty officer in-charge. | प्रभारी ड्यूटी अधिकारी ने **ड्यूटी चार्ट** तैयार की है। |
| 76. | genuine grievance | (n) - 1. **वास्तविक शिकायत***<br>2. सही कष्ट<br>3. सही शिकायत* | Members were invited to air their genuine grievances at the meeting. | बैठक में अपनी **वास्तविक शिकायतें** कहने के लिए सदस्यों को आमंत्रित किया गया। |
| 77. | genuine signature | (n) - असली हस्ताक्षर | After examination, the signatures have been found as genuine signatures. | जांच के बाद हस्ताक्षर असली पाए गए हैं। |
| 78. | genuine statement | (n)- **सच्चा बयान**, यथार्थ कथन | The report is based on genuine statements from witnesses to the event. | रिपोर्ट घटना के गवाहों के **सच्चे बयान** पर आधारित है। |
| 79. | genuine text | (n) - प्रामाणिक पाठ | It is the genuine text of the report. | यह रिपोर्ट का प्रामाणिक पाठ है। |
| 80. | geriatric | (adj) - **वृद्धावस्था** | A geriatric clinic has been inaugurated by the Director General of Health Services. | स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक ने **वृद्धावस्था** क्लिनिक का उद्घाटन किया है। |
| 81. | get | (v) – 1. **मिलना**, **पाना**<br>2. **प्राप्त करना**<br>3. **लेना**<br>4. **पकड़ लेना** | 1. The office got a letter from the retired employee regarding his claim.<br>2. It would be better to get professional advice in this matter.<br>3. The employee went back to the office to get the file. | 1. कार्यालय को सेवानिवृत्त कर्मचारी से उनके दावे के संबंध में एक पत्र **मिला**।<br>2. इस मामले में पेशेवर सलाह **प्राप्त करना** बेहतर होगा।<br>3. कर्मचारी फाइल **लेने** के लिए वापस कार्यालय गया।<br>4. अंत में, पुलिस ने फरार को **पकड़** |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 4. The police got the absconder in the end. | **लिया।** |
| 82. | getaway | (n) – 1. **पलायन**<br>2. **छुट्टी**<br>3. **पर्यटन स्थल** | 1. The criminals made their getaway on a stolen motorcycle.<br>2. Weekend tours are ideal for employees who want a short getaway.<br>3. Shimla is a popular weekend getaway. | 1. अपराधी चोरी की मोटरसाइकिल पर **पलायन कर गए।**<br>2. संक्षिप्त **छुट्टी** बिताने के इच्छुक कर्मचारियों के लिए सप्ताहांत पर्यटन आदर्श हैं।<br>3. शिमला एक लोकप्रिय सप्ताहांत **पर्यटन स्थल** है। |
| 83. | get away | (pv) – **भाग जाना** | The convicted criminal got away from the prison. | दोषी अपराधी जेल से **भाग गया।** |
| 84. | get-out clause | (n) - **छुटकारा खंड** | A get-out clause has been incorporated in the contract. | संविदा में **छुटकारा खंड** शामिल किया गया है। |
| 85. | get-together | (n) - **मिलन समारोह** | The office has organized a get-together on the occasion of its foundation day. | कार्यालय ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर **मिलन समारोह** का आयोजन किया है। |
| 86. | get together | (pv) –एकत्रित होना, स्नेह- मिलन एकत्रीकरण | UNO is the only forum where all the member countries can get together. | संयुक्त राष्ट्र संघ एकमात्र मंच है जहां सभी सदस्य देश एक दूसरे से मिल सकते हैं। |
| 87. | ghastly | (adj) - **भयंकर** | It is a ghastly mistake on the part of the pilot. | यह पायलट की ओर से एक **भयंकर** गलती है। |
| 88. | gift | (n)- उपहार, तोहफा<br>(v) – **उपहार देना** | (n) - The company has offered a free gift with any purchase of Rs. 1000 or more.<br>(v) – The company has gifted its products to its employees on the occasion of New Year. | (n) - कंपनी ने 1000 रूपए या अधिक राशि की किसी भी खरीद के साथ एक मुफ्त उपहार की पेशकश की है।<br>(v) – कंपनी ने नव वर्ष के अवसर पर अपने कर्मचारियों को अपने उत्पाद **उपहार में दिए** हैं\| |
| 89. | gift tax | (n) - उपहार कर, दान- कर | Please, refer to the provisions of the gift tax. | कृपया, उपहार कर के प्रावधान देखें। |
| 90. | gift voucher | (n) - उपहार वाउचर | The company has offered a gift voucher with any purchase of | कंपनी ने 2000 रूपए या अधिक राशि की किसी भी खरीद के साथ एक उपहार वाउचर की पेशकश की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Rs. 2000 or more. | है। |
| 91. | gist | (n) - सार | The gist of the debate is that the good governance is necessary for the development of the country. | बहस का सार यह है कि सुशासन देश के विकास के लिए आवश्यक है। |
| 92. | give | (v) – 1. **देना**<br><br>2. **प्रदान करना** | 1. The government has given top priority to reforming the tax system.<br><br>2. This bill will give more power to local authorities. | 1. सरकार ने कर प्रणाली में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता **दी** है।<br>2. यह विधेयक स्थानीय प्राधिकरणों को और अधिक शक्ति **प्रदान करेगा।** |
| 93. | giveaway | (n) –अनुचित लाभ | 1. The commission said that the allotments of land to some private companies were giveaways. | 1. आयोग ने कुछ निजी कंपनियों को किए गए भूमि-आबंटन को **अनुचित लाभ** कहा। |
| 94. | give away | (pv) – **प्रदान करना**, **देना** | The Director General gave away the prizes at the sports day. | महानिदेशक ने खेल दिवस पर पुरस्कार **प्रदान किए**। |
| 95. | giveback | (n) – **वेतन -कटौती*** | The labour union has conceded for a giveback due to unfavorable economic situation of the company. | कंपनी की प्रतिकूल आर्थिक स्थिति के कारण मजदूर संघ ने **वेतन - कटौती** को स्वीकार कर लिया है। |
| 96. | give back | (pv) - **लौटाना** | The economic reform gave back the momentum to the economy. | आर्थिक सुधार ने अर्थव्यवस्था की गति **लौटा दी**। |
| 97. | glaring disparity | (n) - घोर असमानता* | There still exists a glaring disparity between the rates of wages for men and women in unorganized sectors. | अभी भी असंगठित क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं की मजदूरी-दरों में **घोर असमानता** मौजूद है। |
| 98. | glaring mistake | (n) - **भारी भूल***, जबरदस्त गलती* | This is a glaring mistake and it should be rectified. | यह **भारी भूल** है और इसे सुधारा जाना चाहिए। |
| 99. | glass ceiling | (n) – **अदृश्य बाधा** | The board has denied | बोर्ड ने कंपनी में किसी भी प्रकार की |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | any glass ceiling in the company. | **अदृश्य बाधा** से इनकार किया है। |
| 100. | global | (adj) – 1. **वैश्विक** 2. समग्र | 1. The commission has called for a global ban on nuclear testing.<br>2. We need to take a global approach to the problem. | 1. आयोग ने परमाणु परीक्षण पर **वैश्विक** प्रतिबंध का आह्वान किया है।<br>2. हमें समस्या के प्रति **समग्र** दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। |
| 101. | globalization | (n) - वैश्वीकरण | The increasing globalization has made the market more competitive. | बढ़ते **वैश्वीकरण** ने बाजार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बना दिया है। |
| 102. | globalize | (v) - **वैश्वीकरण** | The company has a plan to globalize its' business. | कंपनी अपने व्यवसाय का **वैश्वीकरण** करना चाहती है। |
| 103. | global reach | (n) – **वैश्विक पहुंच** | The company is striving to ensure the global reach of its products. | कंपनी अपने उत्पादों की **वैश्विक पहुंच** सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रही है। |
| 104. | global tender | (n) - विश्वव्यापी टेन्डर, वैश्विक निविदा* | The Department has issued a global tender for exploration of oil and natural gas. | विभाग ने तेल और प्राकृतिक गैस की खोज के लिए एक वैश्विक निविदा जारी की है। |
| 105. | global village | (n) –**विश्व ग्राम** | The rapid communications technologies and transportation services have made the world a global village. | द्रुत संचार प्रौद्योगिकी तथा परिवहन सेवाओं ने दुनिया को **विश्व ग्राम** बना दिया है। |
| 106. | global warming | (n) – **भूमंडलीय तापवृद्धि***  | The challenge of global warming is a great cause of concern for the scientists. | **भूमंडलीय तापवृद्धि** की चुनौती वैज्ञानिकों के लिए बड़ा चिंताजनक है। |
| 107. | glossary | (n) - 1. परिभाषा-कोश 2. शब्दावली*, शब्द-संग्रह | The Glossaries published by the Commission for Scientific and Technical Terminology should be used in official translation. | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित शब्दावलियों का कार्यालयी अनुवाद में उपयोग किया जाना चाहिए। |
| 108. | glowing | (adj) – **प्रशंसाभरी** | The Ministry | मंत्रालय को विभिन्न राज्य सरकारों |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | received glowing reports from various State Governments about the project. | से इस परियोजना के बारे में **प्रशंसाभरी** रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं। |
| 109. | go-ahead | (n) – **हरी झंडी***, **अनुमति** | (n) –The Government today gave the go-ahead for five major projects. | (n) – सरकार ने आज पांच बड़ी परियोजनाओं के लिए **हरी झंडी** दे दी। |
| 110. | go ahead | (pv) - **आगे बढ़ाना**, **आगे जाना** | The board will decide today on whether to go ahead with the plan or not. | बोर्ड आज फैसला करेगा कि क्या योजना को **आगे बढ़ाया जाए** या नहीं। |
| 111. | go-around | (n) – 1. **दौर**<br>2. **बहस**, **वाद-विवाद**<br>3. **चक्कर** | 1. The committee has reached an agreement during the second go-around.<br>2. The public had a go-around with the police about the raid.<br>3. The flight had to take a go-around after an aborted approach to landing. | 1. समिति दूसरे **दौर** में सहमति पर पहुँची है।<br>2. छापे के बारे में जनता और पुलिस के बीच **बहस** हुई थी।<br>3. उतरने के प्रयास में विफल होने के बाद विमान को **चक्कर** लगाना पड़ा। |
| 112. | go around | (v) – 1. **देखने जाना**, **घुमने जाना**<br>2. **चर्चा होना**<br>3. **बाँटना** | 1. The inspection team went around to the hospital.<br>2. The rumour of the officer's resignation went around in the office.<br>3. Eventually we will not have enough water to go around. | 1. निरीक्षण दल अस्पताल **देखने गया**।<br>2. कार्यालय में अधिकारी के इस्तीफे की अफवाह पर **चर्चा हो रही** है।<br>3. अंततः हमारे पास **बाँटने** के लिए पर्याप्त पानी नहीं होगा। |
| 113. | go between | (n) – **बिचौलिया** | The company has acted as a go-between for the deal. | कंपनी ने इस सौदे में **बिचौलिया** की भूमिका निभाई है। |
| 114. | goal | (n) - लक्ष्य | The goal of the scheme is to provide employment to the rural youth. | इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। |
| 115. | golden handshake | (n) - स्वर्णिम विदाई* | Some of the Public Sector Undertakings have adopted golden | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में से कुछ उपक्रमों ने अपने कर्मचारियों |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | handshake scheme for its employees. | के लिए स्वर्णिम विदाई योजना अपनाई है। |
| 116. | golden jubilee | (n) - स्वर्ण जयंती* | The company is celebrating its golden jubilee. | कंपनी अपनी स्वर्ण जयंती मना रही है। |
| 117. | gold bond | (n) – **स्वर्ण बंधपत्र** | The Government has launched a Gold Bond Scheme to attract gold from the households. | सरकार ने घरों में जमा सोने को लेने के लिए **स्वर्ण बंधपत्र** योजना शुरू की है\| |
| 118. | gold medal | (n) - स्वर्ण पदक | The gold medal has been awarded to the topper of the 3 Month's In-service Translation Training. | त्रैमासिक सेवाकालीन अनुवाद प्रशिक्षण में प्रथम आनेवाले को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। |
| 119. | gold reserve | (n)-स्वर्ण आरक्षिति, स्वर्ण भंडार | Most gold reserves eventually shifted to the central bank. | अधिकांश स्वर्ण भंडार अंततः केंद्रीय बैंक को स्थानांतरित कर दिए गए\| |
| 120. | gold standard | (n) - **स्वर्ण मानक** | The gold standard was first adopted in Britain in 1821. | पहली बार 1821 में ब्रिटेन में **स्वर्ण मानक** अपनाया गया था। |
| 121. | good | (n) – **हित, भलाई***, कल्याण<br><br>(adj) – 1. अच्छा<br>2. **उपयुक्त**<br>(adv) – **पूरी तरह से सफल** | (n) - The organization has done a lot of good to the poor people.<br>(adj) – 1. Decreasing inflation is good news for the economy.<br>2. The officer would be good for the job.<br>(adv) – The rescue operation came good in the end. | (n)- संगठन ने गरीबों के **हित** के लिए बहुत कुछ किया है।<br>(adj) – 1. घटती मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है।<br>2. अधिकारी इस कार्य के लिए **उपयुक्त** होगा।<br>(adv) – अंततः बचाव अभियान **पूरी तरह से सफल** रहा। |
| 122. | good behavior | (n) - सद्व्यवहार | Good behavior is expected from the employees. | कर्मचारियों से सद्व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। |
| 123. | good character | (n) – सच्चरित्र; सच्चरित्रता | Good character of the candidate is an essential condition for his appointment. | उम्मीदवार का सच्चरित्र उसकी नियुक्ति की अनिवार्य शर्त है\| |
| 124. | good conduct | (n) - सदाचरण | The punishment of the prisoner was reduced due to his good conduct. | सदाचरण के कारण कैदी का दंड कम कर दिया गया\| |
| 125. | good faith | (n) - सद्भाव | Good faith should be | समुदायों के बीच सद्भाव विकसित |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | developed among the communities. | किया जाना चाहिए। |
| 126. | good governance | (n) - सुशासन | Good governance is the key issue of the meeting. | सुशासन बैठक का मुख्य मुद्दा है। |
| 127. | good offices | (n) –1. मध्यस्थता<br>2. सत्प्रयत्न (विधि) | The deadlock was resolved by the good offices of the Managing Director. | प्रबंध निदेशक की मध्यस्थता से गतिरोध को सुलझा लिया गया। |
| 128. | good reason | (n) - पर्याप्त कारण | There had been a good reason for consulting a specialist. | विशेषज्ञ से परामर्श के लिए पर्याप्त कारण था। |
| 129. | goodwill | (n)-1.सुनाम, **साख***<br>2. सदिच्छा, सद्भावना | 1. The deal depends on the goodwill of the company.<br>2. It has been agreed upon a goodwill train service between the two countries. | 1. सौदा कंपनी की **साख** पर निर्भर करता है।<br>2. दोनों देशों के बीच सद्भावना ट्रेन सेवा पर सहमति हो गई है। |
| 130. | good wishes | (n) - शुभकामनाएं | The Prime Minister has conveyed good wishes to the countrymen on the occasion of Deepawali. | प्रधानमंत्री ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। |
| 131. | govern | (v) – 1. शासन करना<br>2. **नियंत्रित करना** | 1. The country is governed by elected representatives of the people.<br><br>2. Prices are governed by market demand. | 1. जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि देश पर शासन करते हैं।<br>2. बाजार की मांग कीमतों को **नियंत्रित करती** है। |
| 132. | governance | (n) - **शासन** | The Government has taken initiatives towards a fundamental change in the governance. | सरकार ने **शासन** में मूलभूत परिवर्तन की दिशा में पहल की है। |
| 133. | governing body | (n) - शासी निकाय | The governing body consists of five members. | शासी निकाय में पांच सदस्य शामिल हैं। |
| 134. | government | (n)- सरकार, शासन<br>(adj) - सरकारी | (n)- The government strives for the betterment of the people. | (n)- सरकार लोगों की बेहतरी के लिए प्रयासरत है।<br>(adj)- सरकारी मानदंडों के अनुसार आयु में छूट लागू है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | (adj)- Age relaxation is applicable as per government norms. | |
| 135. | government agency | (n) - सरकारी एजेंसी | Tickets should be booked through government agencies. | सरकारी एजेंसियों के माध्यम से टिकट आरक्षित किए जाने चाहिए। |
| 136. | government business | (n) - सरकारी कार्य, सरकारी कामकाज | The time was allocated for government business. | यह समय सरकारी कार्य के लिए आबंटित किया गया था। |
| 137. | government department | (n) - सरकारी विभाग | The Result Framework Documents have been submitted by all Government Departments. | सभी सरकारी विभागों ने परिणाम रूपरेखा दस्तावेज़ प्रस्तुत किए हैं\| |
| 138. | government employee | (n) - सरकारी कर्मचारी | The processing fee has been abolished for government employees. | सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रक्रिया शुल्क समाप्त कर दिया गया है। |
| 139. | government expenditure | (n) - सरकारी व्यय | The government expenditure has been curtailed due to economic slowdown. | आर्थिक मंदी के कारण सरकारी व्यय में कटौती की गई है। |
| 140. | government functionary | (n) - सरकारी पदधारी | The Government functionaries were also present in the meeting. | सरकारी पदधारी भी बैठक में उपस्थित थे। |
| 141. | government affairs | (n) - राजकाज, सरकारी मामले | Utmost care should be taken during dealing government affairs. | सरकारी मामलों को निपटाते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए। |
| 142. | government machinery | (n) - सरकारी तंत्र, शासन तंत्र | Government machinery needs to be transparent. | सरकारी तंत्र को पारदर्शी बनाए जाने की आवश्यकता है। |
| 143. | government official | (n) - सरकारी पदाधिकारी | The Government officials should keep distance from political activities. | सरकारी पदाधिकारियों को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहना चाहिए। |
| 144. | Government of India Undertaking | (n) - भारत सरकार का उपक्रम | The guidelines are applicable to all the Government of India Undertakings. | ये दिशा-निर्देश सभी भारत सरकार के उपक्रमों पर लागू हैं। |
| 145. | government publication | (n) - सरकारी प्रकाशन | The government publications should be cost effective. | सरकारी प्रकाशन लागत प्रभावी होने चाहिए। |
| 146. | government | (n) – सरकारी क्वार्टर | The government | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | quarter | | quarters are maintained by the Central Public Works Department. | सरकारी क्वार्टरों का रख-रखाव करता है। |
| 147. | government regulations | (n) – सरकारी विनियम | Economists now want government regulation in order to reduce prices. | अर्थशास्त्री अब कीमतें कम करने के लिए सरकारी विनियम चाहते हैं। |
| 148. | government securities | (n) – सरकारी प्रतिभूतियां | Most government securities are bonds that pay a fixed amount of interest per year. | अधिकांश सरकारी प्रतिभूतियां बंधपत्र होते हैं जिनके लिए प्रति वर्ष ब्याज के रूप में निश्चित राशि का भुगतान किया जाता है। |
| 149. | government servant | (n) – सरकारी कर्मचारी | The government servants are advised not to participate in any kind of political activities. | सरकारी कर्मचारियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लें। |
| 150. | government service | (n) – सरकारी सेवा | The candidate has been found fit for the government service. | उम्मीदवार सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त पाया गया। |
| 151. | grace | (n) – 1. अनुग्रह, कृपा<br>2. रियायत<br>3. गरिमा<br>(v) – **शोभा बढ़ाना** | (n) – 1. The family of the victim has urged for grace and favour to the competent authority for compensation.<br>2. The contractor has been allowed one months' grace to finish the repair work.<br>3. The public servants seemed to be carrying out their duties with grace and due decorum.<br>(v) - The chief guest graced the ceremony by his presence. | (n) – 1. पीड़ित के परिवार ने मुआवजे के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुग्रह और सहयोग की मांग की है\|<br>2. मरम्मत का काम पूरा करने के लिए ठेकेदार को एक महीने की रियायत दी गई है।<br>3. लोक सेवकों से गरिमा और मर्यादा के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की अपेक्षा की जाती है।<br>(v) - मुख्य अतिथि ने अपनी उपस्थिति से समारोह की **शोभा बढ़ाई**। |
| 152. | grace mark | (n) –**कृपांक,** अनुग्रह अंक, | The CBSE has decided to award grace mark in the case, a student fails to pass by five marks. | सीबीएसई ने निर्णय लिया है कि यदि किसी छात्र पांच अंक की कमी के कारण अनुत्तीर्ण होता है तो उसे **कृपांक** प्रदान किया जाएगा। |
| 153. | grace period | (n) – रियायत-अवधि | The department has extended the grace | विभाग ने विवरणी जमा करने के |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | period by two days for submission of return. | लिए रियायत अवधि दो दिन बढ़ा दी है। |
| 154. | graceful | (adj) – **गरिमामय** | The Institution is grateful to you for your graceful presence. | संस्था आपकी **गरिमामय** उपस्थिति के लिए आप का आभारी है। |
| 155. | graceless | (adj) – **अशालीन** | After all, it was a graceless performance. | आखिरकार, यह एक **अशालीन** प्रदर्शन था। |
| 156. | gracious | (adj) – उदात्त | The Chairperson closed the ceremony with a gracious speech. | अध्यक्ष ने उदात्त भाषण के साथ समारोह को समाप्त किया। |
| 157. | gradation | (n) – 1. श्रेणीकरण<br>2. पदक्रम | 1. The CBSE has introduced gradation of performance of students in place of marking system.<br><br>2. The 6 CPC has recommended different grade pay according to the gradation of posts. | 1. सीबीएसई ने अंक प्रणाली के स्थान पर छात्रों के प्रदर्शन के श्रेणीकरण की शुरूआत की है।<br>2. छठे वेतन आयोग ने पदों के श्रेणीकरण के अनुसार अलग-अलग ग्रेड वेतन की सिफारिश की है। |
| 158. | gradation list | (n) –पदक्रम सूची | The gradation list of the staff is enclosed for ready reference. | स्टाफ की पदक्रम सूची तत्काल संदर्भ के लिए संलग्न है। |
| 159. | grade | (n)–1. पदक्रम, ग्रेड<br>2. श्रेणी<br>3. स्तर<br><br>(v) –1. **पदक्रम देना**, **ग्रेड देना**<br>2. **श्रेणीकृत करना**, **वर्गीकृत करना**<br>3. **स्तरीकृत करना** | (n) – 1. There are lots of vacancies in junior grades.<br><br>2. 70% of trainees got Grade 'B' or above.<br>3. All the materials used in the construction are of the highest grade.<br><br>(v) – 1.The workers are graded according to their skill.<br><br>2. The best employees are graded 'A'. | (n) – 1. जूनियर ग्रेड में अनेक रिक्तियां हैं।<br>2. 70% प्रशिक्षणार्थियों को श्रेणी 'बी' या उच्च **श्रेणी** मिली\|<br>3. निर्माण में प्रयुक्त सामग्री उच्चतम **स्तर** की है\|<br>(v) – 1. श्रमिकों को उनके कौशल के अनुसार **पदक्रम दिया जाता** है।<br>2. सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को 'ए' में **श्रेणीकृत किया जाता** है।<br><br>3. उत्पादों को गुणवत्ता के अनुसार **स्तरीकृत किया जाता** है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 3. Products are graded according to quality. | |
| 160. | graded tax | (n) – श्रेणीबद्ध कर | The graded tax has been introduced in housing sector. | आवासन क्षेत्र में श्रेणीबद्ध कर लागू किया गया है। |
| 161. | grade pay | (n) – **ग्रेड वेतन**, पदक्रम वेतन | The employee has been granted grade pay of 4600. | कर्मचारी को 4600 का **ग्रेड वेतन** स्वीकृत किया गया है। |
| 162. | grade-wise | (adv)- 1.पदक्रमवार, पदक्रम के अनुसार 2. श्रेणीवार | 1. The contributions for insurance scheme have been fixed grade-wise.<br><br>2. The products have been displayed grade-wise. | 1. बीमा स्कीम के लिए अंशदान पदक्रम के अनुसार निर्धारित किए गए हैं।<br>2. उत्पादों को श्रेणीवार प्रदर्शित किया गया है। |
| 163. | grading | (n)- श्रेणीकरण, श्रेणी-निर्धारण | The grading of the performance has been mentioned in the report card. | प्रदर्शन के श्रेणीकरण का उल्लेख रिपोर्ट कार्ड में किया गया है। |
| 164. | gradual | (adj) - क्रमिक | A gradual change in the climate has been noticed by the scientists. | जलवायु में हो रहे क्रमिक बदलाव पर वैज्ञानिकों का ध्यान गया है। |
| 165. | gradually | (adv) - **धीरे-धीरे, क्रमशः** | Youths have gradually become involved in the decision-making process. | युवा निर्णय लेने की प्रक्रिया में **धीरे-धीरे** शामिल हो गए हैं। |
| 166. | graduate | (n) – स्नातक<br>(v) –1. **स्नातक उपाधि प्राप्त करना**<br><br>2. **उपाधि देना**<br><br>3. **अंशांकित करना**<br>4. **प्रगति करना** | (n) – Twenty Management Graduates have applied for the post.<br>(v) – 1.The candidate graduated in English from Pt. Ravishankar University.<br><br>2. The university graduated 5000 students last year.<br><br>3. A thermometer graduated in | (n) - बीस प्रबंधन स्नातकों ने इस पद के लिए आवेदन किए हैं\|<br>(v) - 1. उम्मीदवार ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में **स्नातक उपाधि प्राप्त** की।<br>2. विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष 5000 छात्रों को **उपाधि प्रदान** की।<br>3. थर्मामीटर को फारेनहाइट में **अंशांकित किया** जाता है\|<br>4. क्रिकेट खिलाड़ी ने बहुत कम समय में **प्रगति करते** हुए रणजी मैच से टेस्ट मैच का खिलाड़ी बन गया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Fahrenheit.<br><br>4. From Ranjee Matches the cricket player quickly graduated to Test Matches. | |
| 167. | graduate trainee | (n) – स्नातक प्रशिक्षार्थी | Applications are invited for graduate trainees in SAIL. | सेल में स्नातक प्रशिक्षार्थियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। |
| 168. | graduated taxation | (n) – क्रमवर्धी कराधान | A graduated taxation has been adopted for the Income Tax purposes. | आयकर के प्रयोजनों के लिए क्रमवर्धी कराधान की पद्दति अपनाई गई है। |
| 169. | graduated wages | (n) – क्रमवर्धी मजदूरी | The board is in favour of graduated wages for skilled and experienced workforce. | बोर्ड कुशल और अनुभवी कार्यबल के लिए क्रमवर्धी मजदूरी के पक्ष में है। |
| 170. | graduation | (n) – 1. **स्नातक**<br>2. **अंशांकन** | 1. After graduation, a candidate may apply for Civil Service Examination.<br>2. The graduations were marked on the medicine bottles. | 1. **स्नातक** होने के बाद, कोई उम्मीदवार सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है।<br>2. दवाई की बोतलों पर **अंशांकन** किया गया था। |
| 171. | graft | (n) –<br>1. **रिश्वतखोरी**, घूस, रिश्वत<br>2. **प्रत्यारोपण** | (n) – 1.The President called upon the countrymen to end graft in public life.<br><br>2. The wounded fireman had to have several skin grafts. | 1. राष्ट्रपति ने सार्वजनिक जीवन में **रिश्वतखोरी** समाप्त करने के लिए देशवासियों का आह्वान किया।<br>2. घायल दमकलकर्मी को कई बार त्वचा **प्रत्यारोपण** करवाना पड़ा। |
| 172. | graft-tainted | (adj) – **भ्रष्टाचार के दागी**, **रिश्वतखोर** | The graft-tainted employee has been dismissed from the service. | **भ्रष्टाचार के दागी** कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। |
| 173. | grand total | (n) – **कुल जोड़**, कुल योग | The grand total of the expenditure incurred on the project should be mentioned in the report. | रिपोर्ट में परियोजना पर किए गए व्यय के **कुल जोड़** का रिपोर्ट में उल्लेख करना चाहिए\| |
| 174. | grand victory | (n) – **शानदार जीत**, | The Prime Minister congratulated Indian | प्रधानमंत्री ने भारतीय क्रिकेट टीम |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | शानदार विजय | Cricket Team for their grand victory over Australia in Test Series. | को टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर **शानदार जीत** के लिए बधाई दी। |
| 175. | grant | (n) – अनुदान<br>(v) -1. स्वीकार करना<br>2. प्रदान करना | (n) – The organization has been awarded a research grant.<br>(v) – 1.The bail application has been granted.<br>2. The president has granted a general amnesty for all political prisoners. | (n) – संगठन को शोध अनुदान प्रदान किया गया है।<br>(v) –1. जमानत की अर्जी स्वीकार कर ली गई है।<br>2. राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक कैदियों को आम माफी दी है। |
| 176. | grantee | (n) – अनुदानग्राही, अनुदान पाने वाला | The name of the grantee should be mentioned in the application form. | अनुदानग्राही के नाम का आवेदन पत्र में उल्लेख किया जाना चाहिए। |
| 177. | grant-in-aid | (n) – सहायता अनुदान | Some State Governments have demanded to increase the grant-in-aid. | कुछ राज्य सरकारों ने सहायता अनुदान में वृद्धि की मांग की है। |
| 178. | grantor | (n) – **अनुदानदाता,** अनुदाता | The grantor may impose certain condition on the use of amount granted. | **अनुदानदाता** दी गई राशि के उपयोग पर कुछ शर्त लगा सकता है। |
| 179. | graph | (n) - ग्राफ, आलेख | The graph shows how the prices of life saving medicines have risen since the 2000s. | ग्राफ से पता चलता है कि 2000 के दशक के बाद से जीवन रक्षक दवाओं की कीमतें कैसे बढ़ी हैं। |
| 180. | grass-roots level | (n) - **निचले स्तर**, **जमीनी स्तर** | The scheme has been introduced for alleviation of poverty at the grass-roots level of the society. | यह स्कीम समाज के **निचले स्तर** पर गरीबी उन्मूलन के लिए शुरू की गई है। |
| 181. | grass-roots plan | (n)-**आधारभूत योजना**, | A grass-roots plan has been formulated for implementing strategic planning at the district level. | जिला स्तर पर कार्यनीति संबंधी योजनाओं को लागू करने के लिए **आधारभूत योजना** तैयार की गई है। |
| 182. | grateful | (adj)-कृतज्ञ,आभारी | The department is grateful to all the officers for their help. | विभाग मदद के लिए सभी अधिकारियों का आभारी है। |
| 183. | gratify | (v) - **संतुष्ट होना** | The employees | कर्मचारी बोर्ड के निर्णय से **संतुष्ट है**। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | gratified by the Board's decision. | |
| 184. | gratification | (n) – 1. परितोषण<br>2. **संतुष्टि***  | 1. Any kind of gratification in this regard may attract disqualification.<br>2. The success of the project has given the team members full gratification. | 1. इस संबंध में किसी भी तरह का परितोषण अयोग्यता का कारण बन सकता है।<br>2. परियोजना की सफलता से टीम के सदस्यों को पूर्ण **संतुष्टि** मिली है। |
| 185. | gratis | (adj), (adv) – नि:शुल्क, मुफ्त | (adj)- The gratis copies of the book are available with the library.<br>(adv) – Medical advice was provided gratis. | (adj)- पुस्तक की नि:शुल्क प्रतियां पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।<br>(adv) – चिकित्सा सलाह मुफ्त प्रदान की गई थी| |
| 186. | gratuitous | (adj)-1.आनुग्रहिक<br>2. मुफ्त, निःशुल्क<br>3. अनावश्यक | 1. The flood victims are indebted for the gratuitous help of nearby towns.<br>2. The committee insisted upon providing gratuitous service.<br>3. According to a study, there is too much crime and gratuitous violence on TV. | 1. बाढ़ पीड़ित निकटवर्ती शहरों से अनुग्रहस्वरूप मिली सहायता के लिए आभारी हैं।<br>2. समिति ने नि:शुल्क सेवा प्रदान करने पर बल दिया।<br>3. एक अध्ययन के अनुसार, टीवी पर बहुत ज्यादा अपराध और अनावश्यक हिंसा दिखाए जा रहे हैं| |
| 187. | gratuitously | (adv)-**अनावश्यक रूप से, अकारण, व्यर्थ** | There is no point in gratuitously antagonizing people. | लोगों को **अनावश्यक रूप से** नाराज करने का कोई मतलब नहीं है। |
| 188. | gratuity | (n) – उपदान | The payment of gratuity has been made to the retired employee. | सेवानिवृत्त कर्मचारी को उपदान का भुगतान किया गया है। |
| 189. | green emission norms | (n) – **ग्रीन उत्सर्जन मानक** | An implementation of green emission norms across the country can improve air quality, a recent study says. | एक ताजा अध्ययन के अनुसार देश भर में **ग्रीन उत्सर्जन मानकों** के कार्यान्वयन से वायु की गुणवत्ता में सुधार आ सकता है। |
| 190. | green belt | (n) – **हरित पट्टी*** | The Ministry has issued guidelines to protect the green belts. | मंत्रालय ने **हरित पट्टी** की रक्षा के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 191. | green building | (n) – **हरित भवन** | Green buildings often include measures to reduce energy consumption. | **हरित भवनों** में अक्सर ऊर्जा की खपत को कम करने के उपाय शामिल होते हैं। |
| 192. | green field | (adj) – **नया उद्योग** | The green fields are being developed under public private partnership. | **नए उद्योग** सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किए जा रहे हैं। |
| 193. | green hand | (n) – नौसिखिया | The operator is a green hand in this field. | ऑपरेटर इस क्षेत्र में नौसिखिया है। |
| 194. | green-house gas | (n) – **ग्रीनहाउस गैस** | Scientists discovered a new method to convert harmful greenhouse gases into chemicals which can produce synthetic fuels. | वैज्ञानिकों ने हानिकारक **ग्रीनहाउस गैसों** को एक ऐसे रसायन में बदलने के लिए नई विधि की खोज की जिससे कृत्रिम ईंधन का उत्पादन कर सकते हैं। |
| 195. | green-house effect | (n) – **ग्रीनहाउस प्रभाव** | The burning of fossil fuels and clearing of forests have intensified the natural greenhouse effect, causing global warming. | जीवाश्म ईंधन के दहन और जंगलों की कटाई ने प्राकृतिक **ग्रीनहाउस प्रभाव** को तेज कर दिया है जिससे भूमंडलीय तापवृद्धि हो रही है। |
| 196. | green movement | (n)–**हरित आंदोलन** | During the 1980s the green movement gathered momentum. | 1980 के दशक के दौरान **हरित आंदोलन** में तेजी आई। |
| 197. | green politics | (n) – **हरित राजनीति** | In addition to democracy and ecological issues, green politics is concerned with civil liberties, social justice and nonviolence. | लोकतंत्र और पारिस्थितिक मुद्दों के अलावा **हरित राजनीति** का संबंध नागरिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और अहिंसा से भी है। |
| 198. | green revolution | (n) – **हरित क्रांति** | M. S. Swaminathan and his team had contributed a lot towards the success of green revolution in India. | एम.एस. स्वामीनाथन और उनकी टीम ने भारत में **हरित क्रांति** को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। |
| 199. | greet | (v) - **शुभकामना देना, अभिवादन करना,** | The President has greeted the nation on the occasion of Republic Day. | राष्ट्रपति ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशवासियों को **शुभकामनाएं दी** हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 200. | greeting(s) | (n) - 1. शुभकामना, बधाई<br>2. अभिवादन | 1. The Prime Minister conveyed his greetings to the Indian Hockey Team.<br>2. The two Prime Ministers exchanged greetings. | 1. प्रधानमंत्री ने भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी।<br>2. दोनों प्रधानमंत्रियों ने एक दूसरे का अभिवादन किया। |
| 201. | grey area | (n) - **अस्पष्ट** | At the moment, the law on compensation is very much a grey area. | इस समय, क्षतिपूर्ति कानून बहुत अधिक **अस्पष्ट** है। |
| 202. | grey field | (adj) - **पुराना** | A proposal has been moved to modernize the grey field airports. | **पुराने** हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। |
| 203. | grey market | (n) – **अवैध बाज़ार** | The business deal done in the grey market eats into major portion of revenue. | **अवैध बाज़ार** में किए जाने वाले व्यापारिक सौदा राजस्व के बड़े हिस्से को डकार जाता है। |
| 204. | grievance | (n) -1. कष्ट<br>2. शिकायत | 1. These talks aim to deal with individual grievances.<br>2. The workers demanded a committee to handle their grievances. | 1. इस बातचीत का उद्देश्य व्यक्तिगत कष्ट को दूर करना है।<br>2. श्रमिकों ने अपनी शिकायतें सुनने के लिए एक समिति के गठन की मांग की| |
| 205. | grievance procedure | (n) - शिकायत (निवारण) पद्धति | A grievance procedure has been implemented at the head quarter. | मुख्यालय में शिकायत (निवारण) पद्धति लागू की गई है। |
| 206. | grievous | (adj) - घोर,गंभीर | The officer has been the victim of a grievous injustice. | अधिकारी घोर अन्याय का शिकार हुआ है। |
| 207. | gross | (n) – **कुल जोड़**<br>(adj) – 1.घोर, भारी<br>2. सकल<br>(adv) – **सकल रूप से** | (n) – Please, mention the gross of your earnings in column 3.<br>(adj) – The commission has found the conduct of the police officer as a gross violation of human rights.<br>(adv) – The employee earns Rs. 400000 a year gross. | (n) – कृपया, कॉलम 3 में अपनी आय के **कुल जोड़** का उल्लेख करें।<br>(adj) - आयोग ने पुलिस अधिकारी के आचरण को मानव अधिकारों का घोर उल्लंघन माना है।<br>(adv) – कर्मचारी एक वर्ष में **सकल रूप से** 400000 रुपये अर्जित करता है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 208. | gross abuse | (n) – घोर दुरुपयोग | The officer was charged with gross abuse of power. | अधिकारी पर शक्ति का घोर दुरुपयोग करने का आरोप था। |
| 209. | gross amount | (n) – सकल राशि*, सकल रकम | The gross amount of savings bank accounts should be written here. | बचत बैंक खातों की सकल राशि यहाँ लिखी जानी चाहिए। |
| 210. | gross assets | (n) – सकल परिसंपत्ति* | The gross assets of the company are being evaluated. | कंपनी की सकल परिसंपत्तियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। |
| 211. | gross domestic product | (n) – **सकल घरेलू उत्पाद** | The first quarter of 2014-15 has seen *India's gross domestic product* growing by seven per cent. | 2014-15 की पहली तिमाही में भारत का **सकल घरेलू उत्पाद** सात फीसदी बढ़ा है। |
| 212. | gross earning | (n) – सकल अर्जन | The company's gross earnings have dropped by 5% in the last fiscal year. | पिछले वित्त वर्ष में कंपनी के सकल अर्जन में 5% की गिरावट आई है। |
| 213. | gross error | (n) – घोर त्रुटि*, भारी गलती* | No payments were made because of gross error on the part of the cashier. | खजांची की भारी गलती के कारण कोई भुगतान नहीं किया गया। |
| 214. | gross misconduct | (n) – घोर कदाचार | The employee accused of gross misconduct. | कर्मचारी पर घोर कदाचार का आरोप लगाया गया। |
| 215. | gross mistake | (n) – भारी भूल* | There was a gross mistake on the part of the employee. | कर्मचारी की ओर से भारी भूल हुई थी। |
| 216. | gross negligence | (n) – घोर लापरवाही, घोर प्रमाद | The accident was caused by gross negligence on the part of the operator. | दुर्घटना ऑपरेटर की घोर लापरवाही की वजह से हुई। |
| 217. | gross pay | (n) – सकल वेतन | At the time of retirement, the gross pay of the employee was Rs. 49,560/-. | सेवानिवृत्ति के समय, कर्मचारी का सकल वेतन 49,560 रुपये था। |
| 218. | gross profit | (n) – सकल लाभ | Gross Profit from exports has been rose by 7.5%. | निर्यात से होने वाले सकल लाभ में 7.5% की वृद्धि हुई है। |
| 219. | gross receipts | (n) – सकल प्राप्तियां | The gross receipts of the current month may be carried forward to the next month's account. | चालू माह की सकल प्राप्तियों को अगले माह के लेखा में शामिल किया जाए। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 220. | gross revenue | (n) – सकल राजस्व | The Municipal Corporation's gross revenues rose by 5%. | नगर निगम के सकल राजस्व में 5% की वृद्धि हुई। |
| 221. | gross total | (n) – सकल योग | The gross total of the employee's income is more than five lacs. | कर्मचारी की आय का सकल योग पांच लाख रूपये से ऊपर है। |
| 222. | gross value | (n) – सकल मूल्य | Gross value of the asset yet to be calculated. | परिसंपत्ति के सकल मूल्य की गणना की जानी है। |
| 223. | ground | (n) – 1. **मैदान**<br>2. आधार, मूल कारण<br><br>(adj) – 1. **थल**<br>2. **ज़मीनी**<br><br>(v) - **ज़मीन पर उतारना** | (n) – 1. Protest was organized at the Ramleela ground.<br>2. The proposal was rejected on environmental grounds.<br>(adj) – 1. The Ground Force was assisted by Air Force.<br>2. While the media talks of peace, the ground situation remains tense.<br><br>(v) - All planes are grounded until the fog clears. | (n) – 1. रामलीला **मैदान** में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था।<br>2. प्रस्ताव पर्यावरण के आधार पर निरस्त कर दिया गया था।<br>(adj) – 1. वायु सेना ने **थल** सेना की सहायता की थी।<br>2. यद्यपि मीडिया शांति की बात करता है, किंतु **जमीनी** स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।<br>(v) – कोहरे साफ होने तक सभी विमानों को **ज़मीन पर उतार** लिया गया है। |
| 224. | ground-breaking | (adj) – **अभिनव** | The scientist has been rewarded for his ground-breaking invention. | वैज्ञानिक को अपने **अभिनव** आविष्कार के लिए पुरस्कृत किया गया है। |
| 225. | groundless | (adj) – **आधारहीन**, निराधार | The official described the report as groundless. | अधिकारी ने रिपोर्ट को **आधारहीन** बताया। |
| 226. | ground rent | (n) –1. **जमीन का किराया**, भूमि का किराया<br>2. लगान | The ground rent should be deposited in time. | **जमीन का किराया** समय पर जमा किया जाना चाहिए। |
| 227. | ground rule | (n) – **मूल सिद्धांत** | The panel says the ground rules for the current talks should be maintained. | पैनल का कहना है कि सामयिक वार्ता के लिए **मूल सिद्धांत** पर अडिग रहना चाहिए। |
| 228. | ground zero | (n) – **घटना स्थल**, **ग्राउंड ज़ीरो** | Villages within 25 km of ground zero would be evacuated. | **घटना स्थल** के 25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को खाली |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | करा दिया जाएगा। |
| 229. | group | (n) – **समूह**<br>(v) – **समूह में बांटना** | (n) – In the past, various groups were formed for community service.<br>(v) - Contestants were grouped according to age and experience. | (n) – अतीत में, सामुदायिक सेवा के लिए विभिन्न **समूहों** का गठन किया गया।<br>(v) - प्रतियोगियों को उम्र और अनुभव के अनुसार **समूह में बांटा** गया। |
| 230. | grouping | (n) – **समूह**, समूहन | Various NGOs have constituted a grouping to fight against illiteracy. | विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों ने निरक्षरता के विरुद्ध लड़ने के लिए एक **समूह** का गठन किया है। |
| 231. | group insurance scheme | (n) – समूह बीमा योजना | The contribution of group insurance scheme has been deducted from the salary of concerned employees. | संबंधित कर्मचारियों के वेतन से समूह बीमा योजना के अंशदान की कटौती की गई है। |
| 232. | group interview | (n) - समूह साक्षात्कार | Candidates have appeared in the group interview. | उम्मीदवारों ने समूह साक्षात्कार में भाग लिया है। |
| 233. | groupism | (n) - गुटबाजी | Groupism in the team should not be tolerated. | टीम में गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी\| |
| 234. | group pension plan | (n) - समूह पेंशन योजना | A group pension plan is being considered for unorganized sector. | असंगठित क्षेत्र के लिए समूह पेंशन योजना पर विचार किया जा रहा है। |
| 235. | group selection method | (n) - समूह चयन पद्धति* | Group selection method has been adopted in the survey. | सर्वेक्षण में समूह चयन पद्धति अपनाई गई है। |
| 236. | group-wise | (adv) - समूहवार | Before arrived at a conclusion, a group-wise evaluation should be done. | निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले, समूहवार मूल्यांकन किया जाना चाहिए। |
| 237. | grow | (v) – 1. **बढ़ना, वृद्धि होना**<br>2. **विकसित होना**<br>3. **पनपना**<br>4. **उपजाना**, **उगाना, पैदा होना/करना** | 1. India's software exports are expected to grow at a quicker pace next fiscal year.<br>2. This political row threatens to grow into a full blown crisis.<br>3. The region is too dry for plants to grow. | 1. अगले वित्त वर्ष में, भारत के सॉफ्टवेयर निर्यात तेज गति से **बढ़ने** की उम्मीद है।<br>2. इस राजनीतिक विवाद के किसी गंभीर संकट के रूप में **विकसित होने** का खतरा है।<br>3. यह प्रदेश इतना शुष्क है कि पौधे **पनप** नहीं सकते\| |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 4. The farmers could not grow rabi crops due to lack of sufficient irrigation. | 4. पर्याप्त सिंचाई की सुविधा न होने से किसान रबी फसल नहीं **उपजा** सकें। |
| 238. | growth | (n) – संवृद्धि*, वृद्धि* | The state has seen a rapid economic growth. | राज्य में तीव्र आर्थिक वृद्धि देखी गई है। |
| 239. | growth engine | (n) – **विकास-साधन** | We have to activate various growth engines to accelerate the economy. | अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए हमें विभिन्न **विकास-साधनों** को सक्रिय करना होगा। |
| 240. | growth rate | (n) - **विकास दर**, संवृद्धि दर*, वृद्धि दर* | The economists have expressed their concern over the growth rate of market economy. | अर्थशास्त्रियों ने बाजार अर्थव्यवस्था की **विकास दर** को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। |
| 241. | guarantee | (n) – गारंटी*, प्रत्याभूति*<br>(v) - **गारंटी देना** | (n) – Both the countries are demanding certain guarantees before they sign the treaty.<br>(v) - The manufacturer has guaranteed the new Power plant for five years. | (n) - संधि पर हस्ताक्षर करने से पहले दोनों देश कुछ गारंटी की मांग कर रहे हैं।<br>(v) – विनिर्माता ने नए बिजली संयंत्र के लिए पांच साल की **गारंटी दी** है। |
| 242. | guarantor | (n) - गारंटीकर्ता, प्रत्याभूतिदाता | The United Nations will act as guarantor of the peace settlement. | संयुक्त राष्ट्र शांति समझौते के गारंटीकर्ता के रूप में कार्य करेगा। |
| 243. | guard | (n) - गार्ड, रक्षक<br>(v) - **पहरा देना** | (n) - Ten guards were deployed outside the building.<br>(v) -The prison was guarded by police. | (n) - दस **गार्ड** भवन के बाहर तैनात किए गए थे।<br>(v) - कारागार पर पुलिस **पहरे दे** रही थी\| |
| 244. | guard file | (n) - गार्ड फाइल | The order should be kept in the guard file. | आदेश गार्ड फाइल में रखा जाना चाहिए। |
| 245. | guardian | (n) - 1. अभिभावक<br>2. संरक्षक | 1. In case of minor, signature of the guardian should be obtained in the application form.<br>2. The police are guardians of law and order. | 1. अवयस्क के मामले में, आवेदन पत्र पर अभिभावक के हस्ताक्षर लिए जाने चाहिए।<br>2. पुलिस कानून और व्यवस्था के संरक्षक है। |
| 246. | guardianship | (n) - अभिभावकता | The court has asked | न्यायालय ने बच्चे का |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | certificate | प्रमाणपत्र | to produce the guardianship certificate of the child. | अभिभावकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा है। |
| 247. | guard of honour | (np) - सम्मान गारद, सलामी गारद | The guard of honour has been provided to the visiting Prime Minister. | दौरे पर आए प्रधानमंत्री को सम्मान गारद दिया गया है। |
| 248. | guidance | (n) - 1. मार्गदर्शन<br>2. निर्देशन | All the activities took place under the guidance of an expert. | सभी गतिविधियां विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। |
| 249. | guide | (n) - 1. (व्यक्ति) गाइड, परिदर्शक<br>2. (पुस्तक) मार्गदर्शिका*, परिदर्शिका<br>(v) – **मार्गदर्शन करना** | (n) - 1. The tourists may have the service of the government approved guides.<br>2. The Department has published a guide on Community Health.<br>(v)- The safety officer will guide the trainees through the safety procedures. | (n) - 1. पर्यटक सरकार द्वारा अनुमोदित गाइडों की सेवा ले सकते हैं।<br>2. विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य पर मार्गदर्शिका प्रकाशित की है।<br>(v)- सुरक्षा अधिकारी सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षार्थियों का **मार्गदर्शन करेंगे**। |
| 250. | guided | (adj) - **निर्देशित** | The scientists have developed a new series of guided missile. | वैज्ञानिकों ने **निर्देशित** मिसाइल की नई शृंखला विकसित की है। |
| 251. | guiding principles | (n) - मार्गदर्शी सिद्धांत | Peaceful co-existence is the guiding principles of our foreign policy. | शांतिपूर्ण सहअस्तित्व हमारी विदेश नीति का मार्गदर्शी सिद्धांत है। |
| 252. | guild | (n) – **गिल्ड**, श्रेणी* | A spokesman of the guild said the Government is reviewing the matter. | **गिल्ड** के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार इस मामले की समीक्षा कर रही है। |
| 253. | guilt | (n) - अपराध, दोष | The prosecuting attorney tried to establish the suspect's guilt. | अभियोजन पक्ष के वकील ने संदिग्ध का अपराध साबित करने की कोशिश की। |
| 254. | guilty conscience | (n) – **अपराधबोध**, अपराधबोध-ग्रस्त | The offender has a guilty conscience. | अपराधी को **अपराधबोध** है। |
| 255. | guilty | (adj) - दोषी | The Judge found the defendant guilty of the offence. | न्यायाधीश ने प्रतिवादी को अपराध के लिए दोषी पाया। |
| 256. | guiltless | (adj) - निरपराध, | The Media was not | इस मामले में मीडिया पूरी तरह से |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | निर्दोष | entirely guiltless in the matter. | निर्दोष नहीं था। |
| 257. | gun | (n) - **तोप** (v) – **तेज गति से चलाना** | (n) – Anti-aircraft guns were deployed during the Republic Day Parade. | (n) – गणतंत्र दिवस परेड के दौरान विमान भेदी **तोपें** तैनात की गई थीं\| |
| 258. | gun battle | (n) - **मुठभेड़** | Two terrorists were killed in a gun battle with the police last night. | कल रात पुलिस के साथ **मुठभेड़** में दो आतंकवादी मारे गए। |
| 259. | gunboat diplomacy | (n) – **सैन्य कूटनीति***| The gunboat diplomacy is still an accepted tool of world super powers. | **सैन्य कूटनीति** विश्व महाशक्तियों के लिए अभी भी मान्य उपाय है। |
| 260. | gunfire | (n) – **गोलीबारी*** | Two robbers were shot in an exchange of gunfire with the police. | पुलिस के साथ **गोलीबारी** में दो लुटेरे मारे गए। |
| 261. | gunman | (n) – **बंदूकधारी** | A gunman opened fire on passersby at a market place killing four innocents. | एक **बंदूकधारी** ने बाजार में राहगीरों पर गोलीबारी करके चार निर्दोष लोगों की हत्या कर दी। |
| 262. | gunpoint | (n) – **बंदूक की नोंक** | The cash van was robbed at gunpoint. | कैश वैन को **बंदूक की नोंक** पर लूट लिया गया। |
| 263. | gunpowder | (n) – **बारूद** | The police have recovered arms and gunpowder from a hideout of terrorists. | पुलिस ने आतंकवादियों के छुपने के ठिकाने से हथियार और **बारूद** बरामद किए हैं\| |
| 264. | gunship | (n) – **जंगी हेलीकॉप्टर, युद्धक वाहन, गनशिप** | The gunships were deployed to support troops and provide fire cover. | सैनिकों की सहायता और सुरक्षा के लिए **जंगी हेलीकॉप्टर** तैनात किए गए थे। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | habit | (n) - आदत, अभ्यास, स्वभाव | The employee has been advised to get rid of the **habit** of late coming in duty. | कर्मचारी को ड्यूटी में देर से आने की **आदत** छोड़ने की सलाह दी गई है। |
| 2. | habitable | (adj)- 1. **बसने योग्य** 2. **रहने योग्य, निवास योग्य** | 1. The Government is planning to make the area habitable. 2. The house would be habitable by the next month. | 1. सरकार इस क्षेत्र को **बसने योग्य** बनाने की योजना बना रही है। 2. मकान अगले महीने तक **रहने योग्य** बन जाएगा। |
| 3. | habitat | (n)- **प्राकृतिक आवास, पर्यावास** | The Government has done a lot to protect the wildlife habitat. | सरकार ने वन्यजीवों के **प्राकृतिक आवास** की रक्षा के लिए बहुत कुछ किया है। |
| 4. | habitation | (n)- **आवास**, **बसाहट**, **निवास** | There was no sign of human habitation in the area. | इस क्षेत्र में मानव **आवास** का कोई अता-पता नहीं था। |
| 5. | habit-forming | (adj) – **व्यसनकारी** | According to a report the drug may become habit-forming. | रिपोर्ट के अनुसार यह दवा **आदत व्यसनकारी** हो सकती है। |
| 6. | habitual | (adj) – 1. आदी, अभ्यस्त 2. आदतन | 1. The employee is habitual of late coming. 2. The police suspicion goes to the habitual criminal. | 1. कर्मचारी देर से आने का अभ्यस्त है। 2. पुलिस को आदतन अपराधी पर संदेह है। |
| 7. | habitual defaulter | (n)- **आदतन बकायादार**, आदतन चूककर्ता | The bank has prepared a list of habitual defaulters. | बैंक ने **आदतन बकायादारों** की सूची तैयार की है। |
| 8. | habitual indebtedness | (n) - आदतन ऋणग्रस्तता* | The habitual indebtedness should be discouraged. | आदतन ऋणग्रस्तता को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। |
| 9. | habitual offender | (n) - आदतन अपराधी, **अभ्यासिक अपराधी** | The Government will penalize habitual offenders. | सरकार आदतन अपराधियों को दंडित करेगी। |
| 10. | habituated | (adj) – **आदी**, **अभ्यस्त** | The trainees have become habituated to thinking and reacting in certain ways. | प्रशिक्षार्थी विशिष्ट तरीके से सोचने और प्रतिक्रिया करने के **अभ्यस्त** हो गए हैं। |
| 11. | hack | (v) – **हैक करना** | Somebody hacked the company's secret data. | किसी ने कंपनी का गोपनीय डेटा **हैक कर लिया**। |
| 12. | hacker | (n) – **हैकर** | Hackers again hacked the company's website. | **हैकरों** ने कंपनी की वेबसाइट फिर से हैक कर ली। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 13. | hail | (n) –1. **ओला** (v) – 2. **सराहना करना** 3. **अभिवादन करना** | 1. Hail can damage crops and property. 2. The conference was hailed as a success. 3. The people lined the streets to hail the returning military men. | 1. **ओले** फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं। 2. सम्मेलन की सफलता की **सराहना की गई**। 3. लोग लौट रहे सैनिकों का **अभिवादन करने** के लिए सड़कों के किनारे खड़े हो गए। |
| 14. | hail storm | (n) – **ओला-वृष्टि*** | The hail storm caused heavy damage to the crops. | **ओला-वृष्टि** से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा। |
| 15. | hairpin bend | (n) – **दोहरा मोड़** | The hairpin bend of the road is an accident prone zone. | सड़क का **दोहरा मोड़** दुर्घटना प्रवण क्षेत्र है। |
| 16. | half | (n) –1. **आधा** (adj) – 2. **आधा** (adv) - 3. **आधा** | 1. We will need to cut the expenditure by half. 2. The technician did only a half job.<br>3. The job is half done. | 1. हमें खर्च में **आधी** कटौती करनी होगी। 2. तकनीशियन ने केवल **आधा** काम किया। 3. काम **आधा** हुआ है। |
| 17. | half-century | (n)- 1. **अर्धशती**, **आधी सदी** 2. **अर्धशतक** | 1. In a mere half-century the country has more than tripled its urban status. 2. The cricketer scored half-century. | 1. मात्र **आधी सदी** में देश में शहरी क्षेत्र तीन गुना से भी अधिक हो गई है। 2. क्रिकेट खिलाड़ी ने **अर्धशतक** बनाया। |
| 18. | half day leave | (n) – आधे दिन की छुट्टी | The employee has applied for half day leave. | कर्मचारी ने आधे दिन की छुट्टी के लिए आवेदन दिया है। |
| 19. | half holiday | (n)- **आधे दिन का अवकाश**, आधा अवकाश | The Government has declared half holiday for the rehearsal of Republic Day Parade. | सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के लिए **आधे दिन का अवकाश** अवकाश घोषित किया है। |
| 20. | half hourly | (adj) – 1. **आधा घंटा** (adv) – **2. आधे घंटे में** | 1. There is a half-hourly Metro train service from the railway station to the airport. 2. The buses run half-hourly for the trade fair. | 1. रेलवे स्टेशन से हवाई अड्डे के लिए प्रत्येक **आधे घंटे** पर की मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध है। 2. व्यापार मेले के लिए प्रत्येक **आधे घंटे में** बसें चलती है। |
| 21. | half mast | (n) – आधा झुका हुआ | Flags were flown at half mast during the national mourn. | राष्ट्रीय शोक के दौरान झंडे आधे झुके हुए थे। |
| 22. | half measures | (n) – **अप्रभावी उपाय***, **आधे अधूरे** | Half measures will not fix the health care | **आधे अधूरे उपाय** से स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को कोई लाभ |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **उपाय***| system. | नहीं होगा। |
| 23. | half pay | (n) – आधा वेतन, अर्ध वेतन | The employee has been paid half pay. | कर्मचारी को आधे वेतन का भुगतान किया गया है। |
| 24. | half pay leave | (n) – अर्ध वेतन छुट्टी | The employee has been sanctioned half pay leave. | कर्मचारी को अर्ध वेतन छुट्टी स्वीकृत की गई है। |
| 25. | half price | (n) – 1. **आधी कीमत** (adj) –2. **आधा-मूल्य** (adv) –3. **आधे मूल्य पर** | 1. Many items are at half price or less. 2. Half-price tickets are being sold by the aviation companies. 3. Children aged under five go half-price. | 1. कई वस्तुएं **आधी कीमत** या उससे कम पर उपलब्ध हैं। 2. विमानन कंपनियां **आधा-मूल्य** टिकटें बेच रही हैं। 3. पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे **आधे मूल्य पर** सफर कर सकते हैं। |
| 26. | half term | (n) – **आधा कार्यकाल, आधी अवधि** | The Government has completed half-term. | सरकार ने **आधा कार्यकाल** पूरा कर लिया है। |
| 27. | half truth | (n) – **आधा सच, अर्धसत्य** | The newspaper reports are based on half truth. | समाचार पत्र की रिपोर्ट आधे सत्य पर आधारित है। |
| 28. | half way | (adv) – 1. **आधा रास्ता** 2. **आंशिक रूप से** | 1. The flight has reached about halfway between Delhi and Chennai. 2. This goes only halfway to solve the problem. | 1. उड़ान दिल्ली और चेन्नई के बीच करीब **आधे रास्ते** तक पहुँची है। 2. इससे समस्या को केवल **आंशिक रूप से** सुलझाया जा सकेगा। |
| 29. | half yearly | (adj) –1. अर्धवार्षिक, छमाही (adv) – 2. **छमाही रूप से, अर्धवार्षिक रूप से** | 1. The half yearly meeting of the TOLIC has been organized. 2. Interest will be paid half-yearly in June and December. | 1. नराकास की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया है। 2.ब्याज का भुगतान जून और दिसंबर में **छमाही रूप से** किया जाएगा। |
| 30. | half yearly report | (n) – अर्धवार्षिक रिपोर्ट, छमाही रिपोर्ट | The half yearly report has been submitted. | अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। |
| 31. | hall mark | (n) – 1. **विशेषता*** 2. **प्रमाण चिह्न, हॉल मार्क** (v) -2. **प्रमाण चिन्ह अंकित करना, हॉल मार्क अंकित करना** | 1. Police said the explosion bore all the hallmarks of a terrorist attack. 2. There are no hall marks engraved on the seized gold bars. 3. All the ornaments | 1. पुलिस ने कहा कि विस्फोट में आतंकवादी हमले की सभी **विशेषताएं** मौजूद हैं। 2. जब्त सोने की छड़ों पर कोई **प्रमाण चिन्ह** उत्कीर्ण नहीं है। 3. सभी गहनों पर **प्रमाण चिन्ह अंकित** किया गया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | were hall marked. | |
| 32. | halt | (n) –1. **ठहराव**, **रोक**, विराम (v) –2. **रोक लगाना** | 1. Heavy snowfalls brought traffic to a halt. 2. Safety concerns have led the Government to halt work on the dam. | 1. भारी हिमपात के कारण यातायात **रुक** गया। 2. सुरक्षा कारणों से सरकार को बांध का काम **रोकना पड़ा** है। |
| 33. | halting allowance | (n) – विराम-भत्ता | Halting allowance is admissible as per rules. | **विराम - भत्ता** नियमानुसार देय है। |
| 34. | halve | (v) – **आधा करना** | The company is halving the prices of its products. | कंपनी अपने उत्पादों की कीमतें **आधा कर रही** है। |
| 35. | hammer blow | (n) – **जोर का झटका, भारी झटका, गंभीर आघात,** | The decision is a hammer blow for the steel industry. | यह निर्णय इस्पात उद्योग के लिए एक **भारी झटका** है। |
| 36. | hamper | (v) – **बाधा उत्पन्न करना**, **बाधा डालना**, **रुकावट पैदा करना** | The bad weather hampered rescue operations. | खराब मौसम से बचाव कार्य में **बाधा आई**। |
| 37. | hand | (n) – 1. **हाथ** 2. **सहायता** 3. **भूमिका** 4. हस्तलेख, लिखावट 5. कर्मचारी 6. **नियंत्रण** (v) –7. **सौंपना** | 1. The bank said its hands are tied by federal regulators. 2. The nation needs hands of youths in the process of reform. 3. Early reports indicate the hand of terrorists in the blast. 4. He writes a beautiful hand. 5. The office hired one new hand for cleaning office complex. 6. The matter should be left in the hands of the head quarter. 7. The bank handed the client a letter. | 1. बैंक ने कहा कि उसके **हाथ** संघीय नियामकों से बंधे हैं। 2. राष्ट्र को सुधार की प्रक्रिया में युवकों की **सहायता** की जरूरत है। 3. प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विस्फोट में आतंकवादियों की **भूमिका** है। 4. उसकी लिखावट सुंदर है। 5. कार्यालय ने परिसर की सफाई के लिए एक नए कर्मचारी को काम पर रखा। 6. इस मामले को मुख्यालय के **नियंत्रण** में सौंप देना चाहिए। 7. बैंक ने ग्राहक को एक पत्र **सौंपा**। |
| 38. | handbill | (n) – पर्चा, इश्तहार | The department distributed handbills calling for better participation of youths. | विभाग ने युवकों की बेहतर भागीदारी के लिए इश्तहार वितरित किए। |
| 39. | handbook | (n) – पुस्तिका, गुटका | Please, refer the | कृपया, इस संबंध में चिकित्सा |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | handbook on Medical Attendance Rules in this regard. | उपस्थिति नियम संबंधी पुस्तिका का संदर्भ लें। |
| 40. | handcuff | (n) – **1.** हथकड़ी (v) – 2. **हथकड़ी लगाना** | 1. The suspect was led away to jail in handcuffs. 2. The prisoners were handcuffed. | 1. संदिग्ध को हथकड़ी में जेल ले जाया गया। 2. कैदियों को **हथकड़ी लगायी** गई। |
| 41. | handful | (n) – **बहुत कम**, **थोड़े से**, **मुट्ठी भर** | A handful of people attended the meeting. | बैठक में **बहुत कम** लोगों ने भाग लिया। |
| 42. | handicap | (n) – 1. बाधा 2. **विकलांगता*** (v) – 3. **बाधित होना** | 1. In this job, lack of experience is no real handicap. 2. Despite his handicap, the employee is able to hold down a full-time job. 3. The project is handicapped by lack of funds. | 1. इस काम में अनुभव की कमी, कोई वास्तविक बाधा नहीं है। 2. अपनी **विकलांगता** के बावजूद, कर्मचारी पूर्णकालिक नौकरी करने में सक्षम है। 3. धन की कमी के कारण परियोजना **बाधित हुई** है। |
| 43. | handicapped | (n) – **1.** विकलांग (adj) – 2. विकलांग 3. बाधाग्रस्त, बाधित | 1. The report emphasized a need for schools for the handicapped. 2. The accident left the employee handicapped. | **1.** रिपोर्ट में विकलांगों के लिए स्कूलों की जरूरत पर बल दिया गया। 2. दुर्घटना के कारण कर्मचारी विकलांग हो गया। |
| 44. | handicraft | (n) – दस्तकारी, हस्तशिल्प | The Government is promoting handicraft and cottage industries. | सरकार हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों बढ़ावा दे रही है। |
| 45. | handle | (n) – 1. दस्ता, हत्था (v) – 2. **रखना**, संभालना 3. **निपटाना, निपटना** 4. **समाधान करना** | 1. The policeman turned the handle and went in. 2 . The finance department handles all the accounts. 3. An expert agency was appointed to handle the crisis. 4. Most customers were satisfied with the way their complaints were handled. | 1. पुलिसकर्मी ने हत्थे को घुमाया और अंदर चला गया। 2. वित्त विभाग सारे लेखा **रखता** है। 3. संकट से **निपटने** के लिए एक विशेषज्ञ एजेंसी को नियुक्त किया गया था। 4. अधिकांश ग्राहक शिकायतों के **समाधान से** संतुष्ट थे। |
| 46. | handling | (n) – 1. कार्रवाई करना 2. **रख-रखाव** | 1. Such a situation needs very careful | 1. ऐसी परिस्थिति में बहुत सावधान कार्रवाई की जरूरत है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | handling.2. A special license is required for the manufacture and handling of any dangerous chemical. | 2. किसी भी खतरनाक रसायन के निर्माण और **रख-रखाव** के लिए विशेष लाइसेंस की आवश्यकता है। |
| 47. | handling charges | (n) – **चढ़ाई-उतराई प्रभार**, संभलाई प्रभार, चढ़ाई-उतराई खर्च | The Railway has increased the handling charges of the goods. | रेलवे ने माल की **चढ़ाई-उतराई प्रभार** में वृद्धि की है। |
| 48. | handling facilities | (n) – संभलाई सुविधाएं, चढ़ाई-उतराई सुविधाएं | The handling facilities of goods are available with the port. | बंदरगाह में माल की चढ़ाई-उतराई सुविधाएं उपलब्ध हैं। |
| 49. | handloom | (n) – हथकरघा | The Government has promoted the handloom sector a lot. | सरकार ने हथकरघा क्षेत्र को बहुत बढ़ावा दिया है। |
| 50. | hand-operated | (adj) - हस्त-चालित | The hand-operated machines are being replaced by automatic ones. | हस्त-चालित मशीनों को स्वचालित मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। |
| 51. | handout | (n) – **पर्चा** | A handout on tourism has been distributed during the meeting. | बैठक के दौरान पर्यटन संबंधी **पर्चे** वितरित किए गए। |
| 52. | handover | (v) - सौंपना | The retiring officer has handed over his charge to the Additional Director. | सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी ने अपर निदेशक को अपना प्रभार सौंप दिया है। |
| 53. | handwritten | (adj) - हस्तलिखित | A handwritten representation has been received about the grievance of the employees. | कर्मचारियों की शिकायतों के बारे में एक हस्तलिखित अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। |
| 54. | handy | (adj)-1. **सुविधाजनक** 2. **सुविधाजनक स्थान** 3. छोटा-सा | 1. It's quite a handy tool. 2. Always keep a first-aid kit handy. | 1. यह अत्यधिक **सुविधाजनक** उपकरण है। 2. हमेशा प्राथमिक चिकित्सा किट किसी **सुविधाजनक स्थान** पर रखें। |
| 55. | harassment | (n) – उत्पीड़न, परेशानी | The reporter has accused the police of harassment. | पत्रकार ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। |
| 56. | harbor | (n) – 1. बंदरगाह (v) - 2. **शरण देना, संश्रय देना** | 1. The disabled submarine has been towed into harbor. 2. The suspect is accused of harboring | 1. खराब पनडुब्बी को खींच कर बंदरगाह में लाया गया है। 2. संदिग्ध पर एक भगोड़ा अपराधी को **शरण देने** का आरोप है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | an escaped convict. | |
| 57. | hard and fast rules | (n) – पक्के नियम | There are no hard and fast rules in this regard. | इस संबंध में कोई पक्के नियम नहीं हैं। |
| 58. | hard bargain | (n) – कड़ी सौदेबाजी | The Management and unions have concluded an agreement after a hard bargain over wage increases. | प्रबंधन और यूनियन वेतन वृद्धि पर कड़ी सौदेबाजी के बाद समझौते पर पहुंचे हैं। |
| 59. | hard cash | (n) – नकदी | Payment should be accepted in hard cash too. | भुगतान नकदी में भी स्वीकार किया जाना चाहिए। |
| 60. | hard currency | (n) – **दुर्लभ मुद्रा** | The company is running short of hard currency to pay for imports. | कंपनी के पास आयात के लिए भुगतान करने हेतु **दुर्लभ मुद्रा** की कमी चल रही है। |
| 61. | hard currency area | (n) – दुर्लभ मुद्रा क्षेत्र | According to a report, India's financial position in the region has been strengthened by its improvement in the access to hard currency area. | रिपोर्ट के अनुसार दुर्लभ मुद्रा क्षेत्र में भारत की पहुंच में सुधार के कारण, क्षेत्र में इसकी वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। |
| 62. | hard disk | (n) – हार्ड डिस्क | The hard disk of the computer is out of order. | कंप्यूटर की हार्ड डिस्क खराब है। |
| 63. | hard labour | (n)- **कठिन परिश्रम**, कड़ी मेहनत, कठोर श्रम | This success is the result of hard labour. | यह सफलता **कठिन परिश्रम** का परिणाम है। |
| 64. | hard line | (n) – **कड़ा रुख** | The Government took a hard line on the strike. | सरकार ने हड़ताल पर **कड़ा रुख** ले लिया। |
| 65. | hard loan | (n)- **अति ब्याजी ऋण, दुर्वह ऋण** | The common man cannot afford hard loan. | आम आदमी **अति ब्याजी ऋण** का बोझ नहीं उठा सकता है। |
| 66. | hardness test | (n) – कठोरता-परीक्षण | The hardness test of water has to be carried out by the laboratory. | पानी का कठोरता- परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा किया जाना है। |
| 67. | hardship allowance | (n) – कठिनाई भत्ता | The hardship allowance has been increased by 25%. | कठिनाई भत्ता 25% बढ़ा दिया गया है। |
| 68. | hardware | (n) – हार्डवेयर, यंत्र- | The computer hardware has been | कंप्यूटर हार्डवेयर खरीदी गई है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | सामग्री | purchased. | |
| 69. | hard-working | (adj) - मेहनती, परिश्रमी | The employee is hardworking and energetic. | कर्मचारी मेहनती और ऊर्जावान है। |
| 70. | haulage | (n) – ढुलाई | We have to increase our road haulage capacity. | हमें अपनी सड़क ढुलाई क्षमता में वृद्धि करनी होगी। |
| 71. | hawker | (n) – फेरीवाला | A survey has been conducted to evaluate the socio-economic condition of the hawkers and street vendors. | फेरीवालों और पथ-विक्रेताओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के मूल्यांकन के लिए सर्वेक्षण किया गया है। |
| 72. | hazard | (n)- खतरा, संकट, जोखिम | Smoking is a serious health hazard. | धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। |
| 73. | hazardous | (adj)-1. संकटपूर्ण, खतरनाक 2. जोखिम वाला | A list of products that are potentially hazardous to health has been displayed. | स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरनाक उत्पादों की सूची प्रदर्शित की गई है। |
| 74. | hazardous goods | (n) – खतरनाक सामान | The hazardous goods should be kept in a safe place. | खतरनाक सामान सुरक्षित जगह पर रखे जाने चाहिए। |
| 75. | hazardous occupation | (n) – **संकटपूर्ण व्यवसाय**, **संकटपूर्ण धंधा,** | A special medical care unit should be established for those employees who are engaged in the hazardous occupation. | **संकटपूर्ण व्यवसाय** में लगे कर्मचारियों के लिए एक विशेष चिकित्सा यूनिट स्थापित किया जाना चाहिए। |
| 76. | hazardous waste | (n) – **खतरनाक कचरा,** **अपशिष्ट,** | The hazardous waste should be disposed in an environment-friendly manner. | **खतरनाक कचरे** को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटाया जाना चाहिए। |
| 77. | hazard pay | (n) – जोखिम वेतन | The Pay Commission has increased the hazard pay. | वेतन आयोग ने जोखिम वेतन में वृद्धि की है। |
| 78. | head | (n) – 1. **अध्यक्ष**, प्रधान, प्रमुख, मुखिया 2. शीर्ष, मद | 1. Heads of Government from more than hundred countries will gather in Geneva tomorrow. 2. The expenditure will be incurred from the Head “Office Expenses”. | 1. सौ से अधिक देशों के **शासनाध्यक्ष** कल जिनेवा में एकत्रित होंगे। 2. यह भुगतान "कार्यालय व्यय" शीर्ष से किया जाएगा। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 79. | heading | (n) – शीर्षक | The report can be grouped under three main headings. | रिपोर्ट को तीन मुख्य शीर्षकों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है। |
| 80. | head note | (n) – शीर्ष टिप्पणी | The head note is submitted along with the report. | रिपोर्ट के साथ शीर्ष टिप्पणी प्रस्तुत है। |
| 81. | head of account | (n) – लेखा-शीर्ष | Please mention related head of account in this regard. | इस संबंध में संबंधित लेखा-शीर्ष का उल्लेख करें। |
| 82. | head office | (n) – प्रधान कार्यालय | The final report may be submitted to the head office. | अंतिम रिपोर्ट प्रधान कार्यालय को प्रस्तुत की जाए। |
| 83. | headquarter | (n) – मुख्यालय | The employee has been posted in the headquarters. | कर्मचारी को मुख्यालय में तैनात किया गया है। |
| 84. | headquarter allowance | (n) – मुख्यालय भत्ता | The headquarter allowance is permissible as per rules. | मुख्यालय भत्ता नियमानुसार अनुमत्य है। |
| 85. | health care | (n) – **स्वास्थ्य देखभाल**, स्वास्थ्य रक्षा | The Government has launched a child health care scheme for rural areas. | सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए शिशु **स्वास्थ्य देखभाल** योजना शुरू की है। |
| 86. | health certificate | (n) – स्वास्थ्य प्रमाणपत्र | The health certificate has been issued by the Chief Medical Officer. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। |
| 87. | health insurance | (n) – स्वास्थ्य बीमा | A health insurance policy is being considered for the workers of the unorganized sector. | असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा नीति पर विचार किया जा रहा है। |
| 88. | health services | (n) – स्वास्थ्य सेवाएं | The scheme aims to provide health services to the poor peoples. | इस योजना का उद्देश्य गरीब लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। |
| 89. | hearing | (n) – 1. सुनवाई 2. **सुनने की क्षमता**, **श्रवण क्षमता** | 1. The judge adjourned the hearing until next Monday. 2. The explosion damaged the hearing of the employee. | 1. न्यायाधीश ने अगले सोमवार तक सुनवाई स्थगित कर दी। 2. विस्फोट से कर्मचारी की **सुनने की क्षमता** चली गई। |
| 90. | hearing aid | (n) – **श्रवण यंत्र** | The hospital has distributed the hearing aids to the | अस्पताल ने गरीब मरीजों को **श्रवण यंत्र** वितरित किए हैं। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | poor patients. | |
| 91. | hearing-impaired | (n)- **श्रवण बाधित, कम सुनना** | One post is reserved for hearing-impaired. | एक पद **कम सुनने वालों** के लिए आरक्षित है। |
| 92. | hearsay | (n) – **अनुश्रुति** (adj) - सुनी-सुनाई | 1. We can't make a decision based on hearsay. 2. It is hearsay information. | 1. हम **अनुश्रुति** के आधार पर निर्णय नहीं कर सकते। 2. यह सुनी-सुनाई जानकारी है। |
| 93. | heavy industry | (n) – भारी उद्योग | The policy will encourage the heavy industries. | यह नीति भारी उद्योगों को प्रोत्साहित करेगी। |
| 94. | heavy vehicle | (n) – भारी वाहन | The entries of heavy vehicles are prohibited. | भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है। |
| 95. | heir | (n) – **उत्तराधिकारी**, वारिस | The benefit in this regard will go to the legal heir. | इस संबंध में लाभ कानूनी **उत्तराधिकारी** को मिलेगा। |
| 96. | heir apparent | (n) - **निर्विवाद उत्तराधिकारी**, प्रत्यक्ष वारिस | The heir apparent has been asked to produce the documents. | **निर्विवाद उत्तराधिकारी** को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। |
| 97. | heirless | (adj) – लावारिस, उत्तराधिकारी-विहीन | The acquisition of the heirless property is in process. | लावारिस संपत्ति के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। |
| 98. | help | (n) – 1. **सहायता, मदद** (v) – 2. **सहायता करना, मदद करना** | 1. The police needs the help of the local people. 2. This charity show aims to help the poor people. | 1. पुलिस को स्थानीय लोगों की **सहायता** की जरूरत है। 2. इस चैरिटी शो का उद्देश्य गरीब लोगों की **सहायता करना** है। |
| 99. | help desk | (n) – **सहायता डेस्क** | The visitors can collect first hand information from the help desk. | आगंतुक **सहायता डेस्क** से प्रारंभिक जानकारी ले सकते हैं। |
| 100. | helpful | (adj) – **उपयोगी** | The following information may be helpful to the beneficiaries. | निम्नलिखित जानकारी लाभार्थियों के लिए **उपयोगी** हो सकती है। |
| 101. | helipad | (n) – हेलिपैड | The helipad is under construction. | हेलीपैड का निर्माण कार्य जारी है। |
| 102. | helper | (n) – मददगार | The office hired five helpers to finish the work. | कार्यालय ने काम पूरा करने के लिए पांच मददगारों को काम पर रखा। |
| 103. | helping hand | (n) – **सहायक** | The expert needs a helping hand for correspondence. | विशेषज्ञ को पत्राचार के लिए एक **सहायक** की जरूरत है। |
| 104. | helpless | (adj) - **असहाय**, | The Authority was quite helpless in this | प्राधिकारी इस मामले में काफी |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **लाचार**, **बेबस** | matter. | **असहाय** था। |
| 105. | helpline | (n) – **सहयोग सेवा, हेल्पलाइन** | The police department has launched help line for lodging complaints. | पुलिस विभाग ने शिकायत दर्ज कराने के लिए **हेल्पलाइन** शुरू की है। |
| 106. | hence | (adv) - **इसलिए** | Hence a new policy for banking sector will be required soon. | **इसलिए** बैंकिंग क्षेत्र के लिए जल्द ही नई नीति की आवश्यकता होगी। |
| 107. | henceforth | (adv) - **अब से**, **आगे से**, **इसके बाद** | Henceforth, all staff will need to display identity card before entering the office building. | **अब से** सभी कर्मचारियों को कार्यालय भवन में प्रवेश करने से पहले पहचान पत्र दिखाने होंगे। |
| 108. | herbicide | (n) – शाकनाशी | According to the report too much use of herbicides could damage the ecosystem. | रिपोर्ट के मुताबिक बहुत ज्यादा शाकनाशी के उपयोग से पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। |
| 109. | herald | (n) – 1. **सूत्रपात**, **घोषणा**, **संदेश**, **आगाज** (v) – 2. **संदेश देना**, **घोषणा करना** | 1. The Government has claimed that the rise in the share index is the herald of economic recovery. 2. The Prime Minister's speech heralds a change of policy. | 1. सरकार ने दावा किया है कि शेयर सूचकांक में बढ़ोत्तरी आर्थिक सुधार का **सूत्रपात** है। 2. प्रधानमंत्री का भाषण नीति परिवर्तन का **संदेश देता** है। |
| 110. | hereabouts | (adv) - **आस-पास** | There are not many households hereabouts of the project site. | परियोजना स्थल के **आस-पास** ज्यादा घर नहीं हैं। |
| 111. | hereafter | (adv) – **आगे**, इसके बाद, इसके पश्चात् | The explanation of this formula is given hereafter. | इस सूत्र की व्याख्या **आगे** दी गई है। |
| 112. | hereby | (adv) - इसके द्वारा, एतद् द्वारा, | We, hereby, agree to the conditions of this contract. | हम इसके द्वारा इस अनुबंध की शर्तों से सहमत हैं। |
| 113. | hereditary | (adj)- 1. वंशागत, आनुवंशिक 2. पैतृक | 1. The candidate is not suffering from any hereditary disease. 2. The hereditary property will be divided among the claimant as per the law. | 1. उम्मीदवार किसी भी आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित नहीं है। 2. कानून के अनुसार पैतृक संपत्ति दावेदारों के बीच विभाजित की जाएगी। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 114. | herein | (adv)- **इस में**, **यहां**, **इस कारण** | No party is willing to compromise and the problem lies herein. | कोई भी पक्ष समझौता करने को तैयार नहीं है और **इस कारण** समस्या आ रही है। |
| 115. | hereinabove | (adv) - **इसमें इसके पहले**, **इसमें इसके ऊपर** | The company described hereinabove was the contractor for the said project. | **इसमें इसके ऊपर** वर्णित कंपनी को इस परियोजना के कार्यान्वयन का दायित्व सौंपा गया था। |
| 116. | hereinafter | (adv) - इसमें इसके बाद | This contract is between DDA (hereinafter referred to as the vendor) and PNB (hereinafter referred to as the purchaser). | यह अनुबंध डीडीए (**इसमें इसके बाद** विक्रेता के रूप में उल्लेख किया गया है) और पीएनबी (**इसमें इसके बाद** क्रेता के रूप में उल्लेख किया गया है) के बीच है। |
| 117. | hereinbefore | (adv) - इसमें इससे पहले, इसमें इससे पूर्व | The rule mentioned hereinbefore shall be also applicable to the autonomous bodies. | इसमें इससे पहले उल्लिखित नियम स्वायत्त निकायों पर भी लागू होगा। |
| 118. | herein below | (adv) - **इसमें इसके नीचे**, **यहां नीचे** | The rates quoted herein below are applicable to the financial year 2013-14 only. | **इसमें इसके नीचे** उद्धृत दरें केवल वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए लागू हैं। |
| 119. | hereinto | (adv) – **यहां पर** | The matter discussed hereinto may be forwarded to the committee for consideration. | **यहाँ पर** जिस विषय पर चर्चा हुई उसे समिति के विचार के लिए भेजा जाए। |
| 120. | hereof | (adv) – **का**, की, **से संबंधित** | This Agreement shall commence on the date of signature hereof. | यह समझौता हस्ताक्षर होने **के** दिन से लागू होगा। |
| 121. | hereto | (adv) – **इसके साथ** | A copy of the document is hereto appended. | दस्तावेज की प्रति **इसके साथ** संलग्न है। |
| 122. | heretofore | (adv) – **इससे पहले**, **अभी तक**, **अब तक** | In recent years heretofore consumers have become conscious of their rights. | हाल के वर्षों में उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति **पहले** की तुलना में सजग हुए हैं। |
| 123. | hereunder | (adv) - 1. इसके नीचे 2. एतदधीन | The terms specified hereunder shall be used for the purpose of this contract only. | इसके नीचे निर्दिष्ट की गई शर्तों का केवल इस संविदा के प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। |
| 124. | hereupon | (adv)- **इसके बाद**, **इस** | Hereupon, the | **इसके बाद**, समिति भंग की जाती |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **पर** | committee is dissolved. | है। |
| 125. | herewith | (adv) - इसके साथ | A copy of the report is enclosed herewith for your information. | इसके साथ रिपोर्ट की प्रति आपकी जानकारी के लिए संलग्न है। |
| 126. | heritage | (n) – दाय, विरासत | We must preserve our cultural heritage. | हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करनी चाहिए। |
| 127. | hierarchical | (adj) – 1. पदानुक्रमिक 2. सोपानिक | The chart provides a detail of hierarchical system in the organization. | सारणी में संगठन का पदानुक्रमिक ढांचा विस्तार से दिया गया है। |
| 128. | hierarchy | (n) – 1. पदानुक्रम 2. सोपानिकी | The DOPT has sought for the details of promotional hierarchy of the technical posts of the office. | कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने कार्यालय के तकनीकी पदों के पदोन्नति पदानुक्रम के विवरण की मांग की है। |
| 129. | high | (adj) – 1. **उच्च** 2. **अधिक** 3. **ऊँचाई** (adv) –4. **ऊँचा** | 1. Economic reform is high priority on the agenda. 2. Official reports said casualties were high. 3. Waves of up to 40 metres high were recorded during tsunami. 4. The company should not be afraid to aim high in production. | 1. कार्यसूची में आर्थिक सुधार को **उच्च** प्राथमिकता दी गई है। 2. आधिकारिक रिपोर्ट में हताहतों की संख्या **अधिक** बताई गई। 3. सुनामी के दौरान 40 मीटर **ऊँचाई** तक लहरों के उठने के रेकार्ड दर्ज किए गए। 3. कंपनी को उत्पादन के लक्ष्य को **उच्च** रखने में डरना नहीं चाहिए। |
| 130. | high and dry | (adj) – **असहाय, लाचार** | The company has been left in a high and dry situation due to financial crisis. | वित्तीय संकट के कारण कंपनी की स्थिति **असहाय** हो गई है। |
| 131. | higher authority | (n) – उच्चतर प्राधिकारी | The matter should be taken up with the higher authority for approval. | इस मामले को अनुमोदन के लिए उच्चतर प्राधिकारी के समक्ष रखा जाना चाहिए। |
| 132. | higher education | (n) – उच्च शिक्षा, उच्चतर शिक्षा | The committee has suggested reforms in the higher education. | समिति ने उच्च शिक्षा में सुधारों का सुझाव दिया है। |
| 133. | highest bid | (n) – उच्चतम बोली | The company has quoted the highest bid for the land. | कंपनी ने जमीन के लिए उच्चतम बोली लगाई है। |
| 134. | high capacity | (n) – **उच्च क्षमता** | The company plans to expand its high capacity power plant. | कंपनी अपने **उच्च क्षमता** वाले बिजली संयंत्र का विस्तार करना चाहती है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 135. | high command | (n) – **आला कमान** | The decision has been taken by the high command. | यह निर्णय **आलाकमान** ने लिया है। |
| 136. | high commission | (n) – **उच्चायोग** | The high commission is looking after the progress in this regard. | **उच्चायोग** इस संबंध में प्रगति पर नज़र रख रही है। |
| 137. | high flier | (n) – अतिसफल व्यक्ति | The hard labour and dedication to the work made the scientist a high flier. | कठिन परिश्रम और कार्य के प्रति समर्पण ने वैज्ञानिक को अतिसफल व्यक्ति बनाया। |
| 138. | high court | (n) – **उच्च न्यायालय** | The high court has taken cognizance of this matter. | **उच्च न्यायालय** ने इस मामले का संज्ञान लिया है। |
| 139. | high grade | (n)- उच्च कोटि, **उच्च श्रेणी** | The company has decided to import high–grade coal from Australia. | कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया से उच्च कोटि का कोयला आयात करने का फैसला किया है। |
| 140. | high income group | (n) – उच्च आय वर्ग | The income tax slab has not been changed for the high income group. | उच्च आय वर्ग के लिए आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। |
| 141. | high level | (adj) - उच्च स्तरीय | A high level investigation has been ordered for the incident of fraud. | इस धोखाधड़ी की घटना के लिए उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया गया है। |
| 142. | high level committee | (n) – **उच्च स्तरीय समिति** | A high level committee has been set up to recommend safeguards for such type of industrial accidents. | इस प्रकार की औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए सुरक्षा उपायों की सिफारिश करने वास्ते एक **उच्च स्तरीय समिति** का गठन किया गया है। |
| 143. | high level decision | (n) - उच्च स्तरीय निर्णय | It is a high level decision and the office is not competent to reconsider it. | यह उच्च स्तरीय निर्णय है और कार्यालय इस पर पुनर्विचार करने के लिए सक्षम नहीं है। |
| 144. | high level delegation | (n) – **उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल/शिष्ट मंडल** | A high level delegation from the neighboring country has arrived to discuss the border issue. | पड़ोसी देश से एक **उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल** सीमा मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आया है। |
| 145. | highlight | (n) – 1. **महत्व** (v) – 2. **प्रकाश डालना, उजागर करना** | 1. The Prime Minister's visit has provided the real highlight of the | 1. प्रधानमंत्री की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को वास्तविक **महत्व** मिला है। 2. इस सर्वेक्षण से कामकाजी |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | bilateral relations. 2. The survey highlighted the needs of working women. | महिलाओं की जरूरतें उजागर हुईं। |
| 146. | highlighter | (n) – **उजागर करने वाला**, उजागरी | The incident is a highlighter to the problem of child labour. | यह बाल श्रम की समस्या को **उजागर करने वाला** घटना है। |
| 147. | highlights | (n)- **मुख्य अंश**, मुख्य बातें, प्रमुख आकर्षण, मुख्य विशेषताएं | The highlights of the debate will be shown on TV tonight. | आज रात टीवी पर बहस का **मुख्य अंश** दिखाया जाएगा। |
| 148. | highly developed | (adj) - **अत्यधिक विकसित** | The highly developed technique has been adopted in this project. | इस परियोजना में **अत्यधिक विकसित** तकनीक अपनाया गया है। |
| 149. | highly paid job | (n) - **उच्च वेतन - नौकरी**, उच्च वेतन कार्य | The Chief Executive Officer is a highly paid job. | मुख्य कार्यकारी अधिकारी **उच्च वेतन- नौकरी** है। |
| 150. | highly placed | (adj) - उच्चस्थ, उच्च पदस्थ | The accountability of the highly placed officials is higher than others. | उच्च पदस्थ अधिकारियों की जवाबदेही दूसरों की तुलना में अधिक होती है। |
| 151. | highly sensitive | (adj) - **अति संवेदनशील**, **अत्यंत संवेदनशील** | Please, take utmost care in this regard as the matter is highly sensitive. | चूंकि मामला **अति संवेदनशील** है इसलिए इस संबंध में अत्यंत सावधानी बरतें। |
| 152. | highly skilled | (adj) - **अतिकुशल** | The highly skilled professionals were engaged in this project. | **अतिकुशल** पेशेवर इस परियोजना से जुड़े हुए थे। |
| 153. | highness | (n) – 1. **महामहिम** 2. **उच्चता***| 1. His highness the King of Bhutan was the chief guest of the Republic Day Parade. 2. The highness of the presentation has made the documentary film very effective and communicative. | 1. **महामहिम** भूटान नरेश गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। 2. प्रस्तुति की **उच्चता** के कारण वृत्तचित्र बहुत प्रभावी और संप्रेषणीय बन गया है। |
| 154. | high official | (n) - उच्च पदाधिकारी | Some high officials of the Railway have been rushed to the accident site. | रेलवे के कुछ **उच्च पदाधिकारी** दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। |
| 155. | high power | (n) - उच्चाधिकार | A high power | इस संबंध में उपाय सुझाने के लिए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | committee | समिति | committee has been constituted to suggest measures in this regard. | एक उच्चाधिकार समिति गठित की गई है। |
| 156. | high powered committee | (n) - उच्चाधिकार प्राप्त समिति | The next meeting of the high powered committee has been scheduled in July, 2014. | उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अगली बैठक जुलाई, 2014 में निर्धारित है। |
| 157. | high pressure | (n) - **उच्च दाब/दबाव**, अत्यधिक दबाव | The rain will be followed by warmer weather as areas of high pressure move in. | **उच्च दाब** के क्षेत्र बनने के कारण बारिश के बाद मौसम उमस भरा बना रहेगा। |
| 158. | high price | (n) – **ऊंची कीमत** | Due to high price of crude oil in the international market, the prices of petroleum products have been hiked. | अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की **ऊंची कीमत** के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। |
| 159. | high priority | (n) - उच्च प्राथमिकता | The Government has made the scheme a high priority. | सरकार ने इस योजना को उच्च प्राथमिकता दी है। |
| 160. | high profile | (n) – **उच्च स्तर**<br>(adj)- **उच्च स्तरीय** | 1. The officer needs to maintain a high profile in his profession. 2. There was a high-profile military presence in the gulf. | 1. अधिकारी को अपने पेशे में **उच्च स्तर** बनाए रखने की जरूरत है।2. खाड़ी में **उच्च स्तरीय** सैन्य उपस्थिति थी। |
| 161. | high school | (n)- उच्च विद्यालय, हाई स्कूल | The Government has a plan to open more high schools in rural areas. | सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक उच्च विद्यालय खोलने की योजना बनाई है। |
| 162. | high taxation | (n) - उच्च कराधान | The members of the committee were against the high taxation in the import sector. | समिति के सदस्य आयात के क्षेत्र में उच्च कराधान के खिलाफ थे। |
| 163. | high-tech | (adj) - **उच्च तकनीकयुक्त** | The Ministry has cleared the high-tech power project at last. | अंततः मंत्रालय ने **उच्च तकनीकयुक्त** बिजली परियोजना को मंजूरी दे दी है। |
| 164. | high time | (n) - **उपयुक्त समय** | It is high time to start the project. | परियोजना शुरू करने के लिए यह **उपयुक्त समय** है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 165. | highway | (n) - राजमार्ग | The new highway will reduce the driving time by four hours. | नए राजमार्ग से गंतव्य तक पहुंचने का समय चार घंटे कम हो जाएगा। |
| 166. | highway division | (n) - राजमार्ग प्रभाग | The highway division has moved a proposal for widening the highways. | राजमार्ग प्रभाग ने राजमार्गों को चौड़ा करने के लिए प्रस्ताव दिया है। |
| 167. | hill allowance | (n) - पहाड़ भत्ता, पर्वतीय स्थान भत्ता | The hill allowance has been increased by 25%. | पहाड़ भत्ता में 25% की वृद्धि की गई है। |
| 168. | hill station | (n) - पर्वतीय स्थान, पहाड़ी स्थान | The hill station is being developed as a tourist destination. | पर्वतीय स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। |
| 169. | Hindi Teaching Scheme | (n) - हिंदी शिक्षण योजना | One Hindi Pradhyapak has been posted under Hindi Teaching Scheme. | हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत एक हिंदी प्राध्यापक को तैनात किया गया है। |
| 170. | hindi version | (n) - हिंदी रुपांतर, हिंदी अनुवाद | The hindi version of the report is being prepared. | रिपोर्ट का हिंदी रुपांतर तैयार किया जा रहा है। |
| 171. | hindrance | (n) - बाधा, अड़चन | The floods have been a major hindrance to relief efforts. | राहत प्रयासों में बाढ़ प्रमुख बाधा रही है। |
| 172. | hire | (n) –1. **किराया**, भाड़ा (v) – 2. **किराए पर लेना**, भाड़े पर लेना 3. **काम पर रखना** | 1. The cost includes the hire of the hall. 2.The office has hired five cabs for local tour. 3. The Data Entry Operators have been hired on short-term contracts. | 1. लागत में हॉल का **किराया** भी शामिल है। 2. कार्यालय ने स्थानीय दौरे के लिए पांच कारें भाड़े पर रखी है। 3. डेटा एंट्री ऑपरेटरों को अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर **काम पर रखा गया** है। |
| 173. | hire and fire policy | (n) - रखो-निकालो नीति | The company has adopted the hire and fire policy in place of regular employment in lower level. | कंपनी ने निचले स्तर पर नियमित रोजगार के स्थान पर रखो-निकालो नीति अपनाई है। |
| 174. | hire charges | (n) – **किराया**, भाड़ा | The payment of hire charges should be as per prescribed norms. | **किराए** का भुगतान निर्धारित मानदंडों के अनुसार होना चाहिए। |
| 175. | hire-purchase | (n) - किराया-खरीद | The employees may buy car/scooter on hire purchase. | कर्मचारी किराया-खरीद पर कार/ स्कूटर का क्रय कर सकते हैं। |
| 176. | hiring | (n) - 1. काम पर रखना 2. भाड़े पर लेना | The hiring of security staff is under consideration. | सुरक्षा कर्मचारियों को काम पर रखने का प्रस्ताव विचाराधीन है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 177. | hiring and firing | (n) - रखना-निकालना | The Manager is responsible for hiring and firing to the labourbers. | प्रबंधक मजदूरों को काम पर रखने और निकालने के लिए जिम्मेदार होता है। |
| 178. | historical monument | (n) - ऐतिहासिक स्मारक | The Archeological Survey of India takes care of historical monuments. | भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ऐतिहासिक स्मारकों की देखभाल करता है। |
| 179. | history | (n) - इतिहास | The history of freedom movement should be incorporated in primary education too. | स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को प्राथमिक शिक्षा में शामिल किया जाना चाहिए। |
| 180. | history sheet | (n) - इतिवृत्त | The history sheet of the power plant has been prepared. | बिजली संयंत्र का इतिवृत्त तैयार कर लिया गया है। |
| 181. | history sheeter | (n) - **कुख्यात अपराधी** | The police have arrested all the history sheeters to maintain law and order in the city. | शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सभी **कुख्यात अपराधियों** को गिरफ्तार किया है। |
| 182. | hoarding | (n) - 1. जमाखोरी 2. विज्ञापन पट्ट | 1. Hoarding is creating shortage of food grains in the market. 2. The Municipal Corporation has removed all the unauthorized advertising hoardings from public places. | 1. जमाखोरी से बाजार में खाद्यान्न की कमी पैदा हो रही है। 2. नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों से सभी अनधिकृत विज्ञापन पट्ट हटा दिए हैं। |
| 183. | hold(OFFICE) | (v) –**पद पर बने रहना**, (पद) ग्रहण करना | The Minister will hold the office till the pleasure of the President. | राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत मंत्री **पद पर बने रहेंगे**। |
| 184. | hold back | (pv) - रोकना | Farmers have hold back product in the hope that prices will rise. | किसानों ने कीमतों में वृद्धि की उम्मीद में उत्पाद को अपने पास रोक रखा है। |
| 185. | hold good | (v) – मान्य होना, लागू होना | The rules shall hold good from the date of its publication in the gazette. | ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे। |
| 186. | holding | (n) - 1. जोत 2. शेयर पूंजी 3. **संपत्ति** | 1. The average holding of the | 1. इस गांव में किसानों की औसत जोत 3 एकड़ सूचित की गई है। 2. |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | (adj) – 4. धारण | farmers in the village has been reported 3 acres. 2. The government has decided to sell its 21% holding in the company. 3. The company sold more than half its holdings. 4. The holding capacity of the reservoir has been increased. | सरकार ने कंपनी में अपनी 21% शेयर पूंजी को बेचने का फैसला किया है। 3. कंपनी ने अपनी आधी से अधिक **संपत्ति** बेच दी। 4. जलाशय की धारण क्षमता बढ़ा दी गई है। |
| 187. | holding company | (n) - **नियंत्रक कंपनी** | The company became holding company by virtue of holding more than 50% of its shares. | कंपनी अपने शेयरों का 50% से अधिक धारण करने के आधार पर **नियंत्रक कंपनी** बन गई। |
| 188. | holding operation | (n)- **स्थिर रखना, यथावत्** | The rest of the campaign was a holding operation. | अभियान का बाकी हिस्सा **यथावत्** था। |
| 189. | holdout | (n) – **बाधक**, बाधा डालना | Terrorism has been the holdout in trying to negotiate an end to the dispute. | आतंकवाद बातचीत के माध्यम से विवाद को खत्म करने की कोशिश में **बाधक** रहा है। |
| 190. | hold over | (pv) - स्थगित करना, रोक लेना, उठा रखना | It is advisable to hold over the meeting to a later time. | बैठक को भविष्य के लिए स्थगित करना उपयुक्त होगा। |
| 191. | holiday | (n) - अवकाश | The Government has declared holiday on $14^{th}$ April. | सरकार ने 14 अप्रैल को अवकाश घोषित किया है। |
| 192. | holiday entitlement | (n) - **अवकाश पात्रता**, अवकाश हकदारी | The holiday entitlement is often more complex since actual holiday provisions often depends on company contracts. | चूंकि वास्तविक अवकाश प्रावधान अक्सर कंपनी के संविदा पर निर्भर करता है, इसलिए **अवकाश पात्रता** प्रायः अधिक जटिल होता है। |
| 193. | holiday home | (n) - अवकाश गृह | The CPWD has constructed holiday homes for Central Government employees in various tourist places. | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने विभिन्न पर्यटक स्थलों में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए अवकाश गृहों का निर्माण किया है। |
| 194. | holiday pay | (n) - अवकाश वेतन | The employee is entitled for holiday | कर्मचारी अवकाश वेतन का हकदार है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | pay. | |
| 195. | holiday resort | (n) - अवकाश सदन, अवकाश सैरगाह | Holiday resorts are being developed by the Tourism Department to attract foreign tourists. | विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग अवकाश सदन तैयार कर रहा है। |
| 196. | holistic approach | (n) - **समग्र दृष्टिकोण**, संपूर्णतावादी दृष्टिकोण | A holistic approach should be adopted to address the crisis. | इस संकट से निपटने के लिए **समग्र दृष्टिकोण** अपनाया जाना चाहिए। |
| 197. | homage | (n) - श्रद्धांजलि | The memorial was erected in homage to the war heroes. | युद्ध नायकों के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में यह स्मारक बना था। |
| 198. | home | (n) – **घर**, गृह | The aim of the scheme is to provide homes to the homeless people. | इस योजना का उद्देश्य बेघर लोगों को **घर** प्रदान करना है। |
| 199. | homeland | (n) – **वास भूमि** | Many refugees have been forced to flee their homeland due to war. | युद्ध के कारण अनेक शरणार्थियों को अपनी **वास भूमि** से पलायन को मजबूर होना पड़ा है। |
| 200. | homeless | (adj) – **बेघर, निराश्रित** | The scheme has been set up to help homeless people. | **बेघर** लोगों की मदद के लिए यह योजना शुरू की गई है। |
| 201. | home address | (n) - **घर का पता** | Please, verify the home address of the concerned employee from his service book. | कृपया संबंधित कर्मचारी की सेवा पुस्तिका से उसके **घर के पते** की पुष्टि करें। |
| 202. | home delivery service | (n) – **घर पहुंच सेवा** | The company has launched a home delivery service for selling its products. | कंपनी ने अपने उत्पादों की बिक्री के लिए **घर पहुंच सेवा** शुरू की है। |
| 203. | home district | (n) - गृह जिला | The Minister has left for his home district. | मंत्री अपने गृह जिले के लिए रवाना हो गए हैं। |
| 204. | home guard | (n)- **गृह रक्षा, होमगार्ड, नगर रक्षक,** | The home guards battalion has been deployed in the disturbed area along with armed forces. | अशांत क्षेत्र में सशस्त्र बलों के साथ गृह रक्षा वाहिनी तैनात की गई है। |
| 205. | home industry | (n) - गृह उद्योग | The home industries should be encouraged for promoting self employment. | स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए गृह उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। |
| 206. | home loan | (n) - **आवास ऋण, गृह** | The employee has | कर्मचारी ने **आवास ऋण** के लिए |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **ऋण** | applied for home loan. | आवेदन दिया है। |
| 207. | home page | (n) - **मुख पृष्ठ** | The information is available on the home page of the departmental website. | विभागीय वेबसाइट के **मुख पृष्ठ** पर यह जानकारी उपलब्ध है। |
| 208. | home town | (n) - गृह नगर | The home town may be changed once during the entire service period. | संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान गृह नगर एक बार बदला जा सकता है। |
| 209. | homicide | (n) – **हत्या**, मानव-हत्या | The police arrived at the scene of the homicide. | पुलिस **हत्या** स्थल पर पहुंची। |
| 210. | honest | (adj) - ईमानदार | The Police Commissioner has praised the honest officers. | पुलिस आयुक्त ने ईमानदार अधिकारियों की प्रशंसा की है। |
| 211. | honesty | (n) - **ईमानदारी** | The police officer has been rewarded for his honesty. | पुलिस अधिकारी को **ईमानदारी** के लिए पुरस्कृत किया गया है। |
| 212. | honorarium | (n) - मानदेय | The competent authority has sanctioned honorarium to the officers engaged in the research project. | सक्षम प्राधिकारी ने अनुसंधान परियोजना से जुड़े अधिकारियों को मानदेय स्वीकृत किया है। |
| 213. | honorary | (adj) - मानद | The post of treasurer is a purely honorary position. | कोषाध्यक्ष का पद विशुद्ध रूप से मानद पद है। |
| 214. | honorary degree | (n) - मानद उपाधि | The university has given honorary degree to the well known social activist. | विश्वविद्यालय ने सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता को मानद उपाधि प्रदान की है। |
| 215. | honorary member | (n) - मानद सदस्य | All the honorary members of the council were present in the meeting. | परिषद के सभी मानद सदस्य बैठक में उपस्थित थे। |
| 216. | honorary secretary | (n) - मानद सचिव | The honorary secretary of the association has resigned from his post. | संगठन के मानद सचिव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। |
| 217. | honorific | (adj) -1. सम्मानसूचक 2. सम्मान पद | The famous environmentalist of Uttarakhand was given the honorific | उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् को "पर्यावरण मित्र" का सम्मानसूचक खिताब दिया गया। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | title of “Paryavaran Mitra”. | |
| 218. | honour | (n) – 1. सम्मान (v) - 2. सम्मान करना 3. (चेक) सकारना | 1. The stadium was named in honour of the great hockey player Dhyanchand. 2. The scientist was honoured with the “Bharat Ratna”. | 1. स्टेडियम का नाम महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद के सम्मान में उनके नाम पर रखा गया। 2. वैज्ञानिक को "भारत रत्न" से सम्मानित किया गया। |
| 219. | honourable | (adj) -1. माननीय 2. **सम्मानजनक**, सम्मानपूर्ण | 1. The Honourable Members are requested to take their seats. 2. The officer retired after completing a long and honourable career in the Government Service. | 1. माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी सीटों पर बैठ जाएं। 2. अधिकारी सरकारी सेवा में एक लंबे और **सम्मानजनक** कैरियर पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। |
| 220. | honours | (n) - 1. सम्मान 2. (शिक्षा) प्रवीण | 1. The Soldiers body were buried with full military honours. 2. The candidate posses a Bachelor Degree with Honours. | 1. सैनिकों के पार्थिव शारीर को पूरे सैनिक सम्मान के साथ दफनाया गया। 2. उम्मीदवार के पास स्नातक प्रतिष्ठा की उपाधि है। |
| 221. | horizontal communication | (n) - समस्तरीय संप्रेषण | The horizontal communication should be maintained in order to ensure the updating of information. | जानकारी को अद्यतन बनाए रखने के लिए समस्तरीय संप्रेषण बरकरार रखना चाहिए। |
| 222. | horizontal filling system | (n) - पड़ी फाइल पद्धति | The horizontal filing system has been adopted in the office. | कार्यालय में पड़ी फाइल पद्धति अपनाई गई है। |
| 223. | horse trading | (n) - **खरीद-फरोख्त** | The Election Commission has raised objection regarding the practice of horse trading in the politics. | चुनाव आयोग ने राजनीति में **खरीद-फरोख्त** के चलन के बारे में आपत्ति उठाई है। |
| 224. | horticulture | (n)-1. बागवानी, उद्यान-कृषि 2. औद्यानिकी, उद्यानविज्ञान | The Horticulture Department looks after the maintenance of its parks. | बागवानी विभाग अपने उद्यानों का रखरखाव करता है। |
| 225. | hospitalize | (v) - **अस्पताल में भर्ती करवाना/करना** | Eight people were hospitalized after the road accident. | सड़क दुर्घटना के बाद आठ लोगों को **अस्पताल में भर्ती किया गया**। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 226. | hospitalization | (n) - अस्पताल में भर्ती होना/करना | The insurance company will bear the expense of hospitalization of its policy holders. | बीमा कंपनी अपने पॉलिसी धारकों के **अस्पताल में भर्ती** के दौरान होने वाले व्यय का वहन करेगी। |
| 227. | hospitality | (n) - आतिथ्य | The Rashtrapati Bhavan witnessed an evening of stimulating talk and warm hospitality. | राष्ट्रपति भवन उत्साहजनक बातचीत और सौहार्दपूर्ण आतिथ्य भरी शाम का गवाह रहा। |
| 228. | hospitality allowance | (n) - आतिथ्य भत्ता | The hospitality allowance will be paid on monthly basis. | आतिथ्य भत्ते का भुगतान मासिक आधार पर किया जाएगा। |
| 229. | hospital leave | (n) - **अस्पताल छुट्टी**, अस्पताली छुट्टी | The employee has been granted 15 days hospital leave. | कर्मचारी को 15 दिन की **अस्पताल छुट्टी** मंजूर की गई है। |
| 230. | host | (n) – 1. आतिथेय, मेजबान (v) – 2. **मेजबानी करना** | 1. Brazil has been chosen to be host of the 2016 Olympic games. 2. India is going to host the next World Cup. | 1. ब्राजील को 2016 ओलिंपिक खेलों का मेजबान चुना गया है। 2. भारत अगले विश्व कप की **मेजबानी करने** जा रहा है। |
| 231. | host computer | (n) - **मुख्य कंप्यूटर, होस्ट कंप्यूटर** | All the computers have been connected with the host computer via intra-net. | सभी कंप्यूटरों को इंट्रानेट के माध्यम से **मुख्य कंप्यूटर** के साथ जोड़ा गया है। |
| 232. | host country | (n) - **मेजबान देश** | The host country will be responsible for security and safety of the delegation of the member countries. | **मेजबान देश** सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा और संरक्षा के लिए जिम्मेदार होगा। |
| 233. | hostage | (n) - **बंधक** | The hijackers kept one passenger as a hostage. | अपहरणकर्ताओं ने एक यात्री को **बंधक** बना लिया। |
| 234. | hostage crisis | (n) - **बंधक संकट** | The hostage crisis was solved by the mediator. | मध्यस्थ ने **बंधक संकट** का हल निकाला। |
| 235. | hostel | (n)- छात्रावास, आवास, होस्टल | The trainees can stay at hostel on payment of prescribed charges. | प्रशिक्षणार्थी निर्धारित किराए का भुगतान कर छात्रावास में रह सकते हैं। |
| 236. | hostile | (adj) -1. विरोधी 2. शत्रुतापूर्ण | 1. One of the members was hostile to the proposal. 2. | 1. सदस्यों में से एक प्रस्ताव के विरोधी थे। 2. पड़ोसी देश ने धीरे- |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | The neighboring country has gradually relaxed its hostile attitude. | धीरे अपने शत्रुतापूर्ण रवैये को कम किया है। |
| 237. | hostile witness | (n)- **टूटा गवाह, पक्ष द्रोही साक्षी** | The advocate has questioned and cross-examined the hostile witness. | अधिवक्ता ने **टूटे गवाह** से पूछताछ और जिरह की\| |
| 238. | hostility | (n) - **शत्रुता** | Both sides wanted a cessation of hostility. | दोनों पक्ष **शत्रुता** की समाप्ति चाहते थे। |
| 239. | hours of business | (np) - **कारोबार समय** | No visitors are allowed in the bank after the hours of business. | **कारोबार समय** के बाद आगंतुकों को बैंक में आने की अनुमति नहीं है। |
| 240. | hours of employment | (np) – **कार्य समय**, काम के घंटे, कार्य घंटे | The hours of employment should not be more than eight hours. | **कार्य समय** आठ घंटे से अधिक नहीं होने चाहिए। |
| 241. | house arrest | (n) - **नजरबंद** | The political activist has been kept under house arrest for his violent activities. | राजनीतिक कार्यकर्ता को उसकी हिंसक गतिविधियों के कारण घर में **नजरबंद** रखा गया है। |
| 242. | house building advance | (n) - गृह निर्माण अग्रिम | The employee has applied for a house building advance. | कर्मचारी ने गृह निर्माण अग्रिम के लिए आवेदन किया है। |
| 243. | house journal | (n) - गृह पत्रिका | The house journal is being published regularly. | गृह पत्रिका नियमित रूप से प्रकाशित की जा रही है। |
| 244. | house keeping | (n) - गृह प्रबंधन | The house keeping should take care of the guests. | गृह प्रबंधन को मेहमानों का ध्यान रखना चाहिए। |
| 245. | house owner | (n) - मकान मालिक, गृह-स्वामी | The house owners need to submit their possession certificates by 30th April. | मकान मालिकों को 30 अप्रैल तक अपना कब्जा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। |
| 246. | house rent | (n) - मकान किराया | The receipts of house rent should be attached with the prescribed form. | मकान किराया की रसीदें निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए। |
| 247. | house rent allowance | (n) - मकान किराया भत्ता | The house rent allowance is applicable as per prescribed norms. | निर्धारित मानदंडों के अनुसार मकान किराया भत्ता लागू है। |
| 248. | house tax | (n) - गृहकर | The house tax should be deposited by 30th | 30 जून तक गृह कर जमा किया |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | June. | जाना चाहिए। |
| 249. | housing | (n) – आवास, आवासन | There is a shortage of affordable housing in the mega cities. | बड़े शहरों में किफायती आवास की कमी है। |
| 250. | housing complex | (n) - **आवासीय परिसर**, आवासीय संकुल | The Urban Development Ministry has moved a proposal of new housing complexes for the BPL families. | शहरी विकास मंत्रालय ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए नए **आवासीय परिसरों** का प्रस्ताव दिया है। |
| 251. | housing industry | (n) - **आवास उद्योग** | Now-a-days, the housing industry faces a slow down. | आजकल, **आवास उद्योग** में मंदी है। |
| 252. | housing loan | (n) - **आवास ऋण** | The rate of interest on housing loan has been increased by 0.25%. | **आवास ऋण** पर ब्याज की दर 0.25% बढ़ा दी गई है। |
| 253. | housing policy | (n) - **आवास नीति** | The committee has emphasized for formulation of new housing policy. | समिति ने नई **आवास नीति** तैयार करने पर बल दिया है। |
| 254. | housing project | (n) - **आवास परियोजना** | The DDA has launched new housing projects. | दिल्ली विकास प्राधिकरण ने नई **आवास परियोजनाएं** शुरू की है। |
| 255. | housing scheme | (n) - **आवास योजना** | The Urban Development Ministry has approved new housing schemes to cater the shortage of housing in urban areas. | शहरी विकास मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में आवास की कमी को पूरा करने के लिए नई **आवास योजना** को मंज़ूरी दी है। |
| 256. | housing society | (n) - आवास समिति | The DDA has allotted land to the registered housing societies. | दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पंजीकृत आवास समितियों को जमीन आबंटित की है। |
| 257. | hue and cry | (n) - हल्ला | A hue and cry went up from the striking union members. | यूनियन के हड़ताली सदस्यों ने हल्ला किया। |
| 258. | humane | (adj)-**मानवीय**, मानवोचित, सहृदय, सहृदयतापूर्ण | These regulations ensure the humane treatment of all war prisoners. | ये विनियम सभी युद्ध बंदियों के साथ **मानवीय** व्यवहार सुनिश्चित करते हैं। |
| 259. | humanitarian grounds | (n) - मानवीय आधार | The prisoner has appealed for his release on | कैदी ने मानवीय आधार पर अपनी रिहाई के लिए अपील की है। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | humanitarian ground. | |
| 260. | human activity | (n) - **मानव गतिविधि, मानव क्रियाकलाप** | The satellite image reveals some human activities in the disputed island. | उपग्रह से प्राप्त छवि विवादित द्वीप में कुछ **मानव गतिविधियों** को उजागर करती है। |
| 261. | human capital | (n) - **मानव पूंजी** | We have to ensure the development of our human capital through training to make them more competitive. | हमें प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी **मानव पूंजी** के विकास को सुनिश्चित करना होगा ताकि उन्हें और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। |
| 262. | human resource | (n) - **मानव संसाधन** | The company is keen to provide better opportunity to its human resource. | कंपनी अपने **मानव संसाधन** को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए उत्सुक है। |
| 263. | human resource development | (n)- **मानव संसाधन विकास** | The programme is focused on human resource development in rural areas. | यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में **मानव संसाधन विकास** पर केंद्रित है। |
| 264. | human resource management | (n) - मानव संसाधन प्रबंधन | The human resource management is a major issue of the discussion in the Board Meeting. | बोर्ड की बैठक में चर्चा का प्रमुख मुद्दा मानव संसाधन प्रबंधन है। |
| 265. | human rights | (n) - मानवाधिकार | The Human Rights Commission has blamed the police for violation of human rights. | मानवाधिकार आयोग ने मानव अधिकारों के उल्लंघन के लिए पुलिस को दोषी ठहराया है। |
| 266. | human rights activist | (n)- **मानवाधिकार कार्यकर्ता** | The human rights activists have organized a campaign to spread awareness about the fundamentals of human rights. | **मानवाधिकार कार्यकर्ताओं** ने मानव अधिकारों के बुनियादी उसूलों के बारे में जागरूकता फैलाने का अभियान चलाया है। |
| 267. | human trafficking | (n) - **मानव दुर्व्यापार** | The police have arrested two persons engaged in human trafficking. | पुलिस ने **मानव दुर्व्यापार** में लगे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। |
| 268. | humiliation | (n) - अपमान, अनादर | The police suffered public humiliations due to Nirbhaya incident. | पुलिस को निर्भया कांड की वजह से सार्वजनिक अपमान सहना पड़ा। |
| 269. | hunger strike | (n) - भूख हड़ताल | The protesters were on hunger strike for 5 | प्रदर्शनकारी 5 दिनों के लिए भूख हड़ताल पर थे। |

| S. No. | Words | Hindi Synonyms | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | days. | |
| 270. | hutment | (n) - **अस्थायी मकान**, अस्थायी इमारत | The office has been shifted to the hutment. | कार्यालय को **अस्थायी मकान** में स्थानांतरित किया गया है। |
| 271. | hygiene | (n) - 1. स्वास्थ्यकारिता 2. स्वास्थ्यविज्ञान | The Health Department has criticized poor hygiene standards in hospitals. | स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में खराब स्वास्थ्यकारिता मानकों की आलोचना की है। |
| 272. | hyperinflation | (n) - **अति मुद्रास्फीति** | The economists have expressed their concern over the hyperinflation. | अर्थशास्त्रियों ने **अति मुद्रास्फीति** पर अपनी चिंता व्यक्त की है। |
| 273. | hypothecation | (n) – मालबंधन, आडमान | The hypothecation of the property is being considered by the bank. | बैंक संपत्ति के माल्बंधन पर विचार कर रहा है। |
| 274. | hypothecator | (n) - **मालबंधन कर्ता** | The bank is the hypothecator for the repayment of the money borrowed by the company. | बैंक कंपनी द्वारा लिए गए उधार की अदायगी के लिए **मालबंधन कर्ता** है। |
| 275. | hypothesis | (n) – **परिकल्पना** | The report rejects the hypothesis about unemployment contributing to crime. | रिपोर्ट इस **परिकल्पना** को खारिज करती है कि बेरोजगारी अपराध के लिए जिम्मेदार है। |
| 276. | hygienic condition | (n) - स्वास्थ्यकर दशा या स्थिति | The Government has expressed concern over the poor hygienic condition of the slums. | सरकार ने झुग्गी बस्तियों की खराब स्वास्थ्यकर दशा पर चिंता व्यक्त की है। |

# I

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | idea | (n) -विचार | This is a good idea to disburse subsidy and scholarships through direct cash transfer in the account. | खाते में प्रत्यक्ष नकदी अंतरण के माध्यम से आर्थिक सहायता और छात्रवृत्ति वितरण का **विचार** अच्छा है। |
| 2. | ideal | (n) - 1. आदर्श (adj) - 2. आदर्श | 1. Mahatma Gandhi lived up to his high ideals of truth and non-violence. 2. The account Officer is the ideal candidate for the job. | 1. महात्मा गाँधी ने सत्य और अहिंसा के अपने उच्च **आदर्शों** के अनुसार जीवन जिया। 2. लेखा अधिकारी इस नौकरी के लिए **आदर्श** उम्मीदवार है। |
| 3. | identical | (adj) - एक जैसा,एक-सा, समरुप, समान | Both the parties have almost identical manifestos. | दोनों पार्टियों के घोषणा पत्र लगभग **एक जैसे** हैं। |
| 4. | identical case | (n) - **समान मामला, इसी तरह का मामला,** एक-सा मामला | The precedence of an identical case may be put in file. | **इसी तरह के मामले** का पूर्व उदाहरण फाइल में प्रस्तुत करें। |
| 5. | identical representation | (n) - समान अभ्यावेदन | This rule applies to all the identical representations. | यह नियम सभी **समान अभ्यावेदनों** पर लागू होता है। |
| 6. | identical scale (of pay) | (n) - समान वेतनमान | The $6^{th}$ pay commission has recommended for identical pay scales for same rank of employees. | छठे वेतन आयोग ने एक रैंक के कर्मचारियों के समान पद के लिए **समान वेतनमान** की सिफारिश की है। |
| 7. | identification | (n) - पहचान*, शिनाख्त* | The video footage of the incident has been seen for identification of the culprit. | अपराधी की **पहचान** के लिए घटना का वीडियो फुटेज देखा गया है। |
| 8. | identification mark | (n) - पहचान चिह्न, शिनाख्त चिह्न | The candidate should mention his two identification marks in the application. | उम्मीदवार आवेदन में अपने दो **पहचान चिह्नों** का उल्लेख करे। |
| 9. | identification number | (n) - पहचान-संख्या* | Each worker has been given one identification number. | प्रत्येक कामगार को एक **पहचान-संख्या** दी गई है। |
| 10. | identity | (n) - पहचान | The police are trying to discover the identity of the offender. | पुलिस अपराधी की **पहचान** करने की कोशिश कर रही है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 11. | identity card | (n) - पहचान-पत्र | The employee submitted the attested photocopy of his service identity card to get a SIM card. | कर्मचारी ने सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए अपने सेवा **पहचान-पत्र** की सत्यापित फोटोप्रति प्रस्तुत की। |
| 12. | identity certificate | (n) - पहचान प्रमाणपत्र | The Section Officer issued identity certificates to the employees on contract basis. | अनुभाग अधिकारी ने संविदा आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को **पहचान प्रमाणपत्र** जारी किया। |
| 13. | idle capacity | (n) - **बेकार क्षमता***, अप्रयुक्त क्षमता* | The Manager has motivated the workers to give their best reducing the idle capacity of the office. | प्रबंधक ने कामगारों को बेहतर से बेहतर काम करने के लिए प्रेरित कर कार्यालय की **बेकार क्षमता** को कम किया। |
| 14. | idle resources | (n) - **बेकार संसाधन**, अप्रयुक्त संसाधन | In the absence of adequate technology, vast deposits of thorium in India have been just idle resources. | समुचित प्रौद्योगिकी के आभाव में भारत में थोरियम के विशाल भंडार **बेकार संसाधन** के रूप में पड़े हुए हैं। |
| 15. | ignorance | (n) - **जानकारी न होना, नासमझी***, अनभिज्ञता* | Widespread ignorance of disease in poor countries makes the problem all the more serious. | गरीब देशों में इस बीमारी के प्रति व्यापक स्तर पर **जानकारी न होने** से समस्या और गंभीर हो गई है। |
| 16. | ignorance of law | (n) - **कानून की जानकारी न होना,** कानून की अनभिज्ञता, विधि की अनभिज्ञता* | Ignorance of law cannot be the pretext to get away from the punishment. | **कानून की जानकारी न होना** सजा से बचने का बहाना नहीं हो सकता। |
| 17. | ignore | (n) - उपेक्षा करना, नजरअंदाज करना | The employee deliberately ignored his duty. | कर्मचारी ने जानबूझ कर अपने कर्तव्य की **उपेक्षा की**। |
| 18. | illegal | (n) - **गैर- कानूनी,** अवैध | The builder's occupation on the land was illegal. | बिल्डर का भूमि पर कब्जा **गैर-कानूनी** था। |
| 19. | illegal construction | (n) - अवैध निर्माण | The state government took serious action against illegal construction. | राज्य सरकार ने **अवैध निर्माण** के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। |
| 20. | illegal gratification | (n) - **घूस,** अवैध परितोषण | The police booked the contractor for offering illegal gratification to the | पुलिस ने ठेकेदार पर इंजीनियर को **घूस** देने का मामला दर्ज किया। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | engineer. | |
| 21. | illegal immigrant | (n) - अवैध आप्रवासी | USA has taken up strong measures to check the illegal immigrants. | अमेरिका ने **अवैध आप्रवासियों** को देश में आने से रोकने के लिए कठोर उपाय किए हैं। |
| 22. | illegal operations | (n) - **गैर- कानूनी काम**,अवैध कार्य | The company has been booked for illegal operations. | **गैर-कानूनी काम** के लिए कम्पनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। |
| 23. | illegal practice | (n) - अवैध आचरण, अवैध कार्य-व्यवहार | The official was served on notice for illegal practice. | कर्मचारी को उसके **अवैध आचरण** के लिए नोटिस दिया गया। |
| 24. | illegal strike | (n.)**गैर-कानूनी हड़ताल***, अवैध हड़ताल* | The employees had to call off their illegal strike. | कर्मचारियों को अपनी **गैर-कानूनी हड़ताल** वापस लेनी पड़ी। |
| 25. | illegible | (adj) - **न पढ़ने लायक**, अपाठ्य | The old document was illegible. | पुराना दस्तावेज **पढ़ने लायक नहीं** था। |
| 26. | illegitimate | (adj) - 1. अवैध 2. अधर्मज (संतान) | 1. The election was dismissed as illegitimate by the opposition.<br>2. His illegitimate son could not be given shares in his property. | 1. विरोधी दल ने चुनाव को **अवैध** ठहराया। 2. उसके **अवैध** पुत्र को उसकी संपत्ति में हिस्सा नहीं दिया जा सका। |
| 27. | illegitimate action | (n) - **गैर- कानूनी कार्रवाई***, अवैध कार्रवाई* | The court took a strong note of the illegitimate action of the police. | न्यायालय ने पुलिस की **गैर-कानूनी कार्रवाई** को बहुत ही गंभीरता से लिया। |
| 28. | ill feeling | (n) - दुर्भावना* | The officer had done this act with ill feeling. | अधिकारी ने **दुर्भावना** से यह कार्य किया था। |
| 29. | illicit | (adj) - अवैध | The illicit affairs of the leader ruined his political career. | **अवैध** सम्बन्धों के कारण नेता का राजनैतिक भविष्य समाप्त हो गया। |
| 30. | illiteracy | (n) - निरक्षरता* | The developing countries have still high rates of illiteracy. | विकासशील देशों में **निरक्षरता** की दर अभी भी बहुत अधिक है। |
| 31. | ill-mannered(ill-behaved) | (adj) - अशिष्ट, बेअदब | The ill-mannered official was given a written warning by his immediate officer. | **अशिष्ट** कर्मचारी को उसके आसन्न अधिकारी द्वारा लिखित चेतावनी दी गई। |
| 32. | illogical | (adj) - तर्कहीन | All his opinions recorded in the file | फाइल में दर्ज उसके सारे विचार **तर्कहीन** हैं। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | are illogical. | |
| 33. | ill treatment | (n) - **बुरा बर्ताव,** दुर्व्यवहार | The officer was served on a show-cause for his ill-treatment with the subordinate staff. | अधिकारी को अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ **बुरा बर्ताव** करने के लिए कारण-बताओ नोटिस दिया गया। |
| 34. | illustrated | (adj) - 1. **उदाहरण के साथ,** सोदाहरण 2. सचित्र | 1 . The illustrated description of the case was quite convincing. | मामले का **उदाहरण के साथ** किया गया वर्णन पूर्णतः आश्वस्त करने वाला था। |
| 35. | illustration | (n) - 1. 2उदाहरण. चित्र, **सचित्र** | 1. The matter was presented with an illustration. 2. The presentation of the project was displayed with illustration. | 1.विषय को **उदाहरण** के साथ प्रस्तुत किया गया। 2. परियोजना का **सचित्र** प्रस्तुतीकरण किया गया । |
| 36. | ill will | (n) - **दुर्भावना,** वैमनस्य | The ill will of the members prevented them from reaching a consensus. | आपसी **दुर्भावना** के कारण सदस्यों में सहमति न हो सकी। |
| 37. | image | (n) - 1. छवि* 2. प्रतिमा* 3. प्रतिबिंब, छाया* | The advertisements are intended to improve the company's image. | इन विज्ञापनों का उद्देश्य कम्पनी की **छवि** में सुधार करना है। |
| 38. | imbalance | (n) - असंतुलन | Attempts are being made to redress the imbalance between our import and export figures. | हमारे देश के आयात और निर्यात के बीच का **असंतुलन** दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। |
| 39. | immaterial | (adj) - **तुच्छ**, **असार**, **नगण्य**, सारहीन, तत्वहीन | The cost of the work is immaterial. | कार्य की लागत **नगण्य** है। |
| 40. | immature | (adj) - अपरिपक्व | His immature decisions proved fatal to the party. | उसके **अपरिपक्व** निर्णय दल के लिए घातक सिद्ध हुए। |
| 41. | immediate | (adj) - 1. आसन्न 2. तत्काल | 1. He submitted his leave application to the immediate officer. 2. This order comes into force with immediate effect. | 1. उसने **आसन्न** अधिकारी को अपनी छुट्टी का आवेदन दिया। 2. यह आदेश **तत्काल** प्रभाव से लागू होता है। |
| 42. | immediate action | (n) - तत्काल कार्रवाई* | Immediate action may be taken in this regard. | इस संबंध में **तत्काल कार्रवाई** की जाए। |
| 43. | immediate employer | (n) - आसन्न | The No Objection Certificate may be | **आसन्न नियोक्ता** द्वारा |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | नियोक्ता | issued by the immediate employer. | अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया जाए। |
| 44. | immediately preceding | (adj) - ठीक पिछला, ठीक पहले | The report of the immediately preceding month may be submitted by the second week of the next month. | **ठीक पिछले** माह की रिपोर्ट अगले माह के दूसरे सप्ताह तक प्रस्तुत की जाए। |
| 45. | immediately preceding year | (n) - ठीक पिछला वर्ष | The expenditure of the immediately preceding year may be adjusted in the current year. | **ठीक पिछले वर्ष** के व्यय को अगले वर्ष में समायोजित किया जाए। |
| 46. | immediate officer | (n) - आसन्न अधिकारी | The annual confidential report may be submitted to the immediate officer by 15th April of the year. | वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट वर्तमान वर्ष के अप्रैल माह की पन्द्रह तारीख तक **आसन्न अधिकारी** को सौंप दी जाए। |
| 47. | immigrant | (n) - आप्रवासी | America has passed a new law checking the flow of immigrants. | अमेरिका ने **आप्रवासियों** को आने से रोकने के लिए नया कानून पारित किया है। |
| 48. | immigration authority | (n) - आप्रवास प्राधिकारी | The immigration authority has ensured strict regulation of immigration laws. | **आप्रवास प्राधिकारी** ने आप्रवास कानून का सख्ती से विनियमन सुनिश्चित किया है। |
| 49. | immigration clearance | (n) - आप्रवास अनापत्ति, आप्रवास अनुमति | The officer on tour to foreign countries has to take immigration clearance from the embassy. | विदेश यात्रा पर गए अधिकारी को राजदूतावास से **आप्रवास अनापत्ति** लेनी होती है। |
| 50. | immigration laws | (n) - **आप्रवास कानून**, आप्रवास विधि | The illegal immigrants were booked for breaking immigration laws. | **आप्रवास कानून** तोड़ने के कारण गैर-कानूनी आप्रवासियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। |
| 51. | immigration service | (n) - आप्रवास सेवा* | The employees were given immigration service by the concerned consulate. | कर्मचारियों को संबंधित कांसुलेट द्वारा **आप्रवास** सेवा दी गई। |
| 52. | immigration visa | (n) - आप्रवास वीज़ा | The person may contact the Indian embassy for an immigration visa. | **आप्रवास वीजा** के लिए भारतीय दूतावास से सम्पर्क करें। |
| 53. | immoral | (adj) - अनैतिक | It is an immoral act not to provide relief | पीड़ितों को समय पर राहत नहीं पहुँचाना एक **अनैतिक** कार्य है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | to the victims in time. | |
| 54. | immoral act | (n) - अनैतिक कार्य | The officer was given written warning for his immoral act. | कर्मचारी को उसके **अनैतिक कार्य** के लिए लिखित चेतावनी दी गई। |
| 55. | immovable | (adj) - अचल | The government officials may mention their immovable property in their APRs. | सरकारी कर्मचारी अपने ए.पी.आर. में अपनी **अचल** सम्पत्ति का ब्योरा दें। |
| 56. | immovable property | (n) - अचल संपत्ति* | It is mandatory to inform the office about the purchase of the immovable property. | **अचल सम्पत्ति** के क्रय के संबंध में कार्यालय को सूचित करना अनिवार्य है। |
| 57. | immune | (adj) - 1. **मुक्त,** उन्मुक्त, 2. **रक्षित, बेअसर,** प्रतिरक्षित (रोग से) | 1. The diplomats are immune to arrest in the foreign country. 2. The virus has got immune to the antibiotics. | 1. विदेश में राजनयिक गिरफ्तारी से **मुक्त** हैं। 2. यह वाइरस जीवरोधी (एंटीबायोटिक) दवाओं से **बेअसर** हो चुका है। |
| 58. | immunity | (n) - 1. उन्मुक्ति*, 2. प्रतिरक्षा* (रोग से) | 1. The MPs have got immunity in the house to the arrest warrant. 2. The BCG vaccine provides immunity in children with the disease. | 1. सांसदों को गिरफ्तारी के वारंट से सदन में **उन्मुक्ति** प्राप्त है। 2. बी.सी.जी. टीका बच्चों को रोग से **प्रतिरक्षा** प्रदान करता है। |
| 59. | impact | (n) - प्रभाव | The impact of the scheme is quite perceptible. | योजना का **प्रभाव** बिल्कुल स्पष्ट है। |
| 60. | impartial | (adj) - निष्पक्ष | The judgment of CAT was quiet impartial in nature. | कैट का निर्णय बिल्कुल **निष्पक्ष** था। |
| 61. | impartiality | (n) - निष्पक्षता* | The officer's impartiality and cordial nature made him popular with the employees. | अधिकारी अपनी **निष्पक्षता** और सौहार्दपूर्ण प्रकृति के कारण कर्मचारियों में लोकप्रिय हो गया। |
| 62. | impartial judgement | (n) - निष्पक्ष निर्णय | The Judges are expected to give impartial judgment. | न्यायाधीशों से **निष्पक्ष निर्णय** की उम्मीद है। |
| 63. | impeachment | (n) - महाभियोग | The vice-president may be removed only by impeachment. | उपराष्ट्रपति को केवल **महाभियोग** द्वारा हटाया जा सकता है। |
| 64. | impediment | (n) - अड़चन*, | The scheme was | योजना बिना किसी **बाधा** के |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | बाधा* | implemented without any impediment. | लागू की गई। |
| 65. | imperative | (adj) - **निहायत जरूरी, अनिवार्य,** लाजिमी | It is quite imperative that the report may be submitted in time. | समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना **निहायत जरूरी** है। |
| 66. | impersonation | (n) - **फर्जी शख्सीयत,** प्रतिरूपण | It was a clear case of impersonation. | यह स्पष्ट रुप से **फर्जी शख्सीयत** का मामला था। |
| 67. | implement | (v) - **लागू करना,** कार्यान्वित करना, परिपालन करना | The scheme was implemented successfully. | योजना सफलता पूर्वक **लागू की** गई। |
| 68. | implementation | (n) - **लागू किया जाना,** कार्यानवयन, परिपालन | With successful implementation of the scheme, the conditions of the poor had improved. | योजना को सफलता पूर्वक **लागू किए जाने** के कारण गरीबों की स्थिति में सुधार हुआ। |
| 69. | implicate | (v) - फंसाना | It is clear that the innocent person has been implicated in the case. | यह स्पष्ट है कि निर्दोष व्यक्ति को इस मामले में **फंसाया** गया है। |
| 70. | implication | 1. (n) - निहितार्थ 2. पहलू | 1. The officer took note of different implications of the decision. 2. The implication of the statement is quite explicit. | 1. अधिकारी ने फैसले के अलग-अलग **पहलुओं** का जायजा लिया। 2. बयान का **निहितार्थ** काफी स्पष्ट है। |
| 71. | implicit | (adj) - निहित, अंतर्निहित | This fact was implicit in the statement of the applicant. | यह तथ्य प्रार्थी के बयान में **निहित** था। |
| 72. | implied | (adj) - निहित | It was implied in his reply that the employee would carry out the job. | कर्मचारी के उत्तर में यह **निहित** था कि वह अपना काम करेगा। |
| 73. | implied consent | (n) - निहित सहमति* | The officer gave his implied consent to help in the case. | अधिकारी ने मामले में मदद करने के लिए अपनी **निहित सहमति** दे दी । |
| 74. | import | (n) - 1. आयात 2. **अर्थ,** अभिप्राय | 1. The government wants to control import so as to regulate the prices. 2. It is not difficult to understand the full import of this statement. | 1. सरकार कीमतों को विनियमित करने के लिए **आयात** पर नियंत्रण करना चाहती है। 2. इस बयान का पूरा **अर्थ** समझना मुश्किल नहीं है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 75. | important | (adj) - महत्वपूर्ण | It is important to accomplish the task in time. | यह कार्य समय पर पूरा करना **महत्वपूर्ण** है। |
| 76. | imported stores | (n) - आयातित माल | The imported stores were kept in the warehouse near the port. | **आयातित माल** बंदरगाह के पास गोदाम में रखा गया था। |
| 77. | importer | (n) - आयातक | The importer has to pay the custom duties as applicable. | **आयातक** को यथा लागू सीमा-शुल्क का भुगतान करना है। |
| 78. | import licence | (n) - आयात लाइसेंस | The import licenses were issued to the bonafide importers. | वास्तविक आयातकों को **आयात लाइसेंस** जारी किए गए। |
| 79. | impose | (v) - **लगाना,** अधिरोपित करना | The curfew has been imposed in the disturbed area. | अशांत क्षेत्र में कर्फ्यू **लगाया गया** है। |
| 80. | imposition | (n) - **लगाना**, अधिरोपण | Imposition of new tax on fuel has come into force with immediate effect. | ईंधन पर **लगाया गया** नया कर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। |
| 81. | impost | (n) - **चुंगी***, महसूल | The traders have to pay imposts as per the rules. | व्यापारियों द्वारा नियमानुसार **चुंगी** देय है। |
| 82. | impound | (v) - **जब्त करना, कुर्क करना,** परिबद्ध करना | The police impounded the car just after the accident. | पुलिस ने दुर्घटना के तुरंत बाद कार को **जब्त कर** लिया। |
| 83. | impounding authority | (n) - **जब्ती अधिकारी,** परिबंधन प्राधिकारी | The impounding authority acted on the order of the court. | **जब्ती अधिकारी ने** अदालत के आदेश पर काम किया। |
| 84. | impracticable | (adj) - अव्यावहारिक | It is impracticable for each member to be consulted on every occasion. | हर अवसर पर प्रत्येक सदस्य के साथ परामर्श किया जाना **अव्यावहारिक** है। |
| 85. | impression | (n) - 1. प्रभाव 2. छाप* | 1. The trainer made a good impression on the trainees. 2. The police took the impressions of fingerprints of the culprit. | 1. ट्रेनर ने प्रशिक्षुओं पर अच्छा **प्रभाव** डाला 2. पुलिस ने अपराधी की उंगलियों के **छाप** ली। |
| 86. | impressive | (adj) - **प्रभावशाली,** प्रभावोत्पादक | The performance of the team was quite impressive. | उनका प्रदर्शन काफी **प्रभावशाली** था। |
| 87. | imprest | (n) - **पेशगी***, अग्रदाय* | A permanent imprest is kept in the office to | कार्यालय में आकस्मिक जरुरतों को पूरा करना के लिए स्थायी |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | meet the exigencies. | **अग्रदाय** रखा जाता है। |
| 88. | imprest account | (n) - अग्रदाय लेखा | The DDO has to maintain the imprest account. | डीडीओ को **अग्रदाय लेखा** का रखरखाव करना होता है। |
| 89. | imprest amount | (n) - अग्रदाय राशि* | A permanent imprest amount is kept in every office to meet the exigencies in the office. | प्रत्येक कार्यालय में आकस्मिक जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थायी **अग्रदाय राशि** रखा जाता है। |
| 90. | imprest holder | (n) - अग्रदायधारी- | The commercial officer is the imprest holder of the office. | वाणिज्य अधिकारी कार्यालय के **अग्रदाय-धारी हैं**। |
| 91. | imprisonment | (n) - कारावास | The convict was given five years imprisonment. | अपराधी को पांच साल के **कारावास** की सजा दी गई। |
| 92. | improper | (adj) - अनुचित | The act of the official was improper and against the rules. | कर्मचारी का कार्य **अनुचित** और नियम विरुद्ध था। |
| 93. | improve | (v) - 1. सुधार करना, सुधारना 2. समुन्नत करना | 1. The official was advised to improve his performance. 2. He has improved his grade by performing well. | 1. कर्मचारी को अपने निष्पादन में **सुधार** लाने की सलाह दी गई। 2. उसने अच्छा निष्पादन करके अपने ग्रेड में **सुधार** किया है। |
| 94. | improvement | (n) - 1. सुधार 2. समुन्नति* | 1. There is still a liitle scope of improvement in the performance. 2. The officer was deeply impressed with the improvement of his subordinate. | 1. निष्पादन में अभी **सुधार** की कुछ गुंजाइश भी है। 2. अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारी की **समुन्नति** से काफी प्रभावित हुए। |
| 95. | improver | (n) - **सुधारक,** सुधार प्रवण | The role of the improvers in ameliorating the condition of the poor has been appreciated. | गरीबों की हालत में सुधार करने के काम में **सुधारकों** के योगदान की सराहना की गई है। |
| 96. | improvisation | (n) - कामचलाऊ व्यवस्था, तात्कालिक, व्यवस्था | The office has done some improvisations in accomplishing the task in time. | कार्यालय ने कार्य को समय पर पूरा करने के लिए कुछ **कामचलाऊ** व्यवस्था की है। |
| 97. | improvise | (v). काम चलाना, तात्कालिक व्यवस्था करना | The officer improvised in such a way as was useful to get the work done in time. | अधिकारी ने काम को समय के भीतर पूरा करने के लिए **तात्कालिक** व्यवस्था की। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 98. | improvised device | (n) - जुगत* | In the absence of modern technology, Indian farmers use improvised device in farming. | आधुनिक तकनीक के अभाव में भारतीय किसान खेती के काम में **जुगत** लगाते हैं। |
| 99. | imputation | (n) - **आरोप,** लांछन, अभ्यारोपण | The official vehemently denied all imputations. | कर्मचारी ने सभी **आरोपों** से जोरदार ढंग से इनकार किया। |
| 100. | impute | (v) - ,लांछन लगाना अभ्यारोपित करना | The officer was imputed with false charges. | अधिकारी पर झूठे आरोप **अभ्यारोपित किए** गए। |
| 101. | in abeyance | (adv) - **स्थगित,** प्रास्थगित | The matter was kept in abeyance. | मामले को **स्थगित** रखा गया । |
| 102. | inability | (n) - अयोग्यता*, असमर्थता* | The inability of the district administration in providing relief in time to the affected people aggravated the situation all the more. | पीड़ितों को समय पर राहत मुहैया कराने में जिला प्रशासन की **असमर्थता** के कारण परिस्थिति और भी गंभीर हो गई। |
| 103. | inaccessible | (adj) - 1**. पहुँच से बाहर, अगम**, दुर्गम, पहुंच से परे, अगम्य 2. **अनुपलब्ध (उपलब्ध नहीं),** अप्राप्य | 1. Due to heavy flood, relief materials could not be provided to people in inaccessible areas. 2. Internet facility is still inaccessible to the majority of the population. | 1. बाढ की गंभीर समस्या के कारण, **अगम** क्षेत्रों में लोगों तक राहत सामग्री नहीं पहुंचाई जा सकी। 2. आबादी के अधिकांश भाग के लिए अभी भी इंटरनेट सुविधा **उपलब्ध नहीं** है। |
| 104. | inadmissible | (adj) - अस्वीकार्य (**स्वीकार्य नहीं**), अग्राह्य | The Children Education Allowance is inadmissible to more than two children. | संतान शिक्षा भत्ता दो से अधिक बच्चों के लिए **स्वीकार्य नहीं** है। |
| 105. | in advance | (adv) - पहले से, अग्रिम रूप से | The payment was made in advance. | भुगतान **अग्रिम रूप से** किया गया था । |
| 106. | inadvertence | (n) - **भूल***, असावधानी*, अनवधानता* | Due to inadvertence of the clerk the name of one successful candidate was misspelled on the final list. | लिपिक की **भूल** के कारण अंतिम सूची में एक सफल उम्मीदवार का नाम गलत लिखा गया था। |
| 107. | Inadvertent | (adj) - **असावधान, अनवधान** | On account of inadvertent omission of the surname of the official, the payment of the bill was | एक **अनवधान** चूक के कारण अधिकारी का उपनाम छूट जाने की वजह से बिल का भुगतान रोक दिया गया। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | withheld. | |
| 108. | inadvertently | (adv) - **भूलवश,** असावधानी से, अनवधानता से | The clerk in the Despatch Section sent the letter inadvertently leaving the enclosure behind. | प्रेषण अनुभाग के लिपिक ने **भूलवश** बिना संलग्नक के ही पत्र भेजा दिया। |
| 109. | inapplicable | (adj) - **लागू नहीं, लागू न होने वाला, लागू न होने योग्य,** अप्रयोज्य | The rule is inapplicable to the foreign service. | यह नियम विभागेत्तर सेवा पर **लागू नहीं** है। |
| 110. | inauguration | (n) - उद्घाटन | After the inauguration of the Three months Translation Training programme, the trainees were briefed about the course. | त्रैमासिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के **उद्घाटन** के बाद, प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्यक्रम के विषय में बताया गया। |
| 111. | incapacitated | (adj) - 1. अक्षम 2. अशक्त | 1. The scheme helped out the industrial units, which were incapacitated by lack of capital 2. The official took voluntary retirement after being incapacitated by sickness. | 1. इस योजना ने पूंजी की कमी के कारण **अक्षम** औद्योगिक इकाइयों की मदद की। 2. कर्मचारी ने बीमारी के कारण **अशक्त** होने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। |
| 112. | in camera | (adv) - बंद कमरे में | The disciplinary proceedings of the case were held in camera. | मामले से संबंधित अनुशासनात्मक कार्यवाही बंद कमरे में आयोजित की गई। |
| 113. | incentive | (n) - 1. **राहत, रियायत** 2. **प्रोत्साहन** (adj) - 3. प्रोत्साहक | 1. The Manager announced incentives for the workers. 2. The small and medium scale industries have been hugely benefited by these incentive schemes. | 1. प्रबंधक ने श्रमिकों के लिए **प्रोत्साहन** की घोषणा की। 2. लघु और मध्यम उद्योगों को इन **प्रोत्साहक** योजनाओं से बड़ा लाभ मिला है। |
| 114. | incentive bonus | (n) - प्रोत्साहन बोनस | The Management has decided to announce incentive bonus for the hard working employees. | प्रबंधन ने परिश्रमी कर्मचारियों के लिए **प्रोत्साहन बोनस** की घोषणा करने का निर्णय लिया है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 115. | incidence of pension | (n) - पेंशनभार | The Ministry of Finance has earmarked the amount to be paid as the incidence of Pension in the current financial year. | वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में **पेंशनभार** के रूप में भुगतान की जाने वाली राशि के लिए निधि चिह्नित की है। |
| 116. | incidental | (adj) - 1. **संबंधित, जुड़ा हुआ,** प्रासंगिक (adv) - 2. **प्रसंगवश, संयोगवश, संयोग से, अनुषंगिक, आकस्मिक** | 1. The road will bring other incidental advantages also. 2. The discussion on this point was just incidental as it was not on the agenda of the meeting. | 1. सड़क से अन्य **संबंधित लाभ** भी प्रप्त होंगे। 2. यह मुद्दा बैठक के कार्यवृत में नहीं था, अतएव इस पर चर्चा सिर्फ **प्रसंगवश** हुई। |
| 117. | incidental charges | (n) - **आकस्मिक शुल्क**, **आनुषंगिक प्रभार**, प्रासंगिक शुल्क | While on tour, the officer has to pay the incidental charges, such as taxi fare personally in the absence of the office vehicle. | अधिकारी को दौरे पर कार्यालय-वाहन के अभाव में टैक्सी किराया जैसे **आकस्मिक शुल्कों** का भुगतान स्वयं करना होगा। |
| 118. | incidental order | (n) - **संबंधित आदेश,** प्रासंगिक आदेश | In an incidental order CAT has directed the department to finalize the seniority list of the LDCs. | एक **संबंधित आदेश** में कैट ने विभाग को अवर श्रेणी लिपिकों की वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप देने का निदेश दिया है। |
| 119. | incite | (v) - भड़काना, उकसाना, उद्दीप्त करना (विधि) | The persons accused of inciting the crowds for violence were arrested. | हिंसा के लिए भीड़ को उकसाने के आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। |
| 120. | inclination | (n) - झुकाव, रुझान, प्रवृति* | Some analysts say that the American foreign policy has an inclination to Isareal in the Middle East. | कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी विदेश नीति का मध्य पूर्व में इजराइल के प्रति झुकाव है। |
| 121. | inclusion | (n) - समावेश | With inclusion of three more regional languages in the eight schedule of the Constitution, the total number of the schedule languages has gone to 22. | संविधान की आठवीं अनुसूची में तीन और क्षेत्रीय भाषाओं के समावेश से अनुसूचित भाषाओं की कुल संख्या 22 हो गई हैं। |
| 122. | inclusive charge | (n) - **सर्वसमावेशी प्रभार**, समावेशी | The official shall get the refund of transportation cost | कर्मचारी को स्थानांतरण पर अपने निजी सामान को भेजने के लिए |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रभार | with all inclusive charges for sending his personal effects on transfer. | परिवहन लागत के साथ संपूर्ण समावेशी प्रभार की प्रतिपूर्ति की जाएगी। |
| 123. | incognito | (adj) - 1. **गुप्त,** अज्ञात (adv) - 2. गुप्त रूप से | 1. The incognito visit of the police inspector left the absconding accused surprised. 2. To escape from the British, Shubhashji left the country incognito. | 1. पुलिस निरीक्षक के **गुप्त** दौरे से फरार अपराधी हैरान रह गया। 2. अंग्रेजों से बच निकलने के लिए शुभाषजी ने गुप्त रूप से देश छोड़ दिया। |
| 124. | income | (n) - आय | The particulars of the annual income of the government servant may be recorded in the Form 16. | सरकारी कर्मचारी की वार्षिक आय के विवरण फार्म-16 में दर्ज किए जाएं। |
| 125. | income tax | (n) - आय कर | The income tax of the official may be deducted from the monthly salary. | कर्मचारी के आयकर की कटौती मासिक वेतन से की जाए। |
| 126. | Income tax clearance | (n) - **आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र**, आय कर बेबाकी प्रमाणपत्र | The income tax clearance may be issued to the officials, who are not liable to pay income tax as per the Form 16. | फार्म 16 के अनुसार, जो कर्मचारी आयकर के भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, उसे **आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र** जारी किया जा सकता है। |
| 127. | Income tax return | (n) - आयकर विवरणी | The income tax return may be filed online also. | आय कर रिटर्न ऑनलाइन भी फाइल किया जा सकता है। |
| 128. | incoming | (adj) - 1. **आनेवाला,** आवक 2. **आगत,** आगंता | 1. The incoming letter may be sent first to the receipt and despatch section. 2. The incoming Manager is to take over the charge today. | **आनेवाला** पत्र पहले प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग को भेजा जाए। 2. **आगत** प्रबंधक आज कार्यभार ग्रहण करने वाले हैं। |
| 129. | incompatible | (n) - **असंगत,** बेमेल | New computer softwares have been found incompatible with the old computers. | नए कंप्यूटर सॉफ्टवेयर पुराने कंप्यूटर के साथ **असंगत** पाए गए हैं। |
| 130. | incompetency | (n) - अक्षमता | The incompetency of the Manager led this company to a loss. | प्रबंधक की **अक्षमता** के कारण इस कंपनी को नुकसान हुआ। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 131. | incomplete | (adj) - अपूर्ण, अधूरा | The incomplete application shall be summarily rejected. | **अपूर्ण** आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। |
| 132. | inconclusive | (adj) - **परिणाम नहीं निकलना, निर्णय नहीं निकलना, बेनतीजा,** अनिर्णीत, अनिर्णायक | The research has so far proved inconclusive. | अनुसंधान अब तक **अनिर्णीत** रहा है। |
| 133. | incongruous | (adj) - असंगत, बेतुका | In this technical age, traditional methods of keeping accounts are incongruous. | इस तकनीकी युग में लेखा अनुरक्षण के पारंपरिक तरीके **असंगत** हो चुके हैं। |
| 134. | inconsistency | (n) - **विसंगति,** असंगति | The court has asked to investigate the alleged inconsistencies in the evidence. | अदालत ने साक्ष्य में कथित **विसंगतियों** की जांच करने का आदेश दिया है। |
| 135. | inconvenience | (n) - असुविधा | The inconvenience caused to you is regretted. | **असुविधा** के लिए खेद है। |
| 136. | incorporated | (adj) - 1. **शामिल,** समाविष्ट, सम्मिलित 2. निगमित | 1. The new sections have been incorporated in the act. 2. The company has now been incorporated. | 1. अधिनियम में नई धाराएं **शामिल** की गई हैं। 2. कंपनी अब **निगमित** हो चुकी है। |
| 137. | incorrect | (adj) - गलत, अशुद्ध | There will be minus marking for incorrect answers. | **गलत** जवाब के लिए अंक कटेंगे। |
| 138. | incredible | (adj) - **अतुल्य,** अविश्वसनीय | The advertisement of incredible India has attracted the foreign tourists on a large scale. | **अतुल्य** भारत के विज्ञापन ने विदेशी पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया है। |
| 139. | increment | (n) - वेतनवृद्धि | The annual increment is given in the month of July. | वार्षिक **वेतन वृद्धि** जुलाई के महीने में दी जाती है। |
| 140. | increment Certificate | (n) - वेतनवृद्धि प्रमाणपत्र | The increment certificate may be issued and a copy of the same may be enclosed in the personal file of the official. | **वेतनवृद्धि प्रमाणपत्र** जारी कर उसकी एक प्रति कर्मचारी की निजी फाइल में संलग्न की जाए। |
| 141. | incriminate | (v) - अपराध में | There was not | अधिकारी को **अपराध में फंसाने** |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | फंसाना | enough evidence to incriminate the official. | के लिए पर्याप्त सबूत नहीं था। |
| 142. | incumbent | (n) - 1. पदधारी, पदस्थ, **2. जिम्मेदारी*, उत्तरदायित्व, कर्तव्य** (adj) - 2. **वर्तमान (पदधारी), पदधारी, पदस्थ** | 1. It is incumbent upon all the employees to raise the production of the company. 2. The incumbent Manager must have specialization in IT. | 1. कंपनी का उत्पादन बढ़ाने की **जिम्मेदारी** सभी कर्मचारियों की है। 2. **पदस्थ** प्रबंधक के लिए आई. टी. में विशेषज्ञता अनिवार्य है। |
| 143. | incumbrance | (n) - 1. **बाधा** 2. **ऋणभार, विलंगम** भार, | 1. The old equipments in the office are a great incumbrance in efficient discharge of duties. 2. The property should be free from incumberance. | 1. कार्यालय में उपकरणों का पुराना होना क्षमतापूर्वक कार्य निष्पादन में एक बड़ी **बाधा** है। 2. संपत्ति **ऋणभार** से मुक्त होनी चाहिए। |
| 144. | indebtedness | (n) - कर्जदार होना/रहना, ऋणग्रस्तता* | The official's habitual indebtedness has seriously affected his work. | कर्मचारी की **कर्जदार रहने** की आदत से उसका कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। |
| 145. | indefinite | (adj) - **अनिश्चित, अनियत, तय नहीं** | Officer gave indefinite answer. | अधिकारी ने **अनिश्चित** जवाब दिया। |
| 146. | indefinite period | (n) - **अनिश्चित समय, अनिश्चित काल,** अनिश्चित अवधि | The curfew has been enforced in the disturbed area for an indefinite period. | अशांत क्षेत्र में **अनिश्चित काल** के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। |
| 147. | indemnify | (n) - **भरपाई करना,** क्षतिपूर्ति करना | The contract indemnifies the clients against loss of earnings. | अनुबंध में ग्राहकों को आय की हानि के प्रति **भरपाई करने** की व्यवस्था है। |
| 148. | indemnity bond | (n) - क्षतिपूर्ति बंधपत्र , क्षतिपूर्ति बांड | The customer has to give the indemnity bond while applying for a loan. | ग्राहक को ऋण के लिए आवेदन देते समय **क्षतिपूर्ति बांड** भरना पड़ता है। |
| 149. | indent | (n) - मांगपत्र, इन्डेन्ट | The stationery needed for the section may be mentioned in the indent. | **मांगपत्र में** अनुभाग के लिए आवश्यक लेखन सामग्री का उल्लेख किया जाए। |
| 150. | indenture | (n) - 1. **अनुबंध** , करार 2. विलेख 3. | The apprentice signed an indenture to work with the employer for | प्रशिक्षु ने नियोक्ता के साथ कम से कम दो साल तक काम करने के |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | दस्तावेज | at least two years. | **अनुबंध** पर हस्ताक्षर किए। |
| 151. | independent note | (n) - **स्वतंत्र नोट,** स्वतंत्र टिप्पणी | In an independent note, the officer explained the reasons for approval of the file. | अधिकारी ने फाइल के अनुमोदन के कारणों का एक **स्वतंत्र टिप्पणी** में उल्लेख किया। |
| 152. | index | (n) - 1. सूचक 2. सूचकांक 3. **विषयसूची,** अनुक्रमणिका (v) - 4. **सूची, अनुक्रमणिका बनाना** | 1. The number of new houses being built is a good index of a country's prosperity.2. The Dow Jones index fell 20 points this morning. 3. The title of the chapter dealing with LTC tour may be seen in the index of the book. 4. New materials for translation is scanned, indexed and stored electronically. | 1. किसी देश में बनाए जा रहे नए मकानों की संख्या उसकी समृद्धि का एक अच्छा **सूचक** है। 2. डाओ जोन्स **सूचकांक** आज सुबह 20 अंक गिर गया । 3. एलटीसी दौरे से संबंधित अध्याय का नाम नियम पुस्तक की **विषय-सूची** में देखा जा सकता है । 4. अनुवाद के लिए नई सामग्री को स्कैन और **सूचीबद्ध कर** उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सहेज कर रखा गया है। |
| 153. | indexing | (n) - सूची बनाना, अनुक्रमणिका बनाना | After indexing of the vast record of National Archive, it is accessible to researchers. | राष्ट्रीय संग्रहालय के विशाल अभिलेख **सूची बनाने** के बाद शोधकर्ताओं के लिए सुलभ हो गए हैं। |
| 154. | indication | (n) - **सूचक, प्रतीक** सूचना, संकेत | All the indications are that the country may get reasonable support from abroad on the issue of terrorism. | इसके सभी संकेत हैं कि देश को आतंकवाद के मुद्दे पर विदेशों से उचित समर्थन मिलेंगे । |
| 155. | indictment | (n) - अभ्यारोपण | The poverty in our cities is a damning indictment of modern society. | हमारे शहरों में गरीबी आधुनिक समाज पर एक गंभीर **अभ्यारोपण** है। |
| 156. | indifferent attitude | (n) - उपेक्षापूर्ण रुख, उदासीन अभिवृत्ति | The officer's indifferent attitude has hampered the progress of the work. | अधिकारी के उदासीन रुख के कारण काम की प्रगति में बाधा आई है। |
| 157. | indigenous stores | (n) - देशी माल, देशी सामान | The prices of indigenous stores may go up due to inflation. | मुद्रास्फीति की वजह से देशी माल की कीमतों में उछाल आ सकता है। |
| 158. | indirect | (adj) - अप्रत्यक्ष, | Our economy is | विश्व अर्थव्यवस्था में मंदी का |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | परोक्ष | feeling the indirect effects of the recession in the world economy. | अप्रत्यक्ष प्रभाव हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। |
| 159. | indirect tax | (n) - अप्रत्यक्ष कर | The government has earned more money from indirect taxes this year in comparison to that of the last year. | सरकार ने पिछले साल की तुलना में इस साल अप्रत्यक्ष करों से अधिक धन अर्जित किया है। |
| 160. | indiscipline | (n) - अनुशासनहीनता | The official was served a show - cause notice for indiscipline. | कर्मचारी को अनुशासनहीनता के लिए कारण-बताओ नोटिस दिया गया। |
| 161. | indiscretion | (n) - अविवेक | Due to the indiscretion of the officer, the report was leaked before publication. | अधिकारी के अविवेक के कारण रिपोर्ट प्रकाशन से पहले ही लीक हो गई। |
| 162. | indisputable | (adj) - **कोई विवाद नहीं होना**, **बिना विवाद के, विवाद रहित**, निर्विवाद, अविवाद्य | It is indisputable that the crime rate has been rising in the city. | इस में **कोई विवाद नहीं** है कि शहर में अपराध दर बढ़ गई है। |
| 163. | indistinct | (adj) - अस्पष्ट | The writing in the file is indistinct. | फाइल में लिखावट अस्पष्ट है। |
| 164. | individual | (n) - 1. व्यक्ति, व्यष्टि (adj) - 2. **निजी**, व्यक्तिगत | 1. The organization's reputation was ruined by the bad behaviour of a few individuals. 2. The minister refused to comment on individual cases. | 1. संघठन की प्रतिष्ठा पर कुछ **व्यक्तियों** के बुरे व्यवहार से आंच आई है। 2. मंत्री ने **निजी** मामलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। |
| 165. | individually | (adv) - अलग-अलग, व्यक्तिशः | The Manager spoke to all the members of the Executive Committee of the Employees union individually. | प्रबंधक ने कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से **अलग-अलग** बात की। |
| 166. | indoor patient | (n) - **आवासी रोगी**, भर्ती रोगी | The official was treated as an indoor patient in the hospital. | अस्पताल में कर्मचारी का इलाज **आवासी रोगी** के रुप में किया गया। |
| 167. | Induction | (n) - **शामिल होना, शामिल करना, प्रवेश,** | With the induction of the new members in | समिति में नए सदस्यों के **शामिल होने** के बाद इसे इस मामले का |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | समावेश, प्रवेशन | the committee, it has got much needed expertise to study the case. | अध्ययन करने के लिए अति आवश्यक विशेषज्ञता मिली है। |
| 168. | induction course | (n) - प्रवेश पाठ्यक्रम | The trainer briefed about the Induction course. | प्रशिक्षक ने **प्रवेश पाठ्यक्रम** के बारे में जानकारी दी। |
| 169. | industrial accident | (n) - औद्योगिक दुर्घटना* | The rate of industrial accident is much higher in the developing countries. | विकासशील देशों में **औद्योगिक दुर्घटना** की दर बहुत अधिक है। |
| 170. | industrial capacity | (n) - औद्योगिक क्षमता* | The industrial capacity of the nation denotes its economic development. | देश की **औद्योगिक क्षमता** उसके आर्थिक विकास को दर्शाती है। |
| 171. | industrial dispute | (n) - औद्योगिक विवाद | The industrial dispute between the two companies reached the court. | दोनों कंपनियों के बीच का **औद्योगिक विवाद** अदालत तक पहुंचा। |
| 172. | industrialization | (n) - औद्योगिकीकरण, **उद्योगिक** | The country needs a huge Foreign Direct Investment (FDI) for rapid industrialization. | देश को तीव्र **औद्योगीकरण** के लिए बड़ी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की जरूरत है। |
| 173. | industrial strategy | (n) - औद्योगिक कार्यनीति | The new industrial strategy has helped India achieve high growth rate. | नई **औद्योगिक कार्यनीति** से भारत को उच्च विकास दर प्राप्त करने में मदद मिली है। |
| 174. | industrious | (adj) - **परिश्रमी**, अध्यवसायी | The official is industrious and devoted to his duty. | कर्मचारी **परिश्रमी** और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित है। |
| 175. | industry | (n) - 1. उद्योग 2. अध्यवसाय | The government has introduced a new scheme to help the small scale industry. | सरकार ने लघु उद्योग की मदद के लिए एक नई योजना शुरू की है। |
| 176. | ineffective | (adj) - **प्रभावहीन**, निष्प्रभावी, अप्रभावी | The new laws proved ineffective in dealing with the problems. | नए कानून इन समस्याओं से निपटने में **प्रभावहीन** साबित हुए। |
| 177. | inefficiency | (n) - अदक्षता* | The Management wants to remove inefficiency and increase production. | प्रबंधन **अदक्षता** को दूर कर उत्पादन बढ़ाना चाहता है। |
| 178. | inefficient | (adj) - अदक्ष | The company has decided to develop the skill of the inefficient workforce. | कंपनी ने **अदक्ष** कार्यबल का कौशल विकसित करने का फैसला किया है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 179. | ineligibility | (n) - अपात्रता* | Due to ineligibility of most of the applicants, call letters for interview were sent to only a few candidates. | आवेदकों में से अधिकांश की **अपात्रता** के कारण, साक्षात्कार के लिए कुछेक उम्मीदवारों को ही पत्र भेजे गए। |
| 180. | ineligible | (adj) - **अयोग्य,** अपात्र | The persons below 18 years of age are ineligible to vote. | 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति मतदान करने के लिए **अपात्र होते** हैं। |
| 181. | inequity | (n) - **असमानता***, असमता* | The inequity of income in society has caused new challenges for the government. | समाज में आय की **असमानता** ने सरकार के लिए नई चुनौतियां पैदा कर दी है। |
| 182. | inevitable | (adj) - 1. **अवश्य होनेवाला, अनिवार्य,** अवश्यम्भावी; अपरिहार्य (n) - 2. **अवश्यम्भावी परिणाम,** | 1. Consequent upon the new initiatives taken by the RBI the rise in the interest rates seems inevitable. 2. The officer has to face the inevitable for not taking prompt action. | 1. भारतीय रिजर्व बैंक की नई पहल के फलस्वरूप ब्याज दरों में **अवश्य** बढोत्तरी **होगी** । 2. शीघ्र कार्रवाई नहीं करने के कारण अधिकारी को **अवश्यम्भावी परिणाम** भुगतने होंगे। |
| 183. | inexpedient | (adj) - **अनुचित,** असमीचीन | The official was given a warning for his inexpedient action. | आधिकारी को उसकी **अनुचित** कार्रवाई के लिए चेतावनी दी गई। |
| 184. | inexperienced | (adj) - **बिना अनुभव के,** अनुभवहीन | Despite being inexperienced, the newly joined Assistant put up the file with all facts and details. | **अनुभवहीन** होने के बावजूद, हाल ही में कार्यग्रहण करने वाले सहायक ने सभी तथ्यों और जानकारी के साथ फाइल प्रस्तुत की। |
| 185. | in fact | (adv) - वास्तव में, वस्तुतः | In fact, the report deals with all the aspects of the case. | वास्तव में रिपोर्ट में मामले के सभी पहलुओं का वर्णन है। |
| 186. | inference | (n) - **निष्कर्ष,** अनुमान, अनुमिति* | The clear inference from the data is that the industry is recovering. | आंकड़ों से स्पष्ट निष्कर्ष निकलता है कि उद्योग फिर से विकास की राह पर लौट रहे हैं। |
| 187. | inferior | (adj) - **घटिया, निम्नतर,** निम्न, अवर | The contractor was served upon a notice for supplying the goods of inferior quality in the office. | कार्यालय में **घटिया** सामान की आपूर्ति के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया । |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
| 109. | leave and licence | (n) - ***अनुमति और अनुज्ञप्ति*** *, इजाजत और अनुज्ञप्ति* | **Leave and licence** system is a legally approved system for use of property. | संपत्ति के उपयोग के लिए **अनुमति और अनुज्ञप्ति** कानूनी रूप से मान्य प्रणाली है। |
| 110. | leave encashment | (n) - छुट्टी का नकद भुगतान, छुट्टी नकदीकरण | Sanction of **leave encashment** should be accorded in advance, at the time of granting permission for LTC. | छुट्टी यात्रा रियायत की अनुमति देते समय, **छुट्टी नकदीकरण** की स्वीकृति, अग्रिम रूप से दी जानी चाहिए। |
| 111. | leave not due | (n) - अर्जन-शोध्य छुट्टी* | **Leave not due** shall be adjusted from the half pay leave which the Government servant is likely to earn subsequently. | **अर्जन-शोध्य छुट्टी** उस अर्ध वेतन छुट्टी से समायोजित की जाएगी जो सरकारी कर्मचारी बाद में अर्जित कर सकता है। |
| 112. | leave on average pay | (n) - औसत वेतन छुट्टी* | All Railway employees permanent or temporary are eligible for 30 days **leave on average pay** in a calendar year. | सभी स्थायी या अस्थायी रेल कर्मचारी एक कैलेंडर वर्ष में 30 दिनों की **औसत वेतन छुट्टी** के पात्र हैं। |
| 113. | leave on medical ground | (n) - चिकित्सा छुट्टी* | **Leave on medical grounds** may be allowed on the basis of certificates issued by Hospitals/Medical Practitioners. | **चिकित्सा छुट्टी** अस्पताल/चिकित्सकों द्वारा जारी प्रमाण-पत्रों के आधार पर दी जा सकती है। |
| 114. | leave preparatory to retirement | (n) - सेवानिवृत्ति-पूर्व छुट्टी* | The leave granted as **leave preparatory to retirement** shall not include extraordinary leave. | **सेवानिवृत्ति-पूर्व छुट्टी** में असाधारण छुट्टी शामिल नहीं की जाएगी। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 115. | leave reserve | (n) - छुट्टी रिज़र्व | Two posts of Assistant Director has been sanctioned as **leave reserve**. | सहायक निदेशक के दो पद **छुट्टी रिजर्व** के रूप में मंज़ूर किए गए हैं। |
| 116. | leave rules | (n) - छुट्टी नियमावली*, छुट्टी नियम | An officer on deputation/foreign service shall be regulated by the **leave rules** of the parent organisation. | प्रतिनियुक्ति/संवर्ग बाह्य सेवा पर कार्यरत अधिकारी मूल कार्यालय के **छुट्टी नियम** से विनियमित किए जाएंगे। |
| 117. | leave salary | (n) - छुट्टी का वेतन | The advance is recoverable from pay/**leave salary**/subsistence allowance every month till it is repaid in full. | अग्रिम प्रति माह वेतन/**छुट्टी के वेतन**/निर्वाह भत्ते से तब तक वसूल किया जाएगा जब तक इसे पूर्णतः चुका नहीं दिया जाता। |
| 118. | leave substitute | (n) - छुट्टी एवजी | In case of absence of an employee on training, the Departments may employ **leave substitutes.** | प्रशिक्षण पर गए कर्मचारी की खाली जगह पर विभाग **छुट्टी एवजी** की नियुक्ति कर सकते हैं। |
| 119. | leave vacancy | (n) - छुट्टी रिक्ति* | A new teacher was appointed on contract basis to fill up the **leave vacancy**. | **छुट्टी रिक्ति** को भरने के लिए नई अध्यापिका संविदा आधार पर नियुक्त की गई। |
| 120. | leave without pay | (n) - ***बिना वेतन छुट्टी****, अवेतन छुट्टी* | The **leave without pay** may be sanctioned to an employee by the competent authority. | सक्षम प्राधिकारी द्वारा कर्मचारी को **बिना वेतन छुट्टी** मंज़ूर की जा सकती है। |
| 121. | leave with pay | (n) - ***वेतन सहित छुट्टी****, सवेतन छुट्टी* | Sr. A.O. may sanction **leave with pay** up to 30 days. | वरिष्ठ लेखा अधिकारी 30 दिनों तक की **वेतन सहित छुट्टी** मंज़ूर कर सकता है। |
| 122. | lecture hall | (n) - ***व्याख्यान कक्ष,*** व्याख्यानशाला | The **lecture hall** was not available on the proposed date of the workshop. | कार्यशाला की प्रस्तावित तारीख को **व्याख्यान कक्ष** उपलब्ध नहीं था। |
| 123. | ledger | (n) - खाता, खाता-बही* | Opening and closing balances in Provident Fund **Ledgers** should be attested by a Senior Accounts Officer. | भविष्य निधि **खातों** के अथ शेष और अंत शेष का सत्यापन वरिष्ठ लेखा अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए। |
| 124. | ledger balance | (n) - खाता शेष | The **ledger balance** | **खाता शेष** दिन के प्रारंभ में |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | is the balance available at the beginning of the day. | उपलब्ध शेष है। |
| 125. | ledger folio | (n) - खाता पन्ना | The names of the Accounts officers responsible for the custody of codes are entered in the **ledger folio.** | कोडों की अभिरक्षा के लिए जिम्मेदार लेखा अधिकारियों के नाम की प्रविष्टि **बही पन्ने** में की जाती है। |
| 126. | legacy | (n) - **विरासत,** वसीयत-संपदा* | Future generations will be left with a **legacy** of pollution and destruction. | भावी पीढ़ियों के लिए **विरासत** के तौर पर प्रदूषण और विनाश ही बचा रहेगा। |
| 127. | legal | (adj) - कानूनी, विधिक, वैध | The social activist fought the **legal** battle with courage and firm determination. | सामाजिक कार्यकर्ता ने साहस और दृढ़ संकल्प से **कानूनी** लड़ाई लड़ी। |
| 128. | legal action | (n) - **विधिक कार्रवाई***, कानूनी कार्रवाई* | The department has decided to take **legal action** against the supplier. | विभाग ने आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध **विधिक कार्रवाई** करने का निर्णय लिया है। |
| 129. | legal advice | (n) - **विधिक परामर्श,** कानूनी सलाह | The ministry advised the office to seek **legal advice** in this matter. | मंत्रालय ने कार्यालय को इस मामले में **विधिक परामर्श** लेने की सलाह दी। |
| 130. | legal aid | (n) - **विधिक सहायता*,** कानूनी सहायता* | The victim may get **legal aid** to take his case to court. | न्यायालय में मामला ले जाने के लिए पीड़ित को **विधिक सहायता** मिल सकती है। |
| 131. | legal charges | (n) - विधिक प्रभार, कानूनी खर्च | Stamp duty payments are treated as legal charges for accounting entry. | स्टाम्प शुल्क का भुगतान लेखा प्रविष्टि के प्रयोजन से **कानूनी खर्च** माना जाता है। |
| 132. | legal document | (n) - **विधिक दस्तावेज,** कानूनी दस्तावेज | When a **legal document** is created to form a contract, all parties must agree and sign the document. | जब संविदा करने के लिए **विधिक दस्तावेज** बनाया जाता है, तो सभी पक्ष दस्तावेज से सहमत होते हैं और उस पर हस्ताक्षर करते हैं। |
| 133. | legal guardian | (n) - **विधिक संरक्षक, विधिक लिखत,** कानूनी संरक्षक | Depending on the jurisdiction, a **legal guardian** may be called a conservator, custodian, or curator. | अधिकार क्षेत्र के आधार पर **विधिक संरक्षक** को संरक्षक, अभिरक्षक, या क्यूरेटर कहा जा सकता है। |
| 134. | legal instrument | (n) - कानूनी लिखत | Bill of exchange is a **legal instrument**. | विनिमय बिल एक **कानूनी** |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **लिखत** है। |
| 135. | legality | (n) - वैधता | The auditor has questioned the **legality** of the contracts. | लेखा परीक्षक ने संविदा की **वैधता** पर सवाल उठाया है। |
| 136. | legalisation | (n) - वैधीकरण | Marriage certificate **legalisation** is required when somebody is looking for a family visa to migrate to other countries. | विदेश जाने के लिए परिवार वीजा हेतु विवाह प्रमाण-पत्र के **वैधीकरण** की आवश्यकता होती है। |
| 137. | legalise | (v) - वैध करना, वैध बनाना | The government is planning to **legalise** few unauthorized colonies in phases. | सरकार कुछ अनधिकृत कालोनियों को विभिन्न चरणों में **वैध करने** की योजना बना रही है। |
| 138. | legally | (adv) - वैध रुप से, कानूनी तौर पर | The authority shall ensure that the decision is **legally** viable. | प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि निर्णय **कानूनी तौर पर** व्यवहार्य है। |
| 139. | legally binding | (n) - कानूनन बाध्यकारी | This agreement is **legally binding** on both the parties. | यह समझौता दोनों पक्षों पर **कानूनन बाध्यकारी** है। |
| 140. | legally married | (n) - **कानूनी रूप से विवाहित**, वैध रुप से विवाहित | Maintenance shall be permissible only if they are **legally married**. | भरणपोषण **वैध रुप से विवाहित** होने पर ही अनुमत होगा। |
| 141. | legal notice | (n) - कानूनी नोटिस | The office sent a **legal notice** to the employee for not serving notice period. | कार्यालय ने नोटिस अवधि की सेवा पूरी नहीं करने के लिए कर्मचारी को **कानूनी नोटिस** भेजा। |
| 142. | legal practice | (n) - विधि-व्यवसाय, वकालत | After completing graduation in law he started **legal practice**. | विधि में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने **वकालत** शुरू की। |
| 143. | legal practitioner | (n) - विधि-व्यवसायी | The disciplinary authority may appoint a **legal practitioner** as the Presenting Officer in cases involving complicated points of law. | अनुशासनिक प्राधिकारी उन मामलों में जहां विधिक दृष्टि से जटिल मुद्दे हों प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के रूप में **विधि व्यवसायी** को नियुक्त कर सकेगा। |
| 144. | legal proceedings | (n) - कानूनी | If any **legal proceeding** is | यदि कर्मचारी के विरुद्ध कोई |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | कार्यवाही* | instituted against an employee, he shall forthwith report the full facts of the legal proceedings to the Government. | **कानूनी कार्यवाही** की जाती है तो वह इस कानूनी कार्यवाही की सूचना तत्काल सरकार को देगा। |
| 145. | legal representative | (n) - ***कानूनी प्रतिनिधि***, विधिक प्रतिनिधि | Every company must also have a **legal representative**, who is officially and legally accountable for the activities of the company. | प्रत्येक कंपनी में एक **कानूनी प्रतिनिधि**, होना चाहिए जो कंपनी की सभी गतिविधियों के लिए औपचारिक रूप से और कानूनी तौर पर जवाबदेह हो। |
| 146. | legal right | (n) - **कानूनी हक,** कानूनी अधिकार, विधिक अधिकार | It should, however, be noted that in such cases the party affected has a **legal right** to claim maintenance. | तथापि, यह ध्यान में रखा जाए कि इस प्रकार के मामलों में प्रभावित पक्ष को भरणपोषण के खर्च का दावा करने का **कानूनी हक** है । |
| 147. | legal system | (n) - ***कानून प्रणाली****, विधि तंत्र | India has one of the oldest **legal systems** in the world. | भारत की **कानून प्रणाली** दुनिया की सबसे पुरानी कानून प्रणालियों में से है। |
| 148. | legal tender | (n) - 1. ***वैध मुद्रा****, विधिमान्य मुद्रा* 2. वैध-निविदा* | ***1.*** *These coins are no longer* **legal tender**. 2. The organization has floated **legal tender** for the construction work. | 1. ये सिक्के अब **वैध मुद्रा** नहीं हैं। 2. संगठन ने निर्माण कार्य के लिए **वैध-निविदा** जारी की है। |
| 149. | legate | (n) - ***दूत*** | The **legate** has used great diplomacy in handling the situation. | **दूत** ने स्थिति से निपटने में असाधारण कूटनीति का उपयोग किया। |
| 150. | legatee | (n) - वसीयतदार | **Legatee** wrote his will in favour of orphanage as he has no children. | कोई संतान नहीं होने के कारण **वसीयतदार** ने अपनी वसीयत अनाथालय के नाम कर दी। |
| 151. | legible | (adj) - **पढ़ा जा सकने योग्य, स्पष्ट** सुपाठ्य, पढ़ा जाने योग्य, | The document was old but it was **legible**. | दस्तावेज पुराना था पर **पढ़ा जा सकता** था। |
| 152. | legislative | (adj) - विधायी | The matter regarding amendment in Recruitment Rules was referred to the | भर्ती नियम में संशोधन का मामला विधायी विभाग को भेजा गया। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | Legislative Department. | |
| 153. | legislative assembly | (n) - विधानसभा* | The term of the **Legislative Assembly** is five years. | **विधान सभा** का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। |
| 154. | legislator | (n) - विधायक | A **legislator** can make meaningful contribution by participating in the debate on the Motion of Thanks on the Governer's Address and on the Budget. | कोई भी **विधायक** राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में और बजट पर होने वाली बहस में भाग लेकर सार्थक योगदान कर सकता है। |
| 155. | legislature | (n) - विधानमंडल | Maharashtra has a bicameral **legislature.** | महाराष्ट्र में द्विसदनी **विधानमंडल** है। |
| 156. | legitimacy | (n) - 1. वैधता* 2. धर्मजता* 3. **औचित्य**, औचित्यपूर्णता* | *The government expressed serious doubts about the **legitimacy** of military action.* | सरकार ने सैन्य कार्रवाई के **औचित्य** के बारे में गंभीर संदेह व्यक्त किया। |
| 157. | legitimate | (n) - 1. विधिसम्मत, विधि-संगत 2. (संतान) धर्मज | 1. It is the legitimate right of farmers to get a reasonable price for their produce. 2. **Legitimate** son could be given shares in the property of his parents. | 1. अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करना किसानों का विधिसम्मत अधिकार है। 2. **धर्मज** पुत्र को अपने माता-पिता की सम्पत्ति में हिस्सा दिया जा सकता है। |
| 158. | legitimate grievance | (n) - 1. ***उचित शिकायत****, जायज शिकायत 2. यथार्थ कष्ट | The court took a strong note of the **legitimate grievance** of the consumer. | न्यायालय ने ग्राहक की **उचित शिकायत** को बहुत ही गंभीरता से लिया। |
| 159. | leisure | (n) - 1. फुरसत, अवकाश 2. खाली समय | The officer asked the assistant to finalise the presentation at his **leisure**. | अधिकारी ने सहायक से **खाली समय** में प्रस्तुतीकरण को अंतिम रूप देने के लिए कहा। |
| 160. | length of service | (n) - सेवा-काल | The **length of service** is calculated for the purpose of gratuity. | **सेवा-काल** की गणना उपदान के प्रयोजन के लिए की जाती है। |
| 161. | leniency | (n) - नरमी*, उदारता* | The judge rejected pleads for **leniency** and sentenced him to six months in prison. | न्यायाधीश ने **नरमी** बरतने की दलील को खारिज कर दिया और उसे छह महीने की जेल की सजा |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | सुनाई। |
| 162. | lesee | (n) - पट्टेदार | The **lessee** is liable for loss, destruction, or damage of the rental property during the term of the rental agreement. | किराया करार अवधि के दौरान **पट्टेदार** संपत्ति की हानि, विनाश या क्षति के लिए उत्तरदायी है। |
| 163. | lessor | (n) - पट्टाकर्ता | A **lessor** has the legal right to reside in the allotted land. | **पट्टाकर्ता** को आवंटित भूमि पर रहने का कानूनी अधिकार है। |
| 164. | letter head | (n) - पत्रशीर्ष, सरनामा | The sponsor should submit a letter on the company's **letterhead** issued by the competent authority along with the application form. | प्रायोजक को आवेदन के साथ कंपनी के **पत्रशीर्ष** पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पत्र प्रस्तुत करना होगा। |
| 165. | letter of acceptance | (n) - स्वीकृति पत्र | The **letter of acceptance** must reach the concerned office within ten days. | **स्वीकृति पत्र** संबंधित कार्यालय में दस दिन के अंदर अवश्य पहुंच जाना चाहिए। |
| 166. | letter of acknowledgement | (n) - पावती-पत्र | Our office has not yet received the **letter of acknowledgement** in respect of our earlier letter. | हमारे कार्यालय के पिछले पत्र के संबंध में हमें **पावती-पत्र** अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 167. | letter of advice | (n) - सूचना पत्र | It is usual for the drawer of a bill of exchange to write a **letter of advice** to the drawee. | विनिमय-पत्र के आहर्ता द्वारा अदाकर्ता को **सूचना पत्र** लिखा जाना एक सामान्य बात है। |
| 168. | letter of indemnity | (n) - क्षतिपूर्ति पत्र | The company has stipulated that it will not enter into contract unless the **letter of indemnity** is received. | कंपनी ने यह शर्त रखी है कि वह **क्षतिपूर्ति पत्र** प्राप्त होने पर ही करार करेगी। |
| 169. | level | (n) - 1. स्तर 2. तल | 1. The block **level** officers participated in the conference. 2. The Mandi House Metro Station will be the first Inter-changing station where the new and | 1. ब्लॉक **स्तर** के अधिकारियों ने सम्मेलन में भाग लिया। 2. मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पहला ऐसा इंटरचेंजिंग स्टेशन होगा, जहां नए व पुराने प्लेटफार्म एक ही तल पर होंगे। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | the old platform will be on same **level**. | |
| 170. | leverage | (n) - 1. प्रभावन क्षमता* (v) - 2. ***लाभ उठाना*** | Retailers can try to take **leverage** over producers by threatening to take their business elsewhere. | खुदरा व्यापारी अपने कारोबार को कहीं और ले जाने की धमकी देकर उत्पादकों से अधिक **लाभ उठाने** की कोशिश कर सकते हैं। |
| 171. | levy | (n) - उगाही* | The customs department is responsible for calculating the **levy** on various foreign goods. | सीमा शुल्क विभाग विदेशी माल पर **उगाही** की गणना के लिए उत्तरदायी है। |
| 172. | lewd gestures | (n) - ***अश्लील इशारे***, लंपटतापूर्ण हरकतें* | The Judge sentenced the culprit with imprisonment for 90 days for making **lewd gesture**. | न्यायाधीश ने अपराधी को **अश्लील इशारे** करने के लिए 90 दिन के कारावास की सजा सुनाई। |
| 173. | lexicography | (n) - कोशविज्ञान | **Lexicography** is also included in the translation training programme of CTB. | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम में **कोशविज्ञान** को भी शामिल किया गया है। |
| 174. | lexicon | (n) - शब्दकोश | The department is making a **lexicon** of the words used in Defence. | विभाग रक्षा में प्रयुक्त शब्दों का **शब्दकोश** बना रहा है। |
| 175. | liability | (n) - दायित्व, देयता*, देनदारी* | It is the **liability** of the government to provide food and shelter to its people | लोगों को भोजन और आश्रय देने का **दायित्व** सरकार का है। |
| 176. | liability limit | (n) - देयता सीमा | It is important to determine Car Insurance **liability limits** before issuing insurance policy. | बीमा पॉलिसी जारी करने से पूर्व कार बीमा **देयता सीमा** निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। |
| 177. | liable | (adj) - 1. दायी, देनदार 2. जिम्मेदार 3. भागी | The airline's insurer is **liable** for damages to the victims' families. | एयरलाइन की बीमा कंपनी पीड़ितों के परिवारों को हरजाना देने के लिए **जिम्मेदार** है। |
| 178. | liaison | (n) - संपर्क | Close **liaison** between army and police will check terrorism. | सेना और पुलिस के बीच गहन **संपर्क** से आतंकवाद पर रोक लगेगी। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 179. | liberty | (n) - 1. स्वतंत्रता* 2. स्वच्छंदता* | The constitution guards the **liberty** of the people. | संविधान लोगों की **स्वतंत्रता** की रक्षा करता है। |
| 180. | library | (n) - पुस्तकालय | If the **library** books are not returned the caution money is forfeited. | यदि **पुस्तकालय** की पुस्तकें वापस नहीं की जाती हैं तो जमानत राशि जब्त कर ली जाती है। |
| 181. | license | (n) - 1. अनुज्ञप्ति, लाइसेन्स 2. स्वेच्छाचार | The government issues **license** to the investors to set up industries. | सरकार निवेशकों को उद्योग स्थापित करने का **लाइसेंस** प्रदान करती है। |
| 182. | license holder | (n) - अनुज्ञप्तिधारी, लाइसेंसदार | Name of the **license holder** should be painted at the fair price shop in the local language. | उचित मूल्य की दुकान पर **लाइसेंसदार** का नाम स्थानीय भाषा में लिखा जाना चाहिए। |
| 183. | licensed | (n) - अनुज्ञापित, लाइसेंस-प्राप्त | The new drug is not yet **licensed** in India. | नई दवा को भारत में अभी तक **लाइसेंस-प्राप्त** नहीं हुआ है। |
| 184. | licensee | (n) - अनुज्ञप्तिधारी, लाइसेंसधारी | The state commission will also regulate the working of the **licensees** involved in the electricity industry in the state. | राज्य आयोग राज्य में बिजली उद्योग से संबंधित **लाइसेंसधारियों** की कार्यप्रणाली को भी विनियमित करेगा। |
| 185. | lien | (n) - लियन, धारणाधिकार | A Government servant who does not hold a **lien** on a permanent pensionable post is not eligible to seek voluntary retirement even if he has completed 20 years of service. | जिस सरकारी कर्मचारी का स्थायी पेंशन पद पर **धारणाधिकार** नहीं है, वह 20 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद भी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए पात्र नहीं है। |
| 186. | life annuity | (n) - आजीवन वार्षिकी* | **Life annuity** was envisaged with a view to provide periodic income for life. | **आजीवन वार्षिकी** की संकल्पना जीवन भर आवधिक आय प्रदान करने के लिए की गई है। |
| 187. | life certificate | (n) - जीवन प्रमाणपत्र | The pensioner is required to produce **life certificate** every year in the month of November. | पेंशनभोगी के लिए प्रतिवर्ष नवम्बर मास में **जीवन प्रमाणपत्र** प्रस्तुत करना आवश्यक है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 188. | life imprisonment | (n) - आजीवन कारावास | **Life imprisonment** is defined as 20 years imprisonment under state law. | राज्य के कानून के अंतर्गत **आजीवन कारावास** को 20 वर्ष के कारावास के रूप में पारिभाषित किया गया है। |
| 189. | life insurance | (n) - जीवन बीमा | It is advisable to have a **life insurance** policy in the early years of service. | सेवाकाल के प्रारंभिक वर्षों में ही **जीवन बीमा** लेना अच्छा रहता है। |
| 190. | life saving apparatus | (n) - ***जीवन रक्षक उपकरण***, प्राणरक्षी उपकरण | The graph shows how the prices of **life saving apparatus** have risen since last two decades. | ग्राफ से पता चलता है कि पिछले दो दशकों से **जीवन रक्षक उपकरणों** की कीमतें कैसे बढ़ी हैं। |
| 191. | light industry | (n) - हल्का उद्योग | **Light industries** require only a small amount of raw materials, area and power. | **हल्के उद्योगों** के लिए कम मात्रा में कच्चे माल, स्थान और बिजली की आवश्यकता होती है। |
| 192. | lightning strike | (n) - तड़ित हड़ताल* | A group of workers launched a **lightning strike** as management failed to implement the hiked wages for the workers. | श्रमिकों का एक समूह **तड़ित हड़ताल** पर चला गया क्योंकि प्रबंधन श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी लागू करने में विफल रहा। |
| 193. | limit | (n) - 1. हद*, सीमा* 2. परिसीमा* (विधि) 3. मर्यादा* | 1. There is no age **limit** fixed for applicants. 2. The prisoners are not allowed to go beyond the **limits** of the jail. | 1. आवेदकों के लिए कोई आयु **सीमा** नियत नहीं है। 2. कैदियों को कारावास की **परिसीमा** के बाहर जाने की मनाही है। |
| 194. | limitation | (n) - 1. सीमा* 2. अवधि* | Despite some **limitations**, the survey did suggest some general trends. | कुछ **सीमाओं** के बावजूद, सर्वेक्षण से कुछ सामान्य प्रवृत्तियों का पता चला। |
| 195. | limited | (n) - 1. लिमिटेड (adj) - 2. सीमित | 1. Applications are invited for graduate trainees in Steel Authority of India **Limited**. 2. Tenants have **limited** rights over the land. | 1. स्टील अथॉरिटि ऑफ इंडिया **लिमिटेड** में स्नातक प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। 2. काश्तकार के ज़मीन पर **सीमित** अधिकार होते हैं। |
| 196. | limited by guarantee | (n) - गारंटी द्वारा सीमित | Charitable organisations will generally be | धर्मार्थ संगठनों को आमतौर पर **गारंटी द्वारा सीमित** सार्वजनिक |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | registered as public companies that are limited by guarantee. | कंपनियों के रूप में पंजीकृत किया जाएगा। |
| 197. | limited liability | (n) - सीमित देयता* | Corporations are subject to double taxation, but they enjoy **limited liability** and great economies of scale. | निगम दोहरे कराधान के अधीन हैं, लेकिन वे **सीमित देयता** और बड़े पैमाने की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का भरपूर लाभ उठाते हैं। |
| 198. | line of action | (n) - कार्य-दिशा*, कार्रवाई की दिशा* | In cases where the **line of action** is clear a draft is put up straight for approval. | जिन मामलों में **कार्रवाई की दिशा** स्पष्ट हो, वहां मसौदा सीधे अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाता है। |
| 199. | line of promotion | (n) - पदोन्नति-क्रम | The Departmental Officers in the feeder category who are in the direct **line of promotion** shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. | फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो सीधे **पदोन्नति-क्रम** में हैं, प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। |
| 200. | linguistic minorities | (n) - भाषायी अल्पसंख्यक (वर्ग) | A seminar was organised to discuss the problems of **linguistic minorities** e.g. ethnic movements, migration etc. | **भाषाई अल्पसंख्यकों** की समस्याओं जैसे जातीय आंदोलनों, प्रवास आदि पर चर्चा करने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। |
| 201. | link | (n) - 1. कड़ी*, श्रृंखला* 2. संपर्क 3. ***लिंक*** | 1. The walls are held together with metal **links**. 2. The suspects were in **link** with the hijackers. 3. All visa seekers are requested to apply for the Indian Visa through Online application **link** . | 1. दीवारों को धातु की **श्रृंखलाओं** से जोड़ दिया गया है। 2. संदिग्ध व्यक्ति अपहरणकर्ताओं के **संपर्क** में थे। 3. वीजा चाहने वाले सभी व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन **लिंक** के माध्यम से भारतीय वीजा के लिए आवेदन करें। |
| 202. | linked file | (n) - 1. संलग्न फाइल* 2. संबद्ध फाइल* | Where subjects of files are linked, on the top flap it should be indicated as "**Linked File**". | जब फाइलों के विषय एक दूसरे से संबंधित हों, तो शीर्ष फ्लैप पर "**संबद्ध फ़ाइल**" लिखा जाना चाहिए। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 203. | link language | (n) - संपर्क भाषा* | Hindi is the official language of the Union and the **link language** of the nation. | हिंदी संघ की राजभाषा है तथा राष्ट्र की **संपर्क भाषा** है। |
| 204. | liquidation | (n) - 1. ***समापन,*** परिसमापन 2. परिनिर्धारण 3. भुगतान | 1. Hundreds of small businesses went into **liquidation** due to recession. 2. Delay in settlements delays **liquidation** of damages. | 1. मंदी की वजह से सैकड़ों छोटे व्यवसायों का **समापन** हो गया। 2. निपटान में देरी से नुकसान के **परिसमापन** में देरी होती है। |
| 205. | list | (n) - 1. सूची* (v) - 2. ***सूचीबद्ध करना*** | 1. The names of the retired officers have been deleted from the **list**. 2. The experts of different disciplines were **listed**. | 1. सेवानिवृत्त अधिकारियों के नाम **सूची** से हटा दिए गए हैं। 2. विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के नाम **सूचीबद्ध किए** गए। |
| 206. | list of business | (n) - कार्य सूची* | **List of business** is given in this directory. | इस निर्देशिका में **कार्य सूची** दी गई है। |
| 207. | literacy drive | (n) - साक्षरता अभियान | Many students took part in the **literacy drive**. | बहुत से विद्यार्थियों ने **साक्षरता अभियान** में भाग लिया। |
| 208. | literal | (adj) - शाब्दिक | **Literal** translation may always not be a good translation. | **शाब्दिक** अनुवाद अच्छा अनुवाद नहीं होता। |
| 209. | literate | (n) - साक्षर | Kerala is the most **literate** state in India, with 93.91% literacy. | केरल भारत का सबसे **साक्षर** राज्य है जहाँ 93.91% साक्षरता है। |
| 210. | litigant | (n) - वादकारी | The plaintiffs and defendants both are **litigants**. | अभियोग और बचाव पक्ष दोनों ही वादकारी हैं। |
| 211. | litigation | (n) - मुकदमेबाजी* | The **litigation** seems costly and seemingly endless. | यह **मुकदमेबाजी** महंगी और अंतहीन प्रतीत होती है। |
| 212. | live broadcast | (n) - ***सीधा प्रसारण, लाइव प्रसारण,*** जीवंत प्रसारण | **Live broadcast** of the oath-taking ceremony will start at 11 am. | शपथ ग्रहण समारोह का **सीधा प्रसारण** पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। |
| 213. | live coverage | (n) - ***सीधा प्रसारण,*** जीवंत समावेशन | **The live coverage** of election results were shown on all the channels. | सभी चैनलों पर चुनाव परिणाम के **सीधे प्रसारण** को किया गया। |
| 214. | livelihood | (n) - ***आजीविका*,*** | Fishing is the main | मछली पकड़ना तटीय क्षेत्र में |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | जीविका* | source of **livelihood** for many people in the coastal area. | बहुत से लोगों की **आजीविका** का मुख्य स्रोत है। |
| 215. | livery allowance | (n) - वर्दी भत्ता* | DOPT has confirmed that **livery allowance** to newly recruited MTS may be allowed. | कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि नए एमटीएस को **वर्दी भत्ते** की अनुमति दी जा सकती है। |
| 216. | livestock | (n) - पशुधन | The heavy rains and flooding killed scores of **livestock**. | भारी बारिश और बाढ़ के कारण **पशुधन** की बहुत हानि हुई। |
| 217. | living expense | (n) - निर्वाह खर्च | The **living expense** in the Indian metros is very high. | भारतीय महानगरों में **निर्वाह खर्च** बहुत अधिक होता है। |
| 218. | living standard | (n) - जीवनस्तर | There is a huge gap between the **living standards** of urban and rural areas. | शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के **जीवनस्तर** में काफी अंतर है। |
| 219. | living wage | (n) - 1. निर्वाह मजदूरी* 2. निर्वाह वेतन | **Living wage** is sometime considered as minimum wage. | **निर्वाह मजदूरी** को कभी-कभी न्यूनतम मजदूरी के अर्थ में भी लिया जाता है। |
| 220. | loading | (n) - 1. माल लादना 2. भारण 3. अतिरिक्त प्रभार 4. दायित्व सौंपना | **Loading** of goods will be completed in an hour at the godown. | गोदाम में **माल लादने** का कार्य एक घंटे में पूरा हो जाएगा। |
| 221. | loan | (n) - कर्ज, ऋण | Temporary employees are not entitled for **loan** from the office. | अस्थायी कर्मचारी कार्यालय से **ऋण** लेने के हकदार नहीं है। |
| 222. | loanee | (n) - कर्जदार, ऋणी | Insurance will be compulsory to **loanee** and optional for non-loanee farmers. | बीमा **ऋणी** के लिए अनिवार्य और गैर-ऋणी किसानों के लिए वैकल्पिक होगा। |
| 223. | loaner | (n) - कर्जदाता, लेनदार | A **loaner** grants a loan according to the repaying capacity of the loanee. | **कर्जदाता** कर्जदार को उसकी कर्ज अदायगी की क्षमता के अनुसार कर्ज देता है। |
| 224. | loaning department | (n) - प्रदाता विभाग | The **Loaning Department** Supervisor is responsible for managing the Loan Servicing Department. | **प्रदाता विभाग** पर्यवेक्षक ऋण सर्विसिंग विभाग के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। |
| 225. | lobby | (n) - लॉबी*, पक्ष | The teachers **lobby** is | शिक्षकों की **लॉबी** शिक्षा |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | against any change in the education act. | अधिनियम में किसी भी परिवर्तन के खिलाफ है। |
| 226. | lobbying | (n) - ***पैरवी****, पक्ष-जुटाव, समर्थन जुटाना | **Lobbying** for a reduction in defence spending is top priority of the piece loving group. | रक्षा खर्च में कमी की **पैरवी** करना शांति के पक्षधर समूह की सर्वोच्च प्राथमिकता है। |
| 227. | local body | (n) - स्थानीय निकाय | The election of the **local bodies** will be held in next month. | **स्थानीय निकायों** के चुनाव अगले माह होंगे। |
| 228. | local purchase | (n) - स्थानीय खरीद*, स्थानीय क्रय | 20% discount has been offered on **local purchase** of stationary items by the supplier. | आपूर्तिकर्ता ने स्टेशनरी वस्तुओं की **स्थानीय खरीद** पर 20% छूट का प्रस्ताव दिया है। |
| 229. | local self-government | (n) - स्थानीय स्वशासन | **Local self-governments** act as "institutions of self-government" with the responsibility of promoting economic and social justice. | **स्थानीय स्वशासन** आर्थिक और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी के साथ "स्वशासन की संस्थाओं" के रूप में कार्य करते हैं। |
| 230. | local stock | (n) - स्थानीय स्टॉक, स्थानीय माल | Perishable **local stock** can be given on reduced rate. | खराब होने वाले **स्थानीय स्टॉक** को कम दर पर दिया जा सकता है। |
| 231. | location | (n) - 1. स्थिति*, अवस्थिति* 2. स्थान | The map shows the precise **location** of the crash. | मानचित्र दुर्घटना के सही **स्थान** को दर्शा रहा है। |
| 232. | lock in period | (n) - ***समयबंदी*****,** परिबंधन अवधि* | The **lock-in period** in mutual funds differs from scheme to scheme. | म्युचुअल फंड में अलग-अलग योजनाओं के लिए **समयबंदी** भिन्न- भिन्न है। |
| 233. | lockout | (n) - तालाबंदी* | A **lockout** forced unionized workers to accept lower wages. | तालाबंदी ने संगठित मजदूरों को कम मजदूरी स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया। |
| 234. | lodging and boarding | (n) - आवास और भोजन | The officers deputed for the training programmes are treated as on duty thus the **lodging and boarding** charges are paid by their departments. | प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों को ड्यूटी पर माना जाता है, इसलिए **आवास और भोजन** प्रभार का भुगतान उनके विभागों द्वारा किया जाता है। |
| 235. | log book | (n) - 1. लॉग बुक 2. | The **logbook** of the staff car should be | स्टाफ कार की **लॉगबुक** पर |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | कार्य पंजिका* | countersigned by the controlling officer regularly. | नियंत्रक अधिकारी को नियमित रूप से प्रतिहस्ताक्षर करना चाहिए। |
| 236. | logical action | (n) - तार्किक कार्रवाई* | Sacking of so many employees at a time was not a **logical action**. | एक ही समय में इतने सारे कर्मचारियों को निकालना **तार्किक कार्रवाई** नहीं थी। |
| 237. | logical end | (n) - तार्किक परिणति* | Government's talks with militants reached to a **logical end**. | सरकार की आतंकवादियों के साथ बातचीत **तार्किक परिणति** तक पहुँची। |
| 238. | logo | (n) – लोगो, प्रतीक-चिह्न | **Logos** and their design may be protected by copyright. | **लोगो** और उनके डिजाइन कॉपीराइट द्वारा संरक्षित किए जा सकते हैं। |
| 239. | long term | (n) - 1. दीर्घावधि* 2. दीर्घकालिक | Strategic planning is important for achieving **long term** trade objectives. | **दीर्घकालिक** व्यावसायिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कार्यनीति योजना बनाना आवश्यक है। |
| 240. | long-term objective | (n) - ***दूरगामी लक्ष्य***, दीर्घावधि उद्देश्य | Investing in Public relations will help the organisation to achieve its **long-term objective** effectively. | जन संपर्क में निवेश करने से संगठन को अपने **दीर्घावधि उद्देश्य** प्राप्त करने में प्रभावी ढंग से सहायता मिलेगी। |
| 241. | loophole | (n) - 1. छिद्र 2. बचाव मार्ग | **Loophole** in any rule goes against the spirit of enforcement. | किसी भी नियम में **बचाव मार्ग** उसे लागू करने की भावना के खिलाफ जाता है। |
| 242. | loose change | (n) - रेजगारी* | Automated machines are installed in some ATM centers for getting **loose change** of up to Rs. 50 at a time. | कुछ एटीएम केंद्रों में 50 रुपए तक की **रेजगारी** निकालने के लिए स्वचालित मशीनें स्थापित की गई हैं। |
| 243. | loose notes | (n) - अबद्ध नोट, खुले नोट | **Loose notes** counting machines are appropriate for use in supermarkets, banks, restaurants, amusement parks, etc. | **खुले नोटों** की गिनती करने वाली मशीनें सुपरमार्केट, बैंकों, रेस्तरां, मनोरंजन पार्क आदि में प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं। |
| 244. | loose sheet | (n) - खुला पन्ना | Record must be kept in a register form and not in **loose sheets.** | रिकॉर्ड रजिस्टर में रखा जाए **खुले पन्ने** में नहीं। |
| 245. | lot | (n) - 1. खेप* 2. ढेरी* 3. लॉट | He bought two **lots** of 1,000 shares in the | उसने अगस्त और सितंबर के दौरान कंपनी के 1,000 शेयरों के |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | company during August and September. | दो **लॉट** खरीदे। |
| 246. | lounge | (n) - ***विश्राम कक्ष***, ***आराम कक्ष***, विश्रांतिका* | Five new **lounges** at the new Terminal 3, Indira Gandhi International Airport are located after security check area. | इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल 3 पर सुरक्षा जांच क्षेत्र के आगे पांच नए **आराम कक्ष** बनाए गए हैं। |
| 247. | lower | (adj) - 1. निचला, निम्न, निम्नतर 2. (पदनाम) अवर (v) - 3. ***घटाना*** | 1. The **lower** section of the society is trapped in the circle of poverty and unemployment. 2. The Reserve Bank Of India faces a dilemma whether to raise interest rates and slow the economy or **lower** them and risk serious inflation. | 1. समाज का **निम्न** वर्ग गरीबी और बेरोज़गारी के चक्र में फंसा है। 2. भारतीय रिजर्व बैंक इस बात को लेकर असमंजस में है कि क्या ब्याज दरें बढ़ाई जाएं और अर्थव्यवस्था धीमी हो जाए या ब्याज दरें **घटाई** जाएं और गंभीर मुद्रास्फीति का जोखिम लिया जाए। |
| 248. | lower court | (n) - ***निचली अदालत****, निचला न्यायालय | The High Court has vacated the stay order of the **lower court**. | उच्च न्यायालय ने **निचली अदालत** के स्थगन आदेश को हटा दिया है। |
| 249. | lower grade | (n) - 1. निचला ग्रेड 2. निम्न कोटि* | An employee in the higher grade pay will be senior to an employee in a **lower grade** pay. | उच्च ग्रेड वेतन का कर्मचारी **निचले ग्रेड** वेतन के कर्मचारी से वरिष्ठ होगा। |
| 250. | lower post | (n) - निचला पद | The company has adopted the hire and fire policy in place of regular employment in lower post. | कंपनी ने **निचले पद** पर नियमित रोजगार के स्थान पर रखो-निकालो की नीति अपनाई है। |
| 251. | lower rate | (n) - ***कम दर****, निम्नतम दर* | Many banks are now offering personal loans at **lower rate**. | आजकल कई बैंक **कम दर** पर व्यक्तिगत ऋण दे रहे हैं। |
| 252. | lower rung | (n) - ***निचले सोपान***, ***निम्नतर सोपान***, निम्नतम सोपानक | Senior Translators in the Central Translation Bureau are at the **lower rung** of technical hierarchy. | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो में वरिष्ठ अनुवादक तकनीकी पदानुक्रम के **निचले सोपान** पर हैं। |
| 253. | lowest tender | (n) - न्यूनतम निविदा* | The contract will be awarded against the lowest tender. | संविदा न्यूनतम निविदा पर दी जाएगी। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 254. | low grade | (n) - 1. निम्न श्रेणी* (adj) - 2. घटिया | The contractor was served a notice for supplying the goods of low **grade** quality in the office. | कार्यालय में **घटिया** गुणवत्ता के सामान की आपूर्ति के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया । |
| 255. | lost property office | (n) - खोया सामान-घर | The **Lost property Office** at Airport opens daily from 7:00 am to 10:00 pm. | हवाई अड्डे पर **खोया सामान-घर** प्रात: 7 से रात 10 बजे तक रोज खुलता है। |
| 256. | loyal | (adj) - निष्ठावान, वफादार | The party rewarded his **loyal** supporters. | पार्टी ने अपने **वफादार** समर्थकों को पुरस्कृत किया। |
| 257. | loyalty | (n) - निष्ठा*, वफादारी* | The **loyalty** of public servants should be only to the service for the public and the rule of law. | सरकारी कर्मचारियों की **निष्ठा** जनता की सेवा और कानून व्यवस्था के लिए होनी चाहिए। |
| 258. | lump sum | (n) - 1. एकमुश्त 2. एक राशि* | He has given a **lump sum** amount for purchase of the house. | उसने मकान खरीदने लिए **एकमुश्त** राशि दी है। |
| 259. | luggage room | (n) - सामान घर | The passengers may keep their bags in the **luggage room**. | यात्री अपने बैग **सामान घर** में रख सकते हैं। |
| 260. | lump sum grant | (n) - एकमुश्त अनुदान | The Association got a **lump sum grant** from the Department of Social welfare. | संगठन को समाज कल्याण विभाग से **एकमुश्त अनुदान** प्राप्त हुआ। |
| 261. | lunch | (n) - **भोजन**, मध्याहन-भोजन, लंच | 1. The delegates were offered a **lunch** in Taj. 2. The day shift will be of 8 working hours excluding **lunch** break of half an hour. | 1. प्रतिनिधियों के लिए **भोजन** की व्यवस्था ताज होटल में की गई थी। 2. दिन की पारी में 8 घंटे काम करना होगा जिसमें **मध्याहन-भोजन** का आधा घंटा शामिल नहीं है। |

M

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | machine | (n) - मशीन, यंत्र | The photocopy **machines** have been received in working condition. | फोटोकॉपी **मशीनें** चालू हालात में प्राप्त हुई हैं। |
| 2. | machine-made | (adj) - **मशीन-निर्मित** | In spite of the fact that **machine-made** products are cheaper, homemade products should be purchased for promoting the cottage industries. | **मशीन-निर्मित** उत्पाद सस्ते होने के बावजूद कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए घरों में बने उत्पाद खरीदे जाने चाहिए। |
| 3. | machinery | (n) - 1. मशीनरी*<br>2. तंत्र, व्यवस्था | 1. The use of heavy **machinery** has damaged the road. 2. The Department has no effective **machinery** for resolving disputes. | 1. भारी **मशीनरी** के उपयोग से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। 2. विभाग के पास विवादों को हल करने के लिए कोई प्रभावी **तंत्र** नहीं है। |
| 4. | machine translation | (n) - **मशीन अनुवाद** | The software is being developed for **machine translation.** | **मशीनी अनुवाद** के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। |
| 5. | macro | (n) – **मैक्रो** (कंप्यूटर)<br>(adj) – 1.**बृहत्**<br>2. **समष्टि** | (n) – One can run a **macro** to change fonts.<br>(adj) - Certain **macro** projects are being developed in the area. | (n) – फ़ॉन्ट परिवर्तित करने के लिए **मैक्रो** का उपयोग कर सकते हैं।(adj) - क्षेत्र में कुछ **बृहत्** परियोजनाएं विकसित की जा रही है। |
| 6. | macro-economic policy | (n) – **समष्टि आर्थिक नीति***  | The Government should work out on **macro-economic policies** for rapid development. | द्रुत विकास के लिए सरकार को **समष्टि आर्थिक नीतियों** पर काम करना चाहिए। |
| 7. | magazine | (n) -1. पत्रिका*<br>2. बारुदघर, शस्त्रागार<br>3. गोदाम<br>4. मैगजीन* | 1. Copies of the **magazine** were withdrawn from circulation. 2. The army has destroyed the **magazine** of the terrorists.3. There was an explosion in the ship's **Magazine.**4. The **magazine** of the seized gun was | 1. **पत्रिका** की प्रतियां परिचालन से वापस ले ली गईं। 2. सेना ने आतंकवादियों का **शस्त्रागार** नष्ट कर दिया। 3. जहाज के **गोदाम** में विस्फोट हुआ था। 4. जब्त बंदूक की **मैगजीन** खाली थी। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | empty. | |
| 8. | maiden name | (n) - विवाह-पूर्व नाम, कुमारी नाम | The employee made an application for reverting to her **maiden name** after her divorce. | तलाक के बाद, कर्मचारी ने अपने नाम को **विवाह-पूर्व नाम** से बदलने के लिए आवेदन किया है। |
| 9. | maiden speech | (n) - **पहला भाषण** | The **maiden speech** of the Prime Minister will be telecasted by the National Channel of Doordarshan. | दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल द्वारा प्रधानमंत्री के **पहले भाषण** का सीधा प्रसारण किया जाएगा। |
| 10. | mailing list | (n) - डाक-सूची | The **mailing list** is available with the despatch section. | **डाक-सूची प्रेषण** अनुभाग में उपलब्ध है। |
| 11. | mail transfer | (n) - डाक अंतरण | The payment has been made through **mail transfer**. | भुगतान **डाक अंतरण** के माध्यम से किया गया है। |
| 12. | main office | (n) - मुख्य कार्यालय | The **main office** has issued directions in this regard. | **मुख्य कार्यालय** ने इस संबंध में निदेश जारी किए हैं। |
| 13. | maintenance | (n) -1. अनुरक्षण, रखरखाव<br>2. **बनाए रखना**<br>3. भरण-पोषण<br>4. रखना | 1. The office building needs **maintenance**. 2. The purpose of the Summit is the **maintenance** of international peace and security. 3. The employee pays Rs. 20000 a month for the **maintenance** of the children. | 1. कार्यालय की इमारत के **रखरखाव** की जरूरत है। 2. शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा **बनाए रखना** है। 3. कर्मचारी बच्चों के **भरण-पोषण** के लिए प्रतिमाह 20000 रुपए का भुगतान करता है। |
| 14. | maintenance allowance | (n) - भरण-पोषण भत्ता | The **maintenance allowance** is being paid regularly by the employee. | कर्मचारी द्वारा नियमित रूप से **भरण-पोषण भत्ते** का भुगतान किया जा रहा है। |
| 15. | maintenance contract | (n) - अनुरक्षण संविदा* | The **maintenance** contract of the computers has been awarded to the lowest bidder firm. | कंप्यूटर की **अनुरक्षण संविदा** सबसे कम बोली लगाने वाली फर्म को दी गई है। |
| 16. | maintenance cost | (n) - **रखरखाव लागत***, **अनुरक्षण लागत*** | The **maintenance cost** of the office building has been increased by 10%. | कार्यालय भवन की **रखरखाव लागत** में 10% की वृद्धि हुई है। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 17. | maintenance-free | (adj) - **रखरखाव-मुक्त, अनुरक्षण-मुक्त** | All the batteries should be **maintenance-free.** | सभी बैटरियां **रखरखाव-मुक्त** होनी चाहिए। |
| 18. | major | (n) – (पद) मेजर<br>(adj) - 1. वयस्क<br>2. **प्रमुख,** मुख्य | (n) –The **Major** has visited the border area.<br>(adj) - 1. All the **majors** as well as minors are allowed in the exhibition. 2. Health care is one of the **major** problems of our time. | (n) – **मेजर** ने सीमा क्षेत्र का दौरा किया है।<br>(adj) - 1. सभी **वयस्कों** के साथ-साथ अवयस्क भी प्रदर्शनी में जा सकते हैं। 2. स्वास्थ्य की देखभाल हमारे समय की **प्रमुख** समस्याओं में से एक है। |
| 19. | major head | (n) – मुख्य शीर्ष | The **major head** of the expenditure should be mentioned in the register. | रजिस्टर में व्यय के **मुख्य शीर्ष** का उल्लेख किया जाना चाहिए। |
| 20. | majority | (n) - 1. बहुमत<br>2. वयस्कता, बालिगपन<br>3. बहुसंख्यक | 1. The party has got **majority** in the election.<br>2. The age of **majority** in India is twenty one.<br>3. The **majority** of the staff is against the merger of three offices. | 1. पार्टी को चुनाव में **बहुमत** मिला है।<br>2. भारत में **वयस्कता** की उम्र इक्कीस वर्ष है।<br>3. **बहुसंख्यक** कर्मचारी तीनों कार्यालयों के विलय के खिलाफ है। |
| 21. | majority decision | (n) - बहुमत निर्णय | It was a **majority** decision. | यह **बहुमत** का निर्णय था। |
| 22. | majority rule | (n) - **बहुमत शासन** | It took many years of struggle to establish **majority rule** in South Africa. | दक्षिण अफ्रीका में **बहुमत शासन** की स्थापना के संघर्ष में कई वर्ष लग गए। |
| 23. | major penalty | (n) – **बड़ी शास्ति***, बड़ा दंड | A **major penalty** has been imposed on the company. | कंपनी पर **बड़ी शास्ति** लगाई गई है। |
| 24. | major role | (n) - **मुख्य भूमिका*** | The UNO played a **major role** in the negotiations. | इस वार्ता में संयुक्त राष्ट्र संघ ने **मुख्य भूमिका** निभाई है। |
| 25. | major works | (n) – बड़े निर्माण-कार्य | The Department has ordered an internal audit of the **major works**. | विभाग ने **बड़े निर्माण-कार्यों** की आंतरिक लेखापरीक्षा के आदेश दिए हैं। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 26. | make-shift arrangement | (n) - कामचलाऊ व्यवस्था | The office has made a **make-shift arrangement** in this regard. | कार्यालय ने इस संबंध में **कामचलाऊ व्यवस्था** की है। |
| 27. | maladministration | (n) - कुप्रशासन | The District Authority has been charged with maladministration. | जिला प्राधिकारी पर **कुप्रशासन** का आरोप लगाया गया है। |
| 28. | malafide | (adj) - दुर्भावनापूर्ण, असद्भावना* (विधि) | The office did not find any **malafide** intention of the concerned employee in this case. | कार्यालय ने इस मामले में संबंधित कर्मचारी का कोई **दुर्भावनापूर्ण** इरादा नहीं पाया। |
| 29. | malicious | (adj) – **दुर्भावनापूर्ण**, विद्वेषपूर्ण,दुर्भावपूर्ण | The officer has begun legal proceedings alleging **malicious** prosecution. | अधिकारी ने **दुर्भावनापूर्ण** अभियोजन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। |
| 30. | malnutrition | (n) - कुपोषण | Children in the drought-stricken area suffered from **malnutrition.** | सूखा-प्रभावित क्षेत्र में बच्चे **कुपोषण** के शिकार हो जाते हैं। |
| 31. | malpractice | (n) - 1. अनाचार<br>2. कुप्रथा* | 1. There were two serious allegations of **malpractice** against the employee.<br>2. We need to get rid of the **malpractice**s prevalent in the society. | 1. कर्मचारी के खिलाफ **अनाचार** के दो गंभीर आरोप लगे थे।<br>2. हमें समाज में विद्यमान **कुप्रथाओं** को त्यागना होगा। |
| 32. | management | (n) -1. प्रबंधन<br>2. प्रबंध<br>3. प्रबंधक वर्ग | 1. The careful **management** of the economy has accelerated the economic growth.<br>2. A lack of **management** skills is responsible for this loss.<br>3. The **management** is doing its best to improve the situation. | 1. अर्थव्यवस्था के चौकस **प्रबंधन** से आर्थिक विकास में तेजी आई है।<br>2. यह नुकसान के लिए **प्रबंध** कौशल की कमी के कारण हुआ है।<br>3. **प्रबंधक वर्ग** स्थिति में सुधार की पूरी कोशिश कर रहा है। |
| 33. | management development | (n) – प्रबंध विकास | The **management development** is the key issue of the | प्रबंध विकास बैठक का प्रमुख मद्दा है। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | meeting. | |
| 34. | management plan | (n) – **प्रबंधन योजना*** | The new **management plan** has been discussed in the board meeting. | बोर्ड की बैठक में नई **प्रबंधन योजना** पर चर्चा की गई है। |
| 35. | managing committee | (n) – प्रबंध समिति* | The **managing committee** has decided to wind up the project. | **प्रबंध समिति** ने परियोजना को बंद करने का निर्णय लिया है। |
| 36. | mandate | (n) -1. **आदेश**, **जनादेश**, आज्ञा<br>2. अधिदेश<br>(v) - **आदेश देना** | (n) -1. The election result should be treated as **mandate** of the people.<br>2. The **mandate** of the Central Translation Bureau is attached herewith for information and necessary action.<br>(v) - The proposed initiative would **mandate** a reduction of carbon dioxide by 40%. | (n) -1. चुनाव परिणाम को **जनादेश** के रूप में स्वीकार करना चाहिए।<br>2. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो का **अधिदेश** जानकारी और आवश्यक कार्रवाई के लिए संलग्न है।<br>(v) - प्रस्तावित पहल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में 40% की कमी करने का **आदेश** दिया जाएगा। |
| 37. | mandatory | (adj) - 1. आज्ञापक<br>2. अनिवार्य | 1. The **mandatory** issues have been considered in this regard.<br>2. Attendance at the meeting is **mandatory.** | 1. इस संबंध में **आज्ञापक** मुद्दों पर विचार किया गया है।<br>2. बैठक में उपस्थिति **अनिवार्य** है। |
| 38. | mandatory requirement | (n) – आज्ञापक अपेक्षा | The company would fulfill the **mandatory requirements**. | कंपनी **आज्ञापक अपेक्षाएं** पूरी करेगी। |
| 39. | man days | (n) - श्रम दिन | 100 **man days** were spent on the reconstruction work. | पुनर्निर्माण कार्य में 100 **श्रम दिन** लगे। |
| 40. | man hours | (n) - श्रम घंटे | The maintenance work requires 10 **man hours.** | इस रखरखाव कार्य के लिए 10 **श्रम घंटों** की आवश्यकता है। |
| 41. | manifesto | (n) - घोषणा-पत्र | The election **manifestos** of different political parties have been published. | विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनाव **घोषणापत्र** प्रकाशित किए गए हैं। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 42. | manipulation | (n) -1. हस्त-कौशल<br>2. **हेरफेर**, जोड़-तोड़<br>3. कार्यसाधन (विधि)<br>4. (कंप्यू) प्रकलन | The employee has been found guilty of **manipulation** of the accounts. | खातों में **हेरफेर** के लिए कर्मचारी दोषी पाया गया है। |
| 43. | manoeuvre | (n) -1. **कौशल**, दाव-पेंच<br>2. युक्तिचालन<br>(v) - **नियंत्रित करना** | (n) – 1. The amendment was introduced by diplomatic **manoeuvre.**<br>2. Large-scale military **manoeuvres** are being carried out near the border.<br>(v) - The financial agencies have to **manoeuvre** the markets to check the inflation. | (n) – 1. संशोधन को राजनयिक **कौशल** से लागू किया गया था।<br>2. सीमा के पास बड़े पैमाने पर सैन्य **युक्तिचालन** किए जा रहे हैं।<br>(v) - मुद्रास्फीति को रोकने के लिए वित्तीय एजेंसियों को बाजार को **नियंत्रित करना** होगा। |
| 44. | manpower | (n) - जनशक्ति* | We should ensure best use of the available **manpower**. | हमें उपलब्ध **जनशक्ति** का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। |
| 45. | manpower deployment | (n) – **जनशक्ति* नियोजन**, जनशक्ति परिनियोजन | The company should focus on **manpower deployment** in a rational basis. | कंपनी को तर्कसंगत आधार पर **जनशक्ति नियोजन** पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। |
| 46. | manpower planning | (n) – जनशक्ति आयोजना* | The Management is considering **manpower planning** for its new project. | प्रबंधन अपनी नई परियोजना के लिए **जनशक्ति आयोजना** पर विचार कर रहा है। |
| 47. | manpower utilisation | (n) – जनशक्ति उपयोग | The committee has suggested for optimum **manpower utilization.** | समिति ने इष्टतम **जनशक्ति उपयोग** का सुझाव दिया है। |
| 48. | manual | (n) -1. नियम पुस्तक*, नियमावली*<br>2. पुस्तिका*, दीपिका* | (n) - Consult the computer **manual** if you have a problem. | (n) - यदि समस्या आ रही है, तो आप कंप्यूटर **नियम पुस्तक** देखें। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | (adj) –कायिक, शारीरिक, हस्त | | |
| 49. | manual labour | (n) - शारीरिक श्रम | The price will include the cost of the **manual labour** and materials. | इस मूल्य में **शारीरिक श्रम** और सामग्री की लागत शामिल होगी। |
| 50. | manual skill | (n) - हस्त-कौशल | The craftsmen were awarded for their **manual skill.** | कारीगरों को उनके **हस्त-कौशल** के लिए पुरस्कार दिए गए। |
| 51. | manual work | (n) - हाथ का काम | **Manual work** would be appropriate for this job. | इस जॉब के लिए **हाथ का काम** उपयुक्त होगा। |
| 52. | manufacture | (n) – **निर्माण**, विनिर्माण<br>(v) - **निर्माण करना** | (n) – We need better regulations for governing the **manufacture** of vehicles.<br>(v) - The company **manufactures** metro rail coaches. | (n) – हमें वाहनों के **निर्माण** को नियंत्रित करने के लिए बेहतर विनियमों की जरूरत है।<br>(v) - कंपनी मेट्रो रेल के डिब्बों का **निर्माण करती** है। |
| 53. | manufacturer | (n) – **निर्माता**, विनिर्माता | The machine was sent back to the **manufacturer.** | **निर्माता** को मशीन वापस भेज दी गई थी। |
| 54. | marginal | (adj) – 1. **अति अल्प**<br>2. सीमांत, उपांतिक | 1. There is a **marginal** improvement in the production.<br>2. The report is focused on the problems of the **marginal** workers. | 1. उत्पादन में **अति अल्प** सुधार हुआ है।<br>2. यह रिपोर्ट सीमांत श्रमिकों की समस्याओं पर केंद्रित है। |
| 55. | marginal farmer | (n) - **सीमांत किसान** | The scheme is aimed at the interest of the **marginal** farmers. | इस योजना का उद्देश्य **सीमांत किसानों** का हित करना है। |
| 56. | marital status | (n) - वैवाहिक स्थिति* | The **marital status** should be mentioned in the application form. | आवेदन पत्र में **वैवाहिक स्थिति** का उल्लेख किया जाना चाहिए। |
| 57. | marked | (adj) – 1. चिह्नित<br>2. उल्लेखनीय | 1. Please, refer the **marked** paragraphs in this regard.<br>2. There has been a **marked** increase in crimes during recent | 1. कृपया, इस संबंध में **चिह्नित** पैराग्राफ देखें।<br>2. हाल के वर्षों के दौरान अपराधों में **उल्लेखनीय** वृद्धि |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | years. | हुई है। |
| 58. | market | (n) - **बाजार*** | Most analysts are forecasting a further downturn in the **market**. | अधिकांश विश्लेषक **बाजार** में एक और मंदी की भविष्यवाणी कर रहे हैं। |
| 59. | market accessibility | (n) - **बाजार में पहुंच** | The **market accessibility** should be ensured for rural products. | ग्रामीण उत्पादों की **बाजार में पहुंच** सुनिश्चित की जानी चाहिए। |
| 60. | market analysis | (n) - **बाजार विश्लेषण** | The report is prepared on the basis of **market analysis**. | रिपोर्ट **बाजार विश्लेषण** के आधार पर तैयार की जाती है। |
| 61. | market demand | (n) - **बाजार मांग*** | The housing sector is crawling due to lack of **market demand**. | **बाजार मांग** में कमी की वजह से आवासन क्षेत्र में मंदी है। |
| 62. | market economy | (n) - बाजार अर्थव्यवस्था* | The present day **market economy** is growing faster. | वर्तमान **बाजार अर्थव्यवस्था** तेजी से बढ़ रही है। |
| 63. | market force | (n) - **बाजार की शक्ति*** | It will open the economy to **market forces** and increase the role of private enterprises. | इससे **बाजार की शक्तियों** के लिए अर्थव्यवस्था खुल जाएगी और निजी उद्यमों की भूमिका में वृद्धि होगी। |
| 64. | market friendly | (adj) – **बाजार-हितैषी**, बाजार-अनुकूल | The economic policy should be **market friendly.** | आर्थिक नीति **बाजार हितैषी** होनी चाहिए। |
| 65. | marketing | (n) - विपणन | The **marketing** policy of agricultural products should be made more farmer-friendly. | कृषि उत्पादों की **विपणन** नीति और अधिक किसान-हितैषी बनाई जानी चाहिए। |
| 66. | marketing cost | (n) - **विपणन लागत*** | The **marketing cost** should be considered for deciding the support price for the crops. | फसलों के समर्थन मूल्य तय करने के लिए **विपणन लागत** पर विचार किया जाना चाहिए। |
| 67. | market price | (n) - **बाजार कीमत*** | **Market prices** of crops are often subject to seasonal tendencies. | फसलों की **बाजार कीमतें** प्रायः मौसमी रूझानों पर निर्भर होती है। |
| 68. | market rate | (n) - **बाजार दर***, बाजार भाव | The **market rates** of consumable items are showing an upward | उपभोज्य वस्तुओं की **बाजार दरों** में वृद्धि का रूझान दिख |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | trend. | रहा है। |
| 69. | market rent | (n) - **बाजार किराया** | The Employee's Association has demanded that House Rent Allowance should be reimbursed as per **market rent.** | कर्मचारी एसोसिएशन ने मांग की है कि मकान किराया भत्ते की प्रतिपूर्ति **बाजार किराए** के अनुसार की जानी चाहिए। |
| 70. | market value | (n) - बाजार मूल्य | In the meantime, the **market value** of the said property has increased manifold. | इस बीच, उक्त संपत्ति का बाजार मूल्य कई गुना बढ़ा है। |
| 71. | mark sheet | (n) - अंकपत्र | The candidate has submitted the attested copies of **mark sheet**s and certificates. | उम्मीदवार ने **अंकपत्रों** और प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत कर दी हैं। |
| 72. | marks obtained | (n) - **प्राप्त अंक**, प्राप्तांक | The column for the marks obtained has been left blank. | **प्राप्त अंकों** के लिए कॉलम खाली छोड़ दिया गया है। |
| 73. | marriage certificate | (n) - विवाह प्रमाणपत्र | The **marriage certificates** have been issued to the concerned parties. | **विवाह प्रमाण-पत्र** संबंधित पक्षों को जारी कर दिए गए हैं। |
| 74. | martyr | (n) - शहीद, हुतात्मा | The Parliament paid homage to the **martyrs** of the Kargil war. | संसद ने कारगिल युद्ध के **शहीदों** को श्रद्धांजलि अर्पित की। |
| 75. | mass | (n) – **जनता**, जनसमूह<br>(adj) - 1. **जन**, सामूहिक<br>2. व्यापक<br>(v) - **एकत्रित होना** | (n) - The Government attempts to spread awareness among the **mass**es.<br>(adj) – 1. The scheme has got the **mass** support.<br>2. A **mass** demonstration has been staged to raise the voice against the corruption.<br>(v) - Demonstrators had **mass**ed outside the embassy. | (n) - सरकार **जनता** के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास करती है।<br>(adj) - 1. स्कीम को **जन** समर्थन मिला है।<br>2. भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए **व्यापक** प्रदर्शन किया गया है।<br>(v) - प्रदर्शनकारी दूतावास के बाहर **एकत्रित हुए** थे। |
| 76. | massacre | (n) - **नरसंहार** | The neighboring country witnessed the | पड़ोसी देश गृहयुद्ध के दौरान निर्दोष नागरिकों के खूनी |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | bloody **massacre** of innocent civilians during the civil war. | **नरसंहार** का गवाह रहा। |
| 77. | mass communication | (n) - जनसंचार | The Pulse Polio Drive got momentum due to **mass communication**. | **जनसंचार** के जरिए पल्स पोलियो अभियान को गति मिली। |
| 78. | mass consumption | (n) - **व्यापक खपत***, व्यापक उपभोग | The **mass consumption** of paper is depleting our forests. | कागज की **व्यापक खपत** से हमारे जंगल घट रहे हैं। |
| 79. | mass immunization | (n) - व्यापक प्रतिरक्षण | The Health Department has initiated a **mass immunization** programme for rural children. | स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण बच्चों के लिए **व्यापक प्रतिरक्षण** कार्यक्रम शुरू किया है। |
| 80. | mass media | (n) - जनसंचार माध्यम | The **mass media** has played a crucial role in the Public Awareness Campaign. | **जनसंचार माध्यमों** ने जन-जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। |
| 81. | mass production | (n) - **व्यापक उत्पादन**, बड़े पैमाने पर उत्पादन, पुंज उत्पादन | The **mass production** of crops will ensure our food security. | फसलों का **व्यापक उत्पादन**, हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। |
| 82. | mass strike | (n) -1. सामूहिक हड़ताल* 2. व्यापक हड़ताल* | The various Employees' Associations have called for **mass strike**. | विभिन्न कर्मचारी संघों ने **सामूहिक हड़ताल** का आह्वान किया है। |
| 83. | master copy | (n) - मुख्य प्रति* | The **master copy** of the report is kept with the Research Wing. | रिपोर्ट की **मुख्य प्रति** अनुसंधान विंग के पास है। |
| 84. | master file | (n) -1. मास्टर फाइल* 2. (कंप्यू) प्रधान संचिका* | The **master file** should be produced before the committee. | **मास्टर फ़ाइल** समिति के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए। |
| 85. | master mind | (n) – **मुख्य षडयंत्रकारी**, **मुख्य** | The **master mind** of the blast has been caught by the police. | पुलिस ने विस्फोट के **मुख्य षडयंत्रकारी** को पकड़ा है। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | **साजिशकर्ता** | | |
| 86. | master plan | (n) – **महायोजना***, मास्टर प्लान, महाआयोजना* | The **master plan** has been approved by the Ministry. | मंत्रालय ने **महायोजना** को अनुमोदित कर दिया है। |
| 87. | match | (n) – **मैच**<br>(v) - □□□ □□□□ | (n) – The Indian Cricket Team has won the **match**.<br>(v) - The two sets of figures don't **match**. | (n) – भारतीय क्रिकेट टीम ने **मैच** जीत लिया है।<br>(v) - दोनों आंकड़ें **मेल** नहीं **खाते**। |
| 88. | matching grant | (n) - **तुल्य अनुदान**, अनुरुप अनुदान | The **matching grant** has been made available to the State Government. | राज्य सरकार को **तुल्य अनुदान** उपलब्ध कराया गया है। |
| 89. | matching-saving formula | (n) - **बचत-मिलान सूत्र** | The adoption of **matching-saving formula** is irrelevant in this case. | इस मामले में **बचत-मिलान सूत्र** अपनाना अप्रासंगिक है। |
| 90. | maternity benefit | (n) - प्रसूति हितलाभ | The employee is entitled for all **maternity benefit** as per rule. | कर्मचारी नियमानुसार सभी **प्रसूति हितलाभ** की हकदार है। |
| 91. | maternity leave | (n) - प्रसूति छुट्टी* | The employee has been applied for **maternity leave.** | कर्मचारी ने **प्रसूति छुट्टी** के लिए आवेदन किया है। |
| 92. | maternity ward | (n) - **प्रसूति वार्ड** | The **maternity ward** has been shifted to the new building. | **प्रसूति वार्ड** नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। |
| 93. | matter | (n) - विषय, मामला | The **matter** has been discussed in the meeting. | बैठक में इस **विषय** पर चर्चा की गई है। |
| 94. | mature | (adj) – 1. परिपक्व<br>2. प्रौढ़<br>(v) – 1. □□□□□ □□□□, □□□□□□□ □□□□<br>2. परिपक्व होना | (adj) – The new leader wants his country to be seen as a **mature** democracy.<br>(v) – 1. Technology in this field has **matured** considerably over the last decade. | (adj) – नए नेता चाहते हैं कि उनके देश को एक **परिपक्व** लोकतंत्र के रूप में देखा जाए।<br>(v) – 1. पिछले दशक में, इस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी काफी □□□□□ **हो गई** है। |
| 95. | maturity | (n) -1. परिपक्वता*<br>2. प्रौढ़ता* | 1. The research will take 5 years to reach **maturity.** | 1. अनुसंधान को **परिपक्वता** तक पहुंचने में 5 वर्ष लगेंगे। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2. The working capacity decreases as we reach **maturity.** | 2. हम जैसे-जैसे **प्रौढ़ता** की ओर बढ़ते हैं, काम करने की क्षमता कम होती जाती है। |
| 96. | maturity date | (n) - परिपक्वता तिथि* | The claim is due on the **maturity date** of the insurance policy. | दावा बीमा पॉलिसी की **परिपक्वता तिथि** पर देय है। |
| 97. | maximize | (v) – **अधिकतम सीमा* तक बढ़ाना** | We have to **maximize** our capacity. | हमें अपनी क्षमता को **अधिकतम सीमा तक बढ़ाना** होगा। |
| 98. | maximum | (n) , (adj) – अधिकतम उच्चतम | (n) - There should be a **maximum** of 30 children in a class.<br>(adj) – The **maximum** temperature has been recorded 40°C. | (n) - एक कक्षा में **अधिकतम** 30 बच्चे होने चाहिए।<br>(adj) – **अधिकतम** तापमान 40°C दर्ज किया गया है। |
| 99. | maximum average pay | (n) - अधिकतम औसत वेतन | The **maximum average pay** has been considered as an index for the determination of revised pay scale. | संशोधित वेतनमान के निर्धारण के लिए **अधिकतम औसत वेतन** को सूचकांक माना गया है। |
| 100. | maximum price | (n) - अधिकतम कीमत* | The consumables items have been purchased on **maximum price.** | उपभोज्य वस्तुएं **अधिकतम कीमत** पर खरीदी गई हैं। |
| 101. | meaning | (n) - **अर्थ** | There are deeper **meanings** in the para and need to be clarified. | इस पैरा के गहरे **अर्थ** हैं और इसीलिए इन्हें स्पष्ट करना आवश्यक है। |
| 102. | meaningful | (adj) – **सार्थक, अर्थपूर्ण** | Without more data we cannot make a **meaningful** comparison of the two systems. | अधिक आंकड़ों के बिना हम दो प्रणालियों की **सार्थक** तुलना नहीं कर सकते। |
| 103. | meaningless | (adj) – **निरर्थक** | The efforts of the committee have been proven **meaningless.** | समिति के प्रयास **निरर्थक** सिद्ध हुए। |
| 104. | means | (n) – 1. साधन<br>2. उपाय | 1. Television is an effective **means** of communication. | 1. टेलीविजन संचार का एक प्रभावी **साधन** है। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2. The tourist had entered the country by using unlawful **means**. | 2. पर्यटक ने गैर-कानूनी **उपाय** का प्रयोग कर देश में प्रवेश किया था। |
| 105. | meantime | (adv) - **इस बीच** | In the **meantime** the report should be prepared. | **इस बीच** रिपोर्ट तैयार कर ली जानी चाहिए। |
| 106. | meanwhile | (adv) - **इस दौरान** | For the **meanwhile**, the office can hire taxi. | **इस दौरान**, कार्यालय टैक्सी किराए पर ले सकता है। |
| 107. | measurable | (adj) – **पर्याप्त मात्रा में** | Some **measurable** improvements have been noticed in this regard. | इस संबंध में, **पर्याप्त मात्रा में** सुधार देखा गया है। |
| 108. | measurably | (adv) - **पर्याप्त मात्रा में, कुछ हद तक** | Working conditions have changed **measurably** in the last five years. | पिछले पांच वर्षों में काम करने की स्थिति में **पर्याप्त मात्रा में** परिवर्तन हुआ है। |
| 109. | measure | (n) - माप*<br>(v) – 1. मापना<br>2. **आकलन करना** | (n) - The Richter Scale is a **measure** of ground motion.<br>(v) – 1. The main hall **measures** 5000 sq ft.<br>2. It is difficult to **measure** the success of the campaign at this stage. | (n) - रिक्टर पैमाना जमीनी गति नापने का एक **माप** है।<br>(v) – 1. मुख्य हॉल का माप 5000 वर्ग फुट है।<br>2. इस स्तर पर अभियान की सफलता का **आकलन करना** मुश्किल है। |
| 110. | measures | (n) - उपाय | We must take preventive **measures** to reduce crime in the area. | क्षेत्र में अपराध कम करने के लिए, हमें निवारक **उपाय** करने चाहिए। |
| 111. | measurement | (n) - माप* | The exact **measurement** of the land is 20000 sq ft. | भूमि की सटीक **माप** 20000 वर्ग फुट है। |
| 112. | mechanical | (adj) – यांत्रिक | The power supply was interrupted due to a **mechanical** fault. | **यांत्रिक** त्रुटि के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा आई थी। |
| 113. | mechanical defect | (n) - यांत्रिक दोष, मशीन की खराबी* | The **mechanical defect** has been | **यांत्रिक दोष** समय पर सुधार लिया गया है। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | rectified in time. | |
| 114. | mechanism | (n) -1. तंत्र<br>2. क्रियाविधि* | A power saving **mechanism** has been introduced in the office. | कार्यालय में बिजली बचत **तंत्र** प्रारंभ किया गया है। |
| 115. | mechanize | (v) – □□□□□□□□□□ □ □□□□□ | The production process is now highly **mechanized**. | उत्पादन प्रक्रिया को अब उच्च रूप से □□□□□□□□□□□ □□□□□ □□□ है। |
| 116. | medal | (n) - **पदक** | Ten police officers have been awarded bravery **medals**. | दस पुलिस अधिकारियों को वीरता **पदक** से सम्मानित किया गया है। |
| 117. | media | (n) -1. माध्यम<br>2. जनसंचार-माध्यम | The ceremony was reported in the **media.** | **जनसंचार-माध्यम** में समारोह की सूचना दी गई। |
| 118. | mediate | (v) – मध्यगता करना, मध्यस्थता करना | An independent body was appointed to **mediate** between staff and management. | कर्मचारी और प्रबंधन के बीच **मध्यस्थता करने** के लिए एक स्वतंत्र निकाय को नियुक्त किया गया। |
| 119. | mediator | (n) - मध्यग, मध्यस्थ | The two parties are scheduled to meet with the **mediator** tomorrow. | कल, दोनों पक्ष **मध्यस्थ** से मिलेंगे। |
| 120. | medical | (adj) – चिकित्सा*, चिकित्सीय | The **medical** facilities should be improved in the hospitals. | अस्पतालों में **चिकित्सा** सुविधाओं में सुधार किया जाना चाहिए। |
| 121. | medical aid | (n) - चिकित्सा सहायता* | The **medical aid** has been provided to the victims. | पीड़ितों को **चिकित्सा सहायता** उपलब्ध करवाई गई है। |
| 122. | medical benefit | (n) - चिकित्सा हितलाभ | The **medical benefit** should be made available to the beneficiaries. | हितग्राहियों को **चिकित्सा हितलाभ** उपलब्ध कराया जाना चाहिए। |
| 123. | medical bill | (n) - चिकित्सा बिल | The **medical bill** has been reimbursed to the employee. | कर्मचारी को **चिकित्सा बिल** की प्रतिपूर्ति की गई है। |
| 124. | medical certificate | (n) - चिकित्सा प्रमाणपत्र | The employee has submitted the | कर्मचारी ने छुट्टी के आवेदन के साथ **चिकित्सा प्रमाणपत्र** |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | **medical certificate** along with leave application. | प्रस्तुत कर दिया है। |
| 125. | medical examination | (n) - **चिकित्सा जांच***, चिकित्सा परीक्षा* | The **medical examination** of the candidates is being carried out by the Chief Medical Officer. | उम्मीदवारों की **चिकित्सा जांच** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कर रहा है। |
| 126. | medical insurance | (n) - चिकित्सा बीमा | The proposal of **medical insurance** is being considered by the Directorate of Health. | स्वास्थ्य निदेशालय **चिकित्सा बीमा** के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। |
| 127. | medical leave | (n) - चिकित्सा छुट्टी* | The employee has applied for 10 days **medical leave**. | कर्मचारी ने 10 दिन की **चिकित्सा छुट्टी** के लिए आवेदन किया है। |
| 128. | medical reimbursement | (n) - चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति* | The **medical reimbursement** will be restricted to the CGHS rates. | **चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति** सीजीएचएस दर के अनुसार सीमित की जाएगी। |
| 129. | medical relief | (n) - चिकित्सा राहत* | The **medical relief** has been made available to the victims of the train accidents. | ट्रेन दुर्घटनाओं के पीड़ितों को **चिकित्सा राहत** उपलब्ध करवाई गई है। |
| 130. | medical report | (n) - चिकित्सा रिपोर्ट* | The **medical reports** of the victims have been produced in the court. | पीड़ितों की **मेडिकल रिपोर्ट** अदालत में पेश की गई है। |
| 131. | medicine | (n) - 1. आयुर्विज्ञान<br>2. दवा*, औषधि<br>3. काय-चिकित्सा* | 1. Psychiatry is an accepted branch of **medicine.**<br>2. The **medicines** are available with the CGHS Wellness Centres. | 1. मनोरोग **आयुर्विज्ञान** की स्वीकृत शाखा है।<br>2. सी.जी.एच.एस कल्याण केंद्र में **दवा** उपलब्ध हैं। |
| 132. | medico-legal | (adj) – चिकित्सा-विधिक | A **medico-legal** advice has been sought for in this matter. | इस मामले में, **चिकित्सा-विधिक** परामर्श मांगा गया है। |
| 133. | medium | (n) - माध्यम | Television can be an excellent **medium** for | टेलीविजन शिक्षा के लिए |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | education. | बहुत अच्छा **माध्यम** हो सकता है। |
| 134. | medium of education | (n) - **शिक्षा का माध्यम**, शिक्षा माध्यम | In the primary level, the **medium of education** should be the mother tongue. | प्राथमिक स्तर पर, **शिक्षा का माध्यम** मातृभाषा होनी चाहिए। |
| 135. | meeting | (n) - 1. बैठक 2. सभा* 3. सम्मिलन | Ten **meeting**s of Expert Committee have been held till date. | आज की तारीख तक विशेषज्ञ समिति की दस **बैठकें** आयोजित की गई हैं। |
| 136. | meeting in camera | (n) - बंद (कमरे में) बैठक | The journalists are not allowed in the **meeting in camera.** | **बंद (कमरे में) बैठक** में पत्रकारों को आने की अनुमति नहीं है। |
| 137. | member | (n) - सदस्य | The **member** has resigned from the committee. | **सदस्य** ने समिति से इस्तीफा दे दिया है। |
| 138. | membership | (n) - सदस्यता* | The **membership** of the defaulter members has been terminated. | बकायादार सदस्यों की **सदस्यता** समाप्त कर दी गई है। |
| 139. | memorandum | (n) - ज्ञापन | The office has issued a **memorandum** in this regard. | इस संबंध में, कार्यालय ने **ज्ञापन** जारी किया है। |
| 140. | memorandum of understanding | (n) - **सहमति ज्ञापन**, समझौता ज्ञापन | Both the countries have signed the **memorandum of understanding.** | दोनों देशों ने **सहमति ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किए हैं। |
| 141. | memorial | (n) - 1. स्मारक 2. अभ्यावेदन | The India Gate is the **memorial** to the martyrs of the Second World War. | इंडिया गेट द्वितीय विश्व युद्ध के शहीदों का **स्मारक** है। |
| 142. | memorial lecture | (n) - स्मारक व्याख्यान | A **memorial lecture** has been organized by the Department. | विभाग ने **स्मारक व्याख्यान** आयोजित किया है। |
| 143. | mercy petition | (n) - दया-याचिका* | The **mercy petition** has been dismissed by the Supreme Court. | उच्चतम न्यायालय ने **दया याचिका** खारिज कर दी है। |
| 144. | merger | (n) – **विलय**, विलयन | The DOPT has issued a clarification regarding the **merger** of certain pay scales. | कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने कुछ वेतनमानों के **विलय** के बारे में स्पष्टीकरण जारी |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | किया है। |
| 145. | merit | (n) - गुण, योग्यता* | 1. Every candidate was selected on **merit**. | 1. प्रत्येक उम्मीदवार का चयन **योग्यता** के आधार पर किया गया था। |
| 146. | merit cum seniority | (n) - योग्यता सह वरिष्ठता* | The selection was based on **merit cum seniority.** | चयन **योग्यता-व-वरिष्ठता** के आधार पर किया गया था। |
| 147. | meritorious service | (n) - सराहनीय सेवा* | After 30 years of **meritorious service,** the officer has retired from the service. | 30 वर्षों की **सराहनीय सेवा** के बाद, अधिकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। |
| 148. | merits and demerits | (n) - गुण-दोष, गुणावगुण | The decision has been taken on the basis of **merits and demerits** of the case. | मामले के **गुण-दोष** के आधार पर निर्णय लिया गया है। |
| 149. | message | (n) – संदेश<br>(v) – **सूचना भेजना** | (n) – The **message** has been conveyed to the Chairperson.<br>(v) - The office messaged to the Directorate. | (n) – अध्यक्ष को **संदेश** दे दिया गया है।<br>(v) - कार्यालय ने निदेशालय को **सूचना भेज दी**। |
| 150. | method | (n) – विधि*, पद्धति*, प्रणाली* | The **method** of compiling the data will be described later. | डाटा संकलन की **पद्धति** के बारे में बाद में उल्लेख किया जाएगा। |
| 151. | methodology | (n) - कार्यप्रणाली* | The Expert Committee has examined the **methodologies** adopted for the study. | विशेषज्ञ समिति ने अध्ययन के लिए अपनाई गई **कार्यप्रणाली** की जांच की है। |
| 152. | metropolitan area | (n) - महानगर क्षेत्र | The delimitation process of the **metropolitan area** is going on. | **महानगर क्षेत्र** के परिसीमन की प्रक्रिया चल रही है। |
| 153. | mid day meal | (n) - **मध्याह्न भोजन**, दोपहर का भोजन | The **mid day meal** scheme is being implemented in the urban areas too. | शहरी क्षेत्रों में भी **मध्याह्न भोजन** स्कीम लागू की जा रही है। |
| 154. | middle man | (n) - बिचौलिया | The company has refused the presence of any **middle man** in the deal. | कंपनी ने सौदे में किसी भी बिचौलिए की मौजूदगी से इनकार किया है। |
| 155. | midterm | (n) - मध्यावधि | The **midterm** | बाह्यस्रोतीय एजेंसियों के |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | appraisal | मूल्यांकन | **appraisal** of the performance of the outsourced agencies may be ensured. | कार्य-निष्पादन केe **मध्यावधि मूल्यांकन** सुनिश्चित किया जाए। |
| 156. | midterm election | (n) - **मध्यावधि चुनाव**, **मध्यावधि निर्वाचन** | The possibility of the **midterm election** of the State Assembly has been ruled out by the Governor. | राज्यपाल ने राज्य विधानसभा के **मध्यावधि चुनाव** की संभावना से इंकार किया गया है। |
| 157. | migrant | (n) - प्रवासी | Earlier, the agency had conducted a survey on the **migrant** workers. | इससे पहले, एजेंसी ने **प्रवासी** कामगारों पर सर्वेक्षण किया था। |
| 158. | mileage | (n) - 1. मील-दूरी* 2. मील भत्ता 3. लाभ | 1. Please, mention the approximate **mileage** for the proposed journey. 2. The actual **mileage** allowance will be paid to the concerned employee. 3. The country has got a political **mileage** out of the convention. | 1. कृपया, प्रस्तावित यात्रा के लिए अनुमानित **मील-दूरी** का उल्लेख करें। 2. संबंधित कर्मचारी को वास्तविक **मील भत्ते** का भुगतान किया जाएगा। 3. इस सम्मेलन से देश को राजनीतिक **लाभ** मिला है। |
| 159. | militancy | (n) – **उग्रवाद**, लड़ाकू वृत्ति* | The Government agencies are trying to curb the **militancy** in the valley. | सरकारी एजेंसियां घाटी में **उग्रवाद** पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रही हैं। |
| 160. | minimum | (adj) - न्यूनतम, कम से कम | The **minimum** age for the post is 25. | इस पद के लिए **न्यूनतम** आयु 25 वर्ष है। |
| 161. | minimum price | (n) - न्यूनतम कीमत* | The **minimum price** for procurement of rice should be fixed soon. | गेहूं की खरीद के लिए **न्यूनतम कीमत** जल्द ही तय की जानी चाहिए। |
| 162. | minimum wages | (n) - न्यूनतम मजदूरी* | The **minimum wages** for the casual lobour have been revised. | अनियत मजदूरों के लिए **न्यूनतम मजदूरी** में संशोधन किया गया है। |
| 163. | ministerial staff | (n) - **अनुसचिवीय कर्मचारी**, लिपिकवर्गीय कर्मचारी वर्ग | The Recruitment Rules of **ministerial staff** have been notified. | **अनुसचिवीय कर्मचारियों** के भर्ती नियम अधिसूचित कर दिए गए हैं। |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 164. | ministry | (n) - मंत्रालय | The **Ministry** has issued a memorandum in this regard. | **मंत्रालय** ने इस संबंध में ज्ञापन जारी किया है। |
| 165. | minor | (adj) - 1. अवयस्क, नाबालिग<br>2. लघु | 1. The **minors** are not allowed in the discussion as participants.<br>2. Certain **minor** projects have been completed within the prescribed time limit. | 1. **नाबालिगों** को प्रतिभागी के रूप में इस चर्चा में भाग लेने की अनुमति नहीं है।<br>2. कुछ **लघु** परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली गई हैं। |
| 166. | minor head | (n) - लघु शीर्ष | The **minor head** should be mentioned in the pay order. | **लघु शीर्ष** का उल्लेख भुगतान आदेश में किया जाना चाहिए। |
| 167. | minority | (n) - 1. अल्पसंख्यक<br>2. अल्पमत<br>3. अवयस्कता*<br>4. अल्पसंख्यक | 1. Members from **minority** commnnity have also supported the amendments.<br>2. The **minority** Government has resigned.<br>3. The petitioner will inherit the property when he has passed his **minority.** | 1. **अल्पसंख्यक** समुदाय के सदस्यों ने भी संशोधनों का समर्थन किया ।<br>2. **अल्पमत** सरकार ने इस्तीफा दे दिया है।<br>3. याचिकाकर्ता **अवयस्कता** की अवस्था पार करते ही संपत्ति का वारिस हो जाएगा। |
| 168. | minor penalty | (n) - **लघु शास्ति***, छोटी **शास्ति** दंड | A **minor penalty** has been imposed on the employee. | कर्मचारी पर **लघु शास्ति** लगाई गई है। |
| 169. | minor works | (n) - लघु निर्माण कार्य | Tenders have been invited for the **minor works**. | **लघु निर्माण कार्यों** के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। |
| 170. | minutes | (n) - 1. कार्यवृत्त<br>2. **टिप्पणी***, टिप्पण<br>3. मिनट्स<br>4. विवरण | 1. The **minutes** of the meeting may be prepared.<br>2. The **minutes** expressed by the members have been recorded. | 1. बैठक का **कार्यवृत्त** तैयार करें।<br>2. सदस्यों द्वारा व्यक्त की गई **टिप्पणियां** दर्ज कर ली गई हैं। |
| 171. | minutes of dissent | (n) – **विसम्मति टिप्पणी*** | The **minutes of dissent** have been communicated to the Chairperson. | अध्यक्ष को **असहमति टिप्पणी** के बारे में अवगत करा दिया गया है। |
| 172. | minutes of understanding | (n) - **समझौते की शर्तें*** | The **minutes of understanding** have been incorporated in | संविदा में **समझौते की शर्तें** शामिल की गई हैं। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | the contract. | |
| 173. | misappropriation | (n) – **गबन**, दुर्विनियोजन | The Internal Audit has found a case of **misappropriation** of cash. | आंतरिक लेखा परीक्षा दल ने नकदी के **गबन** के मामले को उजागर किया है। |
| 174. | misappropriation of funds | (n) – **निधियों का गबन**, **निधियों का दुर्विनियोजन** | The company has been charged with **misappropriation of funds**. | कंपनी पर **निधियों के गबन** का आरोप लगा है। |
| 175. | misbehaviour | (n) - दुर्व्यवहार | The employee has been criticized for his **misbehaviour.** | कर्मचारी की दुर्व्यवहार के लिए आलोचना की गई है। |
| 176. | miscellaneous | (adj) - विविध, फुटकर | The pending **miscellaneous** works should be completed by the end of this month. | इस महीने के अंत तक लंबित विविध कार्य पूरे कर लिए जाने चाहिए। |
| 177. | miscellaneous expenses | (n) - **विविध व्यय**, विविध खर्च | The grant has been sanctioned to cover the cost of miscellaneous expenses. | **विविध व्यय** की लागत को पूरा करने के लिए अनुदान मंजूर किया गया है। |
| 178. | misconduct | (n) - कदाचार | The office has punished the guilty employee for his **misconduct.** | कार्यालय ने दोषी कर्मचारी को उसके **कदाचार** के लिए दंड दिया है। |
| 179. | misleading statement | (n) - भ्रामक बयान, भ्रामक कथन | One should not give misleading statement. | किसी को **भ्रामक बयान** नहीं देना चाहिए। |
| 180. | mismanagement | (n) – **कुप्रबंधन**, कुप्रबंध | The **mismanagement** is responsible for the failure of the project. | परियोजना की विफलता के लिए **कुप्रबंधन** जिम्मेदार है। |
| 181. | mission | (n) - मिशन, ध्येय | The **mission** and vision of the organization has been mentioned in annexure - I. | संगठन के **मिशन** और विजन का संलग्नक -1 में उल्लेख किया गया है। |
| 182. | misstatement of facts | (n) - तथ्यों की गलतबयानी* | The confusion has been created due to **misstatement of facts**. | **तथ्यों की गलतबयानी** के कारण भ्रम उत्पन्न हुआ है। |
| 183. | misunderstanding | (n) - गलतफहमी | The problem arose from a **misunderstanding** on the part of the company. | समस्या कंपनी की ओर से हुई **गलतफहमी** से पैदा हुई। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 184. | misuse | (n) - दुरुपयोग<br>(v) - दुरुपयोग करना | (n) - The officer has been charged with the **misuse** of power.<br>(v) - The officer has misused the power. | (n) - अधिकारी पर शक्ति के **दुरुपयोग** का आरोप लगाया गया है।<br>(v) - अधिकारी ने शक्ति का **दुरुपयोग** किया है। |
| 185. | mixed economy | (n) - मिश्रित अर्थव्यवस्था* | In the *Indian* type of ***mixed economy***, both public and private sectors coexist. | भारत जैसी **मिश्रित अर्थव्यवस्था** में, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र - दोनों का साथ-साथ स-अस्तित्व होता है। |
| 186. | mobile | (n) - (फोन) मोबाइल<br>(adj) - चल, चलता-फिरता | (n) - **Mobile** phone has been made essential for transaction through net-banking.<br>(adj) - Along with the Primary Health Centres, the **mobile** health units provide healthcare in rural areas. | (n) - नेट बैंकिंग के माध्यम से लेन-देन के लिए **मोबाइल** फोन आवश्यक कर दिया गया है।<br>(adj) - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ, **चल** स्वास्थ्य इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती हैं। |
| 187. | mobile banking service | (n) - **मोबाइल बैंकिंग सेवा*** | The bank has launched a **mobile banking service** for its customers. | बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए **मोबाइल बैंकिंग सेवा** शुरू की है। |
| 188. | mobilization | (n) – **एकत्रीकरण**, जुटाव | The **mobilization** of the country's economic resources should be ensured for rapid economic growth. | तीव्र आर्थिक विकास के लिए देश के आर्थिक संसाधनों का **एकत्रीकरण** सुनिश्चित किया जाना चाहिए। |
| 189. | modality | (n) - **कार्य-विधि***, रीति*, कार्य-रीति* | The **modality** of the implementation of the scheme has been elaborated in the following paras. | निम्नलिखित पैराओं में, योजना के कार्यान्वयन की **कार्य-विधि** के बारे में सविस्तार उल्लेख किया गया है। |
| 190. | mode | (n) - तरीका, प्रकार, रीति*, | Nowadays, e-mail has become a **mode** of official | आजकल, ई-मेल आधिकारिक संचार का एक तरीका बन |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | विधा, विधि* | communication. | गया है। |
| 191. | model | (n) - 1. निदर्श, मॉडल<br>2. आदर्श | 1. The private-public partnership **model** has been adopted for infra-structure development.<br>2. The project will be serving as the **model** for other up-coming projects. | 1. बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निजी-सार्वजनिक भागीदारी **मॉडल** अपनाया गया है।<br>2. यह परियोजना अन्य आने वाली परियोजनाओं के लिए **आदर्श** के रूप में कार्य करेगी। |
| 192. | modification | (n) **–उपांतरण** आशोधन | Certain **modifications** have been made in the draft report. | मसौदा रिपोर्ट में कुछ **सुधार** किए गए हैं। |
| 193. | momentum | (n) – **गति***, संवेग, तेजी* | The economic growth has got a **momentum.** | आर्थिक विकास में **तेजी** आई है। |
| 194. | monetary grant | (n) - आर्थिक अनुदान | The NGO has applied for a **monetary grant.** | गैर-सरकारी संगठन ने **आर्थिक अनुदान** के लिए आवेदन किया है। |
| 195. | money | (n) - धन, मुद्रा* | The repairs will cost quite a lot of **money.** | मरम्मत पर काफी धन खर्च होगा। |
| 196. | money bill | (n) - धन-विधेयक | The **money bill** has been passed in the Parliament. | संसद में **धन विधेयक** पारित कर दिया गया है। |
| 197. | monitoring | (n) – **निगरानी***, अनुवीक्षण | The **monitoring** of ongoing project should be ensured. | जारी परियोजना की **निगरानी** सुनिश्चित की जानी चाहिए। |
| 198. | monopoly | (n) - एकाधिकार | The higher education should not be the **monopoly** of the rich. | उच्च शिक्षा पर अमीरों का **एकाधिकार** नहीं होना चाहिए। |
| 199. | moral | (adj) - नैतिक | It is our **moral** obligation to support the victims of the natural calamity. | प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों की सहायता करना हमारा **नैतिक** दायित्व है। |
| 200. | morale | (n) - मनोबल, हौसला | Many employees of the organization are suffering from low **morale** due to lack of career progression. | कैरियर उन्नयन का अवसर न मिलने के कारण, संगठन के बहुत से कर्मचारियों का **मनोबल** पस्त है। |
| 201. | mortality rate | (n) - मृत्यु दर* | The average **mortality rate** of the | पिछले कुछ वर्षों में, |

| S.No. | Words | Hindi Synonyms | Usages in English | Usages in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | population has declined over the years. | जनसंख्या की औसत **मृत्यु दर** में गिरावट आई है। |
| 202. | mortgage | (n) – बंधक<br>(v) – **बंधक रखना** | (n) - The bank will help arrange a **mortgage**.<br>(v) – The company had to **mortgage** its property to pay the arrears. | (n) - बैंक **बंधक** की व्यवस्था करने में मदद करेगा।<br>(v) – बकाया भुगतान करने के लिए कंपनी को अपनी संपत्ति को **बंधक रखना** पड़ा था। |
| 203. | mortgage deed | (n) - **बंधक विलेख** | The **mortgage deed** has been executed. | **बंधक विलेख** निष्पादित किया गया है। |
| 204. | mortgagee | (n) - बंधकदार | The bank became the **mortgagee** of the property. | बैंक संपत्ति का **बंधकदार** बन गया। |
| 205. | mortgagor | (n) - बंधककर्ता | The bank has sanctioned a loan to the **mortgagor**. | बैंक ने **बंधककर्ता** को ऋण की मंजूरी दी है। |
| 206. | most immediate | (adj) - अति तत्काल | The letter has been categorized as '**most immediate**'. | पत्र को **'अति तत्काल'** वर्ग में रखा गया है। |
| 207. | motion | (n) - प्रस्ताव | A **motion** has been moved in the Parliament in this matter. | इस मामले के संबंध में संसद में **प्रस्ताव** लाया गया है। |
| 208. | motion of confidence | (n) - विश्वास प्रस्ताव | The Government has won the **motion of confidence.** | सरकार ने **विश्वास प्रस्ताव** जीत लिया है। |
| 209. | motivation | (n) – **प्रेरणा***, अभिप्रेरण | The lack of motivation is responsible for the failure of the research project. | अनुसंधान परियोजना की विफलता का कारण **प्रेरणा** की कमी है। |
| 210. | motive | (n) - 1. उद्देश्य<br>2. अभिप्रेरण<br>3. हेतु<br>(adj) - **प्रेरक** | (n) - Police have ruled out robbery as a **motive** for the killing.<br>(adj) - The incentives given to the employees are just a **motive** force. | (n) - पुलिस ने डकैती को हत्या का **उद्देश्य** मानने से इनकार किया है।<br>(adj) – कर्मचारियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन केवल **प्रेरक बल** है। |
| 211. | motorcar allowance | (n) - मोटरकार भत्ता | The officer has applied for **motorcar allowance.** | अधिकारी ने **मोटरकार भते** के लिए आवेदन किया है। |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 212. | mourning | (n) - शोक, मातम | The Government announced a day of national **mourning** for the victims of the disaster. | सरकार ने आपदा के पीड़ितों के लिए एक दिन के राष्ट्रीय **शोक** की घोषणा की। |
| 213. | motto | (n) - आदर्श वाक्य, आदर्शोक्ति, घोष वाक्य | The Government's **motto** will be to be with everyone and for everyone's development. | सरकार का **आदर्श वाक्य** होगा - हर किसी का साथ और हर किसी का विकास। |
| 214. | movable property | (n) - चल संपत्ति* | The all concerned are directed to submit the information of **movable propertie**s purchased during the financial year. | सभी संबंधित व्यक्तियों को यह निदेश दिया जाता है कि वे वित्त वर्ष के दौरान खरीदी गई **चल संपत्तियों** की जानकारी प्रस्तुत करें। |
| 215. | movement | (n) - 1. आंदोलन<br>2. संचलन<br>3. गतिविधि* | 1. The conservation of forest **movement** is gathering support in rural areas too.<br>2. There are reports of fresh troop **movements** across the border.<br>3. The police have kept a close eye on the **movement** of protestors. | 1. ग्रामीण क्षेत्रों में भी वन संरक्षण **आंदोलन** को समर्थन मिल रहा है।<br>2. सीमा पार सेना के नए **संचलन** की खबरें हैं।<br>3. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की **गतिविधि** पर कड़ी नजर रखी है। |
| 216. | multipurpose | (adj) - बहु-उद्देशीय, बहु प्रयोजन | The **multipurpose** satellite has been launched successfully. | बहुउद्देशीय उपग्रह सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया है। |
| 217. | muster roll | (n) - उपस्थिति नामावली*<br>उपस्थिति रजिस्टर | The **muster roll** of the casual labours is kept with the Assistant. | अनियत मजदूरों की **उपस्थिति नामावली** सहायक के पास है। |
| 218. | mutation | (n) - दाखिल-खारिज, नामांतरण | The **mutation** of the property is under process. | संपत्ति के **नामांतरण** की प्रक्रिया चल रही है। |
| 219. | mutatis mutandis | (adv) - यथावश्यक परिवर्तन सहित | The same contract will be awarded to each supplier **mutatis mutandis**. | **यथावश्यक परिवर्तन सहित** यही संविदा, प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को प्रदान की |

| **S.No.** | **Words** | **Hindi Synonyms** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | जाएगी। |
| 220. | mutilated | (adj) - कटाफटा, विकृत | The bank has dishonoured the **mutilated** cheque. | बैंक ने **कटे-फटे चैक** का भुगतान नहीं किया है। |
| 221. | mutual agreement | (n) - पारस्परिक करार, आपसी करार | The **mutual agreement** has been signed by both the parties. | दोनों पक्षों ने **पारस्परिक करार** पर हस्ताक्षर किए हैं। |
| 222. | mutual understanding | (n) - **पारस्परिक समझ***, आपसी समझ* | The both parties came to a ***mutual understanding*** that the contract be dissolved. | दोनों पक्ष इस **पारस्परिक समझ** पर पहुंचे कि संविदा भंग कर दी जाए। |

## N

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1. | nation | (n)- राष्ट्र, **देश** | The nation is above self. | **देश** स्व-हित से बड़ा है। |
| 2. | national | (adj)- राष्ट्रीय, राष्ट्रिक | The national election is to be held this year. | राष्ट्रीय चुनाव इस साल होंगे\| |
| 3. | national anthem | (n)- राष्ट्र गान | Our national anthem was composed by Rabindra Nath Tagore. | रवींद्र नाथ टैगोर ने हमारे राष्ट्र गान की रचना की\| |
| 4. | national calender | (n)- राष्ट्रीय कैलेंडर, राष्ट्रीय पंचांग | The Saka era is the national calendar of India. | शक संवत भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर है। |
| 5. | national capital territory | (n)- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | This telephone tariff is applicable only in the national capital territory. | यह टेलीफोन टैरिफ केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लागू है। |
| 6. | national emblem | (n)- **राष्ट्रचिन्ह,** राष्ट्रीय संप्रतीक | The national emblem has been taken from Ashoka's pillar. | **राष्ट्रचिन्ह** अशोक स्तंभ से लिया गया है। |
| 7. | national flag | (n)- राष्ट्रध्वज, राष्ट्रीय झंडा | The national flag of India is tri – colour. | भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा है। |
| 8. | national highway | (n)- राष्ट्रीय राजमार्ग | The national highways are backbone of road transport in India. | भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परिवहन की रीढ़ हैं। |
| 9. | national income | (n)- राष्ट्रीय आय | The national income has considerably improved due to sustained growth. | सतत विकास के कारण राष्ट्रीय आय में काफी बढोत्तरी हुई है। |
| 10. | national integration | (n)- **राष्ट्रीय एकता**, राष्ट्रीय अखंडता | The Naxalism is a threat to national integration. | नक्सलवाद **राष्ट्रीय एकता** के लिए खतरा है। |
| 11. | nationalism | (n)- राष्ट्रवाद, राष्ट्रीयता | The fierce nationalism in European countries proved dangerous. | यूरोपीय देशों में उग्र राष्ट्रवाद खतरनाक साबित हुआ । |
| 12. | nationality | (n)- राष्ट्रीयता, राष्ट्रिकता | The applicant must mention his nationality. | आवेदक अपनी राष्ट्रीयता का उल्लेख अवश्य करें। |
| 13. | nationalization | (n)- राष्ट्रीयकरण | The nationalization of banks led to better control over the financial system. | बैंकों के राष्ट्रीयकरण से वित्तीय प्रणाली पर बेहतर नियंत्रण हो पाया। |
| 14. | national language | (n)- राष्ट्रभाषा | Hindi is our national language. | हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 15. | national song | (n)- राष्ट्रगीत | The national song is sung on the official ceremonies. | राष्ट्रगीत सरकारी समारोहों में गाया जाता है । |
| 16. | national symbol | (n)- राष्ट्रीय प्रतीक | The national symbol represents culture and values of the nation. | राष्ट्रीय प्रतीक राष्ट्र की संस्कृति और मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है |
| 17. | native | (n)- 1 मूल निवासी 2. **प्राकृतिक (प्राणी, पौधा, किस्म),** प्राकृतिक, सहज 3 देशी, देशज, देशीय | 1. Mother Teresa was a native of Albania. 2. The tiger is native to India. 3. The leader knows several languages besides his native language. | 1.मदर टेरेसा अल्बानिया की मूल निवासी थी। 2. बाघ भारत का **प्राकृतिक प्राणी** है। 3. नेता को अपनी देशी भाषा के अलावा कई भाषाओं की जानकारी होती है। |
| 18. | natural | (adj)- 1 प्राकृतिक 2 स्वाभाविक, नैसर्गिक | 1. The country is rich in natural resources. 2. The modern education aims at development of natural talent of the students. | 1. देश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। 2. आधुनिक शिक्षा का उद्देश्य छात्रों की स्वाभाविक प्रतिभा का विकास करना है। |
| 19. | natural justice | **स्वाभाविक न्याय,** नैसर्गिक न्याय | The verdict of the court in favour of the victims of industrial disaster is a natural justice. | औद्योगिक आपदा के पीड़ितों के पक्ष में अदालत का फैसला एक **स्वाभाविक न्याय** है। |
| 20. | natural resources | (n)-प्राकृतिक संसाधन | The country is rich in natural resources. | देश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। |
| 21. | nature of work | (n)-कार्य की प्रकृति | The nature of work has been mentioned in the advertisement of the post. | काम की प्रकृति का उल्लेख पद के विज्ञापन में किया गया है। |
| 22. | nayes | (n)- 'नहीं' पक्ष | There were more numbers in nayes in the voice vote. | ध्वनि मत में 'नहीं' पक्ष में अधिक संख्या में मत थे । |
| 23. | near relative | (n)- नातेदार, **नजदीकी रिश्तेदार,** निकट-संबंधी | Only near relatives may accompany the officer to the function. | केवल **नातेदार** अधिकारी के साथ समारोह में जा सकते हैं। |
| 24. | necessary action | (n)-आवश्यक कार्रवाई | The necessary action may be taken in this regard. | इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए । |
| 25. | needful | (adj)-आवश्यक, जरूरी | Please, do the needful in this case. | इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करें । |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 26. | negative | (adj)- नकारात्मक, निषेधात्मक | The high inflation has negative impact on the growth. | उच्च मुद्रास्फीति का विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। |
| 27. | neglect | (n)- 1. उपेक्षा, लापरवाही (v)- 2. उपेक्षा करना | 1. The law imposed penalties for the neglect of children. 2. The official was given a warning for neglecting his duties. | 1. इस कानून में बच्चों की उपेक्षा के लिए दंड की व्यवस्था है। 2. अधिकारी अपने कर्तव्यों की उपेक्षा के लिए एक चेतावनी दी गई थी। |
| 28. | negligence | (n)- उपेक्षा | The soldiers were charged of negligence and indiscipline. | सैनिकों पर लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप लगाए गए थे। |
| 29. | negotiable | (n)- परक्राम्य | The bonds may not be negotiable. | बांड परक्राम्य नहीं हो सकते हैं। |
| 30. | negotiable instrument | (n)- परक्राम्य लिखत | The payment was made through a negotiable instrument. | भुगतान एक परक्राम्य लिखत के माध्यम से किया गया। |
| 31. | negotiator | (n)- वार्ताकार | The negotiators in the summit arrived at a consensus. | शिखर सम्मेलन में वार्ताकार आम सहमति पर पहुंचे। |
| 32. | nepotism | (n)- भाई-भतीजावाद, स्वजन पक्षपात | The reason behind most of the corruption cases is nepotism. | भ्रष्टाचार से संबंधित अधिकांश मामलों के पीछे भाई - भतीजावाद है। |
| 33. | net income | (n)- **शुद्ध आय,** निवल आय | The net income of the company has increased by 5%. | कंपनी की शुद्ध आय में 5% की वृद्धि हुई है। |
| 34. | net value | (n)- शुद्ध मूल्य, निवल मूल्य | The net value of the amount has gone down due to inflation. | राशि का शुद्ध मूल्य मुद्रास्फीति की वजह से नीचे चला गया है। |
| 35. | neutral | (adj)-तटस्थ | The inquiry was entrusted to the neutral officer. | जांच तटस्थ अधिकारी को सौंपी गई\| |
| 36. | news | (n)- **खबर,** समाचार | The news that DA has been announced is true. | महंगाई भत्ते की घोषणा की गई है कि **खबर** सच है. |
| 37. | news agency | (n)- समाचार एजेंसी | This report has been received from the news agency. | यह रिपोर्ट समाचार एजेंसी से प्राप्त हुई है। |
| 38. | news bulletin | (n)- समाचार बुलेटिन | This news was telecast in the morning news bulletin. | यह समाचार सुबह की समाचार बुलेटिन में प्रसारित किया गया\| |
| 39. | news letter | (n)- **सूचना पत्र,**संवाद पत्र | The Ministry has brought out a | मंत्रालय ने एक तिमाही **सूचना पत्र** प्रकाशित किया है। |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | quarterly newsletter. | |
| 40. | newspaper | (n)- अखबार, समाचार पत्र | All the newspapers have widely covered the historic Mars mission of India. | सभी अखबारों ने भारत की ऐतिहासिक मंगल मिशन को व्यापक रूप से कवर किया है। |
| 41. | night duty | (n)- **रात की ड्यूटी,** रात्रि ड्यूटी | The office has engaged two watchmen for night-duty. | कार्यालय ने **रात की ड्यूटी** के लिए दो चौकीदार लगाए हैं। |
| 42. | night shift | (n)- रात की पाली | The workers have to report at 9 PM for the night shift. | कामगारों को रात की पाली के लिए 9 बजे रिपोर्ट करना है। |
| 43. | nil report | (n)- शून्य रिपोर्ट | The section has sent a nil report in the absentee statement. | अनुभाग ने अनुपस्थित विवरण में शून्य रिपोर्ट भेजी है। |
| 44. | no-claim bonus | (n)- अदावी बोनस, **दावा रहित बोनस** | The amount of no-claim bonus has been shown in the separate head of the insurance company. | **दावा रहित बोनस** की राशि बीमा कंपनी के लेखा के अलग शीर्ष में दिखाया गया है । |
| 45. | no-confidence motion | (n)- अविश्वास प्रस्ताव | The opposition brought a no-confidence motion against the government. | विपक्ष ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया। |
| 46. | no-confidence vote | (n)-अविश्वास मत | The no-confidence vote was preceded by intense discussion in the house. | अविश्वास मत से पहले सदन में गहन चर्चा हुई। |
| 47. | nodal agency | (n)- **नोडल एजेंसी,** केंद्रक अभिकरण | The Ministry is a nodal agency for implementation of the scheme. | यह मंत्रालय इस योजना को लागू करने के लिए **नोडल एजेंसी** है। |
| 48. | no-demand certificate | (n)- बेबाकी प्रमाणपत्र | The officer has to get no-demand certificates from the department on his transfer. | अधिकारी को अपने स्थानांतरण पर विभाग से बेबाकी प्रमाणपत्र लेना होगा। |
| 49. | No entry | (n)- **प्रवेश निषेध,** प्रवेश निषिद्ध, **प्रवेश वर्जित,** | There is no entry on the way to Rajpath due to the visit of the foreign delegation. | विदेशी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के कारण राजपथ के मार्ग में **प्रवेश निषेध** है\| |
| 50. | no-interest account | ब्याजरहित खाता | The businessman kept the amount in the no-interest account for easy transactions. | व्यापारी ने यह राशि आसान लेनदेन के लिए ब्याजरहित खाते में राशि रखी। |

| S. No. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 51. | nominal cost | (n)-नाममात्र लागत | The commission has made the glossary available at the nominal cost. | आयोग ने यह शब्दावली नाममात्र लागत पर उपलब्ध कराई है। |
| 52. | nominal price | (n)-1 नाममात्र कीमत<br>2 अंकित कीमत | 1. The glossary published by the commission is available at the nominal price.<br>2. The bill was verified with the nominal price of the article. | 1. आयोग द्वारा प्रकाशित यह शब्दावली नाममात्र कीमत पर उपलब्ध है।<br>2. बिल को वस्तु की अंकित कीमत से सत्यापित किया गया । |
| 53. | nominal value | (n)-अंकित मूल्य | The shares were sold for well below their nominal value. | शेयर अपने अंकित मूल्य से बहुत कम पर बेचे गए। |
| 54. | nominate | (n)-नामित करना, नाम निर्देशन, मनोनीत करना | Two members have been nominated for the house from the field of art and culture. | कला और संस्कृति के क्षेत्र से दो सदस्यों को सदन के लिए मनोनीत किया गया है। |
| 55. | nomination | (n)- नामन, नामांकन, | The last date for filing the nomination is 15th of the next month. | नामांकन करने की अंतिम तिथि अगले महीने की 15 तारीख है। |
| 56. | nominee | (n)- नामिती, नामित व्यक्ति | The amount of GPF of the employee was distributed between the nominees. | कर्मचारी की भविष्य निधि की राशि नामित व्यक्तियों के बीच वितरित की गई। |
| 281. | Press | (n) - 1. मुद्रणालय 2. समाचारपत्र, अख़बार 3 प्रेस | Approval of the Head of the Department will be taken before sending the document to **Press**. | दस्तावेज को **मुद्रणालय** भेजने से पूर्व विभागाध्यक्ष का अनुमोदन लिया जाएगा। |
| 282. | press communique | (n) - ***प्रेस नोट*,** प्रेस विज्ञप्ति* | The **press communiqué** was issued after the conference. | संगोष्ठी के बाद **प्रेस नोट** जारी किया गया। |
| 283. | press gallery | (n) - पत्रकार दीर्घा*, पत्रकार गैलरी* | The pass for the entry in the press gallery was issued only to the senior journalists. | पत्रकार दीर्घा के लिए केवल वरिष्ठ पत्रकारों को पास जारी किए गए। |
| 284. | press release | (n) - ***प्रेस विज्ञप्ति****, प्रेस प्रकाशनी* | Press release of the event was sent to various national newspapers. | कार्यक्रम की **प्रेस विज्ञप्ति** विभिन्न राष्ट्रीय अखबारों को भेजी गई। |
| 285. | presumed | (n) - प्रकल्पित | **Presumed** cost of the project was escalated because of extraneous | परियोजना की **प्रकल्पित** लागत में बाहरी कारणों से |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | reasons. | बढोतरी हुई। |
| 286. | presumptive pay | (n) - प्रकल्पित वेतन | The calculation for deduction was done on **presumptive pay**. | कटौती की गणना **प्रकल्पित वेतन** पर की गई। |
| 287. | Pretest | (n) - पूर्व परीक्षण | There is a provision of **pretest** on the items purchased by Defence Ministry. | रक्षा मंत्रालय द्वारा खरीदे गए सामान का **पूर्व परीक्षण** किए जाने का प्रावधान है। |
| 288. | pretext | (n) - बहाना | The project must be completed in time, no **pretext** will be tolerated. | परियोजना निर्धारित समय पर अवश्य पूरी हो जानी चाहिए, कोई भी **बहाना** सहन नहीं किया जाएगा। |
| 289. | prevailing | (n) - विद्यमान, वर्तमान | In the **prevailing** circumstances the best option for engineering students is to get admission into IIT. | **वर्तमान** समय में इंजीनयरी के विद्यार्थियों के लिए सबसे अच्छा विकल्प आई.आई.टी में प्रवेश प्राप्त करना है। |
| 290. | prevention | (n) - निवारण, रोकथाम* | **Prevention** of corruption is possible only by transparency. | पारदर्शिता से ही भ्रष्टाचार की **रोकथाम** संभव है। |
| 291. | preventive force | (n) - निरोधक बल | **Preventive force** of C.I.S.F. was sent in the disturbed area. | सी.आई.एस.एफ के **निरोधक बल** को अशांत क्षेत्र में भेजा गया। |
| 292. | previous reference | (n) - पूर्व संदर्भ, पूर्व निर्देश, पिछला हवाला | File should be put up with the **previous references**. | मिसिल **पूर्व संदर्भों** के साथ प्रस्तुत की जाए। |
| 293. | price index (number) | (n) - ***मूल्य सूचकांक***, कीमत सूचकांक | **Price index** of the diesel products had risen sharply in the last year. | डीजल उत्पादों के **मूल्य सूचकांक** में पिछले वर्ष तेजी से बढ़ोतरी हुई थी। |
| 294. | price negotiation | (n) - ***मूल्य-संबंधी वार्ता****, कीमत-संबंधी बातचीत* | Purchase committee has been authorized for **price negotiation** with vendors. | विक्रेताओं के साथ **मूल्य-संबंधी बातचीत** के लिए क्रय समिति को प्राधिकृत किया गया है। |
| 295. | pricing | (n) - कीमत-निर्धारण | **Pricing** of these products was done by a Ministerial level Committee. | इन उत्पादो का **कीमत-निर्धारण** मंत्री-स्तरीय समिति द्वारा किया गया। |
| 296. | primary | (n) - प्राथमिक | **Primary** evidence suggests that it is a | प्राथमिक साक्ष्य से लगता है कि यह दुर्विनियोजन का |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | case of misappropriation. | मामला है। |
| 297. | primary receipt | (n) - मूल आवती* | **Primary receipt** must be attached with the file. | **मूल आवती** फाइल के साथ अवश्य संलग्न की जानी चाहिए। |
| 298. | prime time | (n) - मुख्य समय | Prime Minister's speech was telecast in the **prime time**. | प्रधानमंत्री का भाषण **मुख्य समय** में प्रसारित किया गया। |
| 299. | principal | (n) - 1. प्राचार्य 2. प्रधान 3 मूलधन 4 मालिक, स्वामी 5. **मुख्य** | Congress is the **principal** opposition party in 16th Lok Sabha. | कांग्रेस 16वीं लोकसभा में **मुख्य** विपक्षी दल है। |
| 300. | principal debtor | (n) - मूल ऋणी | **Principal debtor** was the father, now the documents are transferred in his son's name. | **मूल ऋणी** पिता थे अब दस्तावेज उनके पुत्र के नाम हस्तांतरित कर दिए गए हैं। |
| 301. | prior approval | (n) - पूर्व अनुमोदन | **Prior approval** of the Department's Director is required for the sanction of any amount more than 25,000 Rs. | 25,000 रुपए से अधिक की किसी भी राशि की मंजूरी के लिए विभाग के निदेशक का **पूर्व अनुमोदन** आवश्यक है। |
| 302. | priority | (n) - प्राथमिकता*, अग्रता* | 1. The new government has declared that **priority** of the Education Department is girl child education. 2. The file related to financial sanction needs to be dealt on **priority** basis. | 1. नई सरकार ने घोषित किया है कि शिक्षा विभाग की **प्राथमिकता** बालिका शिक्षा है। 2. वित्तीय संस्वीकृति संबंधी फाईल पर **अग्रता** के आधार पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। |
| 303. | prior sanction | (n) - पूर्व-संस्वीकृति* | **Prior sanction** of the competent authority is required for organizing training programme. | प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी की **पूर्व-संस्वीकृति** आवश्यक है। |
| 304. | Prison | (n) - कारागार, जेल | Court refused the bail to the accused and sent him to **prison**. | अदालत ने अभियुक्त की जमानत की अर्जी नामंजूर की और उसे **जेल** भेज दिया। |
| 305. | prisoner | (n) - कैदी, बंदी | Number of **prisoners** lodged in state jails is | राज्य की जेलों में रखे गए |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | much higher than the baracks available. | **कैदियों** की संख्या उपलब्ध बैरकों से ज्यादा है। |
| 306. | privacy | (n) - एकांतता*, **निजता*** | Media should selfregulate so that not to disturb the privacy of any individual. | मीडिया को आत्मनियंत्रण के लिए नियम बनाना चाहिए जिससे किसी की **निजता** बाधित न हो। |
| 307. | private | (n) - 1. निजी, प्राइवेट 2. गैर-सरकारी | 1. Government's emphasis is on the Public - **Private** partnership. 2. The committee imposed new financial restrictions on private institutions. | 1. सरकार का जोर सार्वजनिक-**निजी** भागीदारी पर है। 2. समिति ने गैर-सरकारी संस्थाओं पर नए वित्तीय प्रतिबंध लगाए। |
| 308. | private member | (n) - गैर-सरकारी सदस्य | There are 5 **private members** in the committee. | समिति में पांच **गैर-सरकारी सदस्य** हैं। |
| 309. | private party | (n) - निजी पक्ष | Court has also heard the **private party** for their environmental concerns about the project. | न्यायालय ने परियोजना के पर्यावरणीय सरोकारों के संबंध में **निजी पक्ष** को भी सुना। |
| 310. | private sector | (n) - ***निजी क्षेत्र***, निजी क्षेत्रक, गैर-सरकारी क्षेत्रक | Problem of unemployment can only be handled with the co-operation from the **private sector**. | बेरोजगारी की समस्या **निजी क्षेत्र के** सहयोग से ही हल की जा सकती है। |
| 311. | privilege | (n) - विशेषाधिकार | Court has issued directives against the **privilege** given to people close to power. | न्यायालय ने सत्ता के निकट के लोगों को दिए **विशेषाधिकार** के विरोध में निदेश दिए। |
| 312. | Prize | (n) - पुरस्कार, इनाम | **Prize** of honesty and sincerity is satisfaction. | ईमानदारी और कार्यनिष्ठा का **पुरस्कार** संतुष्टि है। |
| 313. | probability | (n) - संभाव्यता*, ***संभावना**** | **Probability** of finishing this project on right time is high, if financial support is ensured. | यदि वित्तीय सहायता सुनिश्चित हो जाती है तो यह अत्यधिक **संभावना** है कि परियोजना निर्धारित समय पर समाप्त हो जाएगी। |
| 314. | probation | (n) परिवीक्षा*, | It is not desirable that | सरकारी कर्मचारी को लंबी |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | परख* | a Government servant should be kept on **probation** for long periods. | अवधि तक **परिवीक्षा** पर रखा जाना वांछनीय नहीं है। |
| 315. | Probe | (v) **जांच करना** (n) **जांच,** छानबीन, | 1. A vigilance **probe** has been ordered into the alleged irregularities in appointments of Group C employees. **2. The Justice Mukul Mudgal panel has been set up to probe into the betting and spot-fixing allegations in IPL.** | 1. समूह 'ग' कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में सतर्कता **जांच** के आदेश दिए गए हैं। 2. आईपीएल में सट्टेबाजी और स्पॉट फिक्सिंग आरोपों की **जांच के लिए** न्यायमूर्ति मुकुल मुदगल पैनल गठित किया गया है। |
| 316. | procedural rules | (n) **प्रक्रिया नियम,** क्रियाविधि नियमावली* | 1. Courts of law have procedural ***rules*** that determine how the judicial system will handle disputes. 2. These **Procedural Rules** shall apply if the parties agree to refer the dispute to a tribunal. | 1. न्यायालयों में ऐसे **प्रक्रिया नियम** हैं जो यह निर्धारित करते हैं कि न्यायिक प्रणाली में विवादों का निपटान किस प्रकार किया जाएगा। 2. यदि पक्षकार विवाद को किसी अधिकरण में भेजने के लिए सहमत हो जाते हैं तो ये **प्रक्रिया नियम** लागू होंगे। |
| 317. | procedure | (n) 1. प्रक्रिया* 2. कार्यविधि*, क्रियाविधि*, **कार्यप्रणाली***| 1. Selection for these posts would be made according to the **procedure** prescribed for appointments under the Central Staffing Scheme of GOI. 2. Broad-based selection **procedures** would be adopted for identifying the best and most suitable candidates for nomination. 3. The revised **procedure** was | 1. इन पदों के लिए चयन भारत सरकार की केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के तहत नियुक्तियों के लिए निर्धारित **कार्यप्रणाली** के अनुसार किया जाएगा। 2. नामांकन के लिए सबसे योग्य और सबसे अधिक उपयुक्त उम्मीदवार की पहचान हेतु व्यापक आधार वाली चयन **प्रक्रिया** अपनायी जाएगी। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | acclaimed as a long-overdue reform. | 3. संशोधित **प्रक्रिया** का एक लंबे समय से अपेक्षित सुधार के रूप में स्वागत हुआ। |
| 318. | proceedings | (n) कार्यवाही* | 1. After the disciplinary **proceedings** are concluded and penalty is imposed, vigilance clearance will not be denied.<br>2. The officer's name should be kept in the sealed cover till the **proceedings** are finalized. | 1. अनुशासनिक **कार्यवाही** पूरी होने और शास्ति लगाए जाने के पश्चात सतर्कता अनापत्ति के लिए मना नहीं किया जाएगा।<br>2. **कार्यवाही** समाप्त होने तक अधिकारी का नाम सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए। |
| 319. | proceeds | (n) आगम, प्राप्ति* | 1. The **proceeds** from the sale of the asset shall be used to recover the loan.<br>2. If the **proceeds** from the sale of a property are not reinvested fully and within prescribed time, it will attract tax. | 1. परिसंपत्ति की बिक्री से प्राप्त **आगम** का उपयोग ऋण की वसूली के लिए किया जाएगा।<br>2. यदि संपत्ति की बिक्री से प्राप्त **आगम** का पूरी तरह से और निर्धारित समय के भीतर पुनर्निवेश नहीं किया जाता है तो इस पर कर लगेगा। |
| 320. | process | (n) 1 प्रकम 2 प्रक्रिया* 3 आदेशिका* (विधि (v) **कार्रवाई करना** , (4)प्रसंस्करण करना | 1. There was total agreement to start the peace **process** as soon as possible.<br>2. The equation is used for the mathematical **process** of solving the problem.<br>3. The recommendations of the committee shall be **processed** by the administrative ministry concerned.<br>4. The material will be **processed** into plastic pellets. | 1. इस बात पर पूर्ण सहमति थी कि जितनी जल्दी हो सके शांति **प्रक्रिया** शुरू की जाए ।<br>2. इस समीकरण का उपयोग इस सवाल को हल करने की गणितीय **प्रक्रिया** के लिए किया जाता है।<br>3. समिति की सिफारिशों के संबंध में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा **कार्रवाई** की जाएगी।<br>4. इस सामग्री को **प्रसंस्करित** करके प्लास्टिक की गोलियों में परिवर्तित किया जाएगा। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 321. | proclamation | (n) उद्घोषणा | 1. The house approved the **proclamation** of President's Rule with voice vote after a debate on the issue.<br>2. A **proclamation** of President's Rule cannot interfere with the exercise of authority by the state's high court. | 1.सदन ने इस मुद्दे पर बहस के बाद ध्वनि मत से राष्ट्रपति शासन की **उदघोषणा** को मंजूरी दी।<br>2. राष्ट्रपति शासन की **उदघोषणा** राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा प्राधिकार के प्रयोग में हस्तक्षेप नहीं कर सकती । |
| 322. | procurement | (n) 1.अधिप्राप्ति*, प्रापण 2 वसूली* | 1. Detailed instructions relating to **procurement** of goods may be issued by the procuring departments.<br>2.The Ministries or Departments have been delegated full powers to make their own arrangements for **procurement** of goods. | 1. माल के **प्रापण** से संबंधित विस्तृत निर्देश खरीद विभागों द्वारा जारी किए जाए।<br>2. मंत्रालयों या विभागों को इस बात के लिए पूर्ण शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं कि वे माल के **प्रापण** के लिए अपनी स्वयं की व्यवस्था कर सकें। |
| 323. | product | (n) उत्पाद, उपज* | 1.Both **products** were immensely popular.<br>2. Any safety problems with the **products** must be ascertained before buying them.<br>3. Employees can apply for advance from GPF for purchase of consumer **products** also. | 1. दोनों **उत्पाद** अत्यंत लोकप्रिय थे।<br>2. **उत्पाद** खरीदने से पहले उनसे जुड़ी सुरक्षा समस्या के बारे में अवश्य पता लगाया जाना चाहिए।<br>3. कर्मचारी उपभोक्ता **उत्पादों** की खरीद के लिए भी सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम के लिए आवेदन कर सकते हैं। |
| 324. | produce | (n) 1. उपज, उत्पादन (v) 2. प्रस्तुत करना, पेश करना | 1. Farmers sell their **produce** through cooperatives.<br>2. Every new entrant to Government service is required to **produce** a medical | 1. . किसान सहकारी समितियों के माध्यम से अपनी **उपज** बेचते हैं।<br>2.सरकारी सेवा में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक नए कर्मचारी के |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | certificate of health. | लिए स्वास्थ्य के संबंध में चिकित्सा प्रमाण पत्र **प्रस्तुत** करना आवश्यक है। |
| 325. | production | (n) 1 उत्पादन, पैदावार 2 प्रस्तुतीकरण, प्रस्तुति* 3 निर्माण | 1.Despite high prices, crude oil **production** has not increased for roughly five years . 2. Films Division is equipped with latest video cameras and video editing equipments to facilitate production of video films. | 1. ऊंची कीमतों के बावजूद कच्चे तेल के **उत्पादन** में लगभग पांच साल से कोई वृद्धि नहीं हुई है। 2. फिल्म प्रभाग वीडियो फिल्मों के **निर्माण** के लिए नवीनतम वीडियो कैमरों और वीडियो संपादन उपकरणों से सुसज्जित है। |
| 326. | professional | (adj) **व्यावसायिक,** वृत्तिक | Departments may hire external **professionals** and consultancy firms for a specific job. | विभाग किसी विशेष कार्य के लिए बाहरी **व्यावसायिक व्यक्तियों** और परामर्शी फर्मों की सेवाएं ले सकते हैं। |
| 327. | proficiency | (n) प्रवीणता* | **Proficiency** in Hindi shall be regarded as an added qualification. | हिन्दी में **प्रवीणता** अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी। |
| 328. | Profile | (n) **संक्षिप्त परिचय, विवरणी,** विवरणिका | 1. The magazine published a short **profile** of the new mayor. 2.The psychological **profile** of the person is revealing. | 1. पत्रिका ने नए मेयर का **संक्षिप्त-परिचय** प्रकाशित किया है। 2. उस व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक **विवरणी** चौंकानेवाली है। |
| 329. | Profit | (n) लाभ | 1. The agency is voluntary and not run for **profit.** 2. The company has made a huge **profit** on the property. 3.There's no **profit** in letting meetings drag on. | 1. एजेंसी स्वैच्छिक है और **लाभ** के लिए नहीं चलाई जाती है। 2. कंपनी ने संपत्ति पर बड़ा **लाभ** कमाया है। 3. बैठक को लंबा खींचने से कोई **फायदा** नहीं है। |
| 330. | profit maximization | (n) **अधिकतम लाभकरण,** लाभ अधिकतमीकरण | *The management has decided to introduce the new **profit maximizing** strategy* | प्रबंधन ने प्रायोगिक आधार पर नई **अधिकतम लाभकरण** नीति लागू करने का निर्णय |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | *on pilot basis.* | लिया है। |
| 331. | profit sharing scheme | **लाभ-विभाजन स्कीम**,लाभ-सहभाजन योजना* | The company is working on a ***profit-sharing scheme*** to boost its business. | कंपनी अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए **लाभ-विभाजन स्कीम** पर कार्य कर रही है। |
| 332. | proforma | 1 प्रपत्र, प्रोफॉर्मा 2 निदर्शन-पत्र | The report should be substituted in the **proforma** enclosed herewith . | रिपोर्ट संलग्न **प्रोफार्मा** में संलग्न की जानी चाहिए। |
| 333. | proforma promotion | प्रोफॉर्मा पदोन्नति* | The procedure of **proforma promotion** is followed mainly in the case of an employee who is on deputation to other department / Ministry, has been promoted in the parent department. | **प्रोफार्मा पदोन्नति** की प्रक्रिया ऐसे कर्मचारी के मामले में अपनाई जाती है जो किसी अन्य विभाग/मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर है, और उसे मूल विभाग में पदोन्नत किया गया है। |
| 334. | programme | (n)1 कार्यक्रम 2 (कंप्यू) क्रमादेश, | The department organizes training **programme** for the officers and employees who have completed three years regular service in the grade. | विभाग ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण **कार्यक्रम** आयोजित करता है जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर ली है। |
| 335. | programmed indent | (n) कार्यक्रमबद्ध मांग-पत्र | The regional offices are required to submit their **programmed indent** within the prescribed time. | क्षेत्रीय कार्यालयों को अपना **कार्यक्रमबद्ध मांग-पत्र** निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत करना होगा। |
| 336. | progress | (n) प्रगति* | The Ministry has asked for a **progress** report on the project. | मंत्रालय ने परियोजना के संबंध में **प्रगति** रिपोर्ट देने के लिए कहा है। |
| 337. | progressive | (adj) 1.**क्रमिक** 2.प्रगतिशील 3. प्रगामी | 1. The **progressive** total of expenditure should be worked out for the purpose.<br>2. In order to encourage the **progressive** use of Hindi in the official work new Hindi | 1. इस प्रयोजन के लिए व्यय का **क्रमिक** जोड़ निकाला जाना चाहिए।<br>2. सरकारी कार्य में हिंदी के **प्रगामी** प्रयोग को प्रेत्साहित करने के लिए आयोग नए |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | software is being used by the Commission. | हिंदी सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है। |
| 338. | progressive taxation | प्रगामी कराधान | **Progressive taxation** is often suggested as a way to mitigate the societal ills associated with higher income inequality. | **प्रगामी कराधान** का सुझाव प्रायः उच्च आय असमानता से संबद्ध सामाजिक बुराइयों को दूर करने के तरीके के रूप में दिया जाता है। |
| 339. | prohibited area | (n) निषिद्ध क्षेत्र | No campaigning and public gathering is not allowed within **prohibited area**. | **निषिद्ध क्षेत्र** के भीतर प्रचार और सार्वजनिक सभा की अनुमति नहीं हैं। |
| 340. | prohibition | (n)1 निषेध 2 नशाबंदी*, मद्यनिषेध, | 1. **Prohibition** of alcohol is the legal act of prohibiting the manufacture, storage, transportation and sale of alcohol and alcoho lic beverages.<br>2. Normally any ***prohibition***, *imposed* by a government, is aimed at curbing crime and corruption for the betterment of the people. | 1. **मद्यनिषेध** शराब और मादक पेय पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने की विधिक कार्रवाई है।<br>2. सामान्यतःसरकार द्वारा लगाए गए किसी प्रकार के **निषेध** का उद्देश्य लोगों की भलाई के लिए अपराध और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना है। |
| 341. | project | (n) परियोजना*,<br>(v) **अनुमान लगाना** | 1. The **project** shall be completed within stipulated time.<br>2. The government had **projected** a 5% increase in consumer prices. | 1. यह **परियोजना** अनुबंधित समय के भीतर पूरी की जाएगी।<br>2. सरकार ने उपभोक्ता कीमतों में 5% तक वृद्धि का **अनुमान** लगाया है। |
| 342. | projection | (n) **अनुमान**, प्रक्षेप; प्रक्षेपण | 1. Early **projections** show a three digit lead for the new party.<br>2. Digital **projection** and digital filming are not the same thing. | 1. प्रारंभिक **अनुमानों में** नई पार्टी को तीन अंक की बढ़त दिखाई दे रही है।<br>2. डिजीटल **प्रक्षेपण** और डिजीटल फिल्मांकन एक बात नहीं है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 343. | promissory note | (n) वचन-पत्र, रुक्का, प्रोनोट | 1. A ***promissory note*** is used to record the financial details of a loan.<br>2. By signing **the promissory note**, the borrower promises to repay the loan. | 1. **वचनपत्र** का प्रयोग ऋण का वित्तीय विवरण दर्ज करने के लिए किया जाता है।<br>2. **वचन - पत्र** पर हस्ताक्षर करके उधारकर्ता ऋण चुकाने का वादा करता है। |
| 344. | promote | (v) 1. (पद) पदोन्नत करना 2. प्रोन्नत करना, बढ़ावा देना | 1. All the employees who have rendered ten years regular service in the grade shall be **promoted** to the next higher grade.<br>2. The area is being **promoted** as a tourist destination. | 1. जिन कर्मचारियों ने इस ग्रेड में दस वर्ष की नियमित सेवा की है, उन सभी को अगले उच्चतर वेतनमान में **पदोन्नत** किया जाएगा।<br>2. इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में **बढ़ावा दिया** जा रहा है। |
| 345. | promotee | (n) पदोन्नत व्यक्ति | The relative seniority between **promotees** and direct recruits shall be decided in accordance with the rules laid down in this regard. | **पदोन्नत** और सीधी भर्ती से आने वाले कर्मचारियों के बीच सापेक्ष वरिष्ठता का निर्धारण इस संबंध में निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा। |
| 346. | promoter | (n) संप्रवर्तक, प्रवर्तक | The company is also acting as a leading **promoter** of solar energy products. | कंपनी सौर ऊर्जा उत्पादों के प्रमुख **प्रवर्तक** के रूप में भी काम कर रही है। |
| 347. | promotion | 1 पदोन्नति* 2 प्रोन्नति* 3 संवर्धन | 1. Every employee who is eligible for **promotion** and is in the consideration zone should be considered for promotion.<br>2. The Export Promotion Council is an apex body of handicrafts exporters for **promotion** of exports of Handicrafts from country. | 1. पदोन्नति के लिए पात्र और विचार क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक कर्मचारी की **पदोन्नति** पर विचार किया जाना चाहिए।<br>2. निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात के **संवर्धन** के लिए हस्तशिल्प निर्यातकों का शीर्ष निकाय है। |
| 348. | prompt action | तुरंत कार्रवाई* | **Prompt action** will be taken in the matter | अनुशासनिक कार्यवाही से |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | relating to disciplinary proceedings. | संबंधित मामलों में **तुरंत कार्रवाई** की जाएगी। |
| 349. | promulgation | (n) प्रख्यापन, लागू करना | Since the **promulgation** of the Act, large amount of information relating to functioning of the government is being put in public domain. | इस अधिनियम को **लागू करने** के बाद,सरकार के कामकाज से संबंधित सूचना बड़ी मात्रा में सार्वजनिक डोमेन (प्रक्षेत्र) में रखी जा रही है। |
| 350. | pronounce | (v) 1.निर्णय देना 2.सुनाना, **घोषणा करना** | 1. The scheme was **pronounced** a failure.<br>2. The judge will **pronounce** sentence today. | 1. योजना को विफल **घोषित** किया गया था।<br>2. न्यायाधीश आज सजा **सुनाएंगे** । |
| 351. | pronounced | (adj) **स्पष्ट,** सुस्पष्ट | 1. This disability is more **pronounced** in men.<br>2. She has very **pronounced** views on art. | 1. यह विकलांगता पुरुषों में अधिक **स्पष्ट** है।<br>2. कला के संबंध में उसके विचार बहुत **सुस्पष्ट** हैं। |
| 352. | Proof | (n)1 सबूत, प्रमाण 2 (प्रेस) प्रूफ | 1. You'll need your passport as **proof** of identity.<br>2. There is no **proof** that the document is authentic.<br>3. The employee has completed the work relating to **proof** reading of the report. | 1. आपको पहचान के **प्रमाण** के रूप में अपने पासपोर्ट की आवश्यकता होगी।<br>2. दस्तावेज के प्रामाणिक होने का कोई **सबूत** नहीं है।<br>3. कर्मचारी ने रिपोर्ट के **प्रूफ** शोधन से संबंधित कार्य पूरा कर लिया है। |
| 353. | proof of despatch | (n) प्रेषण का प्रमाण | Keep the receipt as **proof of despatch**. | **प्रेषण के प्रमाण** के रूप में रसीद रखें। |
| 354. | proof reading | (n) प्रूफ शोधन | The University does not offer proof-reading service to students nor does it recommend the use of any proof-reading services. | विश्वविद्यालय छात्रों को **प्रूफ शोधन** सेवा प्रदान नहीं करता है और न ही यह किसी प्रूफ शोधन सेवा के उपयोग की सिफारिश करता है। |
| 355. | propagate | (n) प्रचार करना | The group launched a website to **propagate** its ideas. | समूह ने अपने विचारों का **प्रचार करने** के लिए वेबसाइट |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | शुरू की। |
| 356. | propagation | (n) प्रचार | The services of the Hindi Advisory Committees have been provided to the Ministries/Departments for the **propagation** of the Official Language Policy. | राजभाषा नीति के **प्रचार** के लिए मंत्रालयों/विभागों को हिंदी सलाहकार समितियों की सेवाएं प्रदान की गई हैं । |
| 357. | Proper | (adj) उचित, समुचित | 1. The Court will ensure that the **proper** procedures are followed.<br>2. Please follow the **proper** procedures for dealing with complaints.<br>3. The development was planned without **proper** regard to the interests of local people. | 1. न्यायालय यह सुनिश्चित करेगा कि **उचित** प्रक्रिया का पालन हो ।<br>2. कृपया शिकायतों के निपटान के लिए **उचित** प्रक्रिया का पालन करें।<br>3. स्थानीय लोगों के हितों का **समुचित** ध्यान रखे बिना विकास की योजना बनाई गई थी। |
| 358. | property | (n) 1 संपत्ति* 2 साज-सामान, | 1. This building is a government **property**.<br>2. The hotel is not responsible for any loss or damage to guests' personal **property**. | 1. यह भवन सरकारी **संपत्ति** है।<br>2. होटल मेहमानों के निजी **साज-सामान** के किसी भी नुकसान या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं है। |
| 359. | proportion | () 1. समानुपात 2. अनुपात 3. भाग, हिस्सा | 1. The **proportion** of women graduates has increased in recent years.<br>2. The decision affects a significant **proportion** of the population. | 1. हाल के वर्षों में महिला स्नातकों के **अनुपात** में वृद्धि हुई है।<br>2. यह निर्णय आबादी के बड़े **हिस्से** को प्रभावित करता है। |
| 360. | proportional representation | (n) आनुपातिक प्रतिनिधित्व | The election of the President shall be held in accordance with the system of **proportional representation** by means of the single | राष्ट्रपति का निर्वाचन **आनुपातिक प्रतिनिधित्व** पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होगा और ऐसे निर्वाचन में मतदान |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | transferable vote and the voting shall be by secret ballot. | गुप्त होगा। |
| 361. | proposal | (n) प्रस्ताव, प्रस्थापना* | 1. The Security Council has rejected the latest peace **proposal**.<br>2. The committee put forward a **proposal** to reduce the time limit. | 1. सुरक्षा परिषद ने नवीनतम शांति **प्रस्ताव** को अस्वीकार कर दिया है।<br>2. समिति ने समय सीमा कम करने का **प्रस्ताव** रखा। |
| 362. | propound | (n) प्रतिपादित करना | 1. The principle of equal pay for equal work was originally **propounded** as part of the Directive Principles of the state Policy in the Constitution.<br>2. The theory of natural selection was first **propounded** by Charles Darwin. | 1. समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को मूल रूप से संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के भाग के रूप में **प्रतिपादित किया** गया था.<br>2. प्राकृतिक चयन के सिद्धांत को सबसे पहले चार्ल्स डार्विन ने **प्रतिपादित** किया था। |
| 363. | proprietary | (adj) 1.सांपत्तिक, मालिकाना 2 एकायत्त | 1. We had to take action to protect the **proprietary** technology.<br>2. The company has a **proprietary** right to the property. | 1. हमें **सांपत्तिक** प्रौद्योगिकी की सुरक्षा के लिए कार्रवाई करनी पड़ी।<br>2. संपत्ति पर कंपनी का **मालिकाना** हक है। |
| 364. | propriety | (n) औचित्य | The company has acted in accordance with all legal **proprieties**. | कंपनी ने विधिक **औचित्य** के अनुसार कार्रवाई की है । |
| 365. | pro-rata | (adj) यथानुपात | If costs go up, there will be a **pro-rata** increase in prices. | यदि लागत में वृद्धि होती है, तो कीमतों में **यथानुपात** वृद्धि होगी। |
| 366. | prorogue | (v) 1. सत्रावसान करना 2. स्थगित करना | The President has the power to summon and **prorogue** either House of Parliament or to dissolve Lok Sabha. | राष्ट्रपति को संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने और **सत्रावसान** करने या लोकसभा भंग करने की शक्ति प्राप्त है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 367. | pros and cons | (n) पक्ष-विपक्ष, आगा-पीछा | After consideration of all **pros and cons** of the matter, it has been decided not to accept classification of posts as recommended by the Pay Commission. | मामले के **पक्ष-विपक्ष** पर विचार करने के बाद,वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार पदों के वर्गीकरण को स्वीकार नहीं करने का निर्णय लिया गया । |
| 368. | proscribe | (v) अभिनिषिद्ध करना | The proposal to **proscribe** *the organizations* involve d in anti-national activities was thoroughly discussed. | राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को **अभिनिषिद्ध** करने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। |
| 369. | prosecution | (n) अभियोजन | The evidence is not sufficient to bring **prosecution** against the employee. | कर्मचारी के विरुद्ध **अभियोजन** लाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं है। |
| 370. | prospect | (n) संभावना* | There are good **prospects** for growth in the retail sector. | खुदरा क्षेत्र में विकास के लिए अच्छी **संभावनाएं** मौजूद हैं। |
| 371. | prospective effect | **(adj) भविष्यलक्षी,** उत्तरव्यापी प्रभाव | All administrative rules will have only **prospective effect**, unless otherwise provided in the rules. | यदि नियमों में अन्यथा उपबंधित नहीं किया गया है तो सभी प्रशासनिक नियमों का केवल **भविष्यलक्षी** प्रभाव होगा। |
| 372. | protection | (n) संरक्षण, बचाव | 1. The witness left the room under the **protection** of guard.<br>2. The government is ready to extend **protection** to the small scale industry. | 1. साक्षी सुरक्षा कर्मचारी के **संरक्षण** में कमरे से बाहर गया।<br>2. सरकार लघु उद्योगों को **संरक्षण** देने के लिए तैयार है। |
| 373. | pro tempore appointment | (n) अल्पकालीन नियुक्ति* | It has been observed that the procedure being followed in the matter of making **pro- tempore appointments** against administrative posts has not been uniform. | यह देखा गया है कि प्रशासनिक पदों पर **अल्पकालीन नियुक्तियां** करने के मामले में अपनायी जा रही प्रक्रिया एकसमान नहीं रही है। |
| 374. | protest | (n) विरोध, प्रतिवाद | 1. The unions called a two-hour strike in **protest** at the railway | 1.यूनियनों ने रेल प्राधिकरी की घोषणा के **विरोध** में दो |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | authority's announcement.<br>2. A small group of demonstrators staged a peaceful **protest** outside the UN Headquarters. | घंटे की हड़ताल का आह्वान किया।<br>2.प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर शांतिपूर्ण **विरोध** प्रदर्शन किया। |
| 375. | protocol | **(n)** 1 नयाचार 2 (कंप्यू) संदेशाचार | 1. While addressing communications to the members of Parliament, proper **protocol** conforming to their position should be observed.<br>2.The officer handling the work of JCM/Welfare will also look after the work relating to **Protocol** in the Ministry | 1. संसद के सदस्यों को पत्र संबोधित करते समय, उनकी गरिमा के अनुरूप समुचित **नयाचार** का पालन किया जाना चाहिए।<br>2. जो अधिकारी जेसीएम/कल्याण कार्यों को देखता है,वह मंत्रालय में **नयाचार** से संबंधित कार्य भी देखेगा। |
| 376. | prototype | (n) **मूल प्ररूप, प्रथम रूप,** आदि प्ररूप | A **prototype** is developed to test and trial a new design. | नए डिजाइन की जांच और परीक्षण करने के लिए **आदिप्ररूप** विकसित किया जाता है। |
| 377. | **Prove** | (v) साबित करना,सिद्ध करना | 1. It would be the responsibility of a Public information Officer to **prove** that his action was in good faith.<br><br>2. Tests have **proved** that the system works.<br>3. The charges against the employee were never **proved** in court. | 1. यह **साबित** करना जनसूचना अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि उसने सदभावना में कार्रवाई की ।<br>2. परीक्षणों से **साबित** हो गया है कि यह प्रणाली काम करती है ।<br>3.कर्मचारी के विरूद्ध न्यायालय में आरोप कभी **सिद्ध** नही हो पाए। |
| 378. | provide | (v) **प्रदान कराना** 1 उपबंध करना 2 प्रावधान करना 3 व्यवस्था करना, | 1. The Contractor agrees to keep proper records and **provide** sufficient information to the Office. | 1. संविदाकार समुचित रिकॉर्ड रखने और कार्यालय को पर्याप्त सूचना **प्रदान करने** के लिए सहमत है। |

| **S. No.** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | 2. The Act **provides** that factories must be kept clean. | 2. अधिनियम में यह **उपंबध किया** गया है कि कारखानों को स्वच्छ रखा जाए। |
| 379. | provided | (adv)1 बशर्ते 2 परंतु | An authority competent to create a post shall also be competent to continue it beyond the specified period, **provided** specific budget provision exists in this regard. | कोई पद सृजित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट अवधि के उपरांत इसे जारी रखने के लिए भी सक्षम होगा **बशर्ते** इस संबंध में बजट प्रावधान हो। |
| 380. | provident fund | (n) भविष्य निधि* | Withdrawal from **provident fund** will be allowed in accordance with the rules in this regard. | **भविष्यनिधि** से आहरण की अनुमति संबंधित नियमों के अनुसार दी जाएगी। |
| 381. | provision | (n) 1 प्रावधान 2 व्यवस्था* 3 उपंबध, शर्त* | 1. The government is responsible for the **provision** of health care.<br><br>2. Under the **provisions** of the lease, the tenant is responsible for repairs.<br>3. This **provision** applies to direct recruitment as well as promotion. | 1. स्वास्थ्य देखभाल हेतु **प्रावधान** करने के लिए सरकार उत्तरदायी है।<br>2. पट्टे के **उपबंधों** के अधीन किराएदार मरम्मत कार्यों के लिए उत्तरदायी है।<br>3. यह **उपबंध** सीधी भर्ती एवं पदोन्नति पर लागू होता है। |
| 382. | provisional | (adj) अनंतिम, अस्थायी | 1. The office has issued **provisional** seniority list of Assistants.<br>2. The competent authority shall have the power to regularize the **provisional** service of an employee. | 1. कार्यालय ने सहायकों की **अनंतिम** वरिष्ठता सूची जारी कर दी है।<br>2. सक्षम प्राधिकारी को कर्मचारी की **अस्थायी** सेवा नियमित करने की शक्ति होगी। |
| 383. | provisions | (n) रसद* | The army has **provisions** for three months only. | सेना के पास तीन महीने के लिए ही **रसद** है। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 384. | proviso | (n) परंतुक | The appropriate authority may use the powers conferred under the **Proviso** of the Rule. | समुचित प्राधिकारी इस नियम के **परंतुक (iii)** के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर सकता है। |
| 385. | provocation | (n) प्रकोपन, उकसाना | The terrorists can strike at any time even without **provocation**. | आतंकवादी बिना **उकसावे** के भी किसी भी समय हमला कर सकते हैं। |
| 386. | **provoke** | (v) **उकसाना** | The lawyer claimed his client was **provoked** into acts of violence by the plaintiff. | वकील ने दावा किया कि वादी ने उसके मुवक्किल को हिंसा के लिए **उकसाया** था। |
| 387. | proximate | (adj) **आसन्न,** निकटस्थ, समीपस्थ, | 1. The **proximate** cause of death of the employee was heart attack.<br>2. It advisable that children should be sent to the schools **proximate** to their residence.<br>3. The **proximate** objective of this programme is to meet the gaps in knowledge, skill and attitude in respect of comprehensive national security through appropriate training inputs. | 1. कर्मचारी की मृत्यु का **आसन्न** कारण हृदयाघात था ।<br>2. बच्चों को उनके निवास स्थान के **निकटस्थ** विद्यालयों में भेजना उचित होगा।<br>2. इस कार्यक्रम का **आसन्न** उद्देश्य उचित प्रशिक्षण के माध्यम से व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण की कमी को पूरा करना है। |
| 388. | **proximity** | **(n) निकटता*, सान्निध्य, सामीप्य,** | The officer requested for allotment of garage in the **proximity** of his flat. | अधिकारी ने अपने फ्लैट से **निकटता** वाले स्थान पर गैराज आबंटित करने के लिए आवेदन किया है। |
| 389. | Proxy | (n) परोक्षी | 1. Those not attending the meeting may vote by **proxy**.<br>2. It is impossible to evaluate the evidence of a witness taken on **proxy** because one of the salient features in | 1. जो बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं **परोक्षी** मतदान कर सकते हैं।<br>2. **परोक्षी** साक्षी के साक्ष्य का मूल्यांकन करना असंभव है क्योंकि इस तरह की कार्यवाही |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | such a proceeding is to observe the demeanour of the witness. | की मुख्य विशेषताओं में एक साक्षी के व्यवहार का निरीक्षण करना भी है। |
| 390. | Public | (adj) ,सार्वजनिक 1 ,जन ,आम जनता सरकारी 2 लोक | 1. Details of the government report have not yet been made **public**.<br>2. Each communication received from a Member of Parliament, member of the **public**, or a public body will be acknowledged within 15 days . | 1. सरकार की रिपोर्ट का ब्यौरा अभी तक **सार्वजनिक** नहीं किया गया है।<br>2. संसद सदस्य ,**जनता** या किसी **लोक** निकाय से प्राप्त प्रत्येक पत्र की पावती दिनों 15 के भीतर दी जाएगी। |
| 391. | public auction | सार्वजनिक नीलामी* | If the articles are sold by **public** auction, the head of office or any other gazetted officer should invariably attend the auction. | यदि वस्तुएं **सार्वजनिक नीलामी** से बेची जाती हैं, तो कार्यालयाध्यक्ष या किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी को नीलामी के समय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना चाहिए। |
| 392. | public body | (n) **लोक निकाय,** सार्वजनिक निकाय, | Notification for the election of public bodies has been issued. | **लोक निकायों** के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। |
| 393. | **Public domain** | **(n) सार्वजनिक डोमेन, सार्वजनिक प्रक्षेत्र** | The move behind putting information in **public domain** is to make the functioning of the public authorities more transparent. | **सार्वजनिक डोमेन** में सूचना डालने का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों के कामकाज को अधिक पारदर्शी बनाना है। |
| 394. | public enterprise | (n) **लोक उद्यम,** सार्वजनिक उद्यम | The administrative Departments would ensure that there is no interference in the day-to-day affairs of the **public enterprises**. | प्रशासनिक विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि **सार्वजनिक उद्यमों** के दिन-प्रतिदिन के कार्यों में हस्तक्षेप न किया जाए । |
| 395. | public fund | (n) **सार्वजनिक निधि*,** | The competent authority may grant | सक्षम प्राधिकारी सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | लोक निधि* | the advances out of the **public fund** in accordance with the rules framed by the Government. | अनुसार **सार्वजनिक निधि** से अग्रिम मंजूर कर सकता है। |
| 396. | public good | (n) लोक कल्याण , जन कल्याण | The Ministry said that these measures have been taken for the sake of ***public good***. | मंत्रालय ने कहा कि ये उपाय **जन कल्याण** के लिए शुरू किए गए हैं। |
| 397. | public health | (n) जन-स्वास्थ्य | **Public health** is concerned with the total system and not only the eradication of a particular disease. | **जन-स्वास्थ्य** का संबंध संपूर्ण प्रणाली से है न कि किसी विशेष रोग के उन्मूलन से। |
| 398. | public interest | (n) जनहित, लोकहित | The competent authority should examine, whether it would be in the **public interest** to accept the resignation. | सक्षम प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि क्या त्यागपत्र स्वीकार करना **जनहित** में होगा। |
| 399. | Public meeting | **जनसभा, सार्वजनिक सभा, सार्वजनिक बैठक** | Intimations regarding **public meetings** be sent through speedier communication devices to the Hon'ble Members, so that those are received by them well in time. | माननीय सदस्यों को **सार्वजनिक बैठकों** के बारे में सूचना त्वरित संचार उपकरणों के माध्यम से भेजी जाए, ताकि यह समय से मिल जाए। |
| 400. | publicity | (n) प्रचार | All vacancies to be filled by direct recruitment should be given wider **publicity** through publication in the Employment News, etc. | सीधी भर्ती से भरी जाने वाली सभी रिक्तियों को रोजगार समाचार आदि में प्रकाशित करके उनका व्यापक **प्रचार** किया जाना चाहिए। |
| 401. | public nuisance | (n) लोक क्लेशकारक, | Disciplinary action will be taken against the employees committing **public nuisance**. | **लोक क्लेशकारक** गतिविधियों में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। |
| 402. | public relations | (n) जन- संपर्क | The project has been encouraging for the | **जन-संपर्क** के मामले में यह परियोजना बैंक के लिए |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | bank in terms of **public relations**. | उत्साहजनक रही है। |
| 403. | public servant | (n) लोक सेवक | The **public servant** is required to submit details of his assets and liabilities in the prescribed Proforma. | **सरकारी सेवक** को निर्धारित प्रपत्र में अपनी परिसंपत्ति और देयताओं का ब्योरा प्रस्तुत करना आवश्यक है। |
| 404. | punctual | (adj) समयनिष्ठ, समय का पाबंद | The section officer shall ensure that the staff under his supervision is **punctua**l. | अनुभाग अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि उसे पर्यवेक्षणाधीन स्टाफ समय का पाबंद है। |
| 405. | punctuality | (n) समयनिष्ठा, समय-पालन, समय-पाबंदी* | The Establishment section shall depute officers for checking **punctuality** in attendance and taking action against defaulters. | स्थापना अनुभाग उपस्थिति में **समय-पाबंदी** की जाँच करने और चूककर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को तैनात करेगा। |
| 406. | punishment | (n) दंड, सजा* | The government is proposing tougher **punishments** for officials convicted of corruption. | सरकार भ्रष्टाचार के दोषी अधिकारियों के लिए कठोर **दंड** का प्रस्ताव कर रही है। |
| 407. | punitive | (adj) दंडात्मक | The government is expected to take **punitive** steps against offenders. | सरकार से अपराधियों के विरुद्ध **दंडात्मक** कदम उठाने की अपेक्षा है। |
| 408. | purchase | (n) 1. क्रय, खरीद* (v) - 2. खरीदना, क्रय करना | 1. Keep the receipt as proof of **purchase** of goods.<br>2. The equipment can be **purchased** from your local supplier. | 1. माल की **खरीद** के प्रमाण के रूप में रसीद रखें।<br>2. यह उपस्कर स्थानीय आपूर्तिकर्ता से **खरीदा** जा सकता है। |
| 409. | public undertaking | (n) **लोक उपक्रम** सार्वजनिक उपक्रम, | These Model Rules were circulated by the Bureau of Public Enterprises to all the **Public Undertakings**. | इन मॉडल नियमों को लोक उद्यम ब्यूरो द्वारा सभी **लोक उपक्रमों** में परिचालित किया गया। |
| 410. | purely temporary | (adv) - पूर्णतः अस्थायी | The names of those officers who have been promoted on **purely temporary** basis should be | ऐसे अधिकारियों के नाम सूची से हटाए जाने चाहिए जिन्हें **पूर्णतःअस्थायी** आधार पर पदोन्नत किया गया है । |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | removed from the list. | |
| 411. | purport | (n) 1. तात्पर्य<br>(v) 2. तात्पर्य होना | If **purport** of a proposed interim ordinance is to regulate or restrict activities relating to livestock production, a public hearing must be held before the interim ordinance takes effect. | यदि प्रस्तावित अंतरिम अध्यादेश का **तात्पर्य** पशुधन उत्पादन से संबंधित गतिविधियों को विनियमित या प्रतिबंधित करना है तो अंतरिम अध्यादेश के लागू होने से पहले सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जानी चाहिए। |
| 412. | purpose | (n) प्रयोजन | The meeting was called for the **purpose** of appointing a new treasurer. | नए कोषाध्यक्ष की नियुक्ति करने के **प्रयोजन** से बैठक बुलाई गई थी। |
| 413. | Pursue | 1. (v) **अनुसरण करना,** पीछे लगे रहना<br>2. पीछा करना | 1. The government intends to **pursue** this policy with determination.<br>2. The police car **pursued** the suspected attacker. | 1. सरकार इस नीति का दृढ़तापूर्वक **अनुसरण** करना चाहती है।<br>2. पुलिस कार ने संदिग्ध हमलावर का **पीछा किया**। |
| 414. | pursuit | (n)1.काम-काज 2.अनुसरण3. प्रयास, खोज* | 1. People have to move to other areas in **pursuit** of work.<br>2. The Ministry shall promote the **pursuit** of excellence in governance through Improvements in Government structures and processes. | 1. लोगों को काम की **खोज** में अन्य क्षेत्रों में जाना पड़ रहा है।<br>2. मंत्रालय सरकारी ढांचे और प्रक्रिया में सुधार करके शासन में उत्कृष्टता के **प्रयास** को प्रोत्साहित करेगा। |
| 415. | put up | (v) प्रस्तुत करना | 1. The dealing hand will **put up** the case to the appropriate higher officer.<br>2. Unless a running summary of facts is not available on the file, a self-contained | 1. संबंधित सहायक मामले को उपयुक्त उच्च अधिकारी के समक्ष **प्रस्तुत** करेगा।<br>2. यदि फ़ाइल पर तथ्यों का सार उपलब्ध नहीं है तो मंत्री को प्रस्तुत हर मामले के साथ |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | note will be **put up** with every case submitted to the Minister. | स्वतःपूर्ण टिप्पणी **प्रस्तुत की** जाएगी। |

# Q

| S. No. | Words | Hindi Meaning | English Usage | Hindi Usage |
|---|---|---|---|---|
| 1. | quadruplicate | (n) - 1. चौहरा 2. चार प्रतियां* (adj) - 3. चौथी प्रति* | 1. The document was signed in **quadruplicate**. 2. Only the **quadruplicate** copy of the document shall be returned to the section. | 1. दस्तावेज की **चार प्रतियों** पर हस्ताक्षर किए गए। 2. दस्तावेज की केवल **चौथी प्रति** अनुभाग को लौटाई जाएगी। |
| 2. | qualification | (n) - 1. अर्हता* 2. ***विशेषक*** *3.* ***शर्त****** | 1. The eligibility criteria for different posts depend upon the nature of duties, educational **qualifications** and experience. 2. The contract has several **qualifications** for both parties. 3. The plan was approved without **qualification**. | 1. विभिन्न पदों के लिए पात्रता मानदंड कार्यों के स्वरूप,शैक्षिक **अर्हता** और अनुभव पर निर्भर करते हैं। 2. संविदा में दोनों पक्षों के लिए कुछ **विशेषक** हैं। 3. योजना बिना किसी **शर्त** के स्वीकार कर ली गई। |
| 3. | qualified support | (n) - सशर्त समर्थन | Regional parties have given **qualified support** to the Government. | क्षेत्रीय दलों ने सरकार को **सशर्त समर्थन** दिया है। |
| 4. | qualify | (v) - अर्हता प्राप्त करना | He is **qualified** for the post. | वह इस पद के लिए **अर्हता प्राप्त** है। |
| 5. | qualifying service | (n) - अर्हक सेवा* | The **qualifying service** required for this post is five years. | इस पद के लिए अपेक्षित **अर्हक सेवा** पांच वर्ष है। |
| 6. | qualitative | (n) - गुणात्मक | There are **qualitative** differences between the two products. | इन दो उत्पादों के बीच **गुणात्मक** अंतर हैं। |
| 7. | Quality | (n) - 1. गुण, विशेषता 2. ***गुणवत्ता*,*** गुणता* 3. कोटि*, प्रकार | 1. Every state has a **quality** of its own. 2. The **quality** of the water in rural areas is poor. 3. Only high **quality** ingredients are used in this canteen. | 1. प्रत्येक राज्य की अपनी एक **विशेषता** है। 2. ग्रामीण क्षेत्रों में जल की **गुणवत्ता** ठीक नहीं है। 3. इस कैंटीन में केवल उच्च **कोटि** की सामग्री का उपयोग किया जाता है। |
| 8. | quality control | (n) - **गुणवत्ता नियंत्रण,** गुणता नियंत्रण | Put **quality control** measures in place to check water | जल प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए **गुणवत्ता नियंत्रण** उपायों की व्यवस्था करें। |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | English Usage | Hindi Usage |
|---|---|---|---|---|
| | | | pollution. | |
| 9. | quantity | (n) - 1. मात्रा*, परिमाण 2. राशि* | Improve the **quality** of the product without reducing the quantity. | **मात्रा** घटाए बिना उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार करें। |
| 10. | quantum | (n) - मात्रा* | The **quantum** of work done by the official shows that he is a hard working. | कर्मचारी द्वारा किए गए कार्य की **मात्रा** दर्शाती है कि वह परिश्रमी है। |
| 11. | quarantine leave | (n) - ***संपर्क अवरोध छुट्टी*,*** संगरोध छुट्टी* | He has applied for **quarantine leave** for forty days. | अधिकारी ने चालीस दिनों की **संपर्क अवरोध छुट्टी** के लिए आवेदन किया है। |
| 12. | quarter | (n) - 1. चतुर्थांश, चौथाई* 2. तिमाही* 3. क्वार्टर 4. ***वर्ग*** | 1. Police has deputed a Constable in that areas as a **quarter** of the residents are over 55 years old. 2. The index rose 1.1 % in the second **quarter**. 3. Staff **quarters** will be allotted as per prescribed rules. 4. In certain **quarters** there is an opposition to this proposal. | 1. पुलिस ने उस क्षेत्र में एक कांस्टेबल की तैनाती की है क्योंकि वहां के एक **चौथाई** निवासी 55 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। 2. दूसरी **तिमाही** में सूचकांक में 1.1% की बढ़ोतरी हुई। 3. स्टाफ **क्वार्टरों** का आबंटन निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा। 4. कुछ **वर्गों** में इस प्रस्ताव का विरोध किया है। |
| 13. | quarterly | (adj) - त्रैमासिक, तिमाही* | **Quarterly** progress report of the Official Language is to be sent to Department of Official Language. | राजभाषा की **तिमाही** प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेजी जाती है। |
| 14. | Quash | (v) - **खंडित करना, अभिखंडित करना,** मंसूख करना | The Appellate Court has **quashed** the judgment regarding convictions of all eleven people. 2 | अपील न्यायालय ने सभी ग्यारह लोगों की दोष-सिद्धि का निर्णय **मंसूख कर** दिया है। |
| 15. | quasi-permanent | (adj) - स्थायीवत् | This is a **quasi-permanent** post. | यह पद **स्थायीवत्** है। |
| 16. | Query | (n) - 1. पृच्छा, प्रश्न 2. प्रश्नचिह्न (v) - 3. प्रश्नचिह्न लगाना 4. **पूछ*ना*** | 1. An Assistant is deputed to reply all the **queries** regarding filling of the contract form. 2. Both the parties **queried** the committee's decision. 3. Many people are **querying** whether the | 1. संविदा प्रपत्र भरने से संबंधित सभी **प्रश्नों** के उत्तर देने के लिए एक सहायक की तैनाती की गई है। 2. दोनों पार्टियों ने समिति के फैसले पर **प्रश्नचिह्न** लगाया। 3. बहुत से लोग यह **पूछ** रहे हैं कि क्या परीक्षण |

| S. No. | Words | Hindi Meaning | English Usage | Hindi Usage |
|---|---|---|---|---|
| | | | tests are accurate. 4. He **queried** from the receptionist about procedure to meet Chairman of the company. | सटीक हैं। 4. उसने स्वागत अधिकारी से कंपनी के अध्यक्ष से मिलने की प्रक्रिया के संबंध में **पूछा**। |
| 322. | specific | (n)-1. विनिर्दिष्ट<br>2. विशिष्टि | 1.The government has given specific instructions to maintain law and order in the disturbed area.<br>2. Children's television programmes should aim at a specific age group. | 1.सरकार ने अशांत क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए **विनिर्दिष्ट** अनुदेश दिए हैं।<br>2. बच्चों के टेलीविजन कार्यक्रम एक **विशिष्ट** आयु वर्ग के लिए होने चाहिए। |
| 323. | specified area | (n)-विनिर्दिष्ट क्षेत्र | The scheme helps the NGOs working for the Tribal people in the specified areas. | इस योजना से विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में जनजातीय लोगों के लिए काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों को सहायता मिलती है। |
| 324. | specimen signature | (n)-नमूना हस्ताक्षर | The customer's signature should be similar to his specimen signature. | ग्राहक के हस्ताक्षर उसके नमूना हस्ताक्षर के समान होने चाहिए\| |
| 325. | speech | (n)-1 भाषण<br>2 **अभिव्यक्ति,** वाक् | 1. The Manager gave a very emotional speech on the day of his retirement.<br>2. The freedom of speech has been guarranted to all the citizens of the country. | 1. प्रबंधक ने अपनी सेवानिवृत्ति के दिन एक बहुत ही भावुक भाषण दिया।<br>2.देश के सभी नागरिकों को **अभिव्यक्ति** की स्वतंत्रता प्राप्त है। |
| 326. | speed breaker | (n)- चाल रोधक (गतिरोधक) | High inflation has been a speed breaker of economic growth. | उच्च मुद्रास्फीति आर्थिक वृद्धि का गतिरोधक रहा है। |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 327. | speed limit | (n)-चाल सीमा (गति सीमा) | The vehicles may not cross the speed limit on the road. | सड़क पर वाहन गति सीमा को पार नहीं करे। |
| 328. | speed post | (n)-स्पीड पोस्ट, तीव्र डाक | The application may be sent through speed post. | आवेदन स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जा सकता है। |
| 329. | speedy action | (n)- शीध्र कार्रवाई | Administration may ensure speedy action in the case of medical treatment. | प्रशासन चिकित्सा उपचार के मामले में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करे। |
| 330. | speedy disposal | (n)- शीध्र निपटान | Lok Adalat has been held for speedy disposal of the cases. | मामलों के शीघ्र निपटान के लिए लोक अदालत आयोजित की गई है। |
| 331. | sphere | (n)-क्षेत्र | People from all spheres of society want good governance. | सामाज के सभी क्षेत्रों के लोग सुशासन चाहते हैं। |
| 332. | spiral binding | (n)-सर्पिल जिल्द, सर्पिल जिल्दबंदी | Spiral binding of the reports may be done. | रिपोर्टों में सर्पिल जिल्द लगाया जाए। |
| 333. | split up | (v)-विभाजित करना, विभाजित होना | The state has been split up to form a new state. | इस राज्य को विभाजित कर एक नया राज्य बनाया गया है। |
| 334. | spokesman | (n)-प्रवक्ता | The Party spokesman expressed party's support for the bill. | पार्टी प्रवक्ता ने विधेयक के पक्ष में पार्टी का समर्थन व्यक्त किया। |
| 335. | sponsor | (n)- प्रायोजक<br><br>(v)- 1. प्रायोजित करना<br>2. **समर्थन करना**<br>**3. बढावा देना** | (n)- The sponsor of the team has announced a special prize for each meber.<br><br>(v)- 1. The match is sponsored by three companies.<br>2. Eight MLAs sponsored the legislation to help the sugar mills in the state.<br>3. Today, the world community is united agaist the countries | (n)- टीम के प्रायोजक ने टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए विशेष पुरस्कार की घोषणा की है।<br>(v)- 1. मैच तीन कंपनियों द्वारा **प्रायोजित** है।<br>2. आठ विधायकों ने राज्य में चीनी मिलों की सहायता करने के उद्देश्य से कानून बनाने का **समर्थन** किया।<br>3. आज विश्व समुदाय आतंकवाद को **बढावा देने** वाले देशों के खिलाफ एकजुट है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | sponsoring terrorism. | |
| 336. | sporting spirit | (n)-खेल-भावना | The player was awarded for his impeccable sporting spirit through out his career. | खिलाड़ी को उसके पूरे कैरियर में सर्वश्रेष्ठ खेल भावना के साथ खेलने के लिए सम्मानित किया गया। |
| 337. | sports | (n)-खेल, खेल-कूद | New Education policy has given due importance to sports in education. | नई शिक्षा नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में खेल को उचित महत्व दिया है। |
| 338. | sports complex | (n)-खेल परिसर | Sports complex has the capacity to accommodate more than 25000 spectators. | खेल परिसर में 25,000 से अधिक दर्शकों को समायोजित करने की क्षमता है। |
| 339. | sports organiser | (n)- **खेल आयोजक**, खेलकूद आयोजक | The school has advertiswed two posts of Sports Organisers. | विद्यालय ने **खेल आयोजकों** के दो पदों के लिए विज्ञापन दिया है। |
| 340. | spot admission | (n)-मौके पर दाखिला | Eligible Students can take spot admission in the course. | पात्र छात्र पाठ्यक्रम में मौके पर दाखिला ले सकते हैं। |
| 341. | spot checking | (n)-मौके पर जांच | The samples of edible items were found contaminated in a spot checking. | खाद्य वस्तुओं के नमूने मौके पर जांच में दूषित पाए गए। |
| 342. | spot delivery | (n)-मौके पर सुपुर्दगी* | Spot delivery of the stationery items for office use may be ensured. | कार्यालय उपयोग के लिए लेखन सामग्री की मदों की मौके पर सुपुर्दगी सुनिश्चित की जाए। |
| 343. | spot light | (n)-विशेष समीक्षा, ताजा समीक्षा | In a spot light programme, the channel presents a discussion on Rail Budget. | विशेष समीक्षा कार्यक्रम में चैनल रेल बजट पर एक चर्चा प्रस्तुत करती है। |
| 344. | spot payment | (n)-स्थल भुगतान, मौके पर भुगतान | The builder has announced concessions for spot payment for the house. | बिल्डर ने घर के लिए स्थल भुगतान हेतु रियायतों की घोषणा की है। |
| 345. | spouse | (n)-विवाहिती, पति या पत्नी* | Either of the spouse may claim for children education allowance. | पति या पत्नी में से कोई एक ही संतान शिक्षा भत्ता का दावा कर सकता है। |
| 346. | spurt in prices | (n)- **कीमत में उछाल***| **Spurt in prices** of food items has raised the inflation up. | खाद्य वस्तुओं की **कीमतों में उछाल** से मुद्रास्फीति में वृद्धि |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | | हुई। |
| 347. | Squad | (n)- दस्ता | The building was evacuated and the bomb **squad** called. | भवन को खाली करवाया गया और उसके बाद बम निरोधक **दस्ते** को बुलाया गया। |
| 348. | squeezed middle class | (n)- **तंग मध्यवर्ग** | The **squeezed middle class** cannot afford to spend on luxury. | **तंग मध्यवर्ग** विलासिता पर खर्च नहीं कर सकता। |
| 349. | Stab | (v)- **छुरा मारना, छुरा भोंकना, छुरा घोंपना** | Two persons were **stab**bed to death in the clash between the two parties. | दोनों पक्षों के बीच हुए संघर्ष में दो व्यक्तियों को **छुरा घोंपकर** मार दिया गया। |
| 350. | stabilisation | (n)- **स्थिरीकरण** | The new policies have been adopted for **stabilization** of the economy. | अर्थव्यवस्था के **स्थिरीकरण** के लिए नई नीतियां अपनायी गयी हैं। |
| 351. | stabilizing bid | (n)- **स्थिरीकरण प्रयास** | The company must inform the regulator about any **stabilizing bid** of its share price. | कंपनी अपने शेयरमूल्य के **स्थिरीकरण प्रयास** के बारे में नियामक को अवश्य सूचित करे। |
| 352. | stability | (n)- स्थिरता* | Both leaders wished to work for peace and **stability** in the region. | दोनों नेताओं ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की। |
| 353. | Stable | (adj)- 1. **स्थिर** (n)- 2. **अस्तबल** | 1.Indian Rupee has been **stable** in comparison to other currencies of the region.<br>2. The funds were released for making good **stables** and proper rearing of horses of indigenous breed. | 1.भारतीय रुपया इस क्षेत्र की अन्य मुद्राओं की तुलना में **स्थिर** रहा है।<br>2. देसी नस्ल के घोड़ों के लिए अच्छे अस्तबल बनाने और उनकी समुचित देखभाल के लिए निधियां जारी की गई थीं। |
| 354. | stable money | (n)- **स्थिर मुद्रा*** | US Dollar is regarded as a **stable money** in world trade. | अमेरिकी डॉलर को विश्व व्यापार में **स्थिर मुद्रा** माना जाता है। |
| 355. | stadium | (n)- **क्रीड़ांगन** | The final of the tri-series was played in the Eden Garden **stadium** of Kolkata. | त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन **क्रीड़ांगन** में खेला गया। |
| 356. | Staff | (n)-1. **कर्मचारीवृंद,** कर्मचारी-वर्ग, | 1. The total number of the **staff** in the office is 52. 2. The | 1. कार्यालय में कर्मचारियों की कुल संख्या 52 है। 2. |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अमला, स्टाफ 2. **कर्मचारी रखना** | office is well staffed. | कार्यालय में उचित संख्या में **कर्मचारी रखे गए हैं।** |
| 357. | staff appointment | (n)- **कर्मचारियों की नियुक्ति***| The procedure of **staff appointment** against the vacant posts has been started. | रिक्त पदों पर **कर्मचारियों की नियुक्ति** की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। |
| 358. | staff association | (n)-कर्मचारी संघ | The **staff association** has urged the department to issue the seniority list. | कर्मचारी संघ ने वरिष्ठता सूची जारी करने के लिए विभाग से आग्रह किया है। |
| 359. | staff car | (n)-**सरकारी कार,** स्टाफ कार* | The **staff car** may be used only for the office purpose. | **सरकारी कार** केवल कार्यालय के कार्यों के लिए ही इस्तेमाल की जाए। |
| 360. | staff ceiling | (n)- **अधिकतम कर्मचारी संख्या***, अधिकतम स्टाफ सीमा* | The company has set the **staff ceiling** to cut down in expenditure. | कंपनी ने खर्च में कटौती करने के लिए **अधिकतम कर्मचारी संख्या** निर्धारित की है। |
| 361. | staff club | (n)-कर्मचारी क्लब, स्टाफ क्लब | The ***staff club*** may be set up for the recreational needs of the department. | विभाग की मनोरंजन संबंधित जरूरतों के लिए **स्टाफ क्लब** स्थापित किया जाए। |
| 362. | staff quarter | (n)- **कर्मचारी आवास,** स्टाफ क्वार्टर | **Staff quarters** may be allotted to the government employees as per the rules. | सरकारी कर्मचारी को नियमों के अनुसार **कर्मचारी आवास** आवंटित किया जा सकता है। |
| 363. | staff welfare fund | (n)-कर्मचारी कल्याण निधि*, स्टाफ कल्याण निधि* | The officials may make monthly contributions for the **staff welfare fund.** | अधिकारी **कर्मचारी कल्याण निधि** के लिए मासिक योगदान दें। |
| 364. | Stag | (n)- **लाभलोलुप निवेशक, मुनाफाखोर निवेशक** | **Stag** attempts to make a quick profit through rapid turnover of stocks. | **मुनाफाखोर निवेशक** तेजी से कारोबार करके शीघ्र लाभ कमाने के लिए प्रयास करता है। |
| 365. | Stage | **(n)- 1.** मंच, रंगमंच **2. स्तर,** अवस्था*, **प्रक्रम 3.** चरण **(v)- 4.(घटित) होना,** | 1. The country is playing a leading role on the international **stage**.<br>2. The production is at the design **stage**. | 1. देश अंतरराष्ट्रीय **मंच** पर प्रमुख भूमिका निभा रहा है।<br>2. उत्पाद अभी डिजाइन के **स्तर** पर है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **करना 5. (आयोजित) करना** | 3. The company agrees to increase pay in **stages**.<br>4. The rupee staged a recovery today. 5. The workers **staged** a strike for a day. | 3. कंपनी अलग- अलग **चरणों** में वेतन में वृद्धि करने के लिए सहमत है।<br>4. रुपए के मूल्य में आज सुधार **हुआ**<br>5. कामगारों ने एक दिन के लिए हड़ताल **की**। |
| 366. | stagflation | (n)- **मुद्रास्फीतिजनित मंदी***, **गतिरोध स्फीति*** | Some large economies of the world are facing **stagflation**. | दुनिया की कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाएं **मुद्रास्फीतिजनित मंदी** का सामना कर रही हैं। |
| 367. | stagnate | (v)- **गति रुकना, ठहराव आना, स्थिर होना, गतिरुद्ध होना** | Industrial production has **stagnated**. | औद्योगिक उत्पादन में **ठहराव** आ गया है। |
| 368. | stagnation | (n)- **ठहराव,** गतिरोध | **Stagnation** in most of the big economies has affected world trade. | बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से अधिकांश में **ठहराव** से विश्व व्यापार प्रभावित हुआ है। |
| 369. | stakeholder | (n)- **हितधारी** | All our employees are also **stakeholders** in the company. | सभी कर्मचारी कंपनी में **हितधारी** भी हैं। |
| 370. | stalemate | (n)-गत्यवरोध | The peace process is delayed due to **stalemate** in talk. | वार्ता में गत्यवरोध की वजह से शांति प्रक्रिया प्रभावित हो गई है |
| 371. | stamp duty | (n)-स्टांप शुल्क | **Stamp duty** must be paid for execution of the sell-deed. | बिक्री-विलेख के निष्पादन के लिए **स्टाम्प शुल्क** का भुगतान किया जाना आवश्यक है। |
| 372. | stamped envelope | (n)-टिकट लगा लिफाफा | One self- addressed **stamped envelope** may be enclosed with the application. | आवेदन के साथ एक अपना पता लिखा **टिकट लगा लिफाफा** संलग्न किया जाए। |
| 373. | stamp paper | (n)-स्टांप कागज | The non-judicial **stamp paper** of Rs 100 /- may be used for the affidavit. | शपथ पत्र के लिए 100/- रुपए के गैर न्यायिक **स्टांप कागज** का इस्तेमाल किया जा सकता है। |
| 374. | stamp vendor | (n)-स्टांप-विक्रेता, टिकट-विक्रेता | It is the duty of the **stamp vendor** to keep the records of the stamp sold. | **स्टांप-विक्रेता** का कर्तव्य है कि वह बेचे गए स्टांप का रिकार्ड रखे। |
| 375. | Stand | (n)-1 **रुख 2.** स्टैंड, | 1. The spokesman has cleared the **stand** of | 1. प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर पार्टी के |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अड्डा | the party on this issue. 2. The office is just nearby the bus **stand**. | **रुख** को स्पष्ट किया। 2. कार्यालय बस **अड्डे** के पास है। |
| 376. | standard | (n)-1. मानक, स्तर | The company maintains high **standard** of its production according to fixed norms | कंपनी ने निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने उत्पादन का उच्च **स्तर** बनाए रखा है। |
| 377. | standard deduction | (n)-मानक कटौती* | Taxable amount may be ascertained after **standard deduction.** | **मानक कटौती** के बाद कर-योग्य राशि सुनिश्चित की जाए। |
| 378. | standardization | (n)-मानकीकरण | The **standardization** of Hindi alphabets has helped in learning Hindi. | हिन्दी वर्तनी के **मानकीकरण** से हिंदी सीखने में मदद मिली है। |
| 379. | standard of living | (n)-जीवन-स्तर | Economic growth has improved the **standard of living** of the people. | आर्थिक वृद्धि से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। |
| 380. | standby arrangement | (n)- **आपात व्यवस्था,** आपात-उपयोगी व्यवस्था* | The office may use generator set as a **standby arrangement** during power cut. | बिजली की कटौती के दौरान कार्यालय में **आपात व्यवस्था** के रूप में जनरेटर सेट का उपयोग कर सकता है। |
| 381. | standing | (n)-1 स्थायी* 2 **सम्मान,** प्रतिष्ठा* | 1. The **standing** army of the country is one of the largest armies of the world. 2. ISRO has improved the country's **standing** in the world. | 1. देश की **स्थायी** सेना दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है। 2. इसरो ने विश्वास में देश का **सम्मान** बढ़ाया है। |
| 382. | standing commission | (n)-स्थायी आयोग | The **standing commission** of the Red cross and Red cresent has been nominated for four years. | रेड क्रॉस और रेड क्रीसेंट के **स्थायी आयोग** को चार साल के लिए नामांकित किया गया है। |
| 383. | standing committee | (n)-स्थायी समिति* | The Ministry has submitted the Action Taken report to the **standing committee.** | मंत्रालय ने **स्थायी समिति** को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। |
| 384. | standing conditions | (n)-स्थायी शर्तें* | The clients must have to follow the **standing conditions** | ग्राहकों को पॉलिसी की **स्थायी शर्तों** का पालन करना अनिवार्य |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | of the policy. | है। |
| 385. | standing guard file | (n)-स्थायी गार्ड फाइल* | The copy of the order may be enclosed in the **standing guard file** of the section. | आदेश की प्रति अनुभाग की **स्थायी गार्ड फाइल** में संलग्न की जाए। |
| 386. | standing order | (n)-स्थायी आदेश | Under the **standing order**, the police has to update the development of the cases. | **स्थायी आदेश** के अधीन पुलिस को मामलों की स्थिति अद्यतन करनी होगी। |
| 387. | stand still | (n) - **गतिरोध, ठहराव** (adj) - **गतिशून्य, ठप होना** | The working of the banking sector came to a **standstill** due to the strike of the staff. | कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बैंकिंग क्षेत्र का कामकाज **ठप** हो गया है। |
| 388. | stapler | **(n)** स्टेप्लर | The **stapler** is used to staple the papers. | **स्टेपलर** का प्रयोग कागजों को नत्थी करने के लिए किया जाता है। |
| 389. | starred question | **(n)** तारांकित प्रश्न | A **Starred Question** is one to which a member desires an oral answer in the House. | **तारांकित प्रश्न** वह है, जिसका सदस्य सदन में मौखिक उत्तर चाहता है। |
| 390. | starter | (n) **प्रवर्तक**, आरंभक | Tata Company may be considered starter in the field of manufacture of small cars. | टाटा कंपनी को छोटी कारों के विनिर्माण के क्षेत्र में **आरंभक** माना जा सकता है। |
| 391. | starting salary | (n)-आरंभिक वेतन<br>(n)- **प्रारंभिक वेतन** | Nursing graduates receive a good **starting salary.** | नर्सिंग स्नातकों को अच्छा **प्रारंभिक वेतन** प्राप्त होता है। |
| 392. | State | (n)- 1. राज्य 2.स्थिति*, दशा*, अवस्था*, हालत*<br>**(v)- बताना** | 1. Kolkata is in the **state** of West Bengal.<br>2. He was in a **state** of shock after he got the bad news.<br>3. The Section Officer asked the clerk to **state** the reasons for unauthorized absence. | 1. कोलकाता पश्चिम बंगाल **राज्य** में है।<br>2. बुरी खबर सुनने के बाद वह सदमे की **स्थिति** में था।<br>3. अनुभाग अधिकारी ने लिपिक से अनधिकृत अनुपस्थिति का कारण **बताने** के लिए कहा। |
| 393. | **Statecraft** | **(n) शासन कला** * | E-governance is gradually becoming an integral part of **statecraft**. | ई–शासन धीरे –धीरे शासन कला का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 394. | State express telegram | (n)- **शासकीय एक्सप्रेस तार,** सरकारी एक्सप्रेस तार | The office received emergency information through **State express telegram.** | कार्यालय में आपात सूचना **शासकीय एक्सप्रेस तार** के माध्यम से प्राप्त हुई। |
| 395. | State government | (n)-राज्य सरकार* | The **state government** has directed for strict compliance of UGC guidelines. | **राज्य सरकार** ने यूजीसी के दिशा निर्देशों का **सख्ती** से अनुपालन करने का निर्देश दिया है। |
| 396. | State guest | (n)- राजकीय अतिथि | The Heads of State visiting India on official visit are given the honour of **state guest.** | आधिकारिक यात्रा पर भारत आने वाले राष्ट्राध्यक्षों को **राजकीय अतिथि** का सम्मान प्रदान किया जाता है। |
| 397. | State legislative assembly | (n)- राज्य विधान सभा | The members of **state legislative assembly** are called legislatures. | **राज्य विधान सभा** के सदस्यों को विधायक कहा जाता है। |
| 398. | State list | (n)-राज्य सूची | The state governments have exclusive power for enactment on the subjects of **state list.** | राज्य सरकारों को **राज्य सूची** के विषयों पर अधिनियम बनाने हेतु विशिष्ट शक्ति प्राप्त है। |
| 399. | statement of accounts | (n)- लेखा-विवरण | The **statement of accounts** has been prepared and submitted for perusal and approval. | **लेखा विवरण** तैयार कर दिया है और यह अवलोकन और अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। |
| 400. | state of health | (n)- स्वास्थ्य की स्थिति*, **हालत** | The **state of health** of Public Sector Banks of India remained good even during worldwide recession. | विश्वव्यापी मंदी के दौरान भी भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की **हालत** अच्छी बनी रही। |
| 401. | state of the art technology | **(n)-अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी*,** नवोन्नत प्रौद्योगिकी* | **State of the art technology** in telecom sector has made communication very swift and convenient. | टेलीकॉम क्षेत्र में **अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी** के प्रयोग से संचार/सम्प्रेषण तीव्रगामी और सुगम बन गया है। |
| 402. | static economy | स्थिर अर्थव्यवस्था*, गतिहीन अर्थव्यवस्था* | China's economy is a fast growing economy as compared to **static economies** of | सार्क देशों की **स्थिर अर्थव्यवस्थाओं** की तुलना में चीन की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | SAARC counties. | |
| 403. | station | (n)- स्टेशन, केंद्र | 1. The train arrived late at the **station.**<br>2. Members raised the issue of the policy on nuclear power **station**. | 1. ट्रेन **स्टेशन** पर देर से पहुंची।<br>2. सदस्यों ने परमाणु बिजली **केन्द्र** से संबंधित नीति का मुद्दा उठाया। |
| 404. | stationery | (n) – लेखन - सामग्री*, **स्टेशनरी** | Bids are invited from all registered **Stationery** suppliers. | सभी पंजीकृत **स्टेशनरी** आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। |
| 405. | station leave | (n)-स्टेशन छोड़ने की अनुमति | A government employee is required to obtain **station leave** before leaving the duty station. | सरकारी कर्मचारी से अपेक्षा की जाती है कि वह ड्यूटी स्टेशन छोड़ने से पहले **स्टेशन छोड़ने की अनुमति** प्राप्त करे। |
| 406. | statistical | (adj) - सांख्यिकीय | The NSSO has estimated reduction in prices on the basis of its **Statistical** survey. | एन.एसएसओ ने अपने **सांख्यिकीय** सर्वेक्षण के आधार पर कीमतों में कमी का अनुमान लगाया है। |
| 407. | statistical analysis | (n)- सांख्यिकीय विश्लेषण | The **statistical analysis** of the consolidated data is under progress. | समेकित डाटा के **सांख्यिकीय विश्लेषण** का कार्य प्रगति पर है। |
| 408. | statistical data | (n)- सांख्यिकीय आंकड़े | *WDI*-2014 provides global **statistical data** about the poverty. | विश्व विकास सूचक 2014 गरीबी के बारे में वैश्विक **सांख्यिकीय आंकड़े** प्रदान करता है। |
| 409. | status | (n)- 1 स्थिति*, प्रस्थिति* 2 हैसियत* प्रतिष्ठा* | 1. The applicant is enquiring about the **status** of his loan application.<br><br>2. It is undeniable that the government job provides high social **status**. | 1. आवेदक अपने ऋण आवेदन की **स्थिति** के बारे में पूछताछ कर रहा है।<br>2. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी नौकरी उच्च सामाजिक **हैसियत** प्रदान करती है। |
| 410. | status report | (n)- स्थिति रिपोर्ट* | The Prime Minister's Office has sought a **status report** of the project from the Ministry. | प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंत्रालय से परियोजना की **स्थिति रिपोर्ट** मांगी है। |
| 411. | Status quo | (n)- यथापूर्व | The court directed the parties to maintain | न्यायालय ने पक्षकारों को |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | स्थिति*, **यथास्थिति*** | status quo till final decision. | अंतिम निर्णय होने तक **यथापूर्व स्थिति** बनाए रखने का निदेश दिया है। |
| 412. | statute | 1 संविधि, कानून<br>2 (संस्था) परिनियम | 1. The **statute** enacted by Parliament is applicable to the entire country.<br>2. The scope of the **statute** of the Association has been registered with the registrar office. | 1. संसद द्वारा बनाया गया **कानून** पूरे देश पर लागू होता है।<br>2. संघ का **परिनियम** पंजीकरण कार्यालय में पंजीकृत करा लिया गया है। |
| 413. | statutory | वैधानिक, कानूनी, सांविधिक | 1. It is mandatory to print a **statutory** warning on the packets of all tobacco products.<br>2. It is the **statutory** responsibility of the government to provide free primary education to all the children. | 1. सभी तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर **वैधानिक** चेतावनी छापना अनिवार्य है।<br>2. सभी बच्चों को नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार का **कानूनी** दायित्व है। |
| 414. | stay order | रोक आदेश, | **Stay order** has been obtained from the supreme court against the order of high court. | उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय से **स्थगन आदेश** प्राप्त कर लिया गया है। |
| 415. | steady growth | सतत वृद्धि*, अविरत वृद्धि* | The cities of India developed with the **steady growth** of trade and commerce. | वाणिज्य और व्यापार में **सतत वृद्धि** के कारण भारत के शहरों का विकास हुआ। |
| 416. | steep increase | (adj)- तीव्र वृद्धि* | **Steep increase** has been noticed in the production costs. | उत्पादन लागत में **तीव्र वृद्धि** देखी गई है। |
| 417. | steering committee | (n)- 1 विषय-निर्वाचन समिति* 2. संचालन समिति* | 1. The CEO directed the project steering committee to include new issues.<br>2. A **steering committee of** MPs guides the formulation of the work schedule of the | 1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने परियोजना की **विषय-निर्वाचन समिति** को नए मुद्दे शामिल करने का निदेश दिया।<br>2. सांसदों की **संचालन समिति** संसद की कार्यसूची बनाने के |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | parliament. | कार्य में मार्गदर्शन करती है। |
| 418. | stenography | (n)- आशुलिपि* | ***Stenography*** is a skill of quick and verbatim record of the spoken words. | **आशुलिपि** बोले गए शब्दों को तेजी से और शब्दशः रिकॉर्ड करने का कौशल है। |
| 419. | step child | (n)- सौतेली संतान | A child of one's spouse by a previous union is called **step child**. | पति या पत्नी के पूर्व विवाह से उत्पन्न संतान को **सौतेली संतान** कहा जाता है। |
| 420. | stereo-typed | (n) - 1. रूढ़ **(adj)** – 2. रूढ़िबद्ध, **घिसी–पिटी, पारंपरिक,** | The Prime Minister appealed the medical professionals to change the **stereotyped** image of public health facilities. | प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की **घिसी–पिटी** छवि को बदलने के लिए चिकित्सा पेशेवरों से अपील की। |
| 421. | stern action | (n)-कठोर कार्रवाई*, **कड़ी कार्रवाई*, सख्त कार्रवाई*,** | The Minister assured for a stern **action** against the smugglers. | मंत्री ने तस्करों के खिलाफ **सख्त कार्रवाई** का आश्वासन दिया। |
| 422. | stigma | **दाग,** लांछन, कलंक, | The prevalence of female foeticide is a **stigma** for Indian society. | कन्या भ्रूण हत्या भारतीय समाज पर **कलंक** है। |
| 423. | stimulate | (v)-बढ़ावा देना | The state government should **stimulate** growth in rural area. | राज्य सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को **बढ़ावा** देना चाहिए। |
| 424. | stimulation | (n) - 1. **प्रोत्साहन**, 2. उद्दीपन | 1.It has been proved by a research that self motivation works as **stimulation** to quit smoking.<br>2.It is the responsibility of the government to provide enough **stimulation** t o promote the research work. | 1.शोध से यह सिद्ध हो गया है कि धूम्रपान छोड़ने में आत्मप्रेरणा **उद्दीपन** का काम करती है।<br>2.शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त **प्रोत्साहन** प्रदान करने की जिम्मेदारी सरकार की है। |
| 425. | stipend | (n) - 1. **वजीफा, छात्रवृत्ति***, वृत्तिका* | The student who topped the college in science stream is awarded with | महाविद्यालय में विज्ञान विषय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को **छात्रवृत्ति** |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2 वेतन | **stipend.** | प्रदान की जाती है। |
| 426. | stipulate | (v)- **अनुबंध करना** | All necessary terms and conditons must be **stipulated** in the RFP documents. | सभी आवश्यक निबंधन एवं शर्तें आरएफपी दस्तावेज में **अनुबंधित की** जानी चाहिए। |
| 427. | stipulation | (n)- **1. करार**, अनुबंध **2. शर्त*** | 1. All staffs are working under **stipulation** to work for 40 hours a week.<br>2. Auction of 3G spectrum license was made in accordance with the **stipulations** made in the extant rules. | 1. सभी कर्मचारी प्रतिसप्ताह 40 घंटे कार्य करने के **करार** के तहत काम कर रहे हैं।<br>2. थ्री-जी स्पेक्ट्रम के लाइसेंस की नीलामी वर्तमान नियमों में दी गई **शर्तों** के अनुरूप की गई। |
| 428. | Stock | (n)-सामान, माल, स्टॉक | **Stock** is the goods a trader has in hand. | व्यापारी के पास जो माल हाथ में हो वह **स्टॉक** कहलाता है। |
| 429. | stockist | (n)-स्टॉकधारी, थोक व्यापारी, | **Stockist** keeps stock of the goods in large quantity to meet the demand of market. | **थोक व्यापारी** बाजार की मांग की पूर्ति के लिए बड़ी मात्रा में माल का भंडार रखता है। |
| 430. | stock valuation | स्टॉक या माल का मूल्यांकन | **Stock valuation** is based on the nature of goods which may be valued at cost price or market price**.** | **स्टॉक या माल का मूल्यांकन** माल की प्रकृति पर निर्भर करता है और इसका मूल्य लागत मूल्य या बाजार मूल्य के आधार पर निकाला जाता है। |
| 431. | Stop | (n)- विराम, **(v)- 2. बंद करना, 3. रोक देना, रोकना ठहरना,** रुकिए | 1. The elevator comes to stop on the main floor.<br>2. He had to **stop** the car quickly to avoid the accident.<br>3. The Police stopped the leader of opposition from reaching the site.<br>3. **Stop** here for security cheking. | 1. एलिवेटर मुख्य तल पर **रुकता** है।<br>1. दुर्घटना से बचने के लिए उसे जल्दी से कार **रोकनी पड़ी।**<br>2. पुलिस ने विपक्ष के नेता को घटनास्थल पर जाने से **रोक दिया**।<br>3. सुरक्षा जांच के लिए यहाँ **रुकिए।** |
| 432. | stopgap arrangement | (n)- **कामचलाऊ व्यवस्था***, अंत:कालीन व्यवस्था* | **Stopgap** arrangement has been made for smooth functioning of the section by adhoc promotion. | अनुभाग के कार्य के सुचारु संचालन हेतु तदर्थ पदोन्नति कर **कामचलाऊ व्यवस्था** की गई है। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 433. | storage | (n)- 1. भंडारण, संग्रहण 2. भंडारगृह (गोदाम) | 1. The **storage** capacity of this computer is 160 GB.<br>2. Storage network should be spread all over the country to control the price of food items. | 1. इस कंप्यूटर की **भंडारण** क्षमता 160 जीबी है।<br>2. खाद्य वस्तुओं की कीमत को नियंत्रित करने के लिए देश भर में **भंडारगृह** के नेटवर्क का विस्तार किया जाना चाहिए। |
| 434. | storage space | (n)- भंडारण स्थान | Storage space of the medicines must conform to the prescribed standards. | दवाइयों का **भंडारण स्थान** निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। |
| 435. | store | (n) - 1 भंडार 2. दुकान* (v)- 1. रखना 2. संग्रह करना | (n)- 1. The state government has ample **stores** of food grains.<br>2. The Government of Indias has recently opened cheaper rates drug **stores.**<br>(v)-1. Most of the vaccines are stored in refrigerator.<br>2. The vintage art are stored in the museum. | 1. राज्य सरकार के पास खाद्यान्न का पर्याप्त **भंडार** है।<br>2. भारत सरकार ने हाल ही में सस्ती दवाओं की **दुकानें** खोली है।<br>1. अधिकांश टीके फ्रिज में रखे जाते हैं।<br>2. संग्रहालय में पुरानी कलाकृतियों का संग्रह किया जाता है। |
| 436. | store account | भंडार लेखा | Audit of **store** account of this office is proposed in June. | इस कार्यालय के **भंडार लेखा** की लेखा परीक्षा जून में करने का प्रस्ताव है। |
| 437. | store register | (n)-स्टोर रजिस्टर, भंडार रजिस्टर | The Assistant entered the goods issued in the **store register**. | सहायक ने जारी किए गए माल की प्रविष्टि **स्टोर रजिस्टर** में की। |
| 438. | strain | (n)-तनाव | Problems in the new project has put him under a lot of **strain.** | नई परियोजना की समस्याओं के कारण वह काफी **तनाव** में है। |
| 439. | stranded | (n)-फंसा हुआ, असहाय | The torrential rains left many pilgrims **stranded** at different places. | मूसलाधार वर्षा के कारण कई तीर्थयात्री विभिन्न स्थानों पर **फंसे हुए** हैं। |
| 440. | strap | 1. (n) - फीता, पट्टी* | The **strap** used to fasten the goods was weak and broke midway. | माल को बाँधने के लिए इस्तेमाल की गई **पट्टी** कमजोर थी और रास्ते में ही टूट गई। |
| 441. | strategy | 1 (n)-कार्यनीति* 2 | The new marketing | नई विपणन **कार्यनीति** से कंपनी |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | रणनीति* | **strategy** boosted the sales of the company. | की बिक्री बढ़ी है। |
| 442. | streamline | (v)- **सुव्यवस्थित *करना,*** सुप्रवाही बनाना | The company is making efforts to **streamline** the customer relations procedures. | कंपनी ग्राहक संबंध प्रक्रियाओं को **सुव्यवस्थित करने** के प्रयास कर रही है। |
| 443. | strenuous | (adj.) - श्रमसाध्य | **Strenuous** efforts have been made to improve public healthcare. | सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में सुधार करने के लिए **श्रमसाध्य** प्रयास किए गए हैं। |
| 444. | strict | (adj.) - कड़ा, कठोर, सख्त | The officer had issued **strict** instructions regarding punctuality. | अधिकारी ने समय की पाबंदी के बारे में **सख्त** निर्देश जारी किए। |
| 445. | strictly | 1 (adv.) - सख्ती से, कठोरता से 2 सर्वथा | The instructions should be **strictly** complied with. | निर्देशों का **सख्ती से** पालन किया जाना चाहिए। |
| 446. | strike | 1 (n) - हड़ताल* 2 (v)- आघात करना, ***मारना*** | The nurses went on a **strike** to protest against low salary. | नर्से कम वेतन के विरोध में **हड़ताल** पर चली गई। |
| 447. | strike breaker | (n)- हड़ताल तोड़क, हड़ताल तोड़ने वाला | The workers prevented the **strike breakers** from entering the building. | श्रमिकों ने **हड़ताल तोड़ने वालों** को इमारत में प्रवेश करने से रोका। |
| 448. | stringent action | (n)- कड़ी कार्रवाई* | Parents are seeking **stringent action** against the culprit school authorities. | माता पिता स्कूल के दोषी अधिकारियों के खिलाफ **कड़ी कार्रवाई** की मांग कर रहे हैं। |
| 449. | strip | (n)- पट्टी* | The coastal city is situated on a narrow **strip** of land. | तटीय शहर भूमि की एक संकरी **पट्टी** पर स्थित है। |
| 450. | strive | (v)- प्रयास करना | The region is **striving** for peace as well as development. | इस क्षेत्र में शांति के साथ ही विकास के लिए **प्रयास** किया जा रहा है। |
| 451. | structure | (n)- संरचना* (v)- निर्माण करना, ढांचा बनाना | 1. A new management **structure** has been introduced in the company. 2. They **structured** the training program so that the course | 1. कंपनी में नई प्रबंधन **संरचना** बनाई गई है। 2. उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का इस प्रकार **निर्माण किया** कि संपूर्ण विषय सामग्री दो सप्ताह में पूरी हो जाए। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | content could be covered in two weeks. | |
| 452. | structured change | (n)- संरचनात्मक परिवर्तन | **Structured changes** are required in the economy of the country. | देश की अर्थव्यवस्था में **संरचनात्मक परिवर्तन** अपेक्षित हैं। |
| 453. | structured interview | (n)- संरचित साक्षात्कार | A **structured intervi ew** is a quantitative research method commonly employed in survey research | **संरचित साक्षात्कार** सामान्यतः सर्वेक्षण अनुसंधान में प्रयोग की जाने वाली गुणात्मक अनुसंधान विधि है। |
| 454. | structured pay | (n)- संरचित वेतन | Lack of a **structured pay** plan created unrest among the employees | **संरचित वेतन** योजना तैयार न होने के कारण कर्मचारियों के बीच अशांति थी। |
| 455. | struggle | (v)- संघर्ष | The study revealed that the modern families **struggle** more financially than the conventional ones. | अध्ययन से पता चला है कि आधुनिक परिवार परंपरागत परिवारों की तुलना में आर्थिक रूप से अधिक **संघर्ष** करते हैं। |
| 456. | stubborn | (adj.) - जिद्दी, हठी | Disciplinary action was initiated against the **stubborn** employee | **जिद्दी** कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। |
| 457. | student | (n)- विद्यार्थी, छात्र | The **student** was felicitated for achieving the highest score. | **विद्यार्थी** को उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। |
| 458. | student apprenticeship | (n)- विद्यार्थी शिक्षुता* | **Student apprenticeship** has become an integral part of many professional courses. | **विद्यार्थी शिक्षुता** कई व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अभिन्न हिस्सा बन गई है। |
| 459. | studentship | (n)- अधिछात्रवृत्ति* | The University has invited applications for three year **studentship.** | विश्वविद्यालय ने तीन वर्ष की **अधिछात्रवृत्ति** के लिए आवेदन मांगे हैं। |
| 460. | study | 1. (v)- अध्ययन 2. (n)- ***अध्ययन-कक्ष*** | The committee made a thorough **study** of the causes of civil disorders. | समिति ने नगर अव्यवस्था के कारणों का पूरी तरह से **अध्ययन** किया। |
| 461. | study allowance | (n) – अध्ययन | **Study allowance** shall be granted to a | सरकारी कर्मचारी को **अध्ययन** |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | भत्ता | Government servant only if he is not in receipt of any scholarship. | **भत्ता** तभी प्रदान किया जाएगा यदि वह कोई अन्य छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा है। |
| 462. | study leave | (n)- अध्ययन छुट्टी* | Application for **study leave** shall be considered on merits of each case | **अध्ययन अवकाश** के आवेदन पर प्रत्येक मामले की योग्यता के अनुसार विचार किया जाएगा। |
| 463. | stupid | (n) – अल्पबुद्धि* (adj.) ***मूर्खतापूर्ण*** | The employee was reprimanded for making a **stupid** comment in the meeting. | बैठक में **मूर्खतापूर्ण** टिप्पणी करने के लिए कर्मचारी को फटकारा गया। |
| 464. | style | (n) – शैली*, ढंग | With the coming of the Mughals, Indian architecture was greatly influenced by Persian **styles.** | मुगलों के आने से भारतीय वास्तुकला फारस की **शैली** से काफी प्रभावित हुई। |
| 465. | sub(subordinate) | 1 (adj.) (पदनाम) नायब 2 (क्षेत्र आदि) उप | **Sub**-editor presented the draft of the magazine to the editor. | **उप**-संपादक ने पत्रिका का मसौदा संपादक को प्रस्तुत किया। |
| 466. | sub judice | (adj**.)** न्यायाधीन | He declined further comment on the grounds that the case was **sub judice.** | मामला **न्यायाधीन** होने के कारण उन्होंने आगे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। |
| 467. | sublease | (n)- उप-पट्टा, शिकमी पट्टा | A **sublease** agreement should specifically mention the names of the parties | **उप पट्टा** करार में पक्षकारों के नाम का विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए। |
| 468. | subletting | (n)- उप-किराएदारी* | **Subletting** of the Government accommodation amounts to misconduct. | सरकारी आवास को **उप-किराएदारी** पर देना कदाचार के बराबर है। |
| 469. | submit | (n)- 1 निवेदन करना 2 प्रस्तुत करना 3 सुपुर्द करना 4 समर्पित करना | Every government servant is required to **submit** a return of his assets and liabilities | प्रत्येक सरकारी कर्मचारी अपनी संपत्ति और देनदारियों का विवरण **प्रस्तुत** करेगा। |
| 470. | subordinate office | (n)- अधीनस्थ कार्यालय | Instructions were noted and communicated to their attached and **subordinate Offices.** | अनुदेशों को नोट किया गया और उनके संबद्ध एवं **अधीनस्थ कार्यालयों** को भेजा गया। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 471. | subrule | (n)- उप-नियम | Under the **sub-rule**, penalty imposed shall be paid by way of a receipted challan | **उप-नियम** के तहत जुर्माने का भुगतान रसीदी चालान के माध्यम से किया जाएगा। |
| 472. | subscribe | (v)- 1 चंदा या शुल्क देना 2 ग्राहक बनाना 3 अभिदान करना 4 समर्थन करना, सहमत होना 5 हस्ताक्षर करना | 1. Employees **subscribed** good number of shares.<br>2. No Government servant shall subscribe to any political movement in India. | 1. कर्मचारियों ने बड़ी मात्रा में शेयर **सदस्यता** ली।<br>2. कोई सरकारी कर्मचारी, भारत में किसी भी राजनीतिक आंदोलन का **समर्थन** नहीं कर सकता। |
| 473. | subscriber | (n)- 1 ग्राहक 2 अभिदाता 3 हस्ताक्षरकर्ता 4 उपभोक्ता | This magazine has over ten thousand **subscribers** | इस पत्रिका के दस हजार से अधिक **ग्राहक** हैं। |
| 474. | subscription | (n)- 1 अभिदान 2 चंदा | A statue in his memory was erected by public **subscription**. | जनता से **चंदा** एकत्र करके उनकी याद में एक मूर्ति लगाई गई। |
| 475. | sub section | (n)- उप-धारा* | Voluntary organizations have been defined in the **sub section** . | स्वयंसेवी संगठनों की परिभाषा **उप-धारा** में दी गई है। |
| 476. | subsequent | (adj)- बाद का, उत्तरवर्ती | The skills were passed on to **subsequent** generations. | **उत्तरवर्ती** पीढ़ियों को ये कौशल विरासत में मिले हैं। |
| 477. | subsidiary | (adj)- 1 गौण 2 सहायक 3 समनुषंगी | The **subsidiary** isn't expected to be profitable for at least one year. | **सहायक कंपनी से** लगभग एक वर्ष तक लाभ कमाने की अपेक्षा नहीं है। |
| 478. | subsidy | (n)- **आर्थिक सहायता***, सहायिकी* | Government faces a challenge in the rationalisation of **subsidies** | सरकार के समक्ष **आर्थिक सहायता** के युक्तिकरण की समस्या है। |
| 479. | subsistence allowance | (n)- निर्वाह-भत्ता | The suspended employee is receiving the subsistence allowance | निलंबित कर्मचारी **निर्वाह भत्ता** प्राप्त कर रहा है |
| 480. | substandard | (adj)- अवमानक, **घटिया** | The contractor supplied **sub standard** goods. | ठेकेदार ने **घटिया** सामान की आपूर्ति की। |
| 481. | substantial | (adj)- 1 सारभूत, | There were | रिपोर्ट में **काफी** बदलाव थे। |

| **S.N.** | **Words** | **Meanings** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | सारवान 2 ***काफी***, पर्याप्त | **substantial** changes in the report. | |
| 482. | substantiate | (v)- 1 सिद्ध करना 2 पुष्टि करना | They made accusations which could not be **substantiated.** | उनके लगाए आरोपों की **पुष्टि** नहीं की जा सकी। |
| 483. | substantive pay | (n)- मूल पद वेतन | For first six months of suspension the employee received **substantive pay** plus fifty percent of allowances thereon. | निलंबन के पहले छह महीनों में कर्मचारी को **मूल पद वेतन** और उसपर भत्तों की पचास प्रतिशत राशि दी जाएगी। |
| 484. | substitute | (v)- 1. प्रतिस्थापित करना, *बदलना* 2 (n)- एवजी, प्रतिस्थानी | 1. The injured player was **substitute**d by a new player.<br>2. The **substitute** filled in the gap efficiently. | 1. घायल खिलाड़ी के **बदले** नया खिलाड़ी भेजा गया।<br>**2. एवजी** ने कमी को दक्षता से पूरा किया। |
| 485. | subversive activities | (n)- **विध्वंसक गतिविधि***, ध्वंसात्मक कार्य | The security agency was vigilant towards any **subversive activities.** | सुरक्षा एजेंसी किसी भी **विध्वंसक गतिविधि** के प्रति सतर्क थी। |
| 486. | succeeding | (adj)- उत्तरवर्ती, ***अगले*** | Ministry will annually assess its needs for training of staff during the succeeding year and indicate its requirements to the Department of Personnel & Training. | मंत्रालय **अगले** वर्ष के दौरान कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए अपनी जरूरतों का आकलन वार्षिक रूप से करेगा और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को अपनी आवश्यकताएं बताएगा। |
| 487. | succession | (n)- 1. उत्तराधिकार 2. उत्तरवर्तन | Chief Minister held a string of meetings with party men to chalk out a succession plan for the state. | मुख्यमंत्री ने राज्य में पार्टि के लिए उत्तराधिकार योजना तैयार करने हेतु पार्टी के सदस्यों के साथ कई बैठकें की। |
| 488. | successively | (adv)- क्रमशः, बारी-बारी से | The last two Pay Commissions had successively increased the limit for accumulation of Earned Leave and its encashment. | पिछले दो वेतन आयोगों ने अर्जित छुट्टी के संचय और उसके नकदीकरण की सीमा को **क्रमशः** बढ़ाया। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 489. | sufficient | (adj)- पर्याप्त | Encashment of half pay leave is also allowed in case sufficient earned leave is not available. | यदि **पर्याप्त** अर्जित छुट्टी उपलब्ध न हो तो अर्ध-वेतन छुट्टी के नकदीकरण की भी अनुमति दी जा सकती है। |
| 490. | suffix | (n)- प्रत्यय, परसर्ग (v) अंत में जोड़ना | 1. **Suffix** is an important component in word formation.<br>2. Saturday and Sunday **suffixed** to earned leave will not be counted as earned leave if the employee joins office on Monday. | 1. **प्रत्यय** शब्द निर्माण में महत्वपूर्ण घटक होता है।<br>2. कर्मचारी के सोमवार को कार्यालय आ जाने पर अर्जित छुट्टी के **अंत में जोड़े गए** शनिवार और रविवार को अर्जित छुट्टी नहीं माना जाएगा। |
| 491. | suggestion | (n)- सुझाव | The party worker accepted the court's **suggestion** to furnish a bond in order to get bail. | पार्टी कार्यकर्ता ने न्यायालय का **सुझाव** माना और जमानत प्राप्त करने के लिए बंधपत्र प्रस्तुत किया। |
| 492. | Suit | (n)- 1. वाद, (v) 2. **अनुरूप होना** 3. उपयुक्त होना | Training courses should be redesigned to **suit** the job requirement of the participants. | प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को प्रतिभागियों की जॉब संबंधी अपेक्षा के **अनुरूप** पुनः डिजाइन किया जाना चाहिए। |
| 493. | suitable action | (n)- उपयुक्त कार्रवाई* | The officer assured the staff of **suitable action** to address their grievance. | अधिकारी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत का समाधान करने के लिए **उपयुक्त कार्रवाई** की जाएगी। |
| 494. | summarily | (adv.) – संक्षेपत: निपटान, सरसरी निपटान | Any application received after the prescribed date shall not be entertained and **summarily** rejected. | निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और **सरसरी तौर पर** अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |
| 495. | summing up | (v.) – समाहार | **Summing up** the presentations of the trainees, the chairman commended the performance. | प्रशिक्षुओं की प्रस्तुतियों का **समाहार** करते हुए, अध्यक्ष ने उनके कार्य की सराहना की। |
| 496. | summon | (v.) – 1 समन करना | 1.He has been **summoned** to appear | 1.उसे अदालत में उपस्थित होने |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | 2 बुलाना, बुला भेजना | in court.<br>2.The Minister **summoned** a meeting of the officers to discuss the new strategy. | के लिए **समन** जारी किया गया है।<br>2.मंत्री ने नई कार्यनीति पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों की एक **बैठक बु**लाई। |
| 497. | sumptuary allowance | (n)- ***सत्कार भत्ता***, व्यय भत्ता | **Sumptuary allowance** for the Directors of National Training institutes was increased considerably by the Sixth Pay Commission. | छठे वेतन आयोग ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के निदेशकों के **सत्कार भत्ते** में काफी वृद्धि की। |
| 498. | sundry | (adj)- विविध, फुटकर | Relief is provided to families of deceased Government servants from **sundry** govern ment sources, such as the Prime Minister's Relief Fund. | मृतक सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को प्रधानमंत्री राहत कोष जैसे **विविध** सरकारी स्रोतों से राहत प्रदान की जाती है। |
| 499. | sundry receipts | (n)- विविध प्राप्तियां* | The **sundry receipts** were entered into the company's accounts. | **विविध प्राप्तियां** कंपनी के खातों में दर्ज की गई। |
| 500. | Superannuation | (n)- अधिवर्षिता* | Complete Service record of the employee is checked before **superannuation** and dues settled accordingly. | **अधिवर्षिता** से पहले कर्मचारी के पूरे सेवा रिकॉर्ड की जाँच की जाती है और तदनुसार बकाया राशि का निपटान किया जाता है। |
| 501. | superficial | (adj)- ऊपरी, सतही | The newspaper provided only a **superficial** analysis of the results which could not be relied upon. | समाचार पत्र ने परिणाम का केवल **सतही** विश्लेषण किया जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। |
| 502. | superfluous | (adj)- 1 फालतू 2 अनावश्यक 3 अतिरिक्त 4 अतिव्ययी 5 अतिशय | Several **superfluous** ministrie s should be wound up in order to cut cost. | कई **अनावश्यक** मंत्रालयों को बंद कर दिया जाना चाहिए ताकि व्यय में कटौती की जा सके। |
| 503. | superiority | (n)- उच्चता*, श्रेष्ठता* | Humans possess intellectual | मनुष्य अन्य प्राणियों से बौद्धिक **श्रेष्ठता** रखते हैं। |

| S.N. | Words | Meanings | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **superiority** over other animals. | |
| 504. | supersede | (v.) – अधिक्रमण करना | Provisions contained in this O.M. shall **supersede** all the instructions issued from time to time in the past, on the subject. | इस कार्यालय ज्ञापन में निहित प्रावधान इस विषय पर विगत में समय-समय पर जारी सभी निर्देशों को **अधिक्रमित** करेंगे। |
| 505. | supervision | (n)- पर्यवेक्षण, देखरेख* | The staff worked under the overall **supervision** of the Director. | स्टाफ ने निदेशक की **देखरेख** में काम किया। |
| 506. | Supplementary | (adj)- अनुपूरक | A supplementary exam is being conducted for students who failed to clear the annual high school exam. | वार्षिक हाईस्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए **अनुपूरक** परीक्षा आयोजित की जा रही है। |
| 507. | supply | (n)- पूर्ति*, प्रदाय, **आपूर्ति*** | Electricity **supply** was affected due to the rainstorm. | आंधी के कारण विद्युत **आपूर्ति** प्रभावित हुई। |
| 508. | support | (v)- 1 समर्थन 2 आलंब 3 सँभाल, भरण-पोषण 4 सहायता* 5 आधार | 1.The social activists **supported** the change.<br>2.The Ministry of Home Affairs extends financial **support** and guidance to the State Governments. | 1.सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन का **समर्थन** किया।<br>2.गृह मंत्रालय राज्य सरकारों को वित्तीय **सहायता** और मार्गदर्शन प्रदान करता है। |
| 509. | support price | (n)- समर्थन कीमत* | The government has fixed minimum **support prices** for certain agricultural products. | सरकार ने कुछ कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। |
| 510. | suppression | (n)- दमन, | **Suppression** of facts while applying for passport may invoke a penalty. | पासपोर्ट के लिए आवेदन करते समय तथ्यों को छिपाने पर दंड लागू होगा। |
| 125. | troop | (n) - 1. **सेना***, **फौज*** 2. सैन्यदल | **Troops** are stationed at the border. | **सेना** सीमा पर तैनात है। |
| 126. | trouble shooter | (n) - **संकट निवारक,** संकटमोचक | With his skill of IT he has proved a **trouble shooter** for the organization. | आई.टी. की जानकारी के कारण वह संगठन के लिए **संकटनिवारक** सिद्ध हुआ। |
| 127. | truce | (n) - 1. अवहार (विधि) 2. युद्धविराम 3. युद्धविराम संधि* | The warring armies made a **truce**. | युद्धरत सेनाओं ने **युद्धविराम संधि** की। |
| 128. | true copy | (n) - **सत्यप्रति***, सही प्रति* | The **true copy** of affidavit is enclosed. | शपथ-पत्र की **सत्यप्रति** संलग्न है। |
| 129. | trust | (n) - 1. न्यास 2. विश्वास | 1. A **trust** deed has to be registered. 2. There was lack of **trust** between the management and the staff union of the organization. | 1. **न्यास** विलेख का पंजीकरण कराना आवश्यक है। 2. संगठन के प्रबंधक वर्ग और स्टाफ यूनियन के बीच **विश्वास** की कमी थी। |
| 130. | trustee | (n) - न्यासी | **Trustee** of this trust are eminent persons of city. | इस ट्रस्ट के **न्यासी** इस शहर के प्रतिष्ठित लोग हैं। |

| S. No | Words | Hindi Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 131. | tuition fee | (n) - शिक्षा-शुल्क | The employee shall be reimbursed the amount of **tuition fee** for two children as per rules. | कर्मचारी को नियमानुसार दो बच्चों के **शिक्षा शुल्क** की राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। |
| 132. | turn down | (v) - अस्वीकार कर देना | Finance department **turned down** the proposal of expansion of the organization. | वित्त विभाग ने संगठन के विस्तार के प्रस्ताव को **अस्वीकार कर दिया**। |
| 133. | turnkey basis | (n) - 1. आद्योपांत आधार 2. **तैयार** 3. **समग्र (आदि से अंत)** | 1. Projects are undertaken on a global basis and are always lump sum **turnkey basis**. 2. Cost of this project on **turnkey basis** is Rs. 250 crore. | 1. वैश्विक आधार पर परियोजनाएं चलाई जा रही हैं और वे हमेशा एकमुश्त **तैयार** होती हैं। 2. इस परियोजना की **समग्र (आदि से अंत तक)** लागत 250 करोड़ रुपए है। |
| 134. | turnout | (n) - 1. उत्पाद 2. **उत्पादन** 3. उपस्थिति | 1. **Turnouts** may vary according to demand in the market. 2. Voter **turnout** at polling booth was very low. | 1. **उत्पाद** की मात्रा बाजार की मांग के अनुसार कम-ज्यादा हो सकती है। 2. मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की **उपस्थिति** बहुत कम थी। |
| 135. | turnover | (n) - 1. कुल बिक्री* 2. **व्यापार की राशि** 3. **टर्न-ओवर** 4. पण्यावर्त 5. आवर्त | 1. **Turnover** of many commodities increases considerably in festival season. 2. The **turnover** tax is monitored by the sales tax department. | 1. त्यौहार के मौसम में अनेक वस्तुओं की **कुल बिक्री** में उल्लेखनीय वृद्धि हो जाती है । 2. **टर्न-ओवर** टैक्स पर बिक्रीकर विभाग द्वारा निगरानी रखी जाती है। |
| 136. | type | (n) - 1. टाइप, छाप*, मुद्रलेख 2. प्रकार 3. प्ररूप (v) - 4. टंकित करना, टाइप करना | 1. Applicants were asked to type an application in MS-Word. 2. This proposal suits to all **types** of employees. | 1. उम्मीदवारों से एमएस वर्ड में आवेदन **टंकित करने** को कहा गया। 2. यह प्रस्ताव सभी **प्रकार** के कर्मचारियों के अनुकूल है। |
| 137. | typical | (adj) - विशिष्ट | This is a **typical** case of misconduct. | यह कदाचार का **विशिष्ट** मामला है। |
| 138. | typography | (n) - **टंकण, मुद्रण** | The **typography** of this book is beautiful. | इस पुस्तक का **मुद्रण** बहुत सुंदर है। |
| 139. | typographical error | (n) - 1. **टंकण त्रुटि*** 2. त्रुटि* 3. छाप | There are many **typographical errors** in the book. | पुस्तक में **टंकण** की कई **त्रुटियां** हैं। |

| **S. No** | **Words** | **Hindi Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | त्रुटि* | | |

# U

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ulterior | (adj.)-1. **गुप्त,छिपा हुआ भेद** 2.प्रच्छन्न, गूढ़, 3. परतर , | He may have some **ulterior** motive in not complying with the office order within stipulated time. | निर्धारित समय-सीमा में कार्यालय के आदेश का पालन न करने में उसका कुछ **गुप्त** उद्देश्य हो सकता है। |
| 2. | ultimate | (adj.)-1. **चरम (सर्वोच्च)** 2.अंतिम | 1. The Head of Office has the **ultimate** responsibility for the performance of all the employees. 2. The soldiers made **ultimate** sacrifice for the nation. | 1. कार्यालय के सभी कर्मचारियों के कार्य - निष्पादन की **अंतिम** जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की है।2. सैनिकों ने राष्ट्र के लिए अपना **सर्वोच्च** बलिदान दिया। |
| 3. | ultimatum | (n.)- अंतिम चेतावनी* | The state government has issued an **ultimatum** to the Naxalites to free the hostages within twenty four hours. | राज्य सरकार ने बंधकों को चौबीस घंटे के भीतर मुक्त करने के लिए नक्सलियों को **अंतिम चेतावनी** जारी की है। |
| 4. | unacceptable | (adj.)- **नामंजूर,** अस्वीकार्य | The demands of the Employees Union are **unacceptable** to the management . | कर्मचारी यूनियन की मांगें प्रबंधन को **अस्वीकार्य** हैं। |
| 5. | unaided | (adj.)1. गैर-सहायताप्राप्त 2. **बिना सहायता के** | 1. The Education department ensures proper implementation of Mid- Day Meal programme also in all the **unaided** schools. 2 After undergoing the training, the employees can work **unaided**. | 1.शिक्षा विभाग सभी **गैर-सहायताप्राप्त** स्कूलों में भी मध्याह्न भोजन कार्यक्रम का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है। 2. प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, कर्मचारी **बिना किसी सहायता** के काम कर सकते हैं। |
| 6. | unambiguous | (adj.) 1.**स्पष्ट** 2. असंदिग्ध | 1. The message is quite **unambiguous**. 2. The statement should be **unambiguous**. | 1. संदेश बिल्कुल **स्पष्ट** है। 2. वक्तव्य **असंदिग्ध** होना चाहिए। |
| 7. | unanimous | (adj.) एकमत, सर्वसम्मत | The committee was **unanimous** in accepting the proposal. | समिति ने प्रस्ताव को **सर्वसम्मति** से स्वीकार किया। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 8. | unanimously | (adv.)- **सर्वसम्मति से** | The Chairman was selected **unanimously**. | अध्यक्ष का निर्वाचन **सर्वसम्मति से** हुआ। |
| 9. | unauthorized | (adj.) **अनधिकृत, अवैध,** अप्राधिकृत | The entry of an **unauthorized** person in the office premises is not permissible. | कार्यालय परिसर में किसी **अनधिकृत /अवैध** व्यक्ति के प्रवेश की अनुमति नहीं है। |
| 10. | unavoidable | (adj.) **अनिवार्य**, अपरिहार्य | The vacancy was cancelled due to **unavoidable** reasons. | रिक्ति **अपरिहार्य** कारणों से रद्द कर दी गई। |
| 11. | unbecoming | (adj.) अशोभनीय, अशोभन | His conduct is **unbecoming** of a government servant. | उनका आचरण एक सरकारी कर्मचारी के लिए **अशोभनीय** है। |
| 12. | uncertain | (adj.)1. **अस्थिर 2.** अनिश्चित | 1. It is still **uncertain** when the scheme will be started. 2. The project should not be led by a man of **uncertain** temper. | 1. योजना कब शुरू की जाएगी यह अभी भी **अनिश्चित** है। 2. परियोजना **अस्थिर** स्वभाव वाले व्यक्ति के नेतृत्व में नहीं चलाई जानी चाहिए। |
| 13. | unclaimed | (adj.) **बेदावा** 2. लावारिस, अदावी | In the absence of nominee, the amount in GPF has remained **unclaimed**. 2. The government took over the **unclaimed** property. | 1. नामिती के अभाव में सामान्य भविष्य निधि की राशि **बेदावा** रही। 2. सरकार ने **लावारिस** संपत्ति को अपने कब्जे में लिया। |
| 14. | unclassfied | (adj.)1. अवर्गीकृत 2. | The Department has issued the advertisement in the **unclassified** column of the newspaper. | विभाग ने सामाचारपत्र के **अवर्गीकृत** कॉलम में विज्ञापन दिया है। |
| 15. | uncommon | (adj.) **असाधारण,** असामान्य | The workers showed **uncommon** courage to meet the targets in the face of serious odds. | श्रमिकों ने गंभीर मुश्किलों का सामना करके लक्ष्य को पूरा करने में **असाधारण** साहस दिखाया। |
| 16. | unconditional | (adj.) - 1.बिना शर्त, अशर्त | The UNO has appealed for the **unconditional** release of all the political prisoners. | संयुक्त राष्ट्र संघ ने सभी राजनीतिक कैदियों की **बिना शर्त** रिहाई के लिए अपील की है। |
| 17. | unconfirmed | (adj.) अपुष्ट | The administration cannot act on **unconfirmed** reports. | प्रशासन **अपुष्ट** रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं कर सकता। |
| 18. | uncontrolled | (adj.) अनियंत्रित | The government | सरकार **अनियंत्रित** मुद्रास्फीति |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | takes appropriate measures to curb **uncontrolled** inflation. | पर अंकुश लगाने के लिए उचित उपाय करती है। |
| 19. | unconstitutional | (adj.) **असांविधानिक**, असंवैधानिक | The Act was adjudged **unconstitutional** by the Supreme Court. | सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिनियम को **असांविधानिक** घोषित कर दिया। |
| 20. | uncontested | (adj.) **बिना विरोध के**, निर्विरोध | 1. He was elected chairman **uncontested**. 2. The party won many seats **uncontested** in the Panchayat election. | 1. वह **बिना विरोध के** अध्यक्ष चुने गए। 2. पार्टी ने पंचायत चुनाव में कई सीटें **निर्विरोध** जीती। |
| 21. | uncorroborated | (adj.)-**अपुष्ट**, असंपुष्ट | The claims of the successors were **uncorroborated** by the evidence. | उत्तराधिकारियों के दावे के पक्ष में साक्ष्य **अपुष्ट** थे। |
| 22. | uncovered demand | (n.)-अपूरित माँग* | The chairman assured to fulfill all the **uncovered demands** of the workers. | अध्यक्ष ने कर्मचारियों की सभी **अपूरित मांगों** को पूरा करने का आश्वासन दिया। |
| 23. | undelivered letter | (n.)-अवितरित पत्र | The **undelivered letters** may be returned to the office. | कृपया **अवितरित पत्र** कार्यालय को लौटा दें। |
| 24. | under | (prep. , Adj., adv.)- 1.अधीन 2. अवर 3. कम, न्यून, अल्प 4. **नीचे 5. से प्रभावित, में 6. से 7. के तहत 8. के अनुसार** | 1. The country was **under** martial law. 2. He is appointed to the post of **Under** Secretary to the Govt. of India. 3. No person **under** 18 has the right to vote. 4. The names of the successful candidates are mentioned here **under**. 5.He is **under** stress for heavy duty. 6. During his service, he chose to write **under** a pseudonym. 7. One suspect has been held **under** POTA. 8. **Under** the rules of the Act, forest rights have been given to the | 1. देश सैनिक शासन के **अधीन** था। 2. उन्हें भारत सरकार के **अवर** सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। 3. अठारह साल से **कम** आयु के व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार नहीं है। 4. सफल उम्मीदवारों के नाम यहां **नीचे** दिए जा रहे हैं। 5. वह कठिन ड्यूटी के कारण तनाव **में** है। 6. अपनी सेवा अवधि के दौरान वह छद्म नाम **से** लिखता था। 7. एक संदिग्ध व्यक्ति को पोटा **के तहत** गिरफ्तार किया गया है। 8. इस अधिनियम के नियमों **के अनुसार** वन संबंधी निवासी जनजातीय लोगों को |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | forest dwelling tribal people. | वन अधिकार दिए गए हैं। |
| 25. | underassessment | (n.)- **कम निर्धारण,** अवनिर्धारण | **Underassessment** of tax results in revenue loss to the government. | करों के **कम निर्धारण** के कारण सरकार को राजस्व की हानि होती है। |
| 26. | under consideration | (adv., adj.)- विचाराधीन | 1. The proposal is **under consideration.** 2. The Manager has to take the final decision on all the matters **under consideration**. | 1. प्रस्ताव **विचाराधीन** है। 2. प्रबंधक को सभी **विचाराधीन** विषयों पर अंतिम निर्णय लेना है। |
| 27. | under developed | (adj.)- अल्पविकसित | The **under developed** countries have less per capita income. | **अल्पविकसित** देशों में प्रति व्यक्ति आय कम है। |
| 28. | underestimate | (n.)- **1.कम समझना** 2. कम अनुमान, अव-प्राक्कलन (v.)- 3. कम महत्व देना, | 1. It was an **underestimate** to have project cost only two crore rupees. 2. The officer should not **under estimate** his subordinates. | 1. इस परियोजना की लागत केवल दो करोड़ रुपए **लगाना** अवप्राक्कलन था। 2. अधिकारी को अपने मातहत को कम **महत्व** नहीं देना चाहिए। |
| 29. | under examination | (adv., adj.)- परीक्षाधीन | 1. The project is **under examination** for approval. 2. Approval has been accorded to the matter **under examination**. | 1. परियोजना अनुमोदन के लिए **परीक्षाधीन** है। 2. **परीक्षाधीन** मामले को स्वीकृति दे दी गई है। |
| 30. | underground | (adj., adv.,n.)- **गुप्त,** भूमिगत | 1. The leaders of the movement went **underground** to avoid arrest. 2. The government has decided to talk with the **underground** organization. 4. The government has approved the **underground** transport services. 5. Keep an eye on militants underground activities. | 1. आंदोलन के नेतागण गिरफ्तारी से बचने के लिए **भूमिगत** हो गए। 2. सरकार ने **भूमिगत** संगठनों से वार्ता करने का निर्णय लिया। 4. सरकार ने **भूमिगत** परिवहन सेवा को मंजूरी प्रदान कर दी है। 5. आतंकवादियों की **गुप्त** गतिविधियों पर निगाह रखें। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 31. | underhand | (adj.)- 1. **गुप्त,** गुपचुप, 2. प्रच्छन्न. (n.)- 3. शागिर्द कारीगर | 1. He should not behave in such an **underhand** way.2. There is nothing **underhand** about this agreement. 3. The master artisan imparts good training to his **underhand**. | 1. उसे इस **गुपचुप** तरीके से व्यवहार नहीं करना चाहिए। 2. इस समझौते में कुछ भी **गुप्त** नहीं है। 3. मास्टर कारीगर अपने **शागिर्द कारीगरों** को अच्छा प्रशिक्षण देते हैं। |
| 32. | underlined | (adj.)- **बल दिया हुआ, महत्व प्राप्त, ध्यान देने योग्य,** रेखांकित | 1. The names of the successful candidates are **underlined** in red. 2. The reports **underlined** the importance of higher education in income generation.3. It should be **underlined** that preference should be accorded to the women candidates. | 1. सफल अभ्यार्थियों के नाम लाल रंग से **रेखांकित** किए गए हैं। 2. इस रिपोर्ट में आय सृजन में उच्चतर शिक्षा के **महत्व पर बल दिया गया** है। 3. इस बात पर **ध्यान दिया** जाना चाहिए कि महिला अभ्यार्थियों को तरजीह दी जाए। |
| 33. | under posting certificate | (n.)- डाकप्रमाणित | 1. The letter has been sent **under posting certificate**. 2. Only the **under posting certificate** letters are received on the counter. | 1. यह पत्र **डाकप्रमाणित** रुप में भेजा गया है। 2. इस खिड़की पर केवल **डाकप्रमाणित** पत्र ही प्राप्त किए जाते हैं। |
| 34. | under privileged | (n)- 1. **अल्प सुविधा वर्ग** (adj.)- 2. अल्प सुविधा प्राप्त | 1. This scheme is implemented for the benefits of the **under privileged** section of society. 2. The government reaches out to the poor and **underprivileged** to improve their condition. | 1. यह योजना समाज के **अल्प सुविधा वर्ग** के लिए चलाई जाती है। 2. सरकार गरीबों और **अल्प सुविधा प्राप्त** लोगों की दशा सुधारने के लिए उन तक पहुंच रही हैं। |
| 35. | under production | (adj)- 1. कम उत्पादन (adv.)- 2. उत्पादन अधीन | Due to **under production** this year, the price of onion has gone sharply up. | इस वर्ष के **कम उत्पादन** के कारण प्याज की कीमत में काफी वृद्धि हुई है। |
| 36. | under protest | (adv.)आपत्ति-सहित | He expressed his innocence and paid the fine **under protest**. | उसने अपने को निर्दोष बताया और **आपत्ति सहित** जुर्माना दिया। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 37. | under review | (adv)- आलोच्य, समीक्षाधीन, | The case is still **under review**. | मामला अभी भी **समीक्षाधीन** है। |
| 38. | undersigned | (n.) – **पत्रलेखक, मुझे,** अधोहस्ताक्षरी | The **undersigned** is directed to send a copy of the document for your ready reference. | **पत्रलेखक को/ मुझे** दस्तावेज की एक प्रति आपके सुलभ संदर्भ के लिए भेजने का निदेश हुआ है। |
| 39. | understand | (v.)- **समझना, मालूम पड़ना, ज्ञात होना।** | The Officer made the subordinate **understand** the matter. | अधिकारी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी को इस विषय को **समझाया।** |
| 40. | understanding | (n.)-1. समझौता 2. समझदारी* 3. **समझ*** 4. सद्भावना* | 1. Both the nations came to an **understanding** to maintain peace and tranquility along the LOC. 2. The officer has to show a little more **understanding** to solve the problem. 3. His official correspondence shows his good **understanding** of English grammar. 4. The manager solved the problems of workers with sympathy and **understanding**. | 1. नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने के लिए दोनों देशों के बीच एक **समझौता** हुआ। 2. अधिकारी को इस समस्या के समाधान के लिए कुछ और **समझदारी** दिखानी होगी। 3. सरकारी पत्र-व्यवहार में अंग्रेजी व्याकरण की उनकी अच्छी **समझ** दिखाई देती है। 4. प्रबंधक ने कामगारों की समस्याओं को सहानभूति और **सद्भावना** से हल किया। |
| 41. | undertake | (V.) करना, ( भार या जिम्मा )लेना, 2. वचन देना, वचनबद्ध होना | 1. The Assistant Directors **undertake** the training work. 2. The contractor **undertook** to finish the work within stipulated period. | 1. सहायक निदेशक प्रशिक्षण का कार्य **करते** हैं। 2. ठेकेदार ने निर्धारित समय के भीतर काम पूरा करने का **वचन दिया।** |
| 42. | undertaking | (n.)- 1.उपक्रम 2. वचन 3. वचनबंध | 1. It is a government of India **undertaking**. 2. The candidate may furnish an **undertaking** to the effect that he will submit the certificates in original at the time | 1. यह भारत सरकार का **उपक्रम** है। 2. अभ्यर्थी इस आशय का **वचनबंध** दें कि वह सेवाग्रहण करने के समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | of joining. | |
| 43. | under trial | (adj.)- **1.प्रयोगाधीन** 2. विचारणाधीन | 1. The case is **under trial**. 2. The new software for office use is **under trial**. | 1. यह मामला अभी **विचारणाधीन** है। 2. कार्यालयी उपयोग के लिए नया साफ्टवेयर **प्रयोगाधीन** है। |
| 44. | undesirable | (adj)- **अनचाहा,** अवांछनीय | 1. **Undesirable** activity is not permissible in the office premises. 2. The drug may have other **undesirable** effects. | 1. कार्यालय परिसर में **अवांछनीय** गतिविधि की अनुमति नहीं है। 2. इस दवा के अन्य **अनचाहे** प्रभाव भी हो सकते हैं। |
| 45. | undignified | (adj.) अशोभनीय, अभद्र, मर्यादाहीन | An employee is not expected of **undignified** conduct. | कर्मचारी से **अशोभनीय** आचरण की उम्मीद नहीं की जाती है। |
| 46. | undisputed | (adj.)- **अविवादित, सर्वमान्य,** निर्विवाद | At the age of 80 years, he is an **undisputed** leader of the country. | अस्सी साल की उम्र में वे देश के **सर्वमान्य** नेता हैं। |
| 47. | undivided | (adj.)- **अखंड, पूरा, पूर्ण,** अविभाजित, अविभक्त, | The leaders fought for an **undivided** country. | नेताओं ने **अविभाजित** देश के लिए लड़ाई लड़ी थी। |
| 48. | undoubtedly | (adv.)-निस्संदेह | The scheme has, **undoubtedly**, benefited the people below poverty line. | **निस्संदेह**, इस योजना से गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को लाभ हुआ है। |
| 49. | undue | (adj.)- **अनावश्यक,** अनुचित, असम्यक् | The report should be prepared without **undue** delay. | रिपोर्ट तैयार करने में **अनावश्यक** देरी न की जाए। |
| 50. | uneconomical | (adj.)-1. **घाटे का 2. खर्चीला, महंगा,** अलाभकर | 1. The project proved **uneconomical** in the end. 2. Employing so many workers made the project uneconomical.3. The rise in transportation costs would make the operation an **uneconomical** exercise. | 1. परियोजना अंत में **अलाभकर** सिद्ध हुई। 2. इतने सारे कामगारों को काम पर रखने से परियोजना **खर्चीली** हो गई 3. परिवहन लागत में वृद्धि से यह कार्य **घाटे का** सौदा हो जाएगा। |
| 51. | unemployment | (n.) बेकारी*, बेरोज़गारी* | The government is deeply concerned with the problem of **unemployment**. | सरकार **बेरोजगारी** की समस्या से गंभीर रुप से चिंतित है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 52. | unexpected delay | (n.)-**अनपेक्षित देरी***, अप्रत्याशित विलंब | There has been **unexpected** delay in submission of quarterly progress report. | तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने में **अप्रत्याशित देरी** हुई है। |
| 53. | unfair | (adj)-अनुचित, **गलत** | The Employees Union demonstrated against the **unfair** policies of the Management. | कर्मचारी यूनियन ने प्रबंधन की **गलत** नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। |
| 54. | unfavourable | (adj)- **कठिन, मुश्किल** प्रतिकूल, अननुकूल | 1.The conditions were quite **unfavorable** for the work.2. The conditions were **unfavourable** for agricultural production. | 1.काम के लिए परिस्थितियां काफी **कठिन** थीं। 2. ये स्थितियां कृषि उत्पादन के लिए **मुश्किल** थी। |
| 55. | unfit | (adj)-1. अयोग्य 2. अस्वस्थ 3. अनुपयुक्त | 1. He was declared **unfit** for promotion. 2. Due to illness, he was **unfit** to join his duty. 3. The old building was **unfit** for office accommodation. | 1. उसे पदोन्नति के लिए **अयोग्य** घोषित कर दिया गया। 2. **अस्वस्थता** के कारण, वह कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थ था। 3. पुरानी इमारत कार्यालय के लिए **अनुपयुक्त** थी। |
| 56. | unforeseen | (adj)- **अनपेक्षित**, अप्रत्याशित, **आकस्मिक**, अदृष्ट | The project was running late due to **unforeseen** circumstances. | परियोजना में **अप्रत्याशित** परिस्थितियों वजह से विलंब हो रहा था। |
| 57. | unicameral | (adj)-एकसदनी | Some states have **unicameral** legislation assembly. | कुछ राज्यों में **एकसदनी** विधान सभा है। |
| 58. | uniform | (adj.)1. एकसमान, एकरूप (n.) 2. वर्दी* | 1. The pay commission has recommended **uniform** pay scales for the same class of employees. 2. The policemen came in **uniform**. | 1. वेतन आयोग ने एक ही वर्ग के कर्मचारियों के लिए **एकसमान** वेतनमान की सिफारिश की है। 2. पुलिसकर्मी **वर्दी** में आए थे। |
| 59. | uninterrupted service | (n.)- 1. **निरंतर सेवा***, 2.अविच्छिन्न | He has rendered 35 years of **uninterrupted service** to the | उन्होंने सरकार की 35 साल की **निरंतर** सेवा की है। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | सेवा*, 3. अबाध सेवा*, अविरत सेवा* | government. | |
| 60. | union | (n.)-1. संघ 2. यूनियन* | 1. Hindi is the official language of the **union** of India. 2. The **union** demanded for better working condition for the employees. | 1. हिंदी भारत **संघ** की राजभाषा है। 2. कर्मचारी **यूनियन** ने कर्मचारियों के लिए काम के बेहतर हालात की मांग की। |
| 61. | union list | (n.)-संघ सूची* | Defence is the subject of the **union list.** | रक्षा **संघ सूची** का विषय है। |
| 62. | union territory | (n.)-संघ राज्य-क्षेत्र | The administration of **union territory** is under direct control of the Union. | **संघ राज्य क्षेत्र** का प्रशासन संघ के सीधे नियंत्रण में है। |
| 63. | unique | (adj.)- 1. **विशिष्ट, अनुपम, अनूठा, अपूर्व** 2. अद्‌वितीय, अनन्य, एकमात्र, | 1. Every employee marks his presence with his **unique** finger prints. 2. India has her **unique** culture. 3. The tranquil beauty of Himalaya is **unique**. | 1. हर कर्मचारी अपनी अंगुली के **विशिष्ट** निशान से अपनी उपस्थिति दर्ज करता है। 2. भारत की अपनी **अनूठी** संस्कृति है। 3. हिमालय का शांत सौंदर्य **अनुपम** है। |
| 64. | unit | (n.)-1. **दल** , एकक 2. मात्रक 3. इकाई*, यूनिट | 1.The state government has sent one medical **unit** to find out the cause of malnutrition. 2. The **unit** of the length is metre. 3. The project will be more expensive due to rise in **unit** cost. | 1. राज्य सरकार ने कुपोषण के कारणों का पता लगाने के लिए एक चिकित्सक **दल** भेजा है। 2. लंबाई की **इकाई** मीटर है। 3. **इकाई** लागत में वृद्धि के कारण परियोजना अधिक महंगी हो जाएगी। |
| 65. | united | (adj.)- संयुक्त | A **united** effort is required to raise the standard of performance. | प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के लिए **संयुक्त** प्रयास आवश्यक है। |
| 66. | universal | (adj.)-सार्वभौम, सार्वदेशिक; सर्वव्यापी, सार्वत्रिक, सार्वजनीन (सब का ), सर्वव्यापी, | Agreement on the issue of free education was **universal.** | नि:शुल्क शिक्षा के मुद्दे पर **सार्वत्रिक** सहमति थी। |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 67. | unjust | (adj.)-1. **अन्यायी** 2.अन्यायपूर्ण ,अनुचित | 1. This **unjust** act was widely condemned. 2. The ruler was **unjust**. | 1. इस **अन्यायपूर्ण** कार्य की व्यापक रूप से निंदा की गई। 2. शासक **अन्यायपूर्ण** था। |
| 68. | unlawful | (adj.)-**अवैध**, ग़ैर-क़ानूनी, विधिविरुद्ध | The dismissal of the employee was **unlawful**. | कर्मचारी की बर्खास्तगी **अवैध** थी। |
| 69. | unlimited | (adj.)-असीमित | The Investigation agency has **unlimited** access to the files. | जांच एजेंसी को फाइल को **असीमित** बार देखने का अधिकार है। |
| 70. | unmarried | (adj.)-अविवाहित | The candidate should declare whether he is married or **unmarried**. | उम्मीदवार को यह घोषणा करनी चाहिए कि वह विवाहित है या **अविवाहित**। |
| 71. | unnecessary | (adj.)-1. **अनुचित** 2. अनावश्यक | 1.He made **unnecessary** delay in reaching to the duty post. 2. His last comment in the file was **unnecessary**. | 1. अपनी ड्यूटी चौकी पर पहुंचने में उसने **अनावश्यक** विलंब कर दिया। 2. फाइल में उनकी अंतिम टिप्पणी **अनुचित** थी। |
| 72. | unofficial | (adj.)-1. **अनौपचारिक** अशासकीय, ग़ैर-सरकारी, अशासनिक 2.अनधिकृत, | 1. Both the leaders had an **unofficial** talk for half an hour. 2. The **unofficial** estimates put the number of flood victims much higher than the reported. 3. These letters cannot be used for **unofficial** purposes. | 1. दोनों नेताओं ने आधे घंटे तक **अनौपचारिक** बात-चीत की। 2. **गैर- सरकारी** अनुमान के अनुसार बाढ़ पीड़ितों की संख्या रिपोर्ट में दी गई संख्या से बहुत अधिक है। 3. इन पत्रों को **अनौपचारिक** उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। |
| 73. | unopposed | (adj.)-निर्विरोध | He was elected chairman **unopposed**. | वह **निर्विरोध** अध्यक्ष चुन लिए गए। |
| 74. | unpaid wages | (n.)-**अदत्त मजदूरी***, **अदत्त वेतन**, अप्रदत्त मजदूरी*,अप्रदत्त वेतन | The workers got their **unpaid wages** with interest thereon. | कामगारों को उनका **अदत्तवेतन** ब्याज के साथ मिला। |
| 75. | unparliamentary | (adj.)-असंसदीय, अशिष्ट | The Speaker expelled two members for using **unparliamentary** | अध्यक्ष ने **असंसदीय** भाषा का प्रयोग करने के कारण दो सदस्यों को निष्कासित कर |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | language. | दिया। |
| 76. | unpopular | (adj.)- अलोकप्रिय | The rising inflation made the government **unpopular**. | बढ़ती मुद्रास्फीति ने सरकार को **अलोकप्रिय** बना दिया। |
| 77. | unprecedented | (adj.)-अभूतपूर्व, **बेमिसाल** | The rural employment scheme has got **unprecedented** success. | ग्रामीण रोजगार योजना को **अभूतपूर्व** सफलता मिली है। |
| 78. | unpredictable | (adj.)-1. अप्रत्याशित, अपूर्वानुमेय 2. (व्यक्ति) अस्थिर-प्रकृति | 1. The final outcome was quite **unpredictable**. 2. The officer should not entrust a work of responsibility to a man of **unpredictable** nature. | 1. अंतिम परिणाम काफी **अप्रत्याशित** था। 2. अधिकारी **अस्थिर प्रकृति** के व्यक्ति को जिम्मेदारी का काम न सौंपें। |
| 79. | unproductive | (adj.)-अनुत्पादक, निष्फल, **अनुत्पादी**, अनर्जक, | The scheme proved **unproductive** for poor implementation. | योजना खराब कार्यान्वयन के कारण **अनुत्पादक** साबित हुई। |
| 80. | unproductive investment | (n.)- अनर्जक निवेश | It proved to be an **unproductive investment** to invest capital during the economic depression. | आर्थिक मंदी के दौरान पूंजी लगाना **अनर्जक निवेश** साबित हुआ। |
| 81. | unqualified | (adj.)- 1.**अयोग्य**,अन्-अर्हताप्राप्त 2. बिना शर्त | 1. He is totally **unqualified** for the post of the Manager. 2. The official sought an **unqualified** apology. | 1. वह प्रबंधक के पद के लिए पूरी तरह से **अयोग्य** है। 2. कर्मचारी ने **बिना शर्त** क्षमा मांगी। |
| 82. | unquestionable | (adj.)- **निर्विवाद**, अशंकनीय, असंदिग्ध, शंकारहित, | 1.The leader was a man of **unquestionable** integrity. 2. The employee's devotion to his work is **unquestionable**. | 1.नेता की ईमानदारी **असंदिग्ध** थी। 2. कर्मचारी का अपने कार्य के प्रति समर्पण **निर्विवाद** है। |
| 83. | unreasonable | (adj.)-1.**अविवेकी अयुक्तियुक्त** 2. **असंगत** 3. अनुचित | 1. The fee was **unreasonable**. 2. His statement against the government policy was **unreasonable**. 3. The officer's | 1. शुल्क **अनुचित** था। 2. सरकारी नीति के खिलाफ उनका वक्तव्य **असंगत** था। 3. अधिकारी का **अविवेकी** रवैया कर्मचारियों को अत्यंत |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | | **unreasonable** attitude was highly demoralizing to the employees. | हतोत्साहित करने वाला था। |
| 84. | unreserved vacancy | (n.)- अनारक्षित रिक्ति* | The candidates may apply against the **unreserved** vacancy. | अभ्यर्थी **अनारक्षित रिक्ति** के लिए आवेदन दें। |
| 85. | unsafe | (adj.)-1. **अनुचित, असुरक्षित** 2. असंरक्षित | 1. It is **unsafe** to bring cash to the office without escort. 2.Their dismissals were declared **unsafe**. | 1. बिना पुलिस सुरक्षा के नकदी कार्यालय लाना **असुरक्षित** है। 2. उनकी बर्खास्तगी **अनुचित** घोषित की गई। |
| 86. | unsecured | (adj.)-1 असुरक्षित 2. प्रतिभूति रहित, अप्रतिभूत | 1. The people in the troubled area feel **unsecured**. 2. Banks can grant **unsecured** loans to the government employees. | 1. उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में लोग **असुरक्षित** महसूस करते हैं। 2. बैंक सरकारी कर्मचारी को **अप्रतिभूत** ऋण दे सकता हैं। |
| 87. | unserviceable | (adj.)- 1. **अनुपयोगी** 2.बेकार, 3. अनुपयोज्य,4. गैर-तामीली, | The **unserviceable** items were removed from the office. | **अनुपयोगी** मदों को कार्यालय से हटा दिया गया। |
| 88. | unskilled | (adj.)-अकुशल | The **unskilled** workers were trained to raise production. | उत्पादन बढ़ाने के लिए **अकुशल** मजदूरों को प्रशिक्षण दिया गया। |
| 89. | unspent balance | (n.)-**खर्च न की गई राशि***, अव्ययित शेष | The Department has to return the **unspent balance** to the treasury. | विभाग को **खर्च न की गई** राशि कोष में लौटानी होती है। |
| 90. | unstable | (adj.)-अस्थिर, ढुलमुल | The political situation of the country is highly **unstable**. | देश की राजनीतिक स्थिति अत्यंत **अस्थिर** है। |
| 91. | unstarred | (adj.)-अतारांकित | The Minister answered the **unstarred** questions. | मंत्री महोदय ने **अतारांकित** प्रश्नों के उत्तर दिए। |
| 92. | unsuitable | (adj.)-अनुपयुक्त | This software is **unsuitable** for the office. | यह सॉफ्टवेयर कार्यालय के लिए **अनुपयुक्त** है। |
| 93. | untenable | (adj.)-**अस्वीकार्य,** असमर्थनीय | The reasons for delay attributed by the contractor are **untenable**. | ठेकेदार द्वारा विलंब के लिए बताए गए कारण **अस्वीकार्य हैं।** |
| 94. | untouchability | (n.)- छुआछूत*, | The government took | सरकार ने **छुआछूत** के खिलाफ |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अस्पृश्यता* | stringent action against **untouchability**. | कठोर कार्रवाई की। |
| 95. | untrustworthy | (adj.)- अविश्वसनीय | The employee was condemned for being **untrustworthy** character. | **अविश्वसनीय** होने के कारण कर्मचारी की निंदा की गई। |
| 96. | unused | (adj.)- 1. **अनभ्यस्त, अभ्यस्त नहीं होना** 2. अप्रयुक्त | 1. The **unused** new computers were given to the typists for office work. 2. They are **unused** to computers. | 1. टंककों को कार्यालय के कार्यों के लिए अप्रयुक्त नए कंप्यूटर दिए गए। 2. वे कंप्यूटर पर कार्य करने के **अभ्यस्त नहीं** हैं। |
| 97. | unusual delay | (n.)- **असामान्य देरी***, असामान्य विलंब | There was an **unusual delay** in sending the quarterly report. | तिमाही प्रगति रिपोर्ट में **असामान्य** देरी हुई। |
| 98. | unutilized grant | (n.)-अप्रयुक्त अनुदान | The **unutilised grant** is to be returned to the ministry. | **अप्रयुक्त अनुदान** मंत्रालय को वापस किया जाएगा। |
| 99. | unwilling | (adj.)- अनिच्छुक | He was **unwilling** to co-operate in investigation. | वह जांच में सहयोग करने के लिए **अनिच्छुक** है। |
| 100. | unworthy | (adj.)- 1. अयोग्य 2. अपात्र | 1. The Manager proved to be an **unworthy** successor of his predecessor.<br>2. They did not select the **unworthy** candidates. | 1. प्रबंधक अपने पूर्ववर्ती का **अयोग्य** उत्तराधिकारी सिद्ध हुआ।<br>2. उन्होंने **अपात्र** अभ्यर्थियों का चयन नहीं किया। |
| 101. | upgrade | (v.)- 1. **ग्रेड बढ़ाना**, उन्नयन करना | The 6th pay commission has **upgraded** the scales of the teachers. | छठे वेतन आयोग ने शिक्षकों के वेतन का **ग्रेड बढ़ाया** है। |
| 102. | Upgrading | (n.)- उन्नयन | The committee shall discuss **upgrading** the pay-scales of Jr. Translators. | कनिष्ठ अनुवादकों के वेतनमान के **उन्नयन** के लिए समिति में चर्चा होगी। |
| 103. | uphold | (V.) -1. **कायम रखना** 2. पुष्ट करना, मान्य ठहराना, मर्यादा बनाए रखना | 1. The Supreme court has **upheld** the decision of the high court. 2. The Minister **upheld** the high tradition of the office by tendering his resignation after the train accident. | 1. सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के निर्णय को **मान्य ठहराया** है। 2. रेल दुर्घटना के बाद मंत्री महोदय ने अपना त्याग पत्र देकर पद की उच्च **मर्यादा को कायम रखा।** |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 104. | upkeep | (n.)- **रखरखाव,** समारक्षण, संभाल | This department spends good amount for proper **upkeep** of the vehicles. | यह विभाग वाहनों के **रखरखाव** पर अच्छी खासी राशि व्यय करता है। |
| 105. | uplift | (n.)- उत्थान | The government's scheme has **uplifted** a large number of poor people. | सरकारी योजना से बड़ी संख्या में गरीब लोगों का **उत्थान** हुआ है। |
| 106. | upper | (adj.)-1.ऊपरी, 2. उच्च | 1.The office is situated on the **upper** floor. 2. There is an upper limit of Rs 5 crores for sanctioning the amount for this project. | 1. कार्यालय **ऊपरी** तल पर है। 2 .इस परियोजना के लिए स्वीकृत की गई राशि की **उच्च** सीमा 5 करोड़ रुपए है। |
| 107. | uppermost | (adj.)- **सर्वोच्च,** सर्वोपरि | Defence of the country is the **uppermost** priority in government's priorities. | देश की रक्षा सरकार की **सर्वोच्च** प्राथमिकता है। |
| 108. | up to date | (adj.)- अद्यतन | The rail reservation sytem is equipped with **up to date** technology. | रेल आरक्षण प्रणाली में **अद्यतन** तकनीक उपलब्ध है। |
| 109. | upset | (adj.) 1. विक्षुब्ध होना,2. अस्तव्यस्त होना ( v.) - 3. **परेशान अशांत, विकल,** गड़बड़ कर देना, गड़बड़ होना | 1. The employees are **upset** with the verdict of the court. 2. Director's late arrival has **upset** all the arrangements for meeting. 3. This decision is likely to **upset** a lot of people. 4. The supporters were extremely **upset** at the sudden death of their leader. | 1. कर्मचारी न्यायालय के निर्णय से **परेशान** हैं। 2. बैठक में निदेशक महोदय के देर से पहुंचने के कारण सभी इंतजाम **अस्तव्यस्त** हो गए। 3. यह निर्णय अधिकांश लोगों को **अशांत** कर देगा। 4. समर्थक अपने नेता की अचानक मृत्यु पर अत्यंत **विकल** थे। |
| 110. | upward trend | (n.)- **आरोही रुख, वृद्धिशील प्रवृत्ति***, ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति* | Nowadays there is an **upward trend** in the share market. | आजकल शेयर बाजार का **आरोही रुख** है। |
| 111. | urban | (adj.)- शहरी, नगरी, नगरीय | There is a huge gap between the living standards of **urban** and rural areas. | **शहरी** और ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन- स्तर में काफी अंतर है। |
| 112. | urgent | (adj.)-तुंरत, | They have called an **urgent** meeting to | उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | अत्यावश्यक, **तत्काल** | discuss the issue. | के लिए **तत्काल** बैठक बुलाई है। |
| 113. | usage | (n.)- 1. प्रयोग, चलन, प्रचलन 2. प्रथा*, **परंपरा*** | 1. In the official correspondance, one should not use the terms not in common **usage**. 2. On the republic day, people put on dress in **usage** of that area. | 1. कार्यालयी पत्राचार में ऐसे शब्दों का **प्रयोग** न करें,जो सामान्य चलन में न हों। 2. गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्रों ने उस क्षेत्र की **परंपरागत** पोशाक पहनी। |
| 114. | useful | (adj.)-उपयोगी | The book of service rules was found quite **useful** in dealing with the case. | इस मामले को निपटाने में सेवा नियमवाली की पुस्तक अत्यंत **उपयोगी** सिद्ध हुई। |
| 115. | useless | (adj**.)-अनुपयोगी, बेकार, फालतू** | Due to poor implementation the scheme proved **useless**. | खराब क्रियान्वयन के कारण योजना **अनुपयोगी** सिद्ध हुई। |
| 116. | userfriendly | (adj.)- प्रयोक्ता अनुकूल | The Department of Official Language has started a **userfriendly** online system for submission of quarterly report. | राजभाषा विभाग ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए **प्रयोक्ता** अनुकूल ऑनलाइन प्रणाली बनाई है। |
| 117. | usual | (adj.)- सामान्य, प्रायिक | Despite her problems, she continued her official duty as **usual**. | समस्याओं के बावजूद वह अपनी सरकारी ड्यूटी **सामान्य** रुप से करती रही। |
| 118. | usually | (adv.)- सामान्यतः, प्रायः | It is **usually** seen that she disposes the files well in time. | **सामान्यतः** वह फाइल समय से निपटा देती हैं। |
| 119. | utility | (n.)-उपयोगिता*, **उपयोगी वस्तुएं* (in plural)** | 1. The information is of the highest **utility** to the investigator. 2. The office spends a huge amount towards purchase of **utilities**. | 1. यह सूचना जांचकर्ताओं के लिए अत्यंत **उपयोगी** है। 2 . कार्यालय **उपयोगी** वस्तुओं पर बड़ी राशि खर्च करता है। |
| 120. | utmost | (adj)- 1. **सर्वाधिक,** परम 2. अधिकतम 3. भरसक | 1.The issue of employment generation is of the **utmost** importance to the government. 2. The official may study the documents with **utmost** care | 1 रोजगार सृजन का मुद्दा सरकार के लिए **सर्वाधिक** महत्वपूर्ण है। 2. फाइल में टिप्पणी लिखने से पहले कर्मचारी दस्तावेजों का **अधिकतम** सावधानी से |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | | before making a note in the file. 3. The Manager made his **utmost** effort to persuade the workers to call off the strike. | अध्ययन करें। 3. प्रबंधक ने हड़ताल को रद्द करने के लिए कामगारों को राजी करने का **भरसक** प्रयास किया। |

# V

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| 1 | vacancy | (n.) 1. **खाली पद** , रिक्त पद, रिक्ति* 2. **खाली जगह***| 1. There is a **vacancy** for the post of Section Officer in the Department of Official Language. 2. There is no **vacancy** in the hostel to accommodate the trainees. | 1. राजभाषा विभाग में अनुभाग अधिकारी का एक **पद खाली** है। 2. छात्रावास में प्रशिक्षणार्थियों को ठहराने के लिए **जगह खाली** नहीं है। |
| 2 | vacate | (V.) 1. **रद्द करना,** 2. छोड़ना 3. खाली करना, 4.निष्प्रभाव करना | 1. The room was **vacated** for his accommodation. 2. The Manager has **vacated** the seat by resigning his post.3. The High Court has **vacated** the order of the lower court. | 1.उनको ठहराने के लिए कमरा **खाली किया** गया। 2. प्रबंधक ने त्यागपत्र देकर अपना पद **छोड़ दिया**। 3. उच्च न्यायालय ने निचले न्यायालय के निर्णय को **निष्प्रभावी** कर दिया। |
| 3 | vacation | (n.)- 1. **अवकाश, लंबी छुट्टी***, प्रावकाश, दीर्घावकाश | The Principal has gone to Kolkata in the summer **vacation**. | प्रधानाचार्य गर्मियों की लंबी **छुट्टियों** में कोलकाता गए हैं। |
| 4 | vague | (adj.)- 1. **धुंधला** 2. अस्पष्ट | 1. The minister made only the vague promises about tax cut. 2. The Officer could not put the matter in the right perspective, as he had only a vague memory of the details. | 1. मंत्री ने टैक्स में कमी करने के संबंध में **अस्पष्ट** वादे ही किए। 2. अधिकारी विवरणों की **धुंधली** स्मृति होने के कारण मामले को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत नहीं कर पाया। |
| 5 | valedictory address | (n.) -1. विदाई भाषण 2. समापन भाषण | 1. The Secretary made an impassioned valedictory address. 2. The Chairman made a very inspiring valedictory address for the trainees. | 1. सचिव ने भावपूर्ण **विदाई भाषण** दिया। 2. अध्यक्ष का **समापन भाषण** प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणापद था। |
| 6 | valid | (adj.) - **वैध, प्रामाणिक**, विधिमान्य, **2.** | 1. The ticket was valid only for the day. 2. The Officer gave valid reasons for | 1. टिकट उसी दिन के लिए **वैध** था। 2. अधिकारी ने लेखा-परीक्षक को व्यय के संबंध में |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| | | **संगत, ठोस** | the expenditure to the Auditor. | **ठोस** तर्क दिए। |
| 7 | validation | (n.) - 1. विधिमान्यकरण 2. **प्रमाणन, पक्षसमर्थन, समर्थन,** अधिप्रमाणन | 1. The delegated power can be exercised by the authority for validation of an action of an officer. 2. There was no evidence for validation of his statement. | 1. प्रत्यायोजित शक्ति का प्रयोग प्राधिकारी द्वारा अधिकारी के कार्यों के **अधिप्रमाणन** के लिए किया जा सकता है। 2. उनके बयान के **समर्थन** में कोई साक्ष्य नहीं था। |
| 8 | validity | (n.) - 1. वैधता*, मान्यता*, विधिमान्यता* 2.**प्रामाणिकता***| 1. The period of validity of the agreement will be for 10 years. 2. We had no doubt about the validity of his arguments. | 1. इस समझौते की **वैधता** 10 वर्षों के लिए होगी। 2. उनके तर्कों की **प्रामाणिकता** के विषय में हमें कोई शंका नहीं है। |
| 9 | valuable | (adj.) - 1. मूल्यवान, बहुमूल्य (n.) - 2. **मूल्यवान वस्तु, कीमती, बेशकीमती** | 1. The guidance of the experienced officers proved very valuable. 2. Cash and valuables should be kept in joint custody of the Cashier and the DDO. | 1. अनुभवी अधिकारी के दिशा-निर्देश अत्यंत **मूल्यवान** सिद्ध हुए। 2. नकदी और **मूल्यवान वस्तुएं** खजांची और आहरण एवं संवितरण अधिकारी की संयुक्त अभिरक्षा में रखे जाने चाहिए। |
| 10 | valuation | (n.) - **मूल्यांकन, मूल्य निर्धारण,** मूल्यन | The cost of construction indicated in the enclosed valuation report was financed by own savings. | संलग्न **मूल्यांकन** रिपोर्ट में उल्लिखित निर्माण की लागत का वित्त पोषण स्वयं की बचत से किया गया। |
| 11 | value | (n.) - 1. मूल्य (v.) 2. (गणित) मान 3. **कीमत,** महत्व देना | 1. The value of the taxable property may kindly be ascertained. 2. The Officer attached proper value to the case. | 1. कर योग्य संपत्ति का **मूल्य** निर्धारित करने की कृपा करें। 2. अधिकारी ने कार्य को उचित **महत्व दिया।** |
| 12 | variable | (adj.)-परिवर्ती, **परिर्वतनीय** 2. **अस्थिर** | 1. Workers have to take care of variable temperatures. 2. The Manager has to be prepared for variable conditions of the market. | 1. कामगारों को **परिवर्तनीय** तापमान का ध्यान रखना होता है। 2. प्रबंधक को बाजार की **अस्थिर** स्थिति के लिए तैयार रहना होता है। |

| **S. No.** | **Words** | **Meaning** | **Usage in English** | **Usage in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 13 | variant | (adj.)- 1. **भिन्न** 2. रुपांतर, प्रकांरातर 3. परिवर्त्य | 1. The works are variant with each other. 2. This is a variant of the old scheme in a different name. 3. This draft is not final but variant. | 1. कार्य एक-दूसरे से **भिन्न** हैं। 2. यह पुरानी योजना का दूसरे नाम से **रूपांतर** है। 3.यह मसौदा अंतिम नहीं अपितु **परिवर्त्य** है। |
| 14 | variation | (n.) - 1. **अलग होना,** परिवर्तन, वैभिन्न्य 2. **रूपांतरण 3. भिन्नता*** | 1. There is no variation of witness written statement with documents. 2. This is the variation of the similar product. 3. There is variation in all his statements. | 1. गवाह का लिखित बयान दस्तावेजों से **अलग** नहीं हैं। 2. यह समान उत्पाद का **रूपांतरण** है। 3. उनके सभी बयानों में **भिन्नता** है। |
| 15 | variety | (n.)-1. किस्म*, प्रकार 2. विविधता* | 1. Different varieties of products have been ordered. 2. There is no variety in his work, as he is entrusted with the same kind of job for several years. | 1. विभिन्न **प्रकारों** के उत्पादों के आर्डर दिए गए हैं। 2. कई वर्षों से एक ही प्रकार के कार्य में लगे होने के कारण, उसके कार्यों में **विविधता** नहीं है। |
| 16 | various | (adj.)- 1. **विभिन्न** 2. अनेक, विविध | 1. He took the job for various reasons. 2. The report mentions various aspects of the present economic situation. | 1. उसने **अनेक** कारणों से नौकरी की। 2. इस रिपोर्ट में वर्तमान आर्थिक स्थिति के **विभिन्न** पहलुओं का उल्लेख किया गया है। |
| 17 | vary | (v.)-1. **परिवर्तन करना, फेर-बदल करना** 2. बदलना 3. अंतर होना | 1. The price of petrol varies in different cities. 2. The company allows the employee to vary their working hours. | 1 पैट्रोल की कीमत अलग-अलग शहरों में **बदल जाती** है। 2. कंपनी कर्मचारियों को अपने काम के समय में **परिवर्तन** करने की छूट देती है। |
| 18 | vendor | (n.)- विक्रेता | The government has made it mandatory for the stamp vendors to keep the records ready for inspections. | सरकार ने स्टांप **विक्रेताओं** के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे जांच के लिए अपने रिकार्ड तैयार रखें। |
| 19 | venture | (n.)-1. **उद्यम**, नवोद्यम 2. **जोखिम भरा** | 1. It was a joint venture under public-private-partnership. 2. The soldier took up | 1. यह सार्वजनिक और निजी साझेदारी के तहत एक संयुक्त **उद्यम** था। 2. उस सैनिक ने |

| S. No. | Words | Meaning | Usage in English | Usage in Hindi |
|---|---|---|---|---|
| | | **काम** जोखिमपूर्ण कार्य (v.)- 3. **जोखिम उठाना, साहस करना** | a risky venture in the sea in search of victims of the submarine accident. 3. He ventured into the market when the rates were going down. | पनडुब्बी- दुर्घटना के शिकार लोगों की खोज में समुद्र में जाने का **जोखिम भरा काम** किया। 3. बाजार में जब भाव गिर रहे थे तब उसने निवेश करने का **साहस किया** । |
| 20 | venue | (n.)- स्थान , स्थल | The officials reached the venue of the meeting in time. | कर्मचारीगण बैठक आयोजित होने के **स्थान** पर समय से पहुंच गए। |
| 21 | veracity | (n.)- **सत्यनिष्ठा***, **सत्यता***, सत्यवादिता*, **सच्चाई*** | There was no doubt about the veracity of the evidence. | साक्ष्य की **सत्यता** के विषय में कोई शंका नहीं थी । |
| 22 | verbal | (adj.)- 1. **शाब्दिक** 2. मौखिक | 1. Before interpretation verbal meaning should be clear. 2. There was a verbal agreement between the two parties. | 1. व्याख्या से पहले अर्थ स्पष्ट होने चाहिए। 2. दोनों पक्षों के बीच **मौखिक** समझौता था। |
| 23 | verdict | (n.)- 1. **फैसला, निर्णय 2. अंतिम मत,** अधिमत | 1. The court has delivered the verdict in favour of the employees. 2. The investigators have given their verdict on the issue. | 1. न्यायालय ने कर्मचारियों के पक्ष में **फैसला** सुनाया ।2. जांचकर्ताओं ने इस मुद्दे पर अपना **अंतिम** मत दे दिया है। |
| 24 | verification | (n.)- सत्यापन | It is quite imperative to have original documents for verification. | **सत्यापन** के लिए दस्तावेजों की मूल प्रति अनिवार्य है । |
| 25 | verify | (V.)- सत्यापित करना, सत्यापन करना | The Principal verified the candidature of the candidates. | प्रधानाचार्य ने आवेदक की उम्मीदवारी का **सत्यापन** किया। |
| 26 | vernacular | (n.) देशी, स्थानिक भाषा | The Government has planned to promote the vernaculars of the country in local administration. | सरकार ने स्थानीय प्रशासन में **देशी** भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। |
| 27 | version | (n)-1. रुपांतर 2. | 1. It was the second version of the same | 1. यह पुरानी रिपोर्ट का दूसरा |

